जायसी-ग्रंथावली

पदमावत, अखरावट, आखिरी कलाम, और महरी बाईसी

संपादक

माताप्रसाद गुप्त

एम० ए०, डी० लिट्०

रीडर, हिंदी विभाग, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी

१९५२

हिंदुस्तानी एकेडेमी

उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

प्रथम संस्करण :: १९५१ : २००० प्रतियां

मूल्य १२)

मुद्रक—महादेव प्रसाद, आज़ाद प्रेस, प्रयाग

चिरसंगिनी

रानी देवी

को

सस्नेह

प्रकाशकीय

हिंदुस्तानी एकेडेमी की बहुत समय से एक योजना रही है कि प्रमुख हिंदी कवियों की समस्त रचनाओं के ऐसे संस्करण प्रकाशित किये जायँ जिनके पाठ यथासंभव पूर्णतया प्रामाणिक तथा अधिकारी विद्वानों द्वारा सुसंपादित हों। मुझे प्रसन्नता है कि इस योजना का पहला ग्रंथ, 'जायसी-ग्रंथावली' के रूप में, पाठकों के समक्ष है।

इस ग्रंथ के संपादक डा० माताप्रसाद गुप्त का हिंदी पाठकों से परिचय कराना अनावश्यक है। डा० गुप्त इधर अनेक वर्षों से अपनी भाषा की पुरानी कृतियों के पाठ-निर्णय के कार्य में लगे रहे हैं; और उन्होंने इस दिशा में अच्छा परिश्रम ही नहीं किया है, किंतु अन्य संशोधकों के लिये मार्ग प्रशस्त किया है। अभी हमारे साहित्य में पाठ-संबंधी अनुसंधान-कार्य प्रारंभिक अवस्था में ही है, और चाहे जिस बड़े कवि को ले लें, हमें उसकी रचनाओं के पाठ-निर्णय में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं को हम शास्त्रीय ढंग से कैसे सुलझा सकते हैं, इस विषय में डा० गुप्त के कार्य से इस प्रकार की शोध में लगे हुए लोगों को प्रेरणा मिलेगी, इसकी मुझे पूर्ण आशा है। निश्चय ही यह संस्करण हिंदी के एक बड़े अभाव की पूर्ति करेगा।

इस संबंध में मुझे हिंदुस्तानी एकेडेमी की ओर से अवध के ब्रिटिश इंडियन असोसिएशन के प्रति कृतज्ञता-प्रकाश करना है। एकेडेमी को अपने साहित्यिक कार्यों के लिये असोसिएशन से ४०००) की सहायता प्राप्त हुई थी। इसी रक़म से एकेडेमी ने २०००) योग्य संपादक को पारिश्रमिक के रूप में भेंट किया है।

हिंदुस्तानी एकेडेमी
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद
नवंबर, १९५१ ई०

धीरेन्द्र वर्मा
मंत्री तथा कोषाध्यक्ष

विषय-सूची

विषय | पृष्ठ-संख्या

वक्तव्य १-४

भूमिका

१—'पदमावत' की प्रतियाँ १-७
२—प्रतियों की पाठ-विकृति ७-१४
३—प्रतियों का आदर्श-बाहुल्य १४-१६
४—आदि प्रति की लिपि १६-३४
५—आदि प्रति की भाषा २६-४०
६—आदि प्रति की छंद-योजना ४१-४४
७—प्रतियों का प्रतिलिपि-संबंध ४४-६१
८—प्रतियों का प्रक्षेप-संबंध ६१-८७
९—प्रतियों का पाठांतर-संबंध ८७-१०३
१०—ग्रंथावली के अन्य ग्रंथ १०३-१०४
११—ग्रंथावली के अन्य संस्करण १०४-११८

पदमावत

पाठ ११९-५५६
परिशिष्ट ५५७-६५१

अखरावट

पाठ ६५१-६७६
परिशिष्ट ६७७-६८४

आखिरी कलाम

पाठ ६८५-७०८

महरी बाईसी

पाठ ७०९-७२१

चित्र-सूची

१—मलिक मुहम्मद जायसी
(एक प्राचीन चित्र)
२—जायसी का घर
३—जायसी की समाधि
४—'पदमावत' की प्रति प्र० १ में छंद ११७ का पृष्ठ
५—'पदमावत' की प्रति प्र० २ में वही
६—'पदमावत' की प्रति द्वि० १ में वही (१)
७—'पदमावत' की प्रति द्वि० १ में वही (२)
८—'पदमावत' की प्रति द्वि० २ में वही
९—'पदमावत' की प्रति द्वि० ३ में वही
१०—'पदमावत' की प्रति द्वि० ४ में वही
११—'पदमावत' की प्रति द्वि० ५ में वही
१२—'पदमावत' की प्रति द्वि० ६ में वही
१३—'पदमावत' की प्रति द्वि० ७ में वही
१४—'पदमावत' की प्रति तृ० १ में वही (१)
१५—'पदमावत' की प्रति तृ० १ में वही (२)
१६—'पदमावत' की प्रति तृ० २ में वही
१७—'पदमावत' की प्रति तृ० ३ में वही
१८—'पदमावत' की प्रति च० १ में वही
१९—'पदमावत' की प्रति पं० १ में वही
२०—'अखरावट' की हस्तलिखित प्रति का एक पृष्ठ
२१—'आख़िरी कलाम' की लीथो की प्रति का एक पृष्ठ
२२—'पदमावत' की प्रतियों का प्रतिलिपि-संबंध
२३—'पदमावत' की प्रतियों का प्रक्षेप-संबंध

वक्तव्य

जायसी के 'पदमावत' की विभिन्न प्रतियों में कितना पाठभेद है, यह उसके किसी भी छंद को लेकर देखा जा सकता है। उदाहरण के लिए आगे एक औसत पाठभेद के छंद के स्लेट्स विभिन्न प्रतियों से लेकर दिए गए हैं। इस पाठभेद के मुख्य कारण निम्नलिखित हैं :

(१) प्रतियों में पाठ-संशोधन की प्रवृत्ति बहुत-कुछ व्यापक रूप में पाई जाती है—पहले का पाठ किसी प्रति के अनुसार था, किंतु पीछे उसके स्वामी को किसी अन्य प्रति का पाठ अधिक प्रामाणिक लगा, और उसने अपनी पूरी प्रति का पाठ उस अन्य प्रति के अनुसार संशोधित कर डाला, यहाँ तक कि पूर्ववर्ती पाठ यत्न करने पर भी कठिनाई से पढ़ा जा सकता है।

(२) प्रतियाँ कभी-कभी एक से अधिक आदर्शों से तैयार की हुई हैं, यह बात उनके हाशियों में स्वतः उनके प्रतिलिपिकारों के हाथों द्वारा दिए हुए पाठांतरों से ज्ञात होती है।

(३) पाठ-परम्परा प्रायः उर्दू (फ़ारसी-अरबी) लिपि में चली है; प्रतियाँ अधिकतर इसी लिपि में हैं, और अच्छी प्रतियाँ तो प्रायः इसी लिपि में हैं। जो प्रतियाँ नागरी लिपि में प्राप्त हुई हैं, उनके भी पूर्वज उर्दू (फ़ारसी-अरबी) लिपि के प्रमाणित हुए हैं। कहने की आवश्यकता नहीं कि उर्दू लिपि मुख्यतः अपने शिकस्त की प्रवृत्तियों के कारण मूल पाठ की विकृति में बहुत सहायक हुई है। किंतु आदि प्रति की लिपि नागरी थी, जिसका पर्याप्त ज्ञान उस के उर्दू के प्रतिलिपिकार—या प्रतिलिपिकारों—को नहीं था, इस कारण भी मूल पाठ की कुछ विकृति हुई है।

(४) 'पदमावत' की भाषा से भी उसके प्रतिलिपिकार यथेष्ट रूप से परिचित नहीं थे—विशेष रूप से उसकी भाषा के ग्रामीण, प्राकृतोद्भूत, हिंदी रूप से। इसलिए उन्होंने भद्दी भूलें की हैं, और ऐसा ज्ञात होता है कि जहाँ-कहीं उन्हें आदर्श का पाठ अर्थहीन ज्ञात हुआ है, पाठ-परिवर्तन में उन्होंने संकोच नहीं किया है।

(५) 'पदमावत' की छंद-योजना से—विशेष रूप से उसके दोहों के रूप से—भी उसके प्रतिलिपिकार यथेष्ट रूप से परिचित नहीं थे, और इसलिए उन्होंने 'पदमावत' के छंदों को—मुख्यतः दोहों को—अपने जाने हुए ढाँचे में ही घटा-बढ़ा कर बैठाने की चेष्टा की है।

(६) 'पदमावत' की प्रतियों में पाठ की पंक्तियाँ प्रायः छंदों की पंक्तियों के अनुसार रक्खी गई थीं, सात अर्द्धालियाँ और उनके अनंतर दोहे की दो पक्तियाँ एक दूसरे से अलग-अलग लिखी गई थीं, इन पूरी पंक्तियों के पाठांतर जो प्रतिलिपिकारों अथवा प्रतियों के संशोधकों ने हाशियों में लिखे, वे कभी एक पंक्ति के संशोधित पाठ माने गए, कभी दूसरी पंक्ति के, और कभी अतिरिक्त पंक्ति के रूप में मूल पाठ में सम्मिलित कर लिए गए।

(७) सात अर्द्धालियाँ और उसके अनंतर एक दोहे का क्रम ग्रंथ भर में होने के कारण सभी प्रक्षेप उपर्युक्त अर्द्धाली-दोहा क्रम के अनुसार हैं। जहाँ-कहीं दो अर्द्धालियों के बीच में भी विभिन्न प्रतियों में प्रक्षेपवृद्धि की गई है, इस बात का ध्यान रक्खा गया है कि उपर्युक्त अर्द्धाली-दोहा क्रम भंग न हो। अतः छंद-योजना के आधार पर प्रक्षेप-निर्णय असंभव हो गया है। कुल छंद-संख्या किन्हीं भी दो प्रतियों की एक नहीं है—विभिन्न प्रतियों में यह ७५० से लेकर ६५१ तक है। पुनः विभिन्न प्रतियों में पाए जाने वाले समस्त छंदों की संख्या ८८५ है, और केवल ६३१ छंद ऐसे हैं जो सामान्य रूप से समस्त प्रतियों में पाए जाते हैं। इन २५४ छंदों में से अवश्य ही कितने ही प्रामाणिक और कितने ही प्रक्षिप्त होंगे : न सभी प्रामाणिक हो सकते हैं, और न सभी प्रक्षिप्त।

(८) अनेक स्थलों पर ग्रंथ में ऐसे पाठभेद भी मिलते हैं, जिनका समाधान उर्दू या नागरी लिपि के लेखन-प्रमाद या पाठ-प्रमाद की प्रवृत्तियों के द्वारा नहीं हो सकता, न भाषा अथवा छंद-योजना सम्बन्धी पर्याप्त ज्ञान के अभाव-द्वारा ही हो सकता है; और इनमें से अनेक स्थलों पर ऐसे भी भिन्न-भिन्न पाठ विभिन्न प्रतियों में हैं कि वे किसी प्रकार भी एक दूसरे से सम्बद्ध नहीं ज्ञात होते हैं।

'पदमावत' के संपादक को इन एक से एक विकट गुत्थियों को सुलझाते हुए यथासंभव उसकी आदि प्रति के पाठ को पुनर्प्राप्त करना है। किंतु पाठानुसंधान में यही गुत्थियाँ—यथेष्ट ढंग से विश्लेषण के अनंतर—प्रामाणिक पाठ पर पहुँचने में किस प्रकार सहायक भी होती हैं, यह क्रमशः प्रतियों के सामान्य परिचय के अनंतर आने वाले भूमिका के आठ शीर्षकों में आगे

मिलेगा। बाद के दो शीर्षकों में ग्रंथावली के अन्य ग्रंथों के पाठ और ग्रंथावली के अन्य संस्करणों के पाठ के विषय में कहा गया है।

इस ग्रंथावली में सम्मिलित 'अखरावट' का पाठ अन्य प्रतियों के अभाव में पहिले पं० रामचंद्र शुक्ल के संस्करण के अनुसार रक्खा गया था, किंतु संयोग से 'अखरावट' की छपाई प्रारंभ हो जाने के बाद उसकी एक प्राचीन हस्तलिखित प्रति प्रांतीय सेक्रेटेरियट के अनुवाद-विभाग के विशेष कार्याधिकारी श्री गोपालचंद्र सिंह जी से मिल गई। इस प्रति का पाठ शुक्ल जी द्वारा दिए गए पाठ की अपेक्षा अधिक संतोषजनक प्रतीत हुआ। किंतु छपाई आरंभ हो जाने के कारण उसका इससे अधिक उपयोग नहीं किया जा सका कि ग्रंथ के अंत में परिशिष्ट जोड़ कर इस प्रति का पाठांतर मात्र दे दिया जाय।

और इसी प्रकार इस ग्रंथावली में सम्मिलित 'आख़िरी कलाम' का भी पाठ शुक्ल जी के संस्करण के अनुसार रखा गया था, किंतु उसकी एक लीथो की प्रति लखनऊ के श्री कल्बे मुस्तफ़ा जायसी से मिल गई। श्री कल्बे मुस्तफ़ा साहब का कथन था कि इसी प्रति से शुक्ल जी ने भी उसका पाठ अपने संस्करण में दिया था। शुक्ल जी के पाठ को इस प्रति के पाठ से मिलाने पर यह बात ठीक ज्ञात हुई। किंतु इस प्रति में प्रायः प्रत्येक पंक्ति में एक से अधिक व्यक्तियों द्वारा किए गए संशोधन भी हैं, जिनका आधार संशोधकों की कल्पना के अतिरिक्त कदाचित् और कुछ नहीं है। शुक्ल जी ने अधिकतर संशोधनों को स्वीकार करते हुए और अपनी ओर से भी कुछ संशोधन करते हुए रचना का पाठ अपने संस्करण में दिया है। मैंने उक्त लीथो की प्रति का ही पाठ दिया है। इसलिए दोनों पाठों में अंतर यथेष्ट मिलेगा।

पाद-टिप्पणियों का आकार अनावश्यक रूप से बहुत न बढ़ जावे, इसलिए केवल लेखन-प्रमाद के कारण हुई बहुत-सी भूलें तथा पाठ-परंपरा में सब से नीचे आने वाली प्रतियों के अनावश्यक पाठांतर नहीं दिए जा सके हैं।

जायसी हिंदी साहित्य के सबसे महान् कलाकारों में से हैं। किंतु उनके 'पदमावत' से मैं जितना ही अधिक प्रभावित था, उतना ही उसके प्रकाशित पाठों से असंतुष्ट भी था। हिंदुस्तानी एकैडेमी ने मेरे इस कार्य को प्रकाशित करने का निश्चय कर मुझे अपने पाठानुसंधान-संबंधी कार्य में प्रोत्साहित किया है, उसके लिए मैं उसका आभारी हूँ।

पाठानुसंधान के कार्य में सब से अधिक आवश्यकता हस्तलिखित प्रतियों की होती है; उनके कुछ समय तक सतत उपयोग के बिना इस प्रकार का कार्य

नहीं हो सकता जैसा इस ग्रंथावली में हुआ है। किंतु प्रतियों का मिलना न केवल व्यक्तियों से दुस्साध्य है, हमारे देश की संस्थाओं से भी वह प्रायः उतना ही दुस्साध्य है। 'रामचरितमानस' और पुनः 'पदमावत' के पाठानुसंधान के प्रसंग में मुझे इसका विशेष अनुभव हुआ है। ऐसी दशा में जिनसे भी मुझे इस कार्य के लिए प्रतियाँ मिलीं, उनका मैं हृदय से आभारी हूँ। विशेष रूप से कॉमनवेल्थ रिलेशन्स ऑफ़िस लंदन का, जिससे मुझे सात सब से अधिक महत्त्व की 'पदमावत' की प्रतियाँ, और 'महरी बाईसी' की प्रति प्राप्त हुई, रॉयल एशियाटिक सोसाइटी बंगाल का, काशीनरेश महाराज विभूति नारायण सिंह का, उत्तर प्रदेश के सेक्रेटैरियट के अनुवाद विभाग के विशेष कार्याधिकारी श्री गोपाल चंद्र सिंह का, हिंदू विश्वविद्यालय काशी का, लखनऊ के श्री कल्बे मुस्तफ़ा जायसी का, हरगाँव के महंत गुरुप्रसाद का और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी का आभारी हूँ, जिन्होंने इस ग्रंथावली के ग्रंथों की अपनी अलभ्य हस्तलिखित प्रतियाँ और प्राचीन संस्करण इस कार्य के लिए मुझे दिए। इनके अतिरिक्त कैम्ब्रिज और एडिनबरा विश्वविद्यालयों के अधिकारियों का भी मैं उपकृत हूँ, जिन्होंने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी को अपने यहाँ की 'पदमावत' की प्रतियों की माइक्रोफ़िल्म कॉपियाँ प्रदान कीं।

इन प्रतियों और माइक्रोफ़िल्म कॉपियों को विभिन्न स्थानों से प्राप्त करने में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर श्री डा० दक्षिणारंजन भट्टाचार्य, उसके हिंदी विभाग के अध्यक्ष और प्रोफ़ेसर श्री डा० धीरेन्द्र वर्मा, तथा उसके सहायक पुस्तकाध्यक्ष श्री भक्तिप्रसाद त्रिवेदी ने मेरी बड़ा भारी सहायता की है; प्रतियों की पाठ-परंपरा के रेखाचित्र यूनिवर्सिटी के हिंदी विभाग के अपने सहयोगी श्री जगदीशप्रसाद गुप्त ने खींचे हैं; और 'पदमावत' की अधिकतर प्रतियों के चित्र इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के फ़ोटोग्राफ़ी विभाग के सहयोग से प्रस्तुत हुए हैं। इसलिए मैं इन का भी आभारी हूँ।

उपर्युक्त सहायता के अतिरिक्त श्रद्धेय डा० धीरेन्द्र वर्मा ने प्रारंभ से ही इस कार्य में, मेरे पिछले समस्त अन्वेषण-कार्यों की भाँति, मेरा प्रोत्साहन भी किया है। ऐसे लंबे और उलझन के कार्यों में अन्य साधनों की अपेक्षा गुरुजनों का प्रोत्साहन कहीं अधिक सहायक हुआ करता है। इसलिए मैं उनके प्रति पुनः आभार-प्रदर्शित करना चाहता हूँ।

हिंदी विभाग,
इलाहाबाद यूनिवर्सिटी,
कृष्ण जन्माष्टमी, २००८ वि०

माताप्रसाद गुप्त

भूमिका

१. 'पदमावत' की प्रतियाँ

मलिक मुहम्मद जायसी के 'पदमावत' की जो प्राचीन प्रतियाँ इस कार्य में प्रयुक्त हुई हैं, उनका परिचय नीचे दिया जा रहा है। प्रत्येक प्रति के प्रारंभ में उस संकेत का निर्देश कर दिया गया है जिसके द्वारा उसका उल्लेख ग्रंथ भर में किया गया है।

प्र० १ : यह प्रति १०"×६½" आकार के २१८ पत्रों में है, और पूर्ण है। यह फ़ारसी अक्षरों में है, और अत्यंत सुलिखित है। कुछ स्थलों पर यह चित्रित भी है। यह (इबादुल्लाह अलहम्द) खानमुहम्मद, साकिन मुअज़्ज़माबाद उर्फ़ गोरखपुर द्वारा किन्हीं दीनानाथ के लिए शव्वाल, ११०७ हिजरी की लिखी हुई है। यह इस समय कॉमनवेल्थ रिलेशन्स ऑफ़िस, लंदन में है, और वहीं से मुझे प्राप्त हुई थी।

पुष्पिका में लिपिकार, उसके स्थान तथा प्रति के स्वामी के नामों पर गाढ़ी स्याही पोती हुई है, किंतु प्रयास करने पर पूर्व की लिखावट पढ़ी जा सकती है। ऐसा ज्ञात होता है कि इसके स्वामी के यहाँ से किसी समय किसी अनधिकारी व्यक्ति ने इसे हटाया, और इसीलिए उसे यह करने की आवश्यकता पड़ी।

प्र० २ : यह प्रति ६"×६" आकार के २१६ पत्रों में लिखी हुई है, और पूर्ण है। यह नागराक्षरों में है, और साफ़ लिखी हुई है। यह फाल्गुन, सं० १८१८ की लिखी हुई है। लिपिकार ने अपना नाम, पता, तथा अन्य कोई सूचना पुष्पिका में नहीं दी है। यह प्रति श्री काशिराज के पुस्तकालय में है, और उन्हीं से मुझे प्राप्त हुई थी।

द्वि० १ : यह प्रति ६½"×६¼" आकार के ३३८ पत्रों में लिखी हुई है, और पूर्ण है। प्रतिलिपि-काल सन् ४२ (११४२ हिजरी) है, जो पुष्पिका में दिया हुआ है। यह एडिनबरा यूनिवर्सिटी के पुस्तकालय में सुरक्षित है, और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पुस्तकालय ने इसकी एक माइक्रोफ़िल्म कापी प्राप्त की है। इसी कापी का उपयोग प्रस्तुत कार्य में किया गया है। पाठ की

दृष्टि से यह प्रति अत्यंत त्रुटिपूर्ण है। अनेक छंदों में सात के स्थान पर छः ही अर्द्धालियाँ हैं, किसी छंद का दोहा किसी में, और किसी दूसरे का उसमें लगा हुआ है। अर्द्धालियाँ कभी-कभी अधूरी लिख कर छोड़ दी गई हैं। ऐसा ज्ञात होता है कि कुछ तो इसका प्रतिलिपिकार असावधान था, और कुछ इसकी मूल प्रति ऐसी लिखी हुई थी कि स्थान-स्थान पर पढ़ी नहीं जाती थी।

द्वि० २ : यह प्रति ९$\frac{1}{8}$"×६$\frac{1}{2}$" आकार के १८० पत्रों में समाप्त हुई है। प्रति पूर्ण है, और फ़ारसी अक्षरों में अत्यंत सुलिखित है। लिपिकार ने अपना नाम, स्थान आदि कुछ भी नहीं दिया है, केवल प्रतिलिपि-तिथि दी है, जो १११४ हिजरी है। यह प्रति भी कॉमनवेल्थ रिलेशन्स ऑफ़िस, लंदन में है, और वहीं से मुझे प्राप्त हुई थी।

द्वि० ३ : यह प्रति ९$\frac{1}{2}$"×६" आकार के १८४ पत्रों में समाप्त हुई है, और पूर्ण है। अक्षर फ़ारसी हैं, और लेख अत्यंत सुंदर है। लिपिकार ने अपना नाम रहीमदाद खाँ, स्थान शाहजहाँपुर, तिथि ११०९ हिजरी दिया है। यह प्रति कॉमनवेल्थ रिलेशन्स ऑफ़िस, लंदन में है, और वहीं से मुझे प्राप्त हुई थी। इस प्रति में अनेक स्थलों पर पाठ में हस्तक्षेप हुआ है, और पूर्व के पाठ की विकृति हुई है।

द्वि० ४ : यह प्रति लीथो प्रेस द्वारा छापी हुई है, और ९$\frac{1}{2}$"×६" आकार के ६३६ पृष्ठों में समाप्त हुई है। इसमें मूल पाठ के अतिरिक्त मुंशी अहमद अली द्वारा किया हुआ उर्दू अनुवाद भी है। यह प्रति भी फ़ारसी अक्षरों में है। इसका प्रकाशन कानपुर से शेख मुहम्मद अज़ीमुल्लाह, पुस्तक-विक्रेता द्वारा १३२३ हिजरी में हुआ था। इसकी एक प्रति मुझे काशी हिंदू विश्वविद्यालय तथा दूसरी श्री कल्बे मुस्तफ़ा जायसी से प्राप्त हुई थी। विश्वविद्यालय की प्रति में पृ० ७३—१०४ के पूरे चार छपे फ़ार्म नहीं हैं। श्री कल्बे मुस्तफ़ा की प्रति पूर्ण है। यह प्रति यद्यपि मुद्रित है, किंतु ऐसा ज्ञात होता है कि मूल पाठ किसी एक प्रति से लिया गया है, इसलिए इस प्रति का भी उपयोग इस संस्करण में किया गया है।

द्वि० ५ : यह प्रति भी लीथो की छपी है, और १०"×६$\frac{1}{2}$" के ३५३ पृष्ठों में समाप्त हुई है। इसकी लिपि फ़ारसी है, और मूल के अतिरिक्त हाशिए में उर्दू में भावार्थ भी दिया गया है। टीकाकार 'अलीहसन हैं। पुस्तक के

प्रकाशक मुंशी नवलकिशोर हैं, और प्रकाशन-तिथि १८७० ई० है। प्रथम संस्करण की तिथि १८६५ दी हुई है। द्वि० ४ की भाँति यद्यपि यह प्रति भी मुद्रित है, किंतु ऐसा ज्ञात होता है कि इसका पाठ भी मूलतः किसी एक हस्तलिखित प्रति के अनुसार है, इसलिए प्रस्तुत कार्य में इसका उपयोग भी किया गया है।

द्वि० ६ : यह प्रति ८″ × ५½″ के आकार के पत्रों में समाप्त हुई है। प्रति पूर्ण है। यह प्रति भी फ़ारसी अक्षरों में लिखी हुई है, और सावधानी के साथ लिखी गई है। केवल एकाध स्थलों पर पंक्तियाँ छूटी हुई हैं—यथा छंद ६४६ का दोहा छूटा हुआ है। प्रति के अंत में लिपिकार द्वारा लिखी हुई कोई पुष्पिका नहीं है, किंतु किसी अन्य व्यक्ति की कुछ लिखावट में कुछ लिखा हुआ था, जिसका अधिकांश मिटा दिया गया है, केवल सन् ५३ (११५३ हिजरी ?) पढ़ा जाता है। यह प्रति किंग्स कालेज, कैंब्रिज यूनिवर्सिटी की लाइब्रेरी में है, और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी ने इसकी भी एक माइक्रोफ़िल्म कॉपी प्राप्त की है, जिसका उपयोग प्रस्तुत कार्य में हुआ है।

द्वि० ७ : यह प्रति ६½″ × ६½″ आकार के १६७ पत्रों में समाप्त हुई है। प्रति प्रथम पत्रे को छोड़ कर पूर्ण है। यह कैथी अक्षरों में लिखी हुई है। लिपिकार ने तिथि सन् ११६८, सं० १८४२ जेठ बदी २, मंगलवार, अपना नाम झब्बुलाल कायस्थ, निवास-स्थान मौजा शहरी तारा सलेमपुर···आसपुर सरकार, सूबा बिहार, मुकाम अज़ीमाबाद, महलै सुलतानगंज लिखा है। यह प्रति रॉयल एशियाटिक सोसाइटी, बंगाल के पुस्तकालय में है, और वहीं से मुझे प्राप्त हुई थी।

तृ० १ तथा (तृ० १) : यह प्रति ८½″ × ६″ के आकार के २१३ पत्रों में समाप्त हुई है, और फ़ारसी अक्षरों में सुलिखित है। यह प्रति यद्यपि पूर्ण है, किंतु प्रारंभ के तीन, अंत के बाइस, और बीच के कई पत्रे (जिसमें प्रस्तुत संपादित पाठ के छंद १—६, १८,२१, २५—३१, ५८०—५८३, ६२४ से अंत तक के आते हैं) बाद के और अन्य हाथ के लिखे हैं। प्राचीन अंश का संकेत तृ० १ तथा अर्वाचीन का (तृ० १) के द्वारा किया गया है। अंतिम पत्रा बाद का है, और उसमें समाप्ति पर कुछ भी नहीं लिखा गया है। किंतु प्राचीन अंश लगभग २०० वर्ष प्राचीन ज्ञात होता है, और बाद का अंश भी कम से कम १०० वर्ष प्राचीन होगा। यह प्रति भी कॉमनवेल्थ रिलेशन्स ऑफ़िस, लंदन की है, और वहीं से मुझे प्राप्त हुई थी। इस प्रति में

भी पाठ-संशोधन बहुत किया गया है, जिससे पूर्व का पाठ बहुत विकृत हुआ है। फिर भी पूर्व का अधिकतर पाठ जाना जा सकता है और इसलिए उसका उपयोग किया जा सकता है।

तृ० २ : यह प्रति ६१/२"×५ १/२" आकार के २११ पत्रों में हैं। इस प्रति में अंत का दोहा प्रतिलिपि करने से रह गया है, और पुष्पिका नहीं है। प्रति सत्रहवीं या अठारवीं शताब्दी की ज्ञात होती है। लिपि फ़ारसी है। यह बहुत सावधानी से लिखी नहीं गई है—कहीं-कहीं पर दोहे छूट गए हैं। एक स्थान पर प्रति खंडित भी है, जिसके कारण इस का कुछ अंश नहीं है। यह प्रति भी कॉमनवेल्थ रिलेशन्स ऑफ़िस, लंदन में है, और वहीं से प्रस्तुत कार्य के लिए मुझे मिली थी।

तृ० ३ : यह प्रति १२"×८" आकार के ३४० पत्रों में समाप्त हुई है, और पूर्ण है। यह नागराक्षरों में है, और अत्यंत सुलिखित है। केवल एक स्थान पर कुछ पक्तियाँ अधूरी और कुछ पूरी छोड़ दी गई हैं, कारण कदाचित् यह था कि आदर्श का पाठ वहाँ अपाठ्य था। जिल्द-बँधाई की त्रुटियों के कारण अवश्य कई पत्रे अपने स्थानों से हट कर अन्यत्र लग गए हैं। एक स्थान (४४० छंद) पर इस में अंतिम पाँच पक्तियाँ अन्य स्थान (छंद ४४५) की दुहरा दी गई हैं। इस प्रति में ३४० चित्रों के पृष्ठ हैं, और ३४० लिखाई के, और समस्त चित्र कौशलपूर्वक बनाए गए हैं। पुष्पिका में तिथि नहीं दी हुई है, केवल लिपिकार का नाम थान कायथ तथा स्थान मिर्ज़ापुर दिया हुआ है। यह प्रति भी कॉमनवेल्थ रिलेशन्स ऑफ़िस, लंदन की है, और वहीं से मुझे प्राप्त हुई थी।

च० १ : यह प्रति ८"×४" आकार के पत्रों में लिखी गई है। पत्र-संख्या नहीं दी गई है। किन्तु बीच में कुछ पत्रे (जिनमें संपादित पाठ के छंद २६०-२८८, ४२८-४५६, ४०६-४२४ आते हैं) नहीं हैं। यह फ़ारसी अक्षरों में अत्यंत सुलिखित है। इसके लिपिकार ने अपना नाम ईश्वरप्रसाद निवासस्थान गंगा गोरौनी, लिपिकाल ११६५ हिजरी तथा लिपिस्थान करतारपुर, बिजनौर, दिया है। यह प्रति श्री गोपालचंद्रसिंह, ऑफ़िसर ऑन स्पेशल ड्यूटी, सेक्रेटेरियट, लखनऊ की है, और उन्हीं से मुझे प्राप्त हुई है। इस प्रति के पाठ में कहीं-कहीं हस्तक्षेप हुआ है—पूर्व के पाठ को किंचित् बदलने का यत्न किया गया है, किंतु यह अधिक नहीं है, और पूर्व का पाठ प्रायः पढ़ा जा सकता है।

पं० १ : यह प्रति ८३/४" × ४३/४" आकार के पत्रों में है और पूर्ण है। यह भी फ़ारसी अक्षरों में है। प्रति के अंत में पुष्पिका है, यद्यपि उसका एक अंश पहले का और दूसरा बाद का, और किंचित् भिन्न स्याही और क़लम का है। तिथि इसमें सन् '३६ (११३६ हिजरी ?) दी हुई है। लिपिकार का पता इस दूसरे अंश में मुहम्मद नगर, परगना सिधौर, सरकार लखनऊ दिया हुआ है। यह प्रति सुलिखित है। किंतु इसके पाठ में भी आदि से अंत तक हस्तक्षेप किया गया है, और पाठ बदलने का यत्न किया गया है। कुशल इतना ही है कि पूर्व का पाठ प्रायः पढ़ा जा सकता है। यह प्रति भी कॉमनवेल्थ रिलेशन्स ऑफ़िस, लंदन में है, और वहीं से मुझे इस कार्य के लिए प्राप्त हुई थी।

इन प्रतियों का उपयोग संपादन में पूर्ण रूप से किया गया है। साथ ही मुझे नीचे लिखी दो प्रतियाँ ऐसी भी प्राप्त हुई थीं जिनका पूर्ण रूप से उपयोग नहीं किया गया है, केवल दस छंदों (२६७ से २७६ तक) में उनके जो पाठांतर मिलते हैं, उन्हें पादटिप्पणी में दे दिया गया है।

गः हरगाँव, डा० जगेसरगंज, ज़िला सुल्तानपुर के महन्त गुरुप्रसाद की प्रति है, जो सं० १८५८ की है, हिंदी लिपि में है, और पूर्ण है।

खः लखनऊ के वकील श्री कल्बे मुस्तफ़ा जायसी की उर्दू लिपि में अज्ञात तिथि की और अत्यंत खंडित प्रति है। कल्बे मुस्तफ़ा साहब ने खंडित अंशों को किसी अन्य प्रति से उतार कर पुस्तक पूरी कर ली है।

इन दोनों प्रतियों का—विशेष रूप से हरगाँव की प्रति का—पाठ इतना भ्रष्ट है कि ग्रंथ के पाठ के पुनर्निर्माण में इनसे किसी प्रकार की सहायता नहीं मिल सकी, इसलिए केवल उक्त अंश में इनके पाठांतर लिख कर इन्हें छोड़ देना पड़ा। शेष समस्त प्रतियों से इनका पाठभेद कितना है, और किस अंश तक उससे पाठानुसंधान में सहायता ली जा सकती थी, यह उक्त अंश में दिए हुए पाठभेदों से ही स्पष्ट हो जावेगा।

२. प्रतियों की पाठ-विकृति

'पद्मावत' की प्रतियों की एक विशेषता, जो अन्य हिंदी रचनाओं की प्रतियों में कम पाई जाती है, यह है कि उनमें प्रतिलिपिकार से भिन्न व्यक्तियों द्वारा किए हुए पाठ-परिवर्तन बहुत मिलते हैं। पुनः, यह परिवर्तन पूर्व के पाठ पर हरताल आदि का लेप कर के नहीं किए गए हैं, वरन् पूर्व की लिखावट

में ही यथासंभव कुछ परिवर्तन करके किए गए हैं, जिससे पूर्व का पाठ प्रायः पढ़ा जा सकता है, यद्यपि कठिनता के साथ। कहीं-कहीं पर काग़ज़ खुरच कर भी यह परिवर्तन किए गए हैं। ऐसे स्थलों पर पूर्व का पाठ जानने में अत्यधिक कठिनता होती है, और कभी-कभी नहीं भी जाना जा सकता है।

पाठ-विकृति की दृष्टि से द्वि० ३, तृ० १, २ तथा ं० १ सबसे प्रमुख हैं। प्रस्तुत संपादन में सर्वत्र प्रतियों का पूर्व का पाठ ही लिया गया है, विकृत पाठ नहीं, इसलिए नीचे उदाहरणार्थ ग्रंथ के पूर्वार्द्ध से ही विकृति के स्थल दिए जा रहे हैं। परिवर्तित पाठ किन अन्य प्रतियों में पूर्व के पाठ के रूप में मिलते हैं, यह बताने की आवश्यकता नहीं है, क्यों कि संपादन में इस परिवर्तित पाठ का उपयोग नहीं किया गया है। फिर भी यदि कोई जानना चाहे, तो नीचे के स्थलों पर संपादित पाठ और पादटिप्पणी में दिए हुए पाठांतरों को देख कर जान सकता है।

द्वि० ३ की पाठ-विकृति :

स्थल	पूर्व का पाठ	परिवर्तित पाठ
१२.६	और भूले और तेइँ	और जो भूले और तेइँ
६६.६	अरकाने	अरकाँवहँ
११२.६	बेह भे	बेह भे हिरदै
१२०.३	चरचहिं चेष्टा	चरचहिं चिंता
१२४.४	चोर कि चढ़ कि चढ़ा मंसूरू।	चोर चढ़ा कि चढ़ा मंसूरू।
१५५.८	किलकिला	गिलगिला
१४८.१	सखीं	सघी
२५५.३	कहनै कहा	गहनै गहा

तृ० १ की पाठ-विकृति :

स्थल	पूर्व का पाठ	परिवर्तित पाठ
४०.७	जरा कौ सीसा	जराव कै सीसा
५३.४	दैयँ	दई
५४.१	सुवासू	निवासू
८२.१	चीन्हा	लीना
८५.५	ताको	ताकहँ

स्थल	पूर्व का पाठ	परिवर्तित पाठ
६६.१	फेरि	बहुरि
२३.६	नैन	नैनन्ह

तृ० २ की पाठ-विकृति :

१४.३	रबिहि	रहहीं
१७.२	तिश्रागी	ते श्रागे
१७.६	न भूखा नाँगा	न कबहूँ खाँगा
१७.८	दानि	दानी
१६.५	दुहुँ	दुइ
२२.३	कलाँ	कादन
२२.३	मति	महँ
२३.६	छाया	घाया
२६.४	साँवकरन	साँवक करन
२७.१	निश्ररावा	निश्रर भा
२६.४	खीहा	कीहा
३०.४	कोई	कोइ सो
३०.६	सरसुती	सो संत
३०.८	परस्ती	बान परस्ती
३२.६	ये	वे
३४.३	तस	श्रति
३४.६	धरी	धरी जो
३६.४	श्री केवरा	केवरा
३७.७	हाट	लीन्ह
३८.१	सब	तहँ
४१.१	बाजि होइ	होइ बाजि
४१.४	हस्ति	राए
४२.२	वह	तब
४६.४	बाइ	जाइ
४६.५	दिएँ	लिएँ
६४.६	मोंती	मोति
६५.३	तन	जो

स्थल	पूर्व का पाठ	परिवर्तित पाठ
६८.४	फरहर तस	फरत हियें
६६.३	अनभला	नहिं भला
७०.१	धरि मेलेसि	मेलेसि दुख
७०.६	हा	अहा
७१.५	होइ	हम
७१.७	छाहाँ	पाहाँ
७५.५	वहि	नहि
७७.२	मँजूसा	मँजूसै
७७.३	चहौं बिकाइ	चाह बिकान
८०.२	नहिं	नहीं
८०.३	भएउ	महा
८१.६	मधुमालति	पदुमावति
८२.६	मारि	काढ़ि
८२.७	कै	कि
८३.७	सो और जो प्यारी	सुआ सत प्यारी
८४.८	सो	जो
८४.८	सो	ते
८५.४	दामिनी	धामिनी
८७.३	तुम्ह	तूँ
८६.१	रही	अही
१००.७	मकु	माँग
१०८.५	जजु	जुग
१०८.५	अथरबन	अथरपन
१११.१	कंजनार	कंचन तार
११३.४	चाहइ	चाहहिं
११५.३	कंचुकी	केंचुली
११५.६	मैं	मुख
११७.२	पाव अस	पाव को
११६.६,७	खिनहि	खिनही
११६.८	लीन्हा	लीन्हा जिउ
१२०.२	गारुरी	गारुरू

स्थल	पूर्व का पाठ	परिवर्तित पाठ
१२०.६	जेते	चेतौ
१२७.६	मरै	मिरतक
१३३.३	बलया	चूरी
१३४.३	देखेन्हि	देखा
१३५.७	कुराई	कोइलि
१३७.५	इहाँ	तहाँ
१३८.५	पूँछहु	छाड़हु
१४३.२	अति	जो
१४४.३	भावा	धावा
१४४.६	काठै	काठहु
१४५.१	औ	जग
१४६.६	हहिं	औ
१४७.१	रँगि	रैनि
१४७.४	आए	छाए
१४६.१	जहँ सो पेम कहँ कूसल	जहाँ सो ताहि कुसल और
१५०.३	सतै	सत्त
१५०.४	ताक सब	ताकइ
१५०.६	खिन तर गहि खिन होइ उपराहीं।	खिनतर खिन होइ ऊपर जाहीं
१५१.४	मन हिरदैं	जो मन महँ
१५१.७	रूसै, मूसै	रूठै, लूटै
१५२.१	पै	हमि
१५२.६	अबिरथाँ	अँबिरथा
१५३.३	हुत	पुनि
१५४.६	चुवा	चुऔ
१५५.४	कँहँ	लहि
१५६.६	सहस्र	सहस
१५६,अ.३	सिर लहि देइ उघारि	तौ लहि देइ कहाँर
१५६अ.७	काठहि	काठइँ
१५८.७	अस आव साधि	ऐसे साधहु
१६०.२	जोगाँ, बियोगाँ	जोगू,बियोगू
१६०.७	अहहिं	कहसि

स्थल	पूर्व का पाठ	परिवर्तित पाठ
१६२.२	जोगू, भोगू	जोगी, भोगी
१६२.६	जब	जो
१६४.७	धन	नित
१६६.६	आइ	जाइ
१६७.४	धँधार	धँधोर
१६७.६	मिस	सँग
१६८.२	आवा, लावा	आवै, लावै
१६८.५	गहै	गहँ
१७०.१	रही	अही
१७२.७	मसि	जस
१७७.५	रहा	अहा
१७८.३	मालति	मालती
१८२.८	बन	तब
१८७.६	कसौंदा	कोइ कसौंदा
१९२.१	तब	पुनि
१९७.२	सब	औ
१९७.४	पछिउँ	पछिम
२००.२	अजहुँ	बुझहिं
२०१.६	महुवा बसंत	बसंत महुवा
२०२.१	कीन्हि तोरि यह	आइ कीन्हि तोरि
२१६.३	गिरहिं	मिलहिं
२१६.६	पुनि	तब
२१७.३	गई उठि	उठि गईं
२२४.२	सँवराइ	सुनि और
२२४.३	कब लगि	कैसें
२२६.२	लहि	लौं
२२८.८	होइ	हिय
२६१.३-६	ना जनहुँ	न जनहुँ
२३३.६	कँदावत जोगी	मनोहर जोगू
२३३.६	बियोगी	बियोगू
२३४.७	होइ	जस

स्थल	पूर्व का पाठ	परिवर्तित पाठ
२३६.१	जोगि	जोगी
२४०.१	राँध	राज
२४५.३	तन पाहीं	उपराहीं
२४६.८	कैसेहुँ	जानहुँ
२५१.५	बास	बचन
२५५.३	चाँद	कवँल
२६१.४	कस न सो	सो कस नहि
२६५.१	अग्याँ	अग्या
२६६.३	जेहि तप तपै	जेहि कर करै
२६६.४	दहुँ जोगी कै तहँ क नरेसू	आवा ना जोगी के भेसू
२७३.७	तुरग	तुरा
२७४.६	पछिउँ	पछिम

पं० १ की पाठ-विकृति :

६.७	भवन	बखुसन (?)
१२.४	पुरान	कुरान
१३.६	जियन	जीव
१७.२	कहे	अहे
१७.२	तियागी	सते कहँ (?)
१७.७	सरि सेउ न दीन्हे	सबही सें बढ़े
१७.६	न होई	न होइ न कोई
२३.६	सुना	सुनि कबि
२३.५	निसि क बिछोव औ	[अपाठ्य है]
३८.५	कटाख	कटाछ
३६.७	कतहुँ कान्ह ठग बिद्या लाई।	कंठ काठ थल बैद बोलाई।
४५.१	घूँबहि	घूमै
१६१अ.१,५	पंथ, पथ	पंठ, पठ
१६४.२	जोगी	जोगि
२००.५	आँकत	अंगद
२०७.८	निसरि	रे
२०६.५	तोकाँ	मोकाँ
२१०.२	अपनावा	लाहा

स्थल	पूर्व का पाठ	परिवर्तित पाठ
२१०.३	देइ कि आसा	देइ न पावा
२१६.६	धरमौ	धरम
२२६.६	पपिहा जेउँ	पपिहा
२३३.५	कीन्ह बियोगू	जोगी भएऊ
२५०.५	अस	सत
२५५.५	घट	कठ
२६६.१	आइ	अहा
२६२.८	हानि	खानि
२६५.५	दोसरहिं	दोसर
२६६.६	कत	गति
३६६.६	चढ़ै	छुरै

इस शुद्धीकरण में वास्तविक संशोधन के स्थान पर पाठ-विकृति ही प्रायः हुई है, यह ऊपर के उदाहरणों से स्वतः ज्ञात होगा। कहने की आवश्यकता नहीं कि इसलिए और भी आदि प्रति के पाठ की प्राप्ति के लिए हमें इस पाठ-विकृति के परे प्रत्येक प्रति के पूर्ववर्ती पाठ को यत्नपूर्वक पुनर्प्राप्त कर के ही पाठानुसंधान में आगे बढ़ना होगा।

३. प्रतियों का आदर्श-बाहुल्य

'पद्मावत' की प्रतियों की एक अन्य विशेषता, जो अन्य हिंदी ग्रथों की प्रतियों में और भी कम मिलती है, यह है कि प्रतियों में मूल पाठ के साथ-साथ हाशिए में पाठांतर भी पाए जाते हैं। यह पाठभेद दो प्रकार के हैं : अन्य हाथों के दिए हुए, और स्वतः प्रतिलिपिकार के हाथ के दिए हुए। इनमें से महत्त्व के पाठांतर स्वतः प्रतिलिपिकार के हाथों के दिए हुए पाठांतर हैं, क्योंकि ऐसे पाठांतरों के मिलने पर हम यह परिणाम निकालने पर बाध्य होते हैं कि या तो प्रतिलिपिकार के सम्मुख एक से अधिक आदर्श थे, और या तो उसके आदर्श में ही पाठांतर भी दिए हुए थे। इन दोनों ही दशाओं में प्रति का मूल पाठ प्रतिलिपिकार ने किसी एक ही आदर्श के अनुसार रक्खा है, अथवा उसके उक्त अन्य आदर्श की सहायता से उसमें कोई परिवर्तन भी किया है, यह कहना कठिन हो जाता है।

प्रयुक्त प्रतियों में से प्र० १, २, द्वि०७ तथा तृ०३ में कोई पाठांतर नहीं

दिए हुए हैं। द्वि०२ में ऐसे पाठांतर अत्यंत कम हैं, और वह भी प्रतिलिपिकार के हाथों के नहीं हैं। तृ०१ में-उसके प्राचीन अंश में-पाठांतर बहुतायत से पाए जाते हैं, किंतु उनमें से कोई भी प्रति लिपिकार के हाथों के नहीं हैं। प्रतिलिपिकार के हाथों के पाठ भेद केवल द्वि० ४, ५ और द्वि० ३ में पाए जाते हैं। इनमें से द्वि० ४ तथा द्वि० ५ लीथो के छपे संस्करण हैं, और इनके पाठांतरों के संबंध में यह संभावना हो सकती है कि यह मूल प्रतिलिपिकार के सामने न रहे हों, केवल संपादक को किसी प्रति से मिले हों, और उसने उन्हें दे दिया हो।

इस संपादन में उक्त पाठांतरों की इसी संदिग्ध स्थिति के कारण केवल प्रतियों के मूलपाठ का उपयोग किया गया है। फिर भी इन पाठांतरों से विभिन्न प्रतियों के प्रतिलिपिकारों के सामने आए हुए मुख्येतर आदर्श या आदर्शों पर भी प्रकाश पड़ सकता है, इसलिए इन्हें देखना आवश्यक होगा। नीचे केवल ऐसे पाठांतरों का उल्लेख किया जा रहा है, जो प्रतिलिपिकार के हाथों के हैं, और साथ ही उनके सामने कोष्टकों में उन प्रतियों का भी उल्लेख किया जा रहा है, जिनमें वे मूलपाठ के रूप में पाए जाते हैं। पूर्ववत् यहाँ भी ग्रंथ के पूर्वार्द्ध के ही स्थल दिए जा रहे हैं। आशा है कि यह यथेष्ट होंगे।

द्वि० ३ में दिए हुए पाठांतर :

स्थल	मूल पाठ	पाठांतर	अन्य प्रतियाँ
१.५	सत लोक	सत दीप	(प्र० १, द्वि० ३,५, तृ० १, च० १)
३०.८	सेवरा खेवरानानक पंथी	जपा तपा औ सेवरा	(!)
३०.८	सिख साधक अवधूत	सिख साधक आधूत	(!)
३३.६	जिवन हमार मुवहिं एक पासा।	जिएँ मुएँ आछहिं एक पासा।	(!)
४२.५	तुम जेहि चाक चढ़े होइ काँचे।	जौ लहि देव अस्त नहि होई।	(!)
४२.५	आपहु फिरै न थिर होइ बाँचे।	तौ लहि चेत करहु नर लोई।	(!)
५५.१	अवस्थ	उतपति	(तृ० १,३)
५६.१	पूनौं	कौनौं	(प्र० १,२, द्वि० २,४,५, तृ०३, च० १)
१४०.७	यहै बहुत	तुमतें मही	(!)
१५०.३	सत गुर सत भारा	सत खेव सँभारा	(च०१)
१६५.७	होउँ मारग जोवउँ हर स्वाँसा।	तू देनिहार निरासहि आसा।	(द्वि०७)
१६६.४	उकठीं सब बारी	आगे पतझारी	(द्वि० २,४,५, तृ० १, च० १)

स्थल	मूल पाठ	पाठांतर	अन्य प्रतियाँ
२११.८	माथें तेहि क अपराध	महा दुक्ख अपराध।	(!)
२२१.६	पेम पंथ जो पानि है	जोग तंत जो पानि है	(द्वि० २,४,च० १)
२२३.३	न जनौं सरग बात दहुँ काहा।	पाँख न पाया पौन न पाया।	(सभी में है)
२२३.३	काहू न आइ कहै फिरि चाहा।	केहि बिधि मिलौं होउँ केहि छाया।	(!)
२३०.६	देख कंठ जर लाग सो गेरा।	कठिन परे सो कंठ लगेरा।	(!)
२३६.३	सबद बोलि कै स्रवन उघेला।	गुरू सबद दुइ सरवन मेला।	(प्र० १,२, द्वि० २,४, च० १)
२३६.३	गुरू बोलाव बेगि चलु चेला।	कीन्ह सुदिष्टि बेगि चलु चेला।	
२३६.४	पौन स्वाँस तोसों मन लाए।	तोहि अलि कीन्ह आपु भइ केवा।	(प्र० १,२, द्वि०४, तृ० १, च० १)
२३६.४	जोवै मारग दिष्टि बिछाए।	औ पठवा है बीच परेवा।	(,,)
२४०.६	छेंक कीन्ह चाहिअ जौ राजा।	जंबू कहँ चलिअ जौ राजा।	(द्वि० ५)
२५५.१	पदमावति उठि टेकै पाया।	तुम्ह सो मोर खेवक गुर देवा।	(द्वि० २, ४, ५, तृ० ३)
२५५.१	तुम हुत होइ प्रीतम कै छाया।	उतरौ पार तेही बिधि खेवा।	(,,)

ऊपर की तालिका को देखने पर द्वि० ३ के पाठांतरों के संबंध में हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि जिस प्रति से ये पाठांतर दिए गए हैं, वह सम्भवतः एक से अधिक व्यक्तियों द्वारा दिए हुए एक से अधिक आदर्शों के पाठ देती थी। प्रतिलिपिकार के सामने दो से अधिक आदर्श थे, यह कम संभव ज्ञात होता है।

द्वि०४ में दिए हुए पाठांतर :

स्थल	मूल पाठ	पाठांतर	अन्य प्रतियाँ
१.६	ताकर	तेहिका	(द्वि० ३)
२.१	बहम (पुहुमि !) समुंद	सात समुंद्र	(प्र० १, द्वि० ३)
३.६	कोड़	कोटि	(द्वि० ५, तृ० १)
३.७	पुनि	सँग	(द्वि० २, तृ०३)
६.१	सोइ	एक	(द्वि० ५)
६.१	बड़	सो	(द्वि० ५)

स्थल	मूल पाठ	पाठांतर	अन्य प्रतियाँ
६.५	सो पै मरम जान जेहि नाहीं।	सो जानै जेहि दीन्हेसि नाहीं।	(द्वि० २, ३, ४, ५)
६.७	मरम	सुख	(द्वि० ४, ५)
१५.४	नाथ	पंथ	(?)
१७.५	कुलि	जग	(सभी में है)
२६.४	बाँका	जस बाँक	(द्वि० २, ५)
२८.८	गुवा	लौंग	(द्वि० २, ५, च० १)
३०.४	रामजन	रामजनी	(प्र० २, द्वि० २)
३०.६	जारि	पाँच	(द्वि० ३, ५, तृ० १)
३१.२	वान	पानि	(द्वि० ३)
३४.२	सुरँग	तुरुँज	(प्र० १, द्वि० ५, तृ० ३)
३६.७	अइ निसि बैठि	अलख पंथ	(प्र० २)
३७.४	पंचहि	पोतहिं	(प्र० २, द्वि० ५)
४१.४	लाइ	राय	(प्र० १, २, द्वि० ३, ५, तृ० १, ३, च० १)
४८.६	जनहुँ दिया दिन आछत बरे।	निसि दिन रहे दीप जनु बरे।	(द्वि० ५)
४६.७	सुनी जो	जेतनी	(द्वि० ५, च० १)
५०.१	चंपावति जो रूप अति माहाँ।	चंपावति जो रूप सँवारी।	(द्वि० २, तृ० १, ३)
५०.१	पदुमावति की जोति मन छाहाँ।	पदुमावति चाहै अवतारी।	(द्वि० २, तृ० १, ३)
५५.६	जोगि जती सन्यासी	जोगी जती तपा सन्यासी	(द्वि० ३)
६२.१	चुनि कै	कंचुकि	(प्र० १, २, द्वि० ५)
६८.४	बहुरि तेहि	फुरहरी	(द्वि० ५)
१२२.५	सुमेरू	सरीरू	(द्वि० ५)
१२५.१	टकटका	पेम चित	(प्र० २, द्वि० २, तृ० १, ३, च० १)
२३३.४	मुगुधावति	खँडरावति	(द्वि० ५)
२३६.२	सिर नाया	है ठाढ़ा	(द्वि० ३, ५, तृ० ३)

स्थल	मूल पाठ	पाठांतर	अन्य प्रतियाँ
२३६.३	कीन्ह सुदिष्टि	गुरू बोलाव	(द्वि० ३, ५, तृ० १, ३)
२३७.४	पाती	पत्र	(द्वि० ३, ५, तृ० ३)
२४०.६	कहँ जो	जूझ	(द्वि० ५)
२४३.२	उभर	जूझ	(द्वि० ५, तृ० ३)
२४५.५	गुरु	कर	(प्र० १,२, तृ० १,३, च० १)
२५१.५	कोटिन्ह	घूमहिं	(द्वि० २, ५)

ऊपर की तालिका को देखने पर ज्ञात होगा ३५ में से २५ स्थलों पर के पाठांतर द्वि० ५ के मूल पाठ में मिलते हैं। शेष किसी एक अन्य प्रति में नहीं मिलते। हो सकता है कि अन्यों के अतिरिक्त द्वि० ५ से—अथवा उसके मूल आदर्श से—द्वि० ४ में ये पाठांतर लिए गए हों।

द्वि० ५ में दिए हुए पाठांतर :

स्थल	मूल पाठ	पाठांतर	अन्य प्रतियाँ
१५.७	चलै	करै	(?)
१५.७	बरी	बरियार	(?)
१७.१	जग दान	बड़ दान	(?)
३२.४	गवन सोहाइ सो	बरन बरन सो	(?)
३६.५	नाच	काठ	(प्र० १, द्वि० २,३,४, तृ० १,३, च० १)
४३.३	वहिक पानि राजा पै पिया।	अस वह कुंड पानि जौ पिया।	(?)
८१.६	ज्ञान सो चाहा	कहा पै चाहा	(सभी में है)
१०१.७	जुरा	रचा	(?)
१३६.१	जाइ	रात	(प्र० १)
१८३.५	भरा सब	परासन्ह	(सभी में है)
२४७.६	कुम्हिलाई	मुरझाई	(द्वि० २)
२५४.७	सरबरि	सँचरै	(प्र० १, २ द्वि० २, च० १)
२५५.२	पीऊ	सोऊ	(प्र० १,२, द्वि० ३,४,५, तृ० ३, च० १)
२५६.६	तरौं	नवौं	(द्वि० २)
२६६.४	कि नरेसू	के भेसू	(प्र० १, द्वि० २,३,४,७, तृ० ३, च० १)
२६६.५	रहै नहिं	अैस नहिं	(?)

इस तालिका को देखने पर ज्ञात होगा कि द्वि० ५ में दिए हुए पाठांतर या तो किसी एक प्रति के नहीं हैं, और या तो जिस प्रति के हैं, वह एक से अधिक प्रतियों का पाठ देती थी ।

फलतः आदर्श-बाहुल्य के इस अनुसंधान के द्वारा हम केवल द्वि० ४ के संबंध में यह जानने में समर्थ हुए हैं कि उसका प्रतिलिपिकार द्वि० ५—अथवा उसके किसी पूर्वज—के पाठ से परिचित था, और असंभव नहीं कि उसने उसका किसी अंश में उपयोग भी किया हो। शेष प्रतियों के संबंध में इस प्रकार के किसी निश्चयात्मक परिणाम पर हम नहीं पहुँच सके हैं ।

४. आदि प्रति की लिपि

'पदमावत' की प्राप्त प्रतियों में से प्र०२, द्वि० ७, तृ० ३ नागरी लिपि में हैं, शेष फ़ारसी या अरबी लिपि में हैं। किंतु इन तीन नागरी लिपि की प्रतियों के भी आदर्श फ़ारसी या अरबी लिपि में थे, यह नीचे दिए हुए उनके पाठों से प्रकट होगा। यह पाठ विस्तार-भय से केवल उदहारण स्वरूप दिए जा रहे हैं :—

प्र० २ का पाठ :

स्थल	सामान्य पाठ	प्रति का पाठ
२३७.६	कौन	गौन
२४७.७	गई	गए
२५१.५	कोटिन्ह	खूटहिं
२५२.४	गाढ़ी	काढ़ी
२५२.६	कै	गी
२६६.८	जोग	चौक
३१५.६	आपु हौं	आफौं
३३२.८	बीन बंसि	बेन बंस
३५७.१	असाढ़ी	असारही
३६०.६	बीदरी	बेदरी
४२५.८	परथमै	पिरथिमी
४२८.३	पोढ़	पोरह
४३३.५	तहँ	तिन्ह
४३५.४	बाढ़ै, ऊभै	बाढ़ी, ऊभी
४५४.३	ससि सूरहि	ससि सोरह

स्थल	सामान्य पाठ	प्रति का पाठ
४५८.८	पहुँची	पहुँचै
४६७.२	तिरि	तर
४७४.१	चतुर	चित्र
४८०.६	जुगुति	जो गत
५०४.४,५१५.६	गढ़	गर्ह
५१३.४	सार	सारि
५१३.८,५३१.८	घेवरे	खेवरे
५२६.८	दिन कोई	दंगवै

द्वि० ७ का पाठ :

स्थल	सामान्य पाठ	प्रति का पाठ
२०१.४	करीलहि	करै कह
३४४.२	धाए	धाई
३४४.२	दिखाए	दिखाई
३५८.८	अढ़वौं	वोर होई
४३५.४	बाढ़े, ऊभै	बाढ़ी, ऊभी
४५८.८	पहुँची	पहुँचे
५०१.१	कुंभलनेरै, सुमेरै	कुंभलनेरी, सुमेरी
५२६.८	दिन कोई	दंगवै

तृ० ३ का पाठ :

स्थल	सामान्य पाठ	प्रति का पाठ
६४.२	बेकरारा	किरारा
१४१.८	किलकिला	कलकला
१४८.१	गवेजा	कवेजा
२०७.४	पहुँची	पहुँचे
२०८.५	मढ़	मर्ह
२१६.६	दिढ़	दिर्ह
२२४.८	गै	कै
२२५.५	जरै, मरै	जरई, मरई
२२७.६	मढ़	मर्ह
२३२.७	चढ़ी	चर्ही
२३४.८	राती	राते
२३८.४	धँसि	धपस

स्थल	सामान्य पाठ	प्रति का पाठ
२४१.४	पब्बै	पुवै
२४६.१	कर	गै
२६४.७	तन एँगुर	तेनेगुर
३०१.४	अनचिन्ह	आँचन्ह
३१२.७	चौपर	जोबर
३१५.५	गहे पै	गहउ पिय
३१५.६	गै	कै
३२०.३	थोरइ	थोरी
३२०.६	पी	लै
३२०.६	जेंवन	जीवन
३२३.५	गही, रही	गहे, रहे
३२२.७	हुत	हित
३२६.६	बीदरी	पींडरी
३२६.७	चितेरे, हेरे	चितेरे, हेरी
३२६.७	फिरिगै	भरिकै
३३६.१	कै	गै
३४४.३	फेरी, घेरी	फेरे, घेरे
३५७.४	साँझ	साँच
३६१.७	गुरूइ	करोइ
३६१.८	भए	भई
३६६.८	लागी दुनहु रहाहिं	लागे दिनहि रहाहिं
३६६.१	चितउर	चितुर
४०२.३	पुरोई, रोई	पुरोए, रोए
४१०.२	सिंघली, बली	सिंघले, बले
४२४.२	हुलसै	हुलसी
४२८.३	पोढ़	पोरह
४२८.८	फरे	भरी
४३५.४	बाढ़ै, ऊभै	बाढ़ी, ऊभी
४५३.८	ठग लाडू	ठक लादू
४५८.८	पहुँची	पहुँचै
४७२.४	चूनी	चूने

स्थल	सामान्य पाठ	प्रति का पाठ
४६८.८,४६६.६	क्रांति	करानित
४७४.१	चतुर	चित्र
४७७.२	चमतकार	चमटिकार
४६१.५	सरिस	सुरस
४६२.७	छिताई	छुटाई
४६८.५	पाटि ओडैसा	पाटौ डेसा
५०१.१	कुंभलनेरै,सुमेरै	कुंभलनेरी,सुमेरी
५०८.३	गौंड	गेंद
५१०.२	चरत,चरै	जरत,जरै
५१३.८	घेवरें	खेवरें
५१४.२,५४३.४	पीत	पेत
५१४.७	सिंघली,कलमली	सिंघले,कलमले
५१६.८	तनु गा	तिनुका
५२०.८	चकमक	जगमग
५२१.२	बड़ाइ	बड़ऐ
५२२.२	देखें,लेखें	देखीं,लेखीं
५२३.६	बिस्टि	पस्ट
५२४.४	फाटहिं	भाँतिन्ह
५२६.८	दिन कोई	दंगवै
५२६.६	जुरै	जुरे
५२७.५	नागसुर	नागसर
५३१.८	घेवरें	खेवरें
५३५.७	निपुंसक	नवंसिक
५३६.३	अन्न	आनि
५४३.७	करी	क़रे
५४५.२	बटुवा	पटवा
५४७.२	मेंथी	मीठे
५४६.२	पीठे,मीठे	पीठी, मीठी
५५०.६	कही	कहै
५५८.३	बाचा परखि	बाजा इ़रुक
५६०.५	ढंग	धनुक

स्थल	सामान्य पाठ	प्रति का पाठ
५६५.८	स्यामि तहँ	स्याम तेहि
५६७.६	जेहि	चइ
५७१.६	बिसरिगा	निसरिका
५७७.४	बिधि	बंधि
५८६.७	तन	बिनु
५८७.१	चितउर	चितुर
५६०.६	राती	राते
५६६.३	कुटनी	लुटनी
५६६.७	बहु रिसि	बिहि अखि
६०१.३	तप	तँत
६०१.३	काढ़हुँ	काढ़ेन्हि
६०२.६	लेहुँ	लीन्ह
६०४.५	लिएँ भई	लेन भए
६०४.५,६१०.६	का	गा
६११.३	मुष्टिक	मस्तिक
६११.५	सुपुरुस	सोपरस
६११.५	टारन	तारन
६११.६	काढ़हुँ	काढ़ेन्हि
६१४.६	टारा	तारा
६१४.७	सरिस	सुरस
६१६.८	कहौं	गहौं
६१७.३	कहा	गहा
६१७.७	भरा हिय	फिराही
६२०.३	चोली,खोली	चोले,खोले
६२०.४	भीजी,चुई	भीजे,चुए
६३१.१	पुरवाई	परौं आन
६३१.४	कनक	लिंग
६३३.२	मुरे	बरै
६३३.५	टूटहिं	लोटहिं
६३४.२	ठायँ न	ठाएन्ह
६३५.३	अयूब	आइऊभ

स्थल	सामान्य पाठ	प्रति का पाठ
६३६.४	सिर बाजत	सरजा जित
६४८.३	गिरहिं	करहिं
६५०.८	गइँ	कै

किंतु इससे भी आश्चर्य की बात यह है कि 'पदमावत' की जितनी भी प्रतियाँ प्राप्त हुई हैं—चाहे नागरी की हों चाहे फ़ारसी-अरबी लिपि की—सब का मूल आदर्श कवि की प्रति नागरी लिपि में थी। नीचे के उदाहरणों से यह बात भली भाँति प्रमाणित होगी। सुविधा के लिए प्रमाणित पाठ की पूरी पंक्ति भी नीचे दी गई है :—

१४.६ जो गढ़ नए न काऊ चलत होहिं 'सब' चूर।
'जबहि' चढ़ै पुहुमीपति सेर साहि जग सूर॥
'सब' के स्थान पर तृ० १ में पाठ 'सो' है, और 'जबहि' के स्थान पर द्वि० ४,५,६, पं० १ में 'जौहि' है।

२७.१ 'जबहि' दीप निअरावा जाई। जनु कबिलास निअर भा आई।
'जबहि' के स्थान पर प्र० १, द्वि० ४,५,६, तृ० २, च० १ में 'जौहि' है।

३१.२ पानि मोति अस निरमर तासू। अंब्रित 'बानि' कपूर सुबासू।
'बानि' के स्थान पर द्वि० ४,६ में 'वानि' है।

३७.४ रतन पदारथ मानिक मोती। हीर पँवार सो 'अनबन' जोती।
'अनबन' के स्थान पर द्वि० १,३,४,५,६, च० १ में 'अनवन' है।

४०.२ तरहिं 'कुरुँम' बासुकि कै पीठी। ऊपर इंद्रलोक पर डीठी।
'कुरुँम' के स्थान पर समस्त प्रतियों में 'कुरुँभ' है।

४२.३ 'जबही' घरी पूजि वह मारा। घरी घरी घरिआर पुकारा।
'जबही' के स्थान पर द्वि० १,४,५,६, च० १ में 'जौहि' तथा तृ० २ में 'जौही' है।

४५.१ पुनि चलि देखा राज दुआरू। महि 'घूँबिअ' पाइअ नहिं बारू।
'घूँविअ' के स्थान पर समस्त प्रतियों में 'घूँबिअ' है।

४५.६ गिरि पहार 'पब्बै' गहि पेलहिं। बिरिख उपारि फारि मुख मेलहिं।
'पब्बै' के स्थान पर द्वि० १ में 'परवै' (पब्बै > पव्वै > परवै) है।

४५.९ 'कुरुँम' टूट फन फाटे तिन्ह हस्तिन्ह की चालि।
'कुरुँम' के स्थान पर समस्त प्रतियों में 'कुरुँभ' है, केवल द्वि० ४ में 'गिरहिं' है।

४६.४ तीख तुखार चाँड औ बाँके । तरपहिं 'तबहि' तायन बिनु हाँके ।
'तबहिं' के स्थान पर द्वि० १,४, ५, तृ० २, च० १ में 'तौहि' है ।

४८.५ भा कटाव सब 'अनबन' भाँती । चित्र होत गा पाँतिहि पाँती ।
'अनबन' के स्थान पर द्वि० १, ४, ५, च० १ में 'अनवन' है ।

५६.४ 'तब' लगि रानी सुवा छपावा । 'जब' लगि आइ मँजारिन्ह पावा ।
'तब', 'जब' के स्थान पर द्वि० १, तृ० ३ में 'तौ', 'जौ' है ।

५८.६ सुआ न रहै खुरुक जिअ अबहि काल सो आउ ।
सतुरु अहै जो करिआ 'कबहु' सो बोरै नाउ ॥
'कबहु' के स्थान पर द्वि० ४, ५, ६, पं०१ में 'कौहु' है ।

६८.४ ओइँ उड़ानफर तहिऔ खाए । 'जब' भा पंखि पाँख तन पाए ।
'जब' के स्थान पर द्वि० १,४,५,६, च० १ में पाठ 'जौ' है ।

७१.३ सुख कुरिआर फरहरी खाना । बिख भा 'जबहि' बिआध तुलाना ।
'जबहि' के स्थान पर द्वि० ४, ५, ६, च० १ में 'जौहि' है ।

७६.१ 'तबहि' बिआध सुआ लै आवा । कंचन बरन अनूप सोहावा ।
'तबहि' के स्थान पर द्वि० ४, ५, च० १ में पाठ 'तौहि' है ।

७६.१ 'तब' लगि चित्रसेन सिव साजा । रतनसेनि चितउर भा राजा ।
'तब' के स्थान पर द्वि० १ में पाठ 'तौ' है ।

८५.१ जौं यह सुआ मँदिर महँ रहई । 'कबहु' कि होइ राजा सौं कहई ।
'कबहु' के स्थान पर द्वि० ६ में पाठ 'कौहु' है ।

८७.७ रुहिर चुवै 'जब जब' कह बाता । भोजन बिनु भोजन मुख राता ।
'जब जब' के स्थान पर द्वि० २, ३, ४, ५, ६, च० १, पं० १ में 'जो जो' है ।

६८.७ 'तब' लगि दुख प्रीतम नहिं भेंटा । जौं भेंटा जरमन्ह दुख मेंटा ।
'तब' के स्थान पर द्वि० १ में 'जौ' और तृ० ३ में 'तौ' है ।

१०३.६ 'जबहि' फिराव गगन गहि बोरा । अस ओइ भँवर चक्र के जोरा ।
'जबहि' के स्थान पर द्वि० ४, ५, ६ में 'जौहि' है ।

१०५.५ पुहुप सुगंध करहिं सब आसा । मकु 'हिरगाइ' लेर हम पासा ।
'हिरगाइ' के स्थान पर समस्त प्रतियों में 'हिरकाइ' या 'हिरिकाइ' है ।

१०६.२ फूल दुपहरी जानहुँ राता । फूल झरहिं 'जब जब' कह बाता ।
'जब जब' के स्थान पर द्वि० १, २, ३, ५, ६, ७, तृ० १, च० १ में 'जौ जौ' है ।

१२२.४ पहिलेहिं सुक्ख नेहु 'जब' जोरा। पुनि होइ कठिन निबाहत ओरा।
'जब' के स्थान पर द्वि० ६, च० १ में 'जो' है।

१२४.८-९ अबहूँ जागु अजाने होत आव निसु भोर।
पुनि किछु हाथ न लागिहि मूसि जाहिं 'जब' चोर॥
'जब' के स्थान पर द्वि० १ में 'ज्यौं' तथा द्वि० २ में 'जौ' है।

१३६.३ ओहि मेलान 'जब' पहुँचिहि कोई। 'तब' हम कहब पुरुष भल सोई।
'जब', 'तब' के स्थान पर द्वि० १,४,५,६, तृ० ३ में 'जौ', 'तब' तथा च० १ में 'जौ', 'तौ' है।

१५५.७ भा परलौ नियराएन्हि 'जबही'। मरै सो ताकर परलौ 'तबही'।
'जबही', 'तबही' के स्थान पर द्वि० १, ४, ५, ६, च० १ में 'जौही', 'तौही' है।

१५६.३ 'कबहु' न औस जुड़ान सरीरू। परा अगिनि महँ मलै समीरू।
'कबहु' के स्थान पर द्वि० १, ४, ५ में 'कौहु' है।

१६८.५ गहै बीन मकु रैनि बिहाई। ससि बाहन 'तब' रहै ओनाई।
'तब' के स्थान पर द्वि० ७ में 'तौ' है।

१७४.१ 'जब' लगि अवधि चाह सो पाई। दिन जुग बर बिरहिनि कहँ जाई।
'जब' के स्थान पर द्वि० १ में 'जौ' है।

१७५.४ रही रोइ 'जब' पदुमिनि रानी। हँसि पूँछहिं सब सखी सयानी।
'जब' के स्थान पर द्वि० ३, ६, च० १ में 'जौ' है।

१७६.५ कंचन करी न काँचहि लोभा। जौं नग होइ पाव 'तब' सोभा।
'तब' के स्थान पर द्वि० ६, तृ० ३ में 'तौ' है।

१६७.३ देव पूजि 'जब' आइउँ काली। सपन एक निसि देखिउँ आली।
'जब' के स्थान पर द्वि० ६ में 'जौ' है।

२१२.७ कै जियँ तंतमंत सो हेरा। गएउ हेराइ 'जबहि' भा नेरा।
'जबहि' के स्थान पर द्वि० ४, ५, च० १ में 'ज़ो वहि' तथा प्र० १, २, द्वि० १, २, ६, तृ० ३, पं० १ में 'जोहि' है।

२१८.४ इहाँ इंद्र अस राजा तपा। 'जबहि' रिसाइ सूर डरि छपा।
'जबहि के स्थान पर द्वि० २, ३, ५, ६, तृ० १, २, च० १ में 'जोहि' और द्वि० १ में 'जो वहि' है।

२४१.४ बाइस सहस सिंघली चाले। गिरि पहार 'पब्बै' सब हाले।
'पब्बै' के स्थान पर तृ० ३ में 'पुवै' है।

२४१.७ जनु भुइँचाल जगत महिं परा। 'कुरुँम' पीठि टूटिहि हियँ डरा।
समस्त प्रतियों में 'कुरुँम' के स्थान पर 'कुरुँभ' है।

२४५.८ परगट गुपुत सकल महि मंडल पूरी रहा 'सब' ठाउँ।
जहँ देखौं ओहि देखौं दोसर नहिं कहँ जाउँ॥
'सब' के स्थान पर द्वि० १, ३, ६, तृ० २, ३ में पाठ 'सो' है।

२४७.३ 'जबहि' सुरुज कहँ लागेहु राहु। 'तबहिं' कवँल मन भएउ अगाहू।
'जबहि', 'तबहि' के स्थान पर द्वि० १,३,४,५,६, तृ० २, च० १, 'पं०' १ 'जोहि', 'तोहि' और द्वि० २ में 'चोहि', 'तोहि' है।

२६५.५ मेघ डरहिं बिजुरी जहँ डीठी। 'कुरुँम' डरै धरती जेहि पीठी।
प्र० २ में 'कमठ' है, शेष समस्त प्रतियों में 'कुरुँभ' है।

२६४.६ अब तेहि बाजु राँग भा डोलौं। होइ सार 'तब' बर कै बोलौं।
'तब' के स्थान पर तृ० २ के अतिरिक्त समस्त प्रतियों में 'तौ' है।

३००.४ अनचिन्ह पिउ काँपै मन माहाँ। का मैं कहब गहब 'जब' बाहाँ।
'जब' के स्थान पर द्वि० ४, ६, च० १ में 'जौ' है।

३०६.६ भँवरहि मीँचु निअर 'जब' आवा। चंपा बास लेइ कहँ धावा।
'जब' के स्थान पर प्र० १ के अतिरिक्त समस्त प्रतियों में 'जौ' है।

३०७.६ पान सुपारी खैर दुहुँ मेरै करै चकचून।
'तब' लगि रंग न राचै 'जब' लगि होइ न चून॥
'तब', 'जब' के स्थान पर प्र० १, द्वि० १, ४, ५, तृ० १ में 'तौ', 'जौ' है।

३११.३ जेहि उपना सो औटि मरि गएऊ। जरम निनार न 'कबहू' भएऊ।
'कबहू' के स्थान पर द्वि० ४, ५ में 'कौहू' है।

३२६.८ पुनि अभरन बहु काढ़ा 'अनबन' भाँति जराउ।
फेरि फेरि निति पहिरहि जैस जैस मन भाव॥
'अनबन' के स्थान पर प्र० १, द्वि० १,२,३,४,५,६, तृ० १, २, पं० १ में 'अनवन' है।

३३६.६ भएउ इंद्र कर आएसु प्रस्थावा येह सोइ।
'कबहु' काहु कर प्रभुता 'कबहु' काहु कर होइ॥
'कबहु' के स्थान पर दोनों स्थानों पर द्वि० ४, ५, च० १ में 'कौहु' है।

३५२.२ पहल पहल तन 'रूइ' जो भाँपै। हहलि हहलि अधिकौ हिय काँपै।
'रूइ' के स्थान पर प्र० २ में 'रूद' है।

३५२.७ रातिहु देवस इहै मन मोरें। लागौं कंत 'छार' जेउँ तोरें।
'छार' के स्थान पर समस्त प्रतियों में 'थार' या 'ठार' है।
'छ' का 'थ', और उर्दू 'थ' का पुनः 'ठ' हुआ ज्ञात होता है।

३६४.४ हिया फाट वह 'जबहि' कुहूकी। परे आँसु होइ होइ सब लूकी।
'जबहि' के स्थान पर द्वि० २, ६, च० १ में 'जौहि' है।

३६६.७ जस तूँ पंखि होहुँ दिन भरऊँ। चाहौं 'कबहु' जाइ उड़ि परऊँ।
'कबहु' के स्थान पर द्वि० २, ३, ४, ५, ६, तृ० १, २, च० १ पं० १ में 'कौहु' है।

३६०.४ धुवाँ उठै मुख स्वाँस सँघाता। निकसै आगि कहै 'जब' बाता।
'जब' के स्थान पर द्वि० २, ४, ५, ६, ७, तृ० १, च० १, पं० १ में 'जौ' और द्वि० ३ में 'जौं' है।

४१२.५ कहँ अब रहस भोग 'अब' करना। असे जिअन चाहि भल मरना।
'अब' के स्थान पर तृ० ३ में 'औ' है।

४७०.८ होइ अँधियार बीजु खन लौकै 'जबहि' चीर गहि भाँपु।
केस काल ओइ कत मैं देखै सँवरि सँवरि जिय काँपु॥
'जबहि' के स्थान पर द्वि० ४, ५, ६, च० १ में पाठ 'जौहि' है।

४८६.२ जनु मूरति वह परगट भई। दरस देखाइ 'तबहि' छपि गई।
'तबहि' के स्थान पर द्वि० २, ४, ५, ६, च० १ में 'तौहि' है।

५१०.७ गिरि पहार 'पब्बै' भे माँटी। हस्ति हेरान तहाँ को चाँटी।
'पब्बै' के स्थान पर तृ० ३ में 'पुवै' है।

५१०.६ जिन्ह जिन्ह के घर खेह हेराने हेरत फिरहिं ते खेह।
अब तौ दृष्टि 'तबहि' पै आवहिं उपजहिं नए उरेह॥
'तबहि' के स्थान पर द्वि० ४, ५, च० १ में पाठ 'तौहि' है।

५२५.५ अष्ट धातु के गोला छूटहिं। गिरि पहार 'पब्बै' सब फूटहिं।
'पब्बै' के स्थान पर तृ० ३ में 'पवै' है।

५३४.५ 'जब' लगि जीभ अहै मुख तोरे। पँवरि उघेलु बिनौ कर जोरे।
'जब' के स्थान पर प्र० २, तृ० ३ में 'जौ' है।

५३६.६ सहस बार जौं धोवहु 'तबहु' गयंदहि पंक।
'तबहु' के स्थान पर द्वि० ४, ५, च० १ में 'तौहु' है।

५४५.२ कटवाँ बटवाँ मिला सुबासू । सीका 'अनबन' भाँति गरासू ।
'अनबन' के स्थान पर द्वि० १, ५,६ में 'अनवन' है ।

५५२.६ लख लख बैठ पँवरिश्रा जहँ सो नवहिं करोरि ।
तिन्ह 'सब' पँवरि उआरी ठाढ़ भए कर जोरि ॥
'सब' के स्थान पर तृ० ३ में 'सो' है।

५५३.८ साहि 'जबहि' गढ़ देखा कहा देखि कै साजु ।
कहिश्र राज फुर ताकर सरग करै जो राजु ॥
'जबहि' के स्थान पर द्वि० २, ३, ४, ५, ६ में 'जौहि' है ।

५६७.३ दरपन साहि पैत तहँ लावा । देखौं 'जबहि' झरोखें आवा ।
'जबहि' के स्थान पर द्वि० ४, ५, ६, च० १ में 'जौहि' है ।

६१३.५ 'जबहि' आइ जुरिहै वह ठटा । देखत जैस गगन मँह छटा ।
'जबहि' के स्थान पर द्वि० ४, ५, ६, च० १ में 'जौहि' है ।

६३१.४ कनक 'बानि' गजबेलि सो नाँगी । जानहुँ काल करहिं जिउ माँगी ।
'बानि' के स्थान पर समस्त प्रतियों में 'वानि' है ।

ऊपर जो उदाहरण दिए गए हैं, उनका विश्लेषण करने पर ज्ञात होगा कि प्रयुक्त प्रतियों में से कोई भी ऐसी नहीं है जिसमें के कुछ-न-कुछ स्थल ऊपर के न आ गए हों । इससे यह प्रकट है कि आदि प्रति नागरी में थी ।

५. आदि प्रति की भाषा

'पदमावत' की शब्दावली से पर्याप्त रूप से परिचित न होने के प्रमाण उसके प्रतिलिपिकारों में ही नहीं, संपादकों में भी मिलते हैं । नीचे ग्रंथ से इसलिए ऐसे स्थल मात्र लिए जा रहे हैं, जहाँ न केवल प्रतिलिपिकारों ने वरन् संपादकों ने भी इसी कारण पाठ अशुद्ध दिए हैं। विस्तार-भय से उदाहरण ग्रंथ के पूर्वार्द्ध से ही दिए जा रहे हैं :—

२.१ कीन्हेसि 'हेम'[1] समुंद्र अपारा । कीन्हेसि मेरु खिखिंद पहारा ।
'हेम' ∠ 'हिंम'

१०.२ सात सरग जो 'कागर'[2] करई । धरती सात समुँद मसि भरई ।
'कागर' ∠ 'काग़ज़' (?)

---

[1]. प्र० १, २, द्वि० १, ३, ७, तृ० १, २, च० १, पं० १ । [2]. द्वि० ३, तृ० २, ३, च० १, पं० १ ।

१५.३ अदल कीन्ह उम्मर की नाईं । भइ 'अहान'[3] सगरी दुनियाईं ।
'अहान' ∠ 'आख्यान' (?) = कहावत

१६.५ भा अस सूर पुरुष निरमरा । सूर चाहि 'दह'[4] आगरि करा ।
'दह' ∠ 'दश'

१७.८ औस दानि जग 'उपना'[5] सेर साहि सुरतान ।
'उपना'='उत्पन्न हुआ'

२४.५ आदि अंत जसि 'कथ्था'[6] अहै । लिखि भाषा चौपाई कहै ।
'कथ्था' ∠ 'कथा' (तुलना० ८२.७)

२६.३ छप्पन कोटि कटक दर साजा । सबै छत्रपति 'ओरगन्ह'[7] राजा ।
'ओरगन्ह' ∠ 'अरकान' [-ए-दौलत] (तुलना० ६६.६)

२६.५ सोरह सहस घोर घोर सारा । साँव करन 'बालका'[8] तोखारा ।
'बालका'='बलख का' (?)

२६.३ सारौ सुवा सो रहचह करहीं । 'गिरहिं' (?)[9] परेवा औ करबरहीं ।
'गिरना' = ऊपर से टूट पड़ना (यथा : टूटि परेवा परत गगन ते गिरत न आपु सँभारै—सूरदास)

३३.१ ताल 'तलावरि'[10] बरनि न जाहीं । सूझै वार पार तेन्ह नाहीं ।
'तलावरि'=छोटे ताल

३७.४ रतन पदारथ मानिक मोती । हीर पवाँर सो 'अनबन'[11] जोती ।
'अनबन'=न बनने योग्य, अपूर्व

४१.५ बहु 'बनान'[12] वै नाहर गढ़े । जनु गाजहिं चाहहिं सिर चढ़े ।
'बनान'='बनावट'

४५.६ गिरि पहार 'पब्बै'[13] गहि पेलहिं । बिरिख उपारि झारि मुख मेलहिं ।
'पब्बै' ∠ 'पर्वत' (तुलना० २४१.४, ५२५.५)

---

3. प्र० १, २, द्वि० १, ४, ५, तृ० ३, पं० १ । 4. तृ० १, २, ३, पं० १ । 5. द्वि० ४, ७ के अतिरिक्त समस्त में । 6. प्र० १, तृ० २ के अतिरिक्त समस्त में । 7. द्वि० ४, ५ के अतिरिक्त समस्त में । 8. प्र० १, २, द्वि० १, ४, ५, ६, तृ० २, च० १, पं० १ । 9. द्वि० २, तृ० २, च० १, पं० १ में 'किरहिं' । 10. प्र० १, २, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १ । 11. द्वि० २, ५, तृ० ३ के अतिरिक्त समस्त में 'अनवन' । 12. प्र० १, २, द्वि० ४, ५, ६, तृ० १, २, पं० १ में 'बनान' द्वि० ७, तृ० ३ में 'बिनान' । 13. प्र० २, द्वि० २, ४, ७, तृ० ३, पं० १ ।

४६.४ तीख तोखार चाँड औ बाँके। तरपहिं तबहिं 'तायन'[१४] बिनु हाँके।
'तायन'=कोड़ा

५२.५ सूर परस सों भएउ 'किरीरा'[१५]। किरिन जामि उपना नग हीरा।
'किरीरा'='क्रीड़ा' (तुलना० ३१७.२,४)

६२.१ धरीं तीर सब 'छीपक'[१६] सारी। सरवर महँ पैठीं सब बारी।
'छीपक'=छपी हुई, छापादार

६६.१ पदुमावति तहँ खेल 'धमारी'[१७]। सुआ मँदिर महँ देखि मँजारी।
'धमारी'='धमार' [की भाँति]

६७.३ रानी सुना 'सुक्ख'[१८] सब गएऊ। जनु निसि परी अस्त दिन गएऊ।
'सुक्ख' ∠ 'सुख'

६८.३ जौ लहिं पिंजर अहा परेवा। अहा 'बाँदि'[१९] कीन्हेसि निति सेवा।
'बाँदि='बंदी'

६८.४ तेहि बँदि हुतें जो छूटै पावा। पुनि फिरि 'बाँदि'[२०] होइ कित आवा।
'बाँदि'='बंदी'

७०.३ बिखदाना कत दइअ 'अँकूरा'[२१]। जेहि भा मरन डहन धरि चूरा।
'अँकूरा'='अंकुरित किया', उत्पन्न किया

७१.४ काहेक भोग बिरिखि अस फरा। 'अड़ा'[२२] लाइ पंखिन्ह कहँ धरा।
'अड़ा'=चुभने वाली वस्तु (यथा बर्र का 'आँड़ा')

७१.५ होइ निचिंत बैठे तिहि 'अड़ा'[२३]। तब जाना खोंचा हिय गड़ा।
'अड़ा' यथा ऊपर

७८.३ कहेसि पंखि खाधुक 'मानवा'[२४]। निठुर ते कहिअ जे पर 'मँसुखवा'।
'मानवा' ∠ 'मानव'; 'मँसुखवा'=माँस खाने वाले

---

१४. प्र० २, द्वि० ३, च० १, पं० १ में 'तायन', द्वि० २ में 'ताय'। १५. द्वि० ४, ५ के अतिरिक्त समस्त में। १६. द्वि० १, २, ३, ४, ५, ६, तृ० १, ३, च० १ में 'छीपक', तृ० २, पं० १ में 'चंपक'। १७. प्र० २, द्वि० १, ४, ६, ७, तृ० १, २, च० १। १८. प्र० २, द्वि० २, ४, ५, ६, ७, तृ० १, च० १। १९. प्र० २, द्वि० १, २, ३, ४, ५, ७, तृ० २, पं० १। २०. तृ० ३, द्वि० ४ के अतिरिक्त समस्त में। २१. द्वि० ४, ५ के अतिरिक्त समस्त में। २२. प्र० २, च० १ के अतिरिक्त समस्त में। २३. प्र० २, द्वि० ३ के अतिरिक्त समस्त में। २४. द्वि० २, ६, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १।

८३.४ 'भलेहिं सु और पियारी नाहाँ।'[२५] मोरें रूप कि कोइ जग माहाँ।
'भलेहिं सु और पियारी नाहाँ'=सो भले ही पति की और भी (मेरे अतिरिक्त) प्रिय पत्नियाँ हैं

८६.४ जौ 'तिवाइँ'[२६] के काज न जाना। परैं धोख पाछें पछिताना।
'तिवाइँ'=स्त्री

८७.८ माथें नहिं बैसारिअ 'सठहि'[२७] सुवा जौ लोन।
'सठहि'='शठ को'

८६.६ तेहि रिसि हौं परहेलिउँ 'निगड़ रोस किय'[२८] नाहँ।
'निगड़ रोस किय'=कठिन रोष किया

६१.६ मान 'मते'[२९] हौं गरब जो कीन्हा। कंत तुम्हार मरम मैं लीन्हा।
'मते'='मत से', विचार से

६६.६ अष्टौ कुरी नाग 'ओरगाने'[३०] भै केसन्हि के बाँद।
'ओरगाने' ∠ 'अरकान' [-ए-दौलत] (तुलना० २६.३)

१०३.७ समुँद हिलोर फिरहिं जनु झूले। खंजन 'लुरहिं'[३१] मिरिग जनु भूले।
'लुरना'='लोटना' (तुलना० २६७.२)

१०५.५ पुहुप सुगंध करहिं सब आसा। मकु 'हिरगाइ'[३२] लेइ हम बासा।
'हिरगाइ'='हिलगा कर', निकट लाकर (यथा 'हिलगि' १३७.६)

१०७.३ वह सो जोति हीरा उपराहीं। हीरा 'दिपहि'[३३] सो तेहि परिछाहीं।
'दिपना'=प्रदीप्त होना

१०८.७ अमर भारत पिंगल औ गीता। 'अरथ जूझ'[३४] पंडित नहिं जीता।
'अरथ जूझ' ∠ 'अर्थयुद्ध' (शास्त्रार्थ)

---

२५. द्वि० १, २, ४, ७, पं० १; (द्वि० ३, तृ० १ में—सुआ और—)। २६. द्वि० ५ में 'तिरिआ', द्वि० १, पं० १ में 'तिवानि', शेष समस्त में 'तिवाइँ'। २७. तृ० ३ के अतिरिक्त समस्त में। २८. द्वि० १, ३, ६, तृ० १, २ च० १, पं० १। २९. प्र० २, द्वि० १, २, ५, ६, तृ० २, च० १, पं० २,। ३०. प्र० १, २, तृ० ३ के अतिरिक्त सभी में 'मानमते' द्वि० ७, में 'मानमती'। ३१. प्र० २, द्वि०, २, ३, तृ० २ में 'ओरगाने'। तृ० ३ में 'सब ओरँगे'। ३२. द्वि० १, ६, तृ० २, च० १ में 'हिरगाइ'। ३३. द्वि० २, तृ० ३ के अतिरिक्त समस्त में। ३४. प्र० १, द्वि० १, २, ४, ५, ६, ७, तृ० १, २, ३, पं० १, में 'जूझ', द्वि० ३ में 'जो चढ़'।

१११.१ बरनौं गीवँ कूँज कै रीसी। 'कंजनार'[३५] जनु लागेउ सीसी।
'कंजनार' ∠ 'कंजनाल'

११२.६ ठावँहि ठावँ 'बेह'[३६] भे हिरदै ऊभि साँस लेइ निंत्त।
'बेह' ∠ बेध, (छिद्र)

११३.६ काहूँ छुअइ न 'पारे'[३७] गए मरोरत हाथ।
'पारना'=सकना (तुलना २१६.६)

११५.३ लहरैं देत पीठि जनु चढ़ा। चीर ओढ़ावा 'कंचुकि'[३८] मढ़ा।
'कंचुकी' 7 'केंचुली'

११६.७ मानहुँ बीन गहे कामिनी। 'रागहिं'[३९] सबै राग रागिनी।
'रागना'=गाना

११७.६ तेहि अरघानि भवँर सब लुबुधे तजहिं न 'नीवी'[४०] बंध।
'नीवी'=फुँदना (तुलना २६८.६)

१२२.२ तासौं जूझि जात जौं जीता। जात न 'किरसुन'[४१] तजि गोपीता।
'किरसुन' ∠ 'कृष्ण'

१२४.५ तूँ राजा का पहिरसि कंथा। तोरे 'घटहि'[४२] माँझ दस पंथा।
'घटहि'='घट (अंतःकरण) ही'

१२४.८ अबहूँ जागु अयाने होत आव 'निसु'[४३] भोर।
'निसु'=बिलकुल

१२७.१ गनक कहहिं करु गवन न आजू। दिन लै चलहु 'फरै'[४४] सिधि काजू।
'फरै'=फल दे

१२८.१ चहुँ दिसि आन 'सोंटिअन्हि'[४५] फेरी। भै कटकाई राजा केरी।
'सोंटिअन्हि'=सोंटा-बरदारों ने

---

[३५]. द्वि० २, ३, ६, ७, तृ० २ में 'कंजनार', पं० १ में 'कंजतार'। [३६]. द्वि० १, २, ७, तृ० २. च० १। [३७]. द्वि० ३, ४, ५, ६, ७, तृ० १,२ च० १, पं० १, में 'पारे', तृ० ३ में 'पारेउ'। [३८]. द्वि० १, २, ७, तृ० २, ३। [३९]. प्र० २, द्वि० १, ३, ६, ७, तृ० ३ में 'रागहिं' प्र० १, द्वि० २, ४, ५, तृ० १, पं० १ में लागहिं। [४०]. द्वि० २, ३, ६, तृ० २ में 'तीवी', पं० १ में 'तिनवै', तृ० १ में 'पीवी'। [४१]. द्वि० १, ६, ७, तृ० १, २, पं० १। [४२]. द्वि० १, २ के अतिरिक्त समस्त में। [४३]. प्र० २, तृ० ३ के अतिरिक्त समस्त में। [४४]. प्र० १, २, द्वि० १, २, ३, ७, तृ० २ में 'फरै' तृ० १ में 'भरै'। [४५]. प्र० १, द्वि० १, तृ० ३ के अतिरिक्त समस्त में।

१३२.७ जूड़ कुरकुटा पै भखु चाहा । जोगिहि तात भात 'दहुँ'[४६] काहा ।
'दहुँ'='धौं'

१३३.२ बार मोर 'रजियाउर'[४७] रता । सो लै चला सुआ परबता ।
'रजियाउर'=राजकाज

१३६.३ कया 'मलै'[४८] तेहि भसम मलीजा । चलि दस कोस ओस निति भीजा ।
'मलै'='मलय', चंदन

१३६.६ किंगरी हाथ गहें बैरागी । पाँच तंतु धुनि 'उठै'[४९] लागी ।
'उठै'=उठने

१४१.१ गजपति कहा सीस 'बरु'[५०] माँगा । एतने बोल न होइहि खाँगा ।
'बरु'=भले ही (तुलना १४२.५)

१४१.७ तुम्ह सुखिआ अपने घर राजा । एत जो 'दुक्ख'[५१] सहहु केहि काजा ।
'दुक्ख' ∠ दुःख

१४२.५ औ जेइँ समुँद पेम कर देखा । तेइँ यह समुँद बुंद 'बरु'[५२] लेखा ।
'बरु'=भले ही (तुलना १४१.१)

१४६.४ बोहित दीन्ह दीन्ह 'नै'[५३] साजू ।
'नै'=नए

१५०.३ सत साथी सत कर 'सहिवाँरू'[५४] । सत्त खेइ लै लावै पारू ।
'सहिवाँरू' ∠ 'सम्हारू' ∠ 'संभार'

१५५.५ नीर होइ तर ऊपर सोई । 'महनारंभ'[५५] समुँद जस होई ।
'महनारंभ' ∠ मंथनारंभ (तुलना ४६३.३)

१५७.५ कोई खाहिं पवन कर झोला । कोई करहिं पात जेउँ 'दोला'[५६] ।
'दोला' ∠ 'दोल' (झूला)

---

४६. प्र० १, २, द्वि० १, २, ६, ७, तृ० १, २, पं० १ । ४७. प्र० २, द्वि० १, २, ३, ४, ५, ६, ७, तृ० १, २ में 'रजियाउर', तृ० ३ में 'राजाबाउर', च० १, पं० १ में 'रजबाउर' । ४८. प्र० २, द्वि० ३, तृ० ३ के अतिरिक्त समस्त में । ४९. द्वि० १, २, तृ० १, २ । ५०. द्वि० २, ४, ५, ६, तृ० १, २, पं० १, । ५१. प्र० १, द्वि० १, ४, ५, तृ० ३, पं० १, । ५२. प्र० १, द्वि० ३, ४, ५, ७, तृ० २, पं० १, । ५३. द्वि० २, ४, तृ० २, ३, च० १, पं० १ । ५४. प्र० २, द्वि० २, ३, ७, तृ० १, ३ ५५. प्र० २, द्वि० ७ में 'महनारंभ' प्र० १ में 'मंथनअरंभ' द्वि० २, ३, ४, ५, तृ० १ में 'महाअरंभ' तृ० २ 'तहाँ अरंभ' में । ५६. द्वि० ३, पं० १ के अतिरिक्त समस्त में ।

१६६.७ केसरि बरन हिश्रा भा तोरा । मानहुँ मनहिं भएउ किछु 'फोरा'[५७] ।
'फोरा' ∠ 'फोड़ा'

१७१.१ पदुमावति तूँ 'सुबुधि'[५८] सयानी । तोहि सरि समुँद न पूजै रानी ।
'सुबुधि'=सुबुद्धिवाली

१७१.५ जोबन जो रे 'मतँग'[५९] गज अहै । गहु गिश्रान आँकुस जिमि गहै ।
'मतँग'=उन्मत्त

१७२.६ कनक 'बानि'[६०] जोबन कत कीन्हा । औ तन कठिन बिरह दुख दीन्हा ।
'बानि'=के वर्ण का

१७७.८ कहाँ रतन 'रतनाकर'[६१] कंचन कहाँ सुमेरु ।
'रतनाकर' ∠ 'रत्नाकर' (समुद्र)

१७६.६ नग कर मरम सो जरिश्रा जाना । जरै सो अस नग हीर 'पखाना'[६२] ।
'पखाना' ∠ 'पाषाण' (बहुमूल्य पत्थर)

१८१.८ बसै मीन जल धरती अंबा 'बिरिख[६३] अकास' ।
'बिरिख' ∠ 'वृक्ष' ।

१८३.५ नवल सिंगार 'बनाफति'[६४] कीन्हा । सीस परासन्ह सेंदुर दीन्हा ।
'बनाफति' ∠ 'वनस्पति'

१८५.१ भै 'अहान'[६५] पदुमावति चली । छतिस कुरी भै गोहने चली ।
'अहान' ∠ 'आह्वान'

१८६.१ फर फूलन्ह सब डारि 'ओनाई'[६६] । झुंड बाँधि के पंचमि गाई ।
'ओनाना'=झुकाना

१६४.१ सुनि सो बात रानी 'सिउँ'[६७] चढ़ी । कहाँ सो जोगी देखौं मढ़ी ।
'सिउँ'=संग

१६६.४ फूल झरे सूखी फुलवारी । दिस्टि परीं उकठी सब 'झारीं'[६८] ।
'झारीं'=झाड़ियाँ

---

५७. प्र० २, द्वि० २, ३, ४, ५, ६, ७, तृ० ३, च० १ । ५८. प्र० २, द्वि० १, ३, ६, तृ० २, पं० १ । ५९. द्वि० २, ३, ५, ७ के अतिरिक्त समस्त में । ६०. प्र० २, द्वि० १, ३, ४, ५, ६, ७, तृ० २, पं० १ । ६१. प्र० १, द्वि० १, २, ३, ६, तृ० १, पं० १ । ६२. द्वि० १, ३, ६, तृ० २, पं० १ । ६३. द्वि० १, २, ३, ४, ७, तृ० २, ३, च० १, पं० १ । ६४. प्र० १, २, द्वि० १ के अतिरिक्त समस्त में । ६५. द्वि० १, २, ५, ६, तृ० १, च० १, पं० १ में 'अहान', द्वि० ३, ४, तृ० २ में 'आहाँ' । ६६. प्र० १, २, द्वि० २, ७, तृ० २, च० १, पं० १ । ६७. द्वि० २, ४, ७, तृ० १, २, च० १, पं० १ । ६८. द्वि० १, २, ४, ५, ६, ७, तृ० १, २, च० १, पं० १ ।

१९९.८ हिया देखि सो चंदन 'घेवरा'[६९] मिलि कै लिखा बिछोव ।
'घेवरना'=पोतना

२००.३ जनहुँ 'सरागिनि'[७०] होइ होइ लागे । सब बन दागि सिंघबन दागे ।
'सरागिनि' ∠ 'शराग्नि' (सरकंडे में लगी हुई आग)

२०५.८ महमद चिनगी 'अनँग'[७१] की सुनि महि गगन डेराइ ।
'अनँग' ∠ 'अनंग'

२०६.९ 'कनै'[७२] पहार होत है रावट को राखै गहि पाइँ ।
'कनै' ∠ कनक (तुलना .१६०.५)

२२८.१ रोवँहि रोवँ बान वै फूटे । सोतहि सोत रुहिर 'मकु;'[७३] छूटे ।
'मकु'=मानो

२२९.७ अब धँसि लीन्ह चहै तोहि आसा । पावै साँस कि मरै 'निसाँसा'[७४] ।
'निसाँसा'=बिना साँस के (तुलना ११९.५;२०३.८)

२३४.७ होहु चकोर दिस्टि ससि पाहाँ । औ रबि होहु कवँल 'दधि'[७५] माहाँ ।
'दधि'=उदधि, सरोवर

२४१.४ बाइस सहस सिंघली चाले । गिरि पहार 'पब्बै'[७६] सब हाले ।
'पब्बै' ∠ पर्वत (तुलना ४५.६; ५२५.२)

२४५.८ गुरू मोर मोरें 'हित'[७७] दीन्हें तुरगहि ठाठ ।
'हित'=भलाई के लिए

२५१.५ उदधि समुँद जस तरँग देखावा । चषु कोटिन्ह'[७८] मुख एक न आवा ।
'कोटिन्ह'=करोड़ों

२५४.७ प्रीति अकेलि बेलि चढ़ि छावा । दोसर बेलि न 'पसरै'[७९] पावा ।
'पसरना'=फैलना

२६६.२ तेहि रावन अस को बरिवंडा । जेहि दस सीस बीस 'भुअडंडा'[८०] ।
'भुअडंडा' ∠ 'भुजदंड' (तुलना ४६७.८)

---

६९. प्र० २, द्वि० १, २, ३,६, ७, तृ० २, ३, पं० १ में 'घेवरा' द्वि० ४ 'घौरा' । ७०. द्वि० ७, तृ० ३ के अतिरिक्त समस्त में । ७१. प्र० २, द्वि० ६, च० १, पं० १ । ७२. द्वि० १, ६, ७, तृ० १, २, ३, पं० १ । ७३. प्र० १, २ के अतिरिक्त समस्त में । ७४. द्वि० २, ६, ७, तृ० २, ३, च० १, पं० १ । ७५. प्र० १, द्वि० १, ४, ७, तृ० १, च० १ पं० १ । ७६. द्वि० ६, ७, तृ० १, पं० १ में 'पब्बै', द्वि० ४, ५ में 'पर्वै' तृ० ३ में 'पुवै', च० १ में 'पत्तै' । ७७. द्वि० १, ७, तृ० १, २, ३ । ७८. द्वि० १, ४, ६, ७ पं० १ में 'कोटिन्ह' द्वि० ३ में 'कोटि', प्र० १,२, तृ० १, च० १ में 'खोटिन्ह', । ७९. द्वि० १, ३, ४, ६, ७, तृ० १, २ । ८०. प्र० २, द्वि० ४ के अतिरिक्त समस्त में ।

२६६.१ सोइ बिनती 'सिउँ'[८१] करै बसीठी। पहिले करूर अंत होइ मीठी।
'सिउँ'=सँग (तुलना २८६.३)

२८६.३ सूरज लीन्ह चाँद पहिराई। हार नखत तरइन्ह 'सिउँ' पाई[८२]।
'सिउँ' यथा ऊपर

२९९.१ का बरनौं अभरन 'उर'[८३] हारा। ससि पहिरे नखतन्ह कै मारा।
'उर'=हृदय

२९९.६ 'नीवी'[८४] कवँल करी जनु बाँधी। बिसा लंक जानहुँ दुइ आधी।
'नीवी'=फुँदना (तुलना ११७.६)

३०१.७ मान न करु 'थोरा'[८५] करु लाड़ू। मान करत रिस मानै चाड़ू।
'थोरा' ∠ 'थोड़ा'

३०६.८ रैनि जो देखिअ चंद मुख 'मकु'[८६] तन होइ 'अनूप'[८७]।
'मकु'=मानो, इसलिए कि; 'अनूप'=अनुपम

३१७.२ 'किरिरा[८८] काम केलि अनुहारी। 'किरिरा'[८८] जेहिं नहिं सो न सुनारी।
३१७.३ 'किरिरा[८८]' होइ कंतकर तोखू। 'किरिरा'[८८] किहें पाव धनि मोखू।
३१७.४ जेहि 'किरिरा'[८८] सो सोहाग सोहागी। चंदन जैस स्यामि कँठ लागी।
'किरिरा' ∠ 'क्रीड़ा' (कामकेलि) (तुलना ५२.५)

३१८.४ लूटे अंग रंग सब भेसा। छूटी 'मंग'[८९] भंग भे केसा।
'मंग' ∠ माँग

३२९.६ पेमचा डोरिआ औ 'बीदरी'[९०]। स्याम सेत पिअरी औ हरी।
'बीदरी'=बीदर की बनी (साड़ी)

३३०.३ राजा कर भल मानहिं भाई। जेइँ हम कहँ यह 'भुम्मि'[९१] देखाई।
'भुम्मि' ∠ 'भूमि'

३३२.३ चंदन अगर 'चतुरसम'[९२] भरीं। नए चार जानहुँ अवतरीं।
'चतुरसम'=चंदन, केशर, कस्तूरी और कपूर से बना हुआ एक द्रव

---

८१. प्र० १, द्वि० ६,७, तृ० २, च० १, पं० १। ८२. तृ० १, पं० १ में 'सिउँ', शेष में 'सों'। ८३. द्वि० १, २, ५, ६, तृ० २, ३। ८४. प्र० २, द्वि० ६ में 'नीवी', द्वि० २, तृ० २ में 'बिनवै'। ८५. द्वि० २, ४, ५, ६, ७, तृ० १, २। ८६. द्वि० १, ६ के अतिरिक्त समस्त में 'मकु'। ८७. द्वि० १ के अतिरिक्त समस्त में 'अनूप'। ८८. प्र० १, द्वि० ७, में 'क्रीड़ा', शेष में 'किरिला'। ८९. तृ० २, च० १ के अतिरिक्त समस्त में। ९०. प्र० २, द्वि० १, २, ३, ४, ५, ६, तृ० १, च० १, पं० १ में 'बीदरी', प्र० २ में 'बेदरी'। ९१. प्र० १, २, द्वि० ४, ५, तृ० १, च० १, पं० १। ९२. द्वि० २, तृ० ३ के अतिरिक्त समस्त में।

३३४.३ उहाँ त कोपि 'बैरि'[९३] दर मंडौं। इहाँ त अधर अमिअ रस खंडौं।
'बैरि' ∠ वैरी

३३४.६ उहाँ त 'लूसौं'[९४] कटक खँधारू। इहाँ त जितौं तुम्हार सिंगारू।
'लूसना'=तहस नहस करना ? (तुलना १९७.८)

३३७.१ रितु पावस 'बिरसै'[९५] पिउ पावा। सावन भादौं अधिक सोहावा।
'बिरसना' ∠ 'बिलसना'

३३७.५ सीतल बूँद ऊँच 'चौबारा'[९६]। हरिअर सब देखिअ संसारा।
'चौबारा'=चारो ओर दरवाज़े वाला खंड

३४१.८ सारस जोरी किमि हरी मारि गएउ 'किन खग्गि' [९७]।
मारि गएउ 'किन खग्गि'='क्यौं न खगी को' मार गया

३४२.४ सखि हिय हेरि हार 'मैन'[९८] मारी। 'हहरि'[९९] परान तजै अब नारी।
'मैन' ∠ 'मदन' ; 'हहरि'=हाय छोड़कर

३४७.१ लाग कुआर नीर जग घटा। अबहुँ आउ पिउ 'परभुमिलटा'[१००]।
'परभुमिलटा'=परदेश पर अनुरक्त

३५२.२ तरिवर झरे झरे बन ढाँखा। भइ 'अनपत्त'[१०१] फूल फर साखा।
'अनपत्त'=पत्रहीन

३५६.४ बुंद बुंद महँ जानहुँ जीऊ। 'कुंजा'[१०२] गुंजि करहिं पिउ पीऊ।
'कुंजा' ∠ क्रौञ्च (तुलना १११.१)

३६२.२ आँधरि बूढ़ि 'सुतहि'[१०३] दुख रोवा। जोबन रतन कहाँ भुइँ टोवा।
'सुतहिं=सुत (पुत्र) के ही

३६६.४ ब्रह्म रुद्र हरि बाचा तोही। सो निजु 'अंत'[१०४] बात कहु मोही।
'अंत'=अंतःकरण की

---

९३. द्वि० ४, ६ के अतिरिक्त समस्त में। ९४. द्वि० १, ३, ४, ६, ७, तृ० ३, च० १, पं० १ में 'लूसौं', द्वि० २ में 'लुहसौं'। ९५. द्वि० १, ३, ६, तृ० ३, च० १ के अतिरिक्त समस्त में। ९६. द्वि० ५, तृ० १ के अतिरिक्त समस्त में। ९७. प्र० २, द्वि० १, २, ४, ५, ६, च० १, पं० १ में 'किन खग्गि' तृ० १ में 'नहिं खग्गि'। ९८. द्वि० १, पं० १। ९९. द्वि० १, ५, ७, के अतिरिक्त समस्त में। १००. द्वि० ३, ४, ५, के अतिरिक्त समस्त में। १०१. प्र० १, द्वि० २, ४, ६, ७, तृ० १ में 'अनपत्त' द्वि० १, तृ० ३, च० १ में 'उनंत' प्र० २, पं० १ में 'अनंत', तृ० २ में 'उतपत्ति', द्वि० ५ में 'उतंत'। १०२. प्र० १, द्वि० १, ६, तृ० २, पं० १ में 'कुंजा', प्र० २, द्वि० ३, ४, तृ० ३, च० १ में 'गुंजा', तृ० १ में 'कँचा'। १०३. द्वि० २, ६, तृ० १, ३ में 'सुतहि', द्वि० ४, ५, च० १ में 'सुठि', तृ० २ में 'सो तोहि'। १०४. द्वि० १, २, ४, ५, ६, तृ० २ में 'अंत', द्वि० ३, च० १, पं० १ में 'अति'।

इस शब्दावली पर यदि ध्यान दिया जावे तो ज्ञात होगा कि कुछ तो इसमें ऐसी शब्दावली है जो प्राकृत की है, कुछ ऐसी है जो ग्रामीण है, और कुछ ऐसी है जो सामान्य हिंदी की है। भूलें प्रतिलिपिकारों एवं सम्पादकों ने तीनों के सम्बन्ध में की हैं, किंतु प्राकृत की शब्दावली के सम्बन्ध में सब से अधिक, उससे कम ग्रामीण शब्दावली के सम्बन्ध में, और सब से कम सामान्य हिंदी की शब्दावली के सम्बन्ध में।

जायसी के व्याकरण से भी—यद्यपि उनकी शब्दावली से कम—उनके प्रतिलिपकारों और संपादकों ने यथेष्ट परिचय नहीं प्रदर्शित किया है। इसलिए नीचे यहाँ भी ऐसे ही स्थल दिए जा रहे हैं जहाँ संपादित प्रतियों में भी पाठ अशुद्ध है, और ये स्थल भी ग्रन्थ के पूर्वार्द्ध से हैं:—

८.६ ना कोई है ओहि के रूपा। न ओहि काहु अस 'तइस'[१०५] अनूपा।
'तइस'='ऐसा' (तुलना ३४२.१)

१०.६ 'एत'[१०६] कीन्ह सब गुन परगटा। अबहूँ समुँद बूँद नहिं घटा।
'एत'=इतना

२६.७ नरपती क 'कहाव'[१०७] नरिंदू। भुअपती क जग दोसर इंदू।
'कहाव'=कहलाता है

५२.५ कन्या रासि उदौ जग किया। पदुमावती नाउँ 'जिसु'[१०८] दिया।
'जिसु'=जिसका

५७.४ ठाकुर अंत चहै जौं मारा। 'तहँ'[१०९] सेवक कहँ कहाँ उबारा।
'तहँ'=तब, ऐसी परिस्थिति में

५६.१ एक देवस 'कौनिउँ'[११०] तिथि आई। मानुस रोदक चली अन्हाई।
'कौनिउँ'=कोई, 'तिथि'=त्योहार, पर्व

६६.६ ऐ गोसाईं तूँ औस बिधाता। जावँत जीव 'सबक'[१११] भखदाता।
'सब क'=सब को

८६.६ जो न कंत कै आयसु माहाँ। कौनु भरोस नारि कै 'नाहाँ'[११२]।
'नाहाँ'=नाह (नाथ) को

---

१०५. प्र० १, द्वि० ५, ६, ७ के अतिरिक्त समस्त में। १०६. प्र० १, २, द्वि० ३ तृ० के अतिरिक्त समस्त में। १०७. प्र० २, द्वि० १, ६, ७, तृ० ३, पं० १। १०८. प्र० १, २, द्वि० ३ के अतिरिक्त समस्त में। १०९. द्वि० २ के अतिरिक्त समस्त में। ११०. द्वि० ३, तृ० १ के अतिरिक्त समस्त में। १११. द्वि० १, ६, ७, तृ० १, २, पं० १। ११२. द्वि० ४, ६, तृ० २, ३, पं० १।

८०.७ कै कै फेर 'अंत'[११३] बहु दोखी। बारहिं बार फिरइन सँतोषी।
'अंत'=अंत में, नितांत

१२३.२ तुम अबहीं जेइँ घर पोई। कँवल न बैठि बैठ 'हहु'[११४] कोई।
'हहु'='हो'

१२७.४ पंडित 'भुलान'[११५] न जानै चालू। जीउ लेत दिन पूँछ न कालू।
'भुलान'=भूला हुआ

१६८.४ कलप समान रैनि 'हठि'[११६] बाढ़ी। तिल तिल भरि जुग जुग बर गाढ़ी।
'हठि'=हठपूर्वक

२१२.१ सुनि कै महादेव कै 'भषा'[११७]। सिद्ध पुरुष राजे मन लखा।
'भषा'=कहा हुआ

३२०.२ जहँ मद तहाँ कहाँ संभारा। कै सो 'खुमरिहा'[११८] कै मतवारा।
३२०.७ भोर होत तब पलुह सरीरू। पाव 'खुमरिहा' [११८] सीतल नीरू।
'खुमरिहा'=खुमारी वाला

३४२.१ पिउ बियोग अस बाउर जीऊ। पपिहा 'तस'[११९] बोलै पिउ पीऊ।
'तस'=ऐसा (तुलना ८.६)

३६२.५ नैनन्ह दिस्टि 'त'[१२०] दिया बराहीं। घर अँधियार पूत जौं नाहीं।
'त'='तो'

३६३.४ जहँ जहँ पुहुमी जरी भा रेहू। बिरह के दगध होइ जनि 'केहू'[१२१]।
'केहू'=कोई भी

जायसी के प्रतिलिपिकार और संपादक उत्तरोत्तर जायसी के समय की भाषा से दूर हटते आ रहे थे, और इनमें से अनेक अवधी-प्रदेश के भी नहीं थे, ऐसी दशा में जायसी की भाषा के विषय में इनसे भूलें होना स्वाभाविक था। इनमें व्याकरण के विषय में उतनी भूलें नहीं मिलतीं जितनी शब्दावली के विषय में मिलती हैं। 'पदमावत' के मूल पाठ के अनुसंधान में जायसी के प्रतिलिपिकारों की भाषा—शब्दावली और व्याकरण-संबंधी ऊपर बताई गई कमज़ोरियाँ इसलिए महत्त्व की हैं।

---

११३. द्वि० ४ के अतिरिक्त समस्त में। ११४. द्वि० ७, तृ० २, च० १। ११५. प्र० १, २, द्वि० ३, ४, तृ० ३ के अतिरिक्त समस्त में। ११६. प्र० १, २, द्वि० ३, ४, ६, ७ तृ० २, ३, च० १। ११७. प्र० २, तृ० २, ३, के अतिरिक्त समस्त में। ११८. प्र० १, द्वि० १, ४ के अतिरिक्त समस्त में। ११९. द्वि० १, ५, ६, तृ० २, पं० १। १२०. द्वि० १, ६, में 'त', द्वि० २, ४, ५, तृ० १, २, च० १ में 'त' तृ० ३ में 'तो'। १२१. प्र. १, २, द्वि० ३, ४ के अतिरिक्त समस्त में।

६. आदि प्रति की छंद-योजना

जायसी के छंद चौपाई और दोहा हैं, किंतु इनके विषय में उन्होंने बड़ी स्वतंत्रता दिखाई है। नीचे के स्थलों से, जो केवल उदाहरण-स्वरूप ग्रंथ के पूर्वार्द्ध से लिए गए हैं, यह बात भली-भांति स्पष्ट हो जावेगी, क्योंकि इन स्थलों पर शब्दों के निकाले अथवा रक्खे जाने पर अर्थ पूरा-पूरा नहीं लगता है। फिर भी प्रतिलिपिकारों और संपादकों ने इन समस्त स्थलों पर उक्त दोनों छंदों के अपने साँचों में ही जायसी के छंदों को भी बैठाने का यत्न किया है :—

मुहमद तहाँ निचिंत पथ जेहि सँग मुरसिद पीर।
जेहिं रे नाव 'करिआ औ खेवक'[1] बेगि पाव सो तीर ॥ १६ ॥

तीसरे चरण में मात्राओं और शब्दों का आधिक्य है।

सेवरा खेवरा 'बानपरस्ती'[2] सिध साधक अवधूत।
आसन मारि बैठ सब जारि आतमा भूत ॥ ३० ॥

प्रथम चरण में मात्राधिक्य है, और तृतीय में मात्राएँ कम हैं।

चरपट चोर धूत गँठिछोरा मिलेरहहिं तेहि नाँच।
जो तेहि हाट 'सजग भा अगुमन'[3] गथ ताकर पै बाँच ॥ ३६ ॥

प्रथम और तृतीय चरणों में मात्राधिक्य है।

हिय न समाइ दिस्टि नहिं पहुँचै जानहु ठाढ़ सुमेरु।
कहँ लगि कहौं उँचाई 'ताकरि'[4] कहँ लगि बरनौं फेरु ॥ ४० ॥

प्रथम और तृतीय चरणों में मात्राधिक्य है।

कुंवरि बतीसौ लकवनी असि सब माहँ अनूप।
जावँत 'सिंघलदीपइ'[5] सबै बखानैं रूप ॥ ४६ ॥

तृतीय चरण में मात्राएँ कम हैं।

आनि धरी आगे बहु साखा। भुगुति 'न मिटै जौलहि बिधि'[6] राखा। ६६.४

दूसरे चरण के 'मिटै' के 'टै' को ह्रस्व के रूप में पढ़ना पड़ता है।

होइ निचिंत बैठे तेहिं 'अड़ा'[7]। तब जाना खोंचा हिय गड़ा। ७१.५

दोनों पंक्तियों के दोनों चरणों में एक एक मात्रा कम है।

---

१. द्वि० १, ५ तृ० २, पं० १ के अतिरिक्त समस्त में। २. द्वि० २, ३, ४ तृ० २, ३ के अतिरिक्त समस्त में। ३. प्र० १, द्वि० १, ७ के अतिरिक्त समस्त में। ४. प्र० १, २, द्वि० ४, ६, ७, तृ० १, ३, पं० १। ५. प्र० १, २, द्वि० १, ४, ५, ६, ७, तृ० १, च० १, पं० १। ६. द्वि० १, ३, ७, तृ० १। ७. प्र० २ द्वि० ३ के अतिरिक्त समस्त में।

कहेसि पंखिखाधुक 'मानवा'[८] । निठुर तेक हिश्र जे पर 'मँसुखवा'[८] । ७८.३

दोनों चरणों में एक-एक मात्रा कम है ।

जो जो सुनै 'धुनै सिर राजा'[९] प्रीति क होइ अगाहु ।
अस गुनवंत 'नाहि भल सुअटा'[१०] बाउर करिहै काहु ॥ ८२ ॥

प्रथम और तृतीय चरणों में मात्राएँ अधिक हैं ।

जौ लहि जिऔं 'रातिदिन सुमिरौं'[११] मरौं तो ओहि लै नाउँ ।
मुख राता तन 'हरिअर कीन्हे'[१२] ओहू जगत लै नाऊँ ॥ ६३ ॥

प्रथम और तृतीय चरणों में मात्राएँ अधिक हैं ।

तीनि लोक 'चौदह खँड'[१३] सबै परै मोहिं सूझि ।
पेम छाड़ि किछु और न लोना जौं देखौं मन बूझि ॥ ६६ ॥

प्रथम चरण में मात्राएँ कम किंतु तृतीय चरण में अधिक हैं ।

तीतिर गीवँ जो फाँद हैं नितहि पुकारै दोख ।
सकति हँकारि 'फाँद गियँ मेले'[१४] कब मारै होइ मोख ॥ ६७ ॥

केवल तृतीय चरण में मात्राएँ अधिक हैं ।

अस फँदवारे केस वै राजा परा सीस गियँ फाँद ।
अष्टौ कुरी नाग 'ओरगाने'[१५] भै केसन्हि के बाँद ॥ ६६ ॥

प्रथम और तृतीय चरणों में मात्राएँ अधिक हैं ।

कंठसिरी 'मुकुताहल माला'[१६] सोहै अभरन गीवँ ।
को होइ हार कंठ ओहि लागै केइँ तपु साधा जीवँ ॥ १११ ॥

प्रथम और तृतीय चरणों में मात्राएँ अधिक हैं ।

सिर करवत तन 'करसी लै लै'[१७] बहुत सीझे तेहि आस ।
बहुत घूम 'घूँटत मैं देखें'[१८] उतरु न देइ निरास ॥ ११४ ॥

प्रथम और तृतीय चरणों में मात्राएँ अधिक है ।

किरन कै करा[१९] चढ़ा ओहि माथे । तब सो छूट अब छूट न नाथे । ११५.५

प्रथम चरण का 'कै' ह्रस्व की भाँति पढ़ा जाता है ।

---

८. द्वि० २ ६, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १ । ९. द्वि० ३ के अतिरिक्त समस्त में । १०. प्र० १, तृ० ३ के अतिरिक्त समस्त में । ११. द्वि० १, ४, ७, तृ० ३, पं० १ । १२. द्वि० ३, ४, ५, ६, तृ० २, पं १ । १३. प्र० १, २ के अतिरिक्त समस्त में । १४. प्र० १ के अतिरिक्त समस्त में । १५. प्र० १, द्वि० १ के अतिरिक्त समस्त में । १६. प्र० १ के अतिरिक्त समस्त में । १७. द्वि० २, ३, ६, ७, तृ० १, २, ३, पं० १ । १८. द्वि० १, ४, ५, ६, ७, तृ० १, २, ३, पं० १ । १९. द्वि० १, ६, तृ० १, २ ।

बेधि रहा जग बासना परिमल मेद सुगंधि।
तेहि अरघानि भवँर 'सब लुबुधे'[20] तजहिं न नीवी बंध ॥ ११७ ॥

तृतीय चरण में मात्राएँ अधिक हैं।

पंथ 'सूरिन्ह कर'[21] उठा अँकूरू। चोर चढ़ै कि चढ़ै मंसूरू। १२४.४

'पंथ' को 'पँथ' की भाँति पढ़ना पड़ता है।

देखु अंत अस होइहि गुरू दीन्ह उपदेस।
सिंघल दीप 'जाब मैं'[22] माता मोर अदेस ॥ १३० ॥

प्रथम और तृतीय चरणों में मात्राएँ कम हैं।

खार खीर दधि उदधि 'सुरा जल'[23] पुनि किलकिला अकूत।
को चढ़ि नाँघहि समुद 'ये सातौ'[24] है काकर अस 'बूत' ॥ १४१ ॥

प्रथम और तृतीय चरणों में मात्राधिक्य है।

रावन चहा सौहँ 'होइ हेरा'[25] उतरि गए दस माँथ।
संकर धरा लिलाट भुइँ और को जोगी नाँथ ॥ १६१ ॥

प्रथम चरण में मात्राएँ अधिक हैं।

चारिहुँ चक्र फिरै मन खोजत डंड न रहै थिर मार।
होइ के भसम पवन 'संग धावौं'[26] जहाँ सो प्रान अधार ॥ १६७ ॥

प्रथम और तृतीय चरणों में मात्राएँ अधिक हैं।

जस मरजिया समुँद धँसि मारै हाथ आव तब सीप।
ढूँढ़ि लेहि ओहि 'सरग दुआरी'[27] औ चढ़ु सिंघलदीप ॥ २१५ ॥

प्रथम और तृतीय चरणों में मात्राएँ अधिक हैं।

रूप तुम्हार 'जीव कै आपन'[28] पिंड कमावा फेरि।
आपु हेराइ रहा 'तेहि खँड होइ'[29] काल न पावै हेरि ॥ २५६ ॥

प्रथम और तृतीय चरणों में मात्राएँ अधिक हैं।

गए जो बाजन बाजते 'जिन्हहि'[30] मारन रन माहँ।
फिरि बाजन तेइ बाजे मंगलचार ओनाहँ ॥ २७४ ॥

---

[20] द्वि० ७ के अतिरिक्त समस्त में मात्राएँ अधिक हैं, यद्यपि भिन्न-भिन्न ढंग से। [21]. प्र० १, द्वि० ३, ६, च० १ के अतिरिक्त समस्त में। [22]. तृ० २ के अतिरिक्त समस्त में। [23]. प्र० १, द्वि० ६, तृ० ३ के अतिरिक्त समस्त में। [24]. प्र० १, २, द्वि० ७ के अतिरिक्त समस्त में। [25]. प्र० १, २, द्वि० ७ के अतिरिक्त समस्त में। [26]. प्र० १, २, द्वि० ४ के अतिरिक्त समस्त में। [27]. प्र० १ के अतिरिक्त समस्त में। [28]. तृ० १, पं० १ के अतिरिक्त समस्त में। [29]. तृ० १, पं० १ के अतिरिक्त समस्त में। [30]. प्र० १, द्वि० १, ४ के अतिरिक्त समस्त में।

द्वितीय चरण में मात्राधिक्य तथा है, तृतीय चरण में मात्राएँ कम हैं

सखि हिय हेरि हार 'मैन'[31] मारी। हहरि परान तजे अब नारी। ३४२.

प्रथम चरण के 'मैन' का 'मै' मात्राधिक्य के कारण ह्रस्व की भाँति पढ़ जाता है।

ऊपर के स्थलों पर मात्राओं की जो अधिकता और कमी बताई गई है, व दोहे की चौबीस और चौपाई की सोलह मात्राएँ मान कर बताई गई है, जिसके अनुसार प्रतिलिपिकारों और संपादकों ने पाठों को शुद्ध करने का यत्न किय है। किंतु इन समस्त स्थलों पर यदि उनके पाठांतरों को देखा जावे तो ज्ञा होगा कि उनका पाठ किसी प्रकार भी मान्य नहीं हो सकता। फलतः य भली-भाँति प्रमाणित है कि जायसी दोनों छंदों की मात्राओं के संबंध पर्याप्त स्वतंत्रता रखते थे। उनके पूरे ग्रंथ के संपादन और उसके पाठ निर्धारण में उनकी इस प्रवृत्ति का यथेष्ट ध्यान रखना पड़ेगा।

७. प्रतियों का प्रतिलिपि-संबंध

किसी भी ग्रंथ की विभिन्न प्रतियों का प्रतिलिपि-संबंध ऐसे पाठांतरों निर्धारित होता है जिन्हें निर्विवाद रूप से भूलें माना जा सके। 'पदमावत की प्रतियों में ऊपर हमने जो आदर्श-बाहुल्य और पाठ-विकृति की प्रवृत्तिय देखी हैं, उसके अनंतर यह कल्पना करना हमारे लिए स्वाभाविक होग कि प्रतियों में ऐसी भूलें बहुत कम रह गई होंगी जिन्हें प्रतिलिपिका अज्ञात भाव से कर बैठते हैं, और जिन्हें उनके उत्तराधिकारी प्रतिलिपिका भी बराबर उसी प्रकार 'मक्षिका स्थाने मक्षिका' न्याय से करते जाते हैं फिर भी इस प्रकार की जो भूलें समान रूप से एक से अधिक प्रतियों पाई जाती हैं, उनके संबंध में ज्ञातव्य विवरण और विवेचन नीचे प्रस्तु किया जा रहा है।

(१) ८१.६ सामान्य पाठ है : 'गुनी न कोई आपु सराहा। जौं बिकाइ कहा पै चाहा।' प्र० १,२ में इसके स्थान पर है, 'सुवैं आपन गुन दरसावा। हीरामनि तब नाउँ कहावा।' पाठांतर का दूसरा चर ग्रंथ में अन्यत्र इस प्रकार आया है :—

---

[31]. दि० १, पं० १।

दमनहि नल जसहंस मेरावा । तुम्ह हीरामनि नाउँ कहावा । (२५५.७) और इन प्रतियों में भी वहाँ पर दूसरा चरण यही है । विवेचनीय स्थल पर पाठांतर प्रसंग-विरुद्ध भी है—वह घटना के उल्लेख के रूप में है, किंतु पूरे छंद में प्रथम पंक्ति से लेकर अंतिम पंक्ति तक हीरामनि का कथन चलता है, इसलिए प्रसंग में सामान्य पाठ ही लग सकता है, पाठांतर नहीं ।

(२) ८७.२,७ द्वितीय पंक्ति का सामान्य पाठ है : 'रानी उतर मान सों दीन्हा । पंडित सुआ मँजारी लीन्हा ।' द्वि० २ में इसके स्थान पर है 'बेगि सुवा लै आवहु रानी । नींद परै कछु कहै कहानी ।' छंद की तीसरी पंक्ति है : 'मैं पूँछा सिंघल पदुमिनी । उतरु दीन्ह तूँ को नागिनी ।' सामान्य पाठ के साथ ही इस तीसरी पंक्ति की संगति लगती है, उसके अभाव में इसकी कोई संगति नहीं रहती है, इसलिए सामान्य पाठ की शुद्धता और पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है ।

सप्तम पंक्ति का सामान्य पाठ है : 'रुहिर चुऔ जब-जब कह बाता । भोजन बिनु भोजन मुख राता ।' तृ० २ में इसके स्थान पर है: 'औस भएउ तूँ नहिं उठि आनी । नींद परै कछु कहै कहानी ।' इस पंक्ति के पूर्व और पश्चात् की पंक्तियों में नागमती द्वारा राजा से की हुई हीरामनि की शिकायत है । उस शिकायत के बीच पाठांतर की पंक्ति स्पष्ट ही असंगत है ।

और भी ध्यान देने की बात यह है कि उपर्युक्त द्वितीय पंक्ति के पाठांतर का दूसरा चरण वही है जो इस सप्तम पंक्ति के पाठांतर का है । इससे ज्ञात होता है कि पाठांतर की पंक्ति द्वि० २ और तृ० २ के सामान्य पूर्वज में हाशिए में लिखी हुई थी जिसको कुछ हेर-फेर के साथ दोनों प्रतियों अथवा उनके अपने-अपने पूर्वजों के लिपिकारों ने इस प्रकार दो विभिन्न पंक्तियों के संशोधित पाठ के रूप में ग्रहण किया ।

(३) १५०-६ सामान्य पाठ है : 'डोलहिं बोहित लहरैं खाहीं । खिन तर खिनहि होहिं उपराहीं ।' द्वि० ४,५ में इस पंक्ति के दूसरे चरण का पाठ है : 'सहस कोस एक पल महँ जाहीं ।' किंतु यह चरण अन्यत्र भी आया है : 'धावहिं बोहित मन उपराहीं । सहस कोस एक पल महँ जाहीं ।' (१४७.२) और द्वि० ४,५ में भी वहाँ दूसरा चरण अभिन्न है । प्रसंग में पाठांतर का पाठ उक्त अन्य स्थल पर ही संगत है, जहाँ बोहितों की गति का उल्लेख किया गया है । विवेचनीय स्थल पर बोहितों के लहरों द्वारा झकोले खाने का वर्णन है, इसलिए सामान्य पाठ ही संगत होगा ।

(४) १५३.२-३ सामान्य पाठ है : 'आगि जो उपनी ओहि समुंदा। लंका जरी ओहि एक बुंदा। बिरह जो उपना ओह हुत गाढ़ा। खिन न बुझाइ जगत तस बाढ़ा।' प्र० १, २, द्वि० ४, ६, तृ० १, च० १ में उद्धृत प्रथम अर्द्धाली के 'आगि जो उपनी' के स्थान पर है 'बिरह जो उपना' और उद्धृत द्वितीय अर्द्धाली के बिरह जो उपना के स्थान पर है 'आगि जो उपनी', और इसके अतिरिक्त दूसरी अर्द्धाली के 'गाढ़ा' तथा 'बाढ़ा' के स्थान पर है 'गाढ़ी' तथा 'बाढ़ी'। लंका 'आग' से ही जली थी, 'बिरह' से नहीं, और 'बिरह' और 'आग' में 'बिरह' ही न बुझने वाला है, 'आगि' नहीं। ठीक यही भाव अन्यत्र भी इस प्रकार आए हैं :

लंका बुझी आगि जो लागी। यह न बुझै तस उपज बजागी। २५३-३

बिरह बजागि बीच का कोई। आगि जो छुअै जाइ जरि सोई।

आगि बुझाइ ढोइ जल काढ़हि। ओह न बुझाइ आगि अति बाढ़इ।

१८०.१-२

विवेचनीय के बाद की पंक्ति है : जेहि सो बिरह तेहि आगि न डीठी। सौहँ जरै फिरि देइ न पीठी।' यह पंक्ति भी सामान्य पाठ का ही समर्थन करती है। इसलिए पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है।

(५) १५६.२ सामान्य पाठ है : 'एहि ठाउँ कहँ गुरु सँग कीजै। गुरु सँग होइ पार तौ लीजै।' द्वि० २, ४, तृ० २, च० १, पं० १ में इसके स्थान पर है : 'एही पंथ सब कहँ है जाना। होइ दुसरे बिसवास निदाना।'

द्वि० ६ में यही पाठांतर निम्नलिखित पंक्ति के स्थान पर है : 'खाँडै चाहि पैनि पैनाई। बार चाहि पातरि पतराई।' १५६.७

प्र० १, २, में यही पाठांतर निम्नलिखित पंक्ति के स्थान पर है : 'तीस सहस्र कोस कै पाटा। अस साँकर चलि सकै न चाँटा।' १५६.६

प्रसंग यहाँ पर अनेक पंथों में से किसी एक पंथ के चयन का नहीं है, वरन् पंथ की दुर्गमता का है, इसलिए सामान्य पाठ ही सर्वत्र संगत है, पाठांतर किसी भी स्थान पर संगत नहीं है। ऐसा ज्ञात होता है कि उपर्युक्त पाठांतर इन प्रतियों के सामान्य पूर्वज में हाशिए में लिखा हुआ था, जिसे इस प्रकार भिन्न-भिन्न ढंग से संशोधन समझ कर इन प्रतियों अथवा इनके अपने-अपने पूर्वजों ने ग्रहण किया।

तृ० १ में उपर्युक्त पाठांतर की पंक्ति अतिरिक्त पंक्ति के रूप में है।

द्वि० ७, में प्र० १, २ की भाँति १५६.६ के स्थान पर है :

'ओही पंथ जाना सब काहू। ओही पंथ महँ होइ निबाहू।'

अन्य पाठांतर और इस पाठांतर की शब्दावली प्रायः एक ही है, केवल द्वितीय चरण में वह किंचित् भिन्न है, इसलिए द्वि० ७ को भी उपर्युक्त प्रतियों के सामान्य पूर्वज की परंपरा में लेना चाहिए।

(६) २०३.२ सामान्य पाठ है : 'जौं' पहिले अपुने सिर परई। सो का काहु कै धरहरि करई।' प्र० २ में इसके स्थान पर है : 'जबहीं आगि अपुने सिर लागा। आनि बुझावै कहाँ को जागा।' और तृ० १ में सामान्य पाठ की भी पंक्ति है, और पाठांतर की भी—अर्थात् छंद में सात अर्द्धालियों के स्थान पर आठ अर्द्धालियाँ हैं। सामान्य पाठ की संगति प्रकट है—उसमें 'अपुने सिर परने' का कर्म 'गाज' है, जो पूर्ववर्त्ती पंक्ति में आया है; पाठांतर में 'अपुने सिर' में 'आग लगने' का कथन है। 'सिर पर गाज पड़ना' ही लोक-सम्मत है, 'सिर में आग लगना' नहीं। इसके अतिरिक्त 'आगि' स्त्रीलिंग कर्म के साथ 'लागा' पुलिंग क्रिया व्याकरण से असंमत है। इसलिए पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है। ऐसा ज्ञात होता है कि प्र० २ तथा तृ० १ के सामान्य पूर्वज में पाठांतर की पंक्ति हाशिए में लिखी थी, इसी से प्र० २ तथा तृ० १ अथवा उनके अपने-अपने पूर्वजों ने पाठांतर को इस प्रकार विभिन्न ढंग पर ग्रहण किया।

(७) ८ २१२.७-६ सामान्य पाठ है :

'कै जिय तंत मंत सों हेरा। गएउ हेराइ जबहिं भा मेरा।
बिनु गुरु पंथ न पाइअ भूलै सोइ जो मेंट।
जोगी सिद्ध होइ तब जब गोरख सों भेंट॥'

इन पंक्तियों के स्थान पर प्र० १, द्वि० ७ में हैं :

'जौं' भलि होति लच्छिमी नारी। तजि महेस कित होत भिखारी।
जो जो सुनै सो रोवै ढुरहिं रकता के आँसु।
रोम रोम तन रोवै सोत सोत भर माँसु॥'

छंद २१२ की पंक्तियाँ उस अवसर की हैं, जब परीक्षा लेने के लिए आए हुए महेश और पार्वती को रत्नसेन उनके सिद्धों के लक्षण से भाँप लेता है। २१२.७ के पाठांतर में महेश और लक्ष्मी के विच्छेद की बात कही गई है। २१२.८-६ के पाठांतर में सुनने और सुन कर रोने का कथन है। यह दोनों ही कथन असंगत हैं। लक्ष्मी और महेश का कोई युग्म नहीं है; और लाक्षणिक

अर्थ में भी लक्ष्मी (धन-संपदा) महेश के पास कभी थी, इसकी कोई कथा ज्ञात नहीं है, न यहाँ लक्ष्मी के अच्छे-बुरे होने अथवा उसके संचय या त्याग का कोई प्रसंग है। यहाँ किसी के सुनने और सुन कर रोने का भी प्रसंग नहीं है। इसलिए छंद २१२ के पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है।

(८) २१३.८-९ सामान्य पाठ है :

'तस रोवै जस जरै जिउ जरै रकत औ माँसु।
रोवँ रोवँ सब रोवहिं सोत सोत भरि आँसु॥'

इसके स्थान पर प्र० १, द्वि० ७ में २१२.८-९ के सामान्य पाठ का ऊपर दिया हुआ दोहा है।

कुल छंद २१३ तथा छंद २१४.४ तक में रत्नसेन के रोने का प्रसंग है। प्रकट है कि इनके बीच सामान्य पाठ ही संगत है, बिना गुरु के पंथ की प्राप्ति अथवा साधना की सिद्धि के उल्लेख का पाठांतर नहीं। इस स्थलों पर भी पाठांतर की अशुद्धि अतः प्रकट है।

(९) २३१.४ सामान्य पाठ है : 'ना जनहुँ भएउ मलैगिरि बासा। ना जनहुँ रबि होइ चढ़ा अकासा।' तृ० २ में यह पंक्ति नहीं है, और इसकी पूर्ति शेष अर्द्धालियों के अंत में निम्नलिखित पंक्ति देकर की गई है :

'ना जेहिं अस्थिर भा रँग राता। ना जेहिं हम जिउ भा वह गाता।'

पाठांतर की यह पंक्ति द्वि० २ में किसी पंक्ति के स्थान पर नहीं वरन् एक अतिरिक्त आठवीं पंक्ति के रूप में दी हुई है।

विवेचनीय स्थल पर पद्मावती के वह कथन दिए गए हैं, जो उसने हीरामनि को संबोधित करके रत्नसेन की पत्रिका पाने पर रत्नसेन के संबंध में किए हैं, और पाठांतर के कथन छंद की निम्नलिखित पंक्तियों में भी आते हैं जो समान रूप से विवेचनीय प्रतियों में भी मिलती हैं :

हौं जानति हौं अबहूँ काँचा। ना जनहुँ प्रीति रंग थिर राँचा। २३१.२

ना जनहुँ करा भृगिं कै होई। ना जनहुँ अबहुँ जिऔ मरि सोई। २३१.६

इसलिए पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है। ऐसा ज्ञात होता है कि पाठांतर की पंक्ति तृ० २ तथा द्वि० २ के सामान्य पूर्वज में हाशिए में लिखी हुई थी, जिसके कारण उक्त दोनों प्रतियों अथवा उनके अपने-अपने पूर्वजों ने उसे इस प्रकार विभिन्न ढंग पर ग्रहण किया।

(१०) २३६.४ सामान्य पाठ है : 'तोहि अलि कीन्ह आपु भइ केवा। हौं पठवा कै बीच परेवा।' द्वि० १, ३, ५ तृ० ३ में यह पंक्ति नहीं है, और

इसके स्थान पर छंद की अंतिम अर्द्धाली के रूप में निम्नलिखित पंक्ति दी हुई है :

'औ अस कहै हौं नैन पसारे। दरसन चाहौं रूप तुम्हारे।'

द्वि० २ में पाठांतर की यही पंक्ति किसी अन्य पंक्ति के स्थान पर नहीं, वरन् एक अतिरिक्त, आठवीं पंक्ति के रूप में दी हुई है। किंतु प्रायः इसी उक्ति की पंक्ति छंद में एक अन्य भी आई हुई है, जो इन प्रतियों में भी शेष प्रतियों की भाँति मिलती है :

'पवन स्वाँस तो सों मन लाए। जोवै मारग दिष्टि बिछाए।' (२३६.५)

इसलिए पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है। ऐसा ज्ञात होता है कि एक ओर द्वि० १, ३, ५, तृ० ३ तथा दूसरी ओर द्वि० २ के सामान्य पूर्वज में पाठांतर की उपर्युक्त पंक्ति हाशिए में लिखी हुई थी, जिसका उपयोग इन प्रतियों अथवा इनके अपने-अपने पूर्वजों ने इस प्रकार विभिन्न ढंग से किया।

(११) २५५.६-७ सामान्य पाठ है : 'दसइँ अवस्था असि मोहि भारी। दसएँ लखन होहु उपकारी। दमनहिं नल जस हंस मेरावा। तुम्ह हीरामनि नाउँ कहावा।' द्वि० २, ४, ५, तृ० ३ में छठी पंक्ति के स्थान पर, तथा द्वि० ६ में उद्धृत सातवी पंक्ति के स्थान पर पाठ है :

'तुम्ह सो मोर खेवक गुरु देऊ। उतरौं पार तेहि बिधि खेऊ।'

इस पाठांतर का 'सो' निरर्थक है और केवल भरती के लिए लाया हुआ है; इसी प्रकार इसका 'खेऊ'='खेउ' 'गुरु देऊ'='गुरुदेव' के लिए अनादरात्मक है। पाठांतर की कुछ प्रतियों में 'गुरुदेवा' और 'खेवा' पाठ है। 'खेवा' क्रिया का भूतकालिक रूप है—यदि उसे क्रिया का रूप माना जाये तो—विधि का रूप नहीं है जो होना चाहिए था। इसलिए पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है। ऐसा ज्ञात होता है कि एक ओर द्वि० २, ३, ४, ५ तथा दूसरी ओर द्वि० ६ के सामान्य पूर्वज में पाठांतर हाशिए में लिखा था, जिसे इन प्रतियों अथवा इनके अपने-अपने पूर्वजों ने इस प्रकार भिन्न-भिन्न ढंग से लिया।

(१२) २६६.१ सामान्य पाठ है : 'रावन गरब बिरोधा रामू। औ ओहि गरब भएउ संग्रामू।' इसके स्थान पर द्वि० ६, तृ० ३ में है : 'बोलै भाँट फुरहि हम झूठे। जौं एह गरब देखि तोहि रूठे।' द्वि० २ में यह पंक्ति अतिरिक्त पंक्ति के रूप में छंद के प्रारंभ में ही दी हुई है। पूर्व के दोहे की प्रथम पंक्ति है :

'बोला भाँट नरेस सुनु गरब न छाजा जीव।'

यहाँ पर 'बोला भाँट' कहने के अनंतर पुनः एक ही पंक्ति के अंतर पर 'बोलै भाँट' कहने में पुनरुक्ति प्रकट है। पुनः 'तोहि रूठे' अर्थहीन है, और 'गरब देखि' 'झूठे' होने में असंगति भी स्पष्ट है। इसलिए पाठांतर की अशुद्धि प्रमाणित है। ऐसा ज्ञात होता है कि द्वि० ६, तृ० ३ एक ओर, और द्वि० २ दूसरी ओर, के सामान्य पूर्वज में पाठांतर की पंक्ति हाशिए में लिखी हुई थी, जिससे उसका उपयोग इन प्रतियों ने अथवा इनके अपने-अपने पूर्वजों ने इस प्रकार विभिन्न ढंग से किया।

(१३) २७०.५ सामान्य पाठ है : 'अस्तुति करत मिला बहु भाँती। राजैं सुना भई हिए साँती।' इसके स्थान पर प्र० १, द्वि० ७, तृ० १ में है : 'हीरामनि है पंडित परेवा। कीन्हेसि पदुमावति कै सेवा।' छंद की अगली पंक्ति है : 'जानहुँ जरत अगिनि जल परा। होइ फुलवारि रहस हिएँ भरा।' प्रकट है कि इस पंक्ति के साथ संगति सामान्य पाठ की ही है, पाठांतर की नहीं।

द्वि० ६ में ऊपर का पाठांतर छंद की निम्नलिखित पंक्ति के स्थान पर दिया हुआ है : 'राजैं मिलि पूँछी हँसि बाता। कस तन पीत भएउ मुख राता।' (२७०.७)। किंतु अगले छंद की सातवीं अर्द्धाली इस प्रकार है : 'जो ओहि सँवरै एकै तुँही। सोई पंखि जगत रतमुँही।' इसमें 'भएउ मुख राता' का उत्तर स्पष्ट है, इसलिए इस स्थल पर भी सामान्य पाठ ही प्रसंग-सम्मत है, पाठांतर नहीं।

इसके अतिरिक्त पाठांतर की उपर्युक्त पंक्ति अन्यत्र इस प्रकार आ चुकी है : 'हीरामनि जो तुम्हार परेवा। गा चितउर औ कीन्हेसि सेवा।' (२६६.३) और उपर्युक्त पाठांतर की समस्त प्रतियों में भी उक्त पंक्ति का पाठ अभिन्न है। इसलिए भी पाठांतर की अशुद्धि निर्विवाद रूप से प्रमाणित है।

ऐसा ज्ञात होता है कि प्र० १, द्वि० ७, तृ० १ एक ओर, और द्वि० ६ दूसरी ओर, के सामान्य पूर्वज में उक्त पाठांतर हाशिए में लिखा हुआ था, जिससे उक्त प्रतियों अथवा उनके अपने-अपने पूर्वजों ने उसे इस प्रकार भिन्न-भिन्न ढंग से लिया।

(१४) २७२.४ सामान्य पाठ है : 'तहँ चितउर गढ़ देखेउँ ऊँचा। ऊँच राज सरि तोहि पहूँचा।' प्र० १, द्वि० ७ में इस के स्थान पर है : 'तहँवाँ मैं चितउर गढ़ देखा। महाराज नहिं जाइ बिसेखा।' दोनों पाठ प्रसंग में खप सकते हैं। किंतु पाठांतर के दूसरे चरण की शब्दावली अन्यत्र भी आई हुई है:

'अति निरमल नहिं जाइ बिसेखा। जस दरपन महँ दरसन देखा।' (२८६.५) और विवेचनीय प्रतियों में भी उसका पाठ अभिन्न है। इसलिए पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है।

(१५) २७६.१ सामान्य पाठ है : 'रतनसेनि कहँ कापर आए। हीरा मोंति पदारथ लाए।' इस पंक्ति के दूसरे चरण के स्थान पर तृ० २ में पाठ है : 'लिहें जो आए आइ सिर नाए।' और द्वि० २ में सामान्य पाठ के दोनों चरणों के बीच निम्नलिखित दो चरण आते हैं : 'लिहें जो आए आइ सिर नाए। पाट पटंबर सुरँग सुहाए।' कपड़ों का उल्लेख करते समय उनकी बहुमूल्यता का वर्णन प्रसंग में आवश्यक है, क्योंकि वे एक राजा द्वारा दूसरे राजा के लिए, जो दूलह भी है, भेजे गए हैं—उन्हें लाने वालों के नमस्कार का उल्लेख करना उतना आवश्यक नहीं माना जा सकता। इसलिए तृ० २ के पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है। द्वि० २ के पाठांतर में लाने वालों के नमस्कारोल्लेख के अतिरिक्त कपड़ों के भेदों का भी उल्लेख हुआ है। किंतु उसका 'पटंबर' ग्रन्थ में अन्यत्र नहीं आया है, और 'पाट' तथा 'पटम्बर' में परस्पर पुनरुक्ति भी है। इसलिए द्वि० २ का पाठांतर भी अशुद्ध ज्ञात होता है। ऐसा ज्ञात होता है कि तृ० २ और द्वि० २ के सामान्य पूर्वज में पाठांतर हाशिए में लिखा हुआ था, जिससे दोनों प्रतियों अथवा उनके अपने-अपने पूर्वजों ने उसे इस प्रकार विभिन्न ढंग से लिया।

(१६) २७७.५ सामान्य पाठ है : 'सब दिन तपा जैस हिय माहाँ। तैसि रात पाई सुख छाहाँ।' प्र० १, द्वि० ७ में यह पंक्ति नहीं है। किंतु इस पंक्ति के अभाव की पूर्ति छंद के प्रारम्भ में ही निम्नलिखित पंक्ति रख कर की गई है : 'भोग चढ़ाउ उतारहु जोगू। जो तप करै सो मानै भोगू।' इस पाठांतर में पूर्ववर्ती छंद की निम्नलिखित पंक्ति का भाव दुहराया गया है : 'जेहि लगि तुम्ह साधा तप जोगू। लेहु राज मानहु सुख भोगू।' (२७६.३) इसलिए पाठांतर में पुनरुक्ति स्पष्ट है।

२७६.३ के स्थान पर प्र० १, द्वि० ७ में निम्नलिखित पंक्ति है : 'लीजै राज साज तुम्ह जोगू। अब सो सँवरि उतारहु जोगू।' इस पाठ के साथ विवेचनीय स्थल पर पाठांतर में पुनरुक्ति और भी स्पष्ट है।

इसके अतिरिक्त विवेचनीय स्थल के पाठांतर में रत्नसेन को संबोधन है, जो पिछले छंद में मौर बाँध कर दूलह के वेष में घोड़े पर सवार होने के लिए रत्नसेन से की गई प्रार्थना के साथ समाप्त हो चुका है। इसलिए और भी पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है।

(१७) २८३. ८-९ सामान्य पाठ है : 'पाँति पाँति सब बैठे भाँति भाँति जेवनार। कनक पत्र तर धोती कनक पत्र पनवार।' प्र० १, २, द्वि० ७ में इसके स्थान पर है : 'मँड़ए केर सराहना (प्र० २ करहिं रहस रस मंडप) छत्तीस (प्र० २ एकतीस) कुरी सब जाति। धनि राजा सिंघल कर (प्र० २ धनि रानी सिंघल कै, द्वि० ७ धनि राज राजा कर) जाकर अैसि बरात।' मंडप वर्णन का प्रसंग आगे छंद २८५ में आया है, जब जेवनार के अनंतर विवाह के लिए दूलह मंडप में जाता है। जेवनार मंडप में होता भी नहीं है। और इसके अतिरिक्त पाठांतर की दूसरी पंक्ति में पूर्व के एक छंद की निम्न-लिखित पंक्ति, जो विवेचनीय प्रतियों में भी पाई जाती है, दुहराई गई है:

'धनि रानी पदुमावति जाकरि अैसि बरात।' (२७४.९)

इसलिए पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है।

(१८) २९१.१-२ सामान्य पाठ है : 'सात खंड ऊपर कबिलासू। तहँ सोवनार सेज सुख बासू। चारि खंभ चारिहुँ दिसि धरे। हीरा रतन पदारथ जरे'। प्र० १ में इसके स्थान पर है : 'पुनि तहँ रतनसेनि पगु धारा। जहँ नवरतन सेज सोवनारा। पुतरी गढ़ि गढ़ि खंभन्ह काढ़ीं। जनु सजीव सेवा सब ठाढ़ीं।' किंतु पाठांतर की यह पंक्तियाँ पूर्व के छंद की प्रथम और द्वितीय पंक्तियों के रूप में समस्त प्रतियों में—इस पाठांतर की प्रति में भी—आती हैं। इसलिए पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है।

द्वि० ७ में विवेचनीय पंक्तियों के स्थान पर है :

'चारि खंभ साजे चौबारा। का बरनौं उत्तिम सोवनारा।

खंभन्ह लागे पदारथ सोई। बरहिं दीप उजियारा होई।'

'चौबारा'='चार दरवाजों के कक्ष में' चार खंभों का सजना निरर्थक लगता है, और इसी प्रकार 'पदारथ' के साथ लगा हुआ 'सोई' भी निरा भरती का है। खंभों का उल्लेख पाठांतर में एक बार कर लेने के अनंतर पुनः उसका वर्णन करना भी कुछ असंगत सा लगता है। इसलिए इस पाठांतर की भी अशुद्धि प्रकट है।

ऐसा ज्ञात होता है कि प्र० १ तथा द्वि० ७ के सामान्य पूर्वज में छंद की प्रथम दो पंक्तियाँ अपाठ्य थीं, इसलिए उनके अभाव की पूर्ति दोनों प्रतियों अथवा उनके अपने-अपने पूर्वजों ने इस प्रकार भिन्न-भिन्न ढंग से की।

(१९) ३१६.१ सामान्य पाठ है : 'कहि सत भाउ भएउ कँठ लागू। जनु कंचन मों मिला सोहागू'। च० १ में इसके स्थान पर है : 'रतनसेनि

सो कंत सुजानू। षटरस बिंदक सो रति मानू।' द्वि० ४, ५, ६ में पाठांतर की यही पंक्ति एक अतिरिक्त छंद में आई है। विवेचनीय छंद में बाद की पंक्ति का एक चरण है : 'षटरस बिंदक चतुर सो भोगी।' इसलिए पाठांतर में पुनरुक्ति प्रकट है। ऐसा ज्ञात होता है कि एक ओर च० १ तथा दूसरी ओर द्वि० ४, ५, ६ के सामान्य पूर्वज में उक्त अतिरिक्त छंद हाशिए में दिया हुआ था, जिसके कारण इन प्रतियों अथवा इनके अपने-अपने पूर्वजों ने इस प्रकार का पाठ दिया।

कदाचित् पुनरुक्ति को बचाने के लिए ही द्वि० ५, च० १ में उक्त बाद की पंक्ति के उपर्युक्त चरण का पाठ इस प्रकार कर दिया गया है : 'षटरस रसिक चतुर रस (च० १ सो) भोगी।' किंतु फिर भी पुनरुक्ति बनी हुई है।

(२०) ३२३.२ सामान्य पाठ है : 'रानी तुम्ह ऐसी सुकुँआरा। फूल बास तन जीउ तुम्हारा।' द्वि० ३, तृ० २ में दूसरे चरण का पाठ है : 'पान फूल के रहहु अधारा।' किंतु समस्त प्रतियों में यही पाठ अन्यत्र भी आया है—और इन प्रतियों में भी यह वहाँ पर है—'खीर अहार न कर सुकुँआरा। पान फूल के रहै अधारा।' (१३४.२) 'खीर अहार' के प्रसंग में वहाँ पर 'पान फूल के आधार पर रहना' प्रासंगिक ही है, किंतु यहाँ पर आहार का प्रसंग नहीं है, विहार का प्रसंग है जैसा निम्मलिखित पंक्ति से ज्ञात होगा—'सहि न सकेउ हिरदै पर हारू। कैसे सहिहु कंत कर भारू।' अतः प्रकट है कि विवेचनीय स्थल पर पाठांतर अशुद्ध है, और स्मृति के कारण भूल से आ गया है।

(२१) ३३७.४ सामान्य पाठ है : 'रँगराती पिउ सँग निसि जागै। गरजै चमकि चौंकि कँठ लागै।' द्वि० ६ में यह पंक्ति नहीं है। इसके स्थान पर यथा ३३७.२ निम्नलिखित पंक्ति आई है : 'पदुमावति चाहत रितु पाई। गँगन सुहावन भुम्मि सुहाई।' द्वि० ४ में यह पंक्ति छंद में एक अतिरिक्त पंक्ति के रूप में है—सामान्य पाठ की शेष पंक्तियाँ तो उसमें हैं ही।

यह छंद पद्मावती-रत्नसेन के संयोग शृंगार-संबंधी षट ऋतु-वर्णन में से है। प्रकरण में इसके अतिरिक्त पाँच छंद आते हैं, और पाँचों में एक न एक ऋतु का वर्णन करते हुए किसी न किसी पंक्ति में नायक-नायिका पारस्परिक सन्निकर्ष से विशेष आनंद-लाभ करते हुए बताए जाते हैं। प्रस्तुत छंद में नायक और नायिका के पारस्परिक सन्निकर्ष का उल्लेख केवल विवेचनीय पंक्ति में हुआ है, और उसके पाठांतर में नहीं हुआ है।

इसलिए पाठांतर अप्रामाणिक ज्ञात होता है। ऐसा ज्ञात होता है कि द्वि० ६ और द्वि० ४ के सामान्य पूर्वज में पाठांतर की उपर्युक्त पंक्ति हाशिए में लिखी थी, जिससे दोनों ने अथवा दोनों के अपने-अपने पूर्वजों ने उसे इस प्रकार भिन्न-भिन्न ढंग से लिया।

(२२) ४१४-३ सामान्य पाठ है: 'तेहि चढ़ि अलक भुअंगिनि डसा। सिर पर रहै हिएँ परगसा।' प्र० १,२, पं० १ में द्वितीय चरण है: 'सीस चढ़ी मानुस कहँ डसा।' पाठांतर में प्रथम चरण की पुनरुक्ति प्रकट है, और दोनों चरणों का तुक एक ही 'डसा' हो, यह भी चिंत्य है। इसलिए पाठांतर की अशुद्धि स्पष्ट है।

(२३) ४४१.३ सामान्य पाठ है: 'मंछ कच्छ दादुर तोहि पासा। बग पंखी निसि बासर बासा।' प्र० १, द्वि० २, पं० १ में द्वितीय चरण है: 'बग औ पंखि रहहिं (प्र०१ बग कर पाँति रहै) तुव पासा।' प्रथम चरण के तुक के रूप में 'तोहि पासा' आता है, इसलिए पुनः द्वितीय चरण के तुक के रूप में आए हुए 'तुव पासा' पाठ में अशुद्धि प्रकट है।

(२४) ४४३.१ सामान्य पाठ है: 'का तोहि गरब सिंगार पराएँ। अबहीं लेहिं लूसि सब ठाएँ।' इसके स्थान पर प्र० १,२, द्वि० ४ का पाठ है 'हौं तोहि चाहि ऊँचि नागेसरि। निसिदिन हिए चढ़ावौं केसरि।' पूर्ववर्त्ती छंदों की अंतिम पंक्ति है: 'तूँ नागिनि मोरि आसा लुबुधी मरसि कि हरकौं जाइ।' जिससे यह स्पष्ट है कि उक्त छंद में पद्मावती का कथन है। विवेचनीय के परवर्ती छंद की प्रथम पंक्ति है: 'पदमावति सुनि उतर न सही। नागमती नागिनि जिमि गही।' जिससे यह स्पष्ट है कि विवेचनीय बीच के छंद में नागमती द्वारा पद्मावती के पूर्वोक्त कथन का उत्तर होना चाहिए। और विवेचनीय छंद में ही बाद की पंक्ति है: 'हौं साँवरि सलोनि सुभ नैना।' यह भी उसी परिणाम की पुष्टि करती है - क्योंकि नागमती ही साँवली थी। किंतु पाठांतर की पंक्ति में नागेसरि=नागमती को संबोधन है, और वह पद्मावती के कथन के रूप में है। इसलिए पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है।

कुछ छंद पूर्व पाठांतर का कथन प्रायः उन्हीं शब्दों में इस प्रकार आया है: 'कँवल के हिय रोवाँ तौ केसरि। तेहि नहिं सरि पूजै नागेसरि।' इसलिए पाठांतर में पुनरुक्ति भी है, और वह निर्विवाद रूप से अप्रामाणिक है।

द्वि० २, पं० १ में ऊपर दिया हुआ पाठांतर छंद की निम्नलिखित पंक्ति

के स्थान पर आता है: 'साँवरि जहाँ लोनि सुठि नीकी। का गोरी सरबरि कर फीकी।' (४४३.७) ऊपर दिए हुए कारणों से यहाँ पर उक्त पाठांतर प्रसंग-विरुद्ध है और उसमें पुनरुक्ति प्रकट है।

ऐसा ज्ञात होता है कि प्र० १,२, द्वि० ४ एक ओर तथा द्वि. २, पं० १ दूसरी ओर, के सामान्य पूर्वज में यह पाठांतर हाशिए में लिखा हुआ था। जिससे भिन्न भिन्न पंक्तियों का संशोधित पाठ समझ कर इन प्रतियों अथवा इनके अपने-अपने पूर्वजों ने उसे इस प्रकार ग्रहण किया।

(२५) ४५३.१ सामान्य पाठ है : 'भएउ चेत चेतन तब जागा। बकत न आव टकटका लागा।' द्वि० १,२,३,४,५, तृ० १,२,३, पं० १ में इसके स्थान पर है: 'भएउ चेत चेतन चित चेता। नैन झरोखे जीव सकेता।' पाठांतर का पहला चरण इन प्रतियों में भी ४५७.१ का प्रथम चरण है, और पाठांतर के दूसरे चरण का 'नैन झरोखा' प्रस्तुत छंद की दूसरी ही पंक्ति के दूसरे चरण में आता है। ऐसी दशा में पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है।

(२६) ४८१.५ सामान्य पाठ है : 'पुनि तेहि ठाउँ परी तिरिरेखा। नैन ठाउँ जिउ होइ सो देखा।' प्र० १,२ में दूसरा चरण है : 'घूँटत पीक लीक अस देखा।' अन्यत्र आया है : 'पुनि तेहि ठाउँ परी तिरिरेखा। घूँटत पीक लीक सब देखा।' (१११.६) और प्र० १,२ में भी वहाँ पर पाठ अभिन्न है। ऐसी दशा में विवेचनीय स्थल पर प्र० १,२ के पाठ में पुनरुक्ति और इसलिए अशुद्धि प्रकट है।

(२७) ५१३.४ सामान्य पाठ है : 'बरन बरन पखरे अति लोने सार सँवारि लिखे सब सोने।' द्वि० ४, ५ में दूसरा चरण है : 'जानहुँ चित्र सँवारे सोने।' किंतु यही चरण द्वि० ५ और च० १ को छोड़कर समस्त प्रतियों में ३१.७ का दूसरा चरण है।

द्वि० ५, च० १ में वहाँ पाठांतर है : 'खनि पतार पानी तेहिं काढ़ा। खीर समुँद निकसा हुत बाढ़ा।' प्रसंग वहाँ सिंघल के सरोवर—मानसरोवर—के वर्णन का है। उसके जल के विषय में उक्त छंद की प्रथम दो पंक्तियों में कहा गया है :

> 'मान सरोवरु देखिअ काहा। भरा समुँद अस अति अवगाहा।
> पानि मोति अस निरमर तासू। अंम्रित बानि कपूर सुबासू।'

इसके बाद की पंक्तियों में उक्त छंद में सरोवर के घाटों, उनकी सीढ़ियों, उसमें खिले हुए कमलों, उसमें होने वाले मोतियों, और उनको चुगने

वाले हंसों का वर्णन किया गया है। यह सब करने के बाद सरोवर के जल के विषय में पुनरावर्तन, और बहुत कुछ पूर्व के ही शब्दों में, पुनरुक्तिपूर्ण है, और वहाँ पर द्वि० ५, च० १ की अशुद्धि प्रकट है। अतः विवेचनीय स्थल पर भी पाठांतर की अशुद्धि प्रमाणित है।

(२८) ५३०.४ सामान्य पाठ है : 'सेत फटिक सब लागे गढ़ा। बाँध उठाइ चहूँ गढ़ मढ़ा।' द्वि० १, तृ० १ में इसके स्थान पर है : 'खंड पर खंड होत उठाइ तस जाहीं। जानहुँ चढ़ा गगन उपराहीं।' छंद की अगली पंक्ति है : 'खंड ऊपर खंड होहिं पटाऊ। चित्र अनेग अनेग कटाऊ।' और समस्त प्रतियों में—पाठांतर की प्रतियों में भी—इस पंक्ति का पाठ अभिन्न है। अतः पाठांतर में पुनरुक्ति प्रकट है। इसके अतिरिक्त पाठांतर के द्वितीय चरण में 'चढ़ा' क्रिया का कोई 'कर्त्ता' भी नहीं है। इसलिए अशुद्धि प्रमाणित है।

(२६) ५३०.५ सामान्य पाठ है : 'खँड ऊपर खँड होहिं पटाऊं। चित्र अनेग अनेग कटाऊ।' तृ० १ में इसके स्थान पर है 'खंड पर खंड जो खंड सँवारे। कनक बान तेहि ऊपर धारे।' 'खँड पर खँड जो खंड' में 'जो खंड' की निरर्थकता और पुनरुक्ति अति प्रकट है, और युद्ध में, इसके अतिरिक्त, 'कनक बान' धारण करना भी असंगत ज्ञात होता है। द्वि० १ में पंक्ति छूटी हुई है। ऊपर ५३०.४ के संबंध में हम देख चुके हैं कि तृ० १ और द्वि० १ में अशुद्धि-साम्य है। ऐसा ज्ञात होता है कि यह अशुद्धि-साम्य भी दोनों के सामान्य पूर्वज के कारण है। हो सकता है कि सामान्य पूर्वज का पाठ अपाठ्य रहा हो, और इसलिए एक में वह उतारा ही न गया हो और दूसरे में उसके स्थान पर दूसरा पाठ रख दिया गया हो। और यह भी असंभव नहीं कि द्वि० १ के पूर्वज में भी तृ० १ का पाठांतर रहा हो किंतु उसमें पूर्व की पंक्ति तथा यह पंक्ति दोनों एक ही शब्दों 'खँड पर खँड' से प्रारंभ होती थी, इसलिए भूल से दोनों में से एक पंक्ति द्वि० १ में छूट गई हो।

(३०) ५३७.५ सामान्य पाठ है : 'पै बिनु सपत न अस मन माना। सपत के बोल बचा परवाना।' प्र० १, २, पं० १ में इसके स्थान पर है : 'जो घरनी दै राखहि जीऊ। सो तौ आहि निपुंसिक पीऊ।' पूर्व की एक पंक्ति है : 'जौं येह बचन तौ माथें मोरें। सेवा करौं ठाढ़ कर जोरें।' और यह वाक्य रत्नसेन का है। सरजा ने इसके उत्तर में कहा है 'नाहत माँझ भँवर हति गीवाँ। सरजैं कहा मंद यहु जीवाँ। खंभ जो गरुव लेहिं जग

भारू। ताकर बोल न टरै पहारू।' और आगे सरजा ने छलपूर्वक शपथ भी ली है: 'सरजैं सपत कीन्ह छर...'। इसलिए प्रसंग में पाठांतर नहीं, सामान्य पाठ ही संगत है।

पाठांतर की पंक्ति अन्यत्र आ भी चुकी है (५३५.७), केवल प्र० १, २, पं० १ में वहाँ पर भी अन्य पाठ है: 'जौं येहि बीच डरै नहिं कोई। देखु कालि धौं काकर होई।' इस स्थल पर पूर्व की पंक्ति है: 'तेहि दिन चाँचरि चाहौं जोरी। समदौं फागु लाइ कै होरी।' और बाद की पंक्ति है:

'अब हौं जौहर साजि कै कीन्ह चहौं उजियार।
फागु गएँ होरी बुझैं कोउ समेटहु छार॥'

'जौहर' के इस प्रसंग में डर की आशंका अथवा विजय की कल्पना असंगत लगती है, और इसलिए पाठांतर अप्रामाणिक ज्ञात होता है।

(३१) ६१६.६-७ सामान्य पाठ है: 'मकु पिय दिष्टि समानेउ चालू। हुलसा पीठि कढ़ावै सालू। कुच तुंबी अब पीठि गड़ोवौं। कहेसि जो हूक कढ़ि रस ढोवौं।' प्र० १, २ में इनके स्थान पर है: 'तब मुख मोंछ जीउ पर खेलौं। स्यामि काज इन्द्रासन पेलौं। पुरुष बोलि कै टरै न पाछू। दसन गयंद गीवँ नहिं काछू।' किंतु पाठांतर की यह पंक्तियाँ अन्यत्र ६१८.६-७ होकर आई हुई हैं, और इन प्रतियों में भी वहाँ पर हैं। छंद ६१६ बादल की स्त्री की उस मानसिक ऊहापोह का वर्णन करता है जो बादल के उसकी ओर से मुँह फेर लेने पर हुई है, और छंद ६१८ बादल का अपनी स्त्री से उस राज-संकट के समय अपने स्वामिधर्म संबधी कथन प्रस्तुत करता है। अतः छंद ६१६ में सामान्य पाठ की पंक्तियाँ ही प्रासंगिक मानी जा सकती हैं, और छंद ६१८ में भी इसी प्रकार सामान्य पाठ की ही पंक्तियाँ प्रासंगिक मानी जा सकती हैं। अतः पाठांतर की अशुद्धि प्रकट है।

६१८.६ का पाठ प्र० १, २ में भी वही है जो अन्य प्रतियों में है, केवल ६१८.७ का पाठ बदला हुआ है: 'आजु करौं रन भारथ सोई। अस रन करौं करै नहिं कोई।' इस पाठांतर में 'आजु करौं रन' और 'अस रन करौं' में पुनरुक्ति तथा 'भारथ सोई'—विशेष रूप से 'सोई'—की निरर्थकता प्रकट है। और इसलिए यह पाठांतर भी ग्राह्य नहीं हो सकता।

(३२) ६२३.४ सामान्य पाठ है; 'बिनै करै आई हौं ढीली। चितउर की मो सिउँ है कीली।' द्वि० ३, ६, ७, तृ० २ में इसके स्थान पर है: 'बिनती करै जहाँ पै पुंजी। तब भँडार की मो सिउँ कुंजी।' द्वि० ४, ५ में

यह पाठांतर छंद की निम्नलिखित पंक्ति के स्थान पर दिया हुआ है : 'तजा कोह भा छोह बुझावा। पातसाहि सों बिनवै धावा।' (६२३.७) प्रसंग के अनुसार पाठांतर ६२३.४ के स्थान पर ही आ सकता है, ६२३.७ के स्थान पर नहीं, यह प्रकट है। किंतु ६२३.४ के सामान्य पाठ का 'चितउर की मो सिउँ है कीली।' जहाँ नितांत प्रसंगोचित और सार्थक है, पाठांतर का 'जहाँ पै पुंजी' पूरा आशय नहीं देता है : उससे 'चितौर में जहाँ पर पूँजी है' अर्थ अनिवार्य रूप से नहीं लिया जा सकता। इसके अरितिक्त 'पूँजी' 'भँडार पर'—नहीं होती है 'भँडार में', होती है, इसलिए 'जहाँ पै पुंजी' पाठ भाषा की सामान्य आवश्यकताओं के ध्यान से भी त्रुटि पूर्ण है।

ऐसा ज्ञात होता है कि द्वि० ३, ६, ७, तृ० २ एक ओर और द्वि० ४, ५ दूसरी ओर, के सामान्य पूर्वज में पाटांतर की पंक्ति हाशिए में लिखी हुई थी, जिससे इन प्रतियों अथवा इनके अपने-अपने पूर्वजों ने उसका पाठ इस प्रकार विभिन्न ढंग से ग्रहण किया।

तृ० ३ में ६२३.४ के स्थान पर है : 'बिनती करै कर जोरे खरी। लै सौंपहुँ राजहि एक घरी।' किंतु पाठांतर की यह पंक्ति समस्त प्रतियों में—और द्वि० ४ में भी—६२४.७ है। तृ० ३ का पाठांतर मान लेने से 'लै सौंपने' का कोई कर्म छंद में नहीं रह जाता—वह क्या सौंपेगी ? इसलिए तृ० ३ के पाठांतर की भी अशुद्धि प्रकट है।

इस पाठांतर के ध्यान से असंभव नहीं कि तृ० ३ किसी प्रकार द्वि० ३, ६,७, तृ० २ से संबंधित हो।

(३३) ऊपर जिस प्रकार के प्रतिलिपि-संबंध की चर्चा की गई है, उससे निकटतर प्रतिलिपि-संबंध के प्रमाण द्वि० ४ और द्वि० ५ में ही मिलते हैं। ऐसे समस्त स्थलों का उल्लेख अनावश्यक होगा, केवल ग्रंथ के अंतिम चतुर्थांश से स्थलों का उल्लेख नीचे किया जा रहा है। पुनः विस्तार-भय से केवल सामान्य पाठ की पंक्ति और पाठांतर मात्र का निर्देश किया जा रहा है:

(५२०.९) 'छुई होइ जौं लोहैं रुई माँझ उठ आगि।'
इन प्रतियों में 'रुई' नहीं है।

(५३२.३) 'हठि चूरौं तौ जौहर होई। पदुमिनि पाव हिएँ मति सोई।'
'चूरौं' के स्थान के स्थान पर दोनों प्रतियों में 'जूरै' ('जोरै' या 'चूरैं' ?) है।

(५३३.५) 'पाहन कर रिपु पाहन हीरा। बेधौं रतन पान दै बीरा।'
'रिपु' के स्थान पर दोनों में 'करब' है।

(५३५.६) 'तेहि दिन चाँचरि चाहौं जोरी। समदौं फागु लाइ कै होरी।'
'तेहि' के स्थान पर दोनों में 'नहिं' है।

(५३५.७) 'जो दै गिरिहिनि राखत जीऊ। सो कस आहि निपुंसिक पीऊ।'
'निपुंसिक' के स्थान दोनों में पर 'नभिउसिक' है।

(५३८.६) 'भोर होइ जौं लागै उठहिं रोर कै काग।
मसि छूटै सब रैनि कै कागा कायँ अभाग'॥
'कायँ' के स्थान पर दोनों में 'गायँ' है।

(५५४.३) 'कुवाँ बावरी भाँतिन्ह भाँती। मढ़ मंडप तहँ भे चहुँ पाँती।'
'चहुँ' के स्थान पर दोनों में 'चठ' है।

(५५५.७) 'जावँत कहिअै चित्र कटाऊ। तावँत पवँरिन्ह लाग जराऊ।'
'कहिअै' के स्थान पर दोनों में 'लीन्हे' है।

(५५७.४) 'नट नाटक पतुरिनि औ बाजा। आनि अखार सबै तहँ साजा।'
'तहँ' के स्थान पर दोनों में 'महँ' है।

(५६०.५) 'मारहिं धनुक फेरि सर ओहीं। पनघट घाट ढंग जित होहीं।'
'पनघट' के स्थान पर दोनों में 'वनघट' है।

(५६४.२) 'पानी देहिं कपूर क बासा। पिअै न पानी दास पिआसा।'
'न' के स्थान पर दोनों में 'तेहि' है।

(५७२.८) 'राघौ आघौ होत जौं कत आछत जियँ साध।
ओहि बिनु आघ बाघ बर सकै त लै अपराध॥'
'ओहि बिनु आघ' के स्थान पर दोनों में 'ओहि तन राधि' है।

(५८६.३) 'लै पूरी भरि दाल अछूती। चितउर चली पैज कै दूती।'
'पैज' के स्थान पर दोनों में 'बीच' है।

(५८६.२) 'कुमुदिनि कंठ लाइ सुठि रोई। पुनि लै रोग वारि मुख धोई।'
'वारि' के स्थान पर दोनों में 'डारि' है।

(५९९.३) 'दोख भरा तन चेतन कैसा। तेहि क सँदेस सुनावहि बेसा।'
'कैसा', 'बेसा' के स्थान पर दोनों में क्रमशः 'किया', 'पिया' है।

(६०६.७) 'मन माला फेरत तँत ओही। पाँचौ भूत भसम तन होहीं।'
'भसम' के स्थान पर दोनों में पाठ 'भम' है।

(६२६.६) 'सुपुरुस भागि न जानै भएँ भीर .भुइँ लेइ।
असि बर गहें दूहूँ कर स्यामि काज जिउ देइ॥'
'असिबर' के स्थान पर दोनों में 'सूर' है।

(६४४.६) 'बास फूल घिउ छीर जस निरमल नीर मँठाहँ।
तस कि घटै घट पूरुष ज्यौं रे अगिनि कठाहँ॥'

'तस कि घटै घट पूरुष' के स्थान पर दोनों में 'निघटे घट सब पौरुष' है।

द्वि० ४, और द्वि० ५ की यह सामान्य अशुद्धियाँ उनके सामान्य पूर्वज की ओर अत्यंत स्पष्ट रूप से निर्देश करती हैं, और निश्चित रूप से उस सामान्य पूर्वज में प्रायः लिपि प्रमाद से उपस्थित हुई हैं यह बात उर्दू लिपि की प्रवृत्तियों के साधारण ज्ञान से भी जानी जा जकती है। इस प्रकार का अशुद्धि—साम्य दो चार स्थलों पर बिना सामान्य पूर्वज के भी संभव है, किंतु इतने बाहुल्य के साथ अन्यथा असंभव है। फिर उदाहरण के लिए जान बूझ कर ऐसे स्थलों को ऊपर लिया गया है जहाँ बिना किसी तर्क-वितर्क के अशुद्धि देखी जा सके और निर्विवाद रूप से स्वीकार की जा सके। अन्यथा दोनों प्रतियों में पाठ-साम्य इतना है जितना ऊपर आई हुई किन्ही भी दो प्रतियों में नही है, और यह बात संपादित पाठ के साथ दिए हुए टिप्पणी के पाठांतरों से स्वतः देखी जा सकती हैं।

विभिन्न प्रतियों में उपर्युक्त स्थल इस प्रकार बँटे हुए हैं :—

च० १—१५३.२,३; १५६. २; ३१६.१

तृ० १—१५३.२, ३; १५६.२; २०३.२; २७०.५; ४५३.१; ५३०.४,५

तृ० २—८७.२,७; १५६.२; २३१.४; २७६.१; ३२३.२; ४५३.१; ६२३.४

पं० १—१५६.५; ४१४.३; ४४१.३; ४४३.१,७; ४५३.१; ५३७.५

द्वि० १—२३६.४; ४५३.१; ५३०.४,५

तृ० ३—२३६.४; २५५.६,७; २६६.१; ४५३.१

द्वि० ३—२३६.४; ३२३.२; ४५३.१; ६२३.४

द्वि० २—८७.२,७; १५६.२; २३१.४; २३६.४; २५५.६,७; २६६.१;
२७६.१; ४४१.३; ४४३.१,७; ४५३.१

द्वि० ५—१५०.६; २३६.४; २५५.६,७; ३१६.१; ४५३.१; ५१३.४; ६२३.४

द्वि० ४—१५३.२,३; १५६.२; २५५.६,७; ३१६.१; ३३३.७; ४४३.१,७;
४५३.१; ६२३.४

द्वि० ६—१५३.२,३; १५६.२; २२५.६,७; २६६.१; २७०.५; ३१६.१;
३३७.४

द्वि० ७—१५६.२; २१२.७,६; २१३.८,६; २७०.५; २७२.४; २७७.५; २८३.८,६; २६१.१,२; ६२३.४

प्र० १—१५३.२,३; १५६.२; २१२.७,६; २१३.८,६; २७०.५; २७२.४; २७७.५; २८३.८,६; २६१.१,२; ४४१.३, ४४३.१,७

प्र० २—१५३.२,३; १५६.२; २०३.२; २८३.८,६; ४४३.१,७

और इनके आधार पर विभिन्न प्रतियों का जो प्रतिलिपि-संबंध निर्धारित होता है, उसे अन्यत्र दिए हुए चित्र द्वारा व्यक्त किया जा सकता है।

इस प्रतिलिपि-संबंध के अनुसार विभिन्न प्रतियाँ निम्नलिखित पीढ़ियों में बाँटी जा सकती हैं :—

(१) पं० १, तृ० १ तृ० २, तृ० ३, च० १,

(२) द्वि० १, द्वि० २, द्वि० ३

(३) द्वि० ४, द्वि० ५, द्वि० ७

(४) द्वि० ६, प्र० १, प्र० २

प्रथम पीढ़ी की प्रतियाँ प्रायः स्वतंत्र प्रतिलिपियाँ, अथवा स्वतंत्र प्रतिलिपियों की परम्परा में हैं। दूसरी पीढ़ी की प्रतियाँ प्रथम पीढ़ी की उक्त प्रतियों की प्रतिलिपि-परम्परा में हैं। इसी प्रकार तीसरी दूसरी की, और चौथी तीसरी की प्रतिलिपि-परम्परा में हैं।

कहने की आवश्यकता नहीं कि सबसे अधिक महत्त्व की प्रतियाँ प्रथम पीढ़ी की हैं। वे परस्पर प्रायः स्वतंत्र हैं, और मूल के निकटतम हैं, इसलिये पाठ-निर्धारण में प्रायः पर्याप्त होनीं चाहिएँ। आवश्यकता पड़ने पर दूसरी पीढ़ी की प्रतियों की भी, किंतु उनके संबंधों को समझ कर सहायता ली जा सकती है; तीसरी की सहायता पाठ-निर्धारण में यथासंभव न लेनी चाहिए, और चौथी पीढ़ी की तो अवश्य ही न लेनी चाहिए।

८. प्रतियों का प्रक्षेप-संबंध

'पदमावत' की विभिन्न प्रतियों में कुल मिला कर ८८५ छंद पाए जाते हैं। प्रश्न यह है कि इनमें से कितने प्रामाणिक और कितने प्रक्षिप्त हैं। प्रयुक्त चौदह प्रतियों में उनकी स्थिति इस प्रकार है।

एक प्रति में न मिलने वाले छंद :

प्र०१—३८६, ४३७, ५८६

प्र०२—१२२, २२१.२-२८२.१, ३१३.८-३१४.७, ४८७.८-४८८.७, ५८६-५६२

द्वि०१—३७०, ४२१, ४२४

द्वि०२—२७४

द्वि०७—६६, ६७, २६०, ५०४, ५०३, ६१३-६१६, ६३७ ६३६

तृ०१—४८६, ४८७, ५०५, ५२८ उ

तृ०२—१३१, १८०.३-१८१.२, ५४२

च०१—३६६, ५६४-५६७

पं०१—१५.८-१६.७, ५४६.८-५४६.७

दो प्रतियों में न मिलने वाले छंद :

द्वि० ६, तृ० ३—२६३, २६७, २६८

द्वि०६, च०१—४१८ अ

तृ०२, तृ० ३—१८० अ

तीन प्रतियों में न मिलने वाले छंद :

प्र०२, द्वि० ७, च०१—१५६ अ

द्वि० २, च० १, पं० १—३६१ अ

पाँच प्रतियों में न मिलने वाले छंद :

द्वि० ३, तृ० १, २, च० १, पं०१—१८५ अ

छः प्रतियों में न मिलने वाले छंद :

प्र० २, द्वि० १, ७, तृ० २, च० १, पं०१—२६२ अ

शेष छंदों में ऐसे ही रह जाते हैं जो या तो सात या सात से अधिक प्रतियों में नहीं मिलते, या समस्त प्रतियों में मिलते हैं।

विभिन्न प्रतियों में न मिलने वाले छंद दो प्रकार के हो सकते हैं, वे जो प्रतिलिपिकार की भूल से छूट गए हों, और दूसरे वे जो प्रक्षिप्त हों। इन दोनों को एक-दूसरे से अलग करने का केवल एक मार्ग है—वह है अंतर्साक्ष्य की सहायता से—प्रसंग, कवि के प्रयोग, प्रबंध की आवश्यकताओं, व्याकरण आदि के समस्त दृष्टिकोणों से उनका निरीक्षण।

ऊपर एक प्रति में न मिलने वाले छंदों में से समस्त इसी प्रकार के हैं जो अंतर्साक्ष्य की दृष्टि से अनिवार्य अथवा आवश्यक हैं—केवल एक छंद ५२८३ ऐसा है जो न केवल इस प्रकार अनिवार्य या आवश्यक नहीं है वरन् प्रसंग, प्रयोग, प्रबंध, व्याकरण आदि की सभी दृष्टियों से प्रक्षिप्त ज्ञात होता है। इसका विस्तृत विवेचन नीचे किया गया है।

दो प्रतियों में न मिलने वाले छंदों में से केवल तीन २६३,२६७,२६८

इस प्रकार के हैं जो अंतर्साक्ष्य की दृष्टि से अनिवार्य हैं।

प्रसंग रत्नसेन को शूली देने का है—उसे बधस्थल पर ले जाया गया है। रत्नसेन सिर नीचा किए हुए है। उसका दसौंधी भाँट उसकी यह दशा देख कर उसे पुरुषार्थ करने के लिये प्रोत्साहित करता है, और इसके अनंतर गंधर्वसेन के सामने जा कर उसे बाएँ हाथ से नमस्कार करते हुए कहता है कि भाँट महेश की मूर्ति हुआ करता है, (उसका कथन मान्य होता है), योगी (रत्नसेन) और वह (गंधर्वसेन) पानी और आग के समान हैं, दोनों में युद्ध होना ठीक नहीं है, रत्नसेन उससे भिक्षा माँग रहा है, जिसे उसे देकर युद्ध का निवारण करना चाहिए। छंद २६३ में यही कहा गया है।

छंद २६५ में कहा गया है:

> भइ अग्या को भाँट अभाऊ। बाएँ हाथ देइ बरम्हाऊ।
> को जोगी अस नगरी मोरी। जो दै सेंध चढ़ै गढ़ चोरी।

प्रकट है कि २६३ में आए हुए विवरणों के अभाव में २६५ की ये पंक्तियाँ नितांत असंगत हैं। २६४, २६५, २६६ में उक्त भाँट और गंधर्वसेन का कथोपकथन है। वह २६३ की भूमिका के बिना सभी दृष्टियों से असंभव है। इसी प्रकार छंद २६६ में जो कुछ कहा गया है, वह २६७, २६८ की भूमिका के बिना असंभव है। इसलिये छंद २६३, २६७, २६८ की अनिवार्यता प्रकट है। तृ० ३ तथा द्वि० ६ के प्रक्षिप्त छंदों का मिलान करने पर ज्ञात होता है कि द्वि० ६, तृ० ३ की प्रक्षेप-परंपरा में है। असंभव नहीं कि तृ० ३ में न होने के कारण ये छंद द्वि० ६ में भी न आये हों।

दो प्रतियों में न मिलने वाले शेष छंदों की स्थिति इनसे भिन्न है। उनका विस्तृत विवेचन नीचे किया गया है। उससे ज्ञात होगा कि अन्तर्साक्ष्य की दृष्टि से उनमें से कोई भी प्रामाणिक नहीं माना जा सकता।

तीन, पाँच, और छः प्रतियों में न मिलने वाले छंदों के विषय में यह कल्पना करना सामान्यतः उचित नहीं होगा कि वे भूल से इतनी—और जैसा आगे चल कर हम देखेंगे एक दूसरे से बहुत-कुछ भिन्न शाखाओं की—प्रतियों में एक साथ छूट गए हैं; और नीचे अन्य छंदों के साथ इनका जो विवेचन किया गया है, उससे भी यही ज्ञात होगा कि अन्तर्साक्ष्य की दृष्टि से इनमें से कोई भी न केवल अनिवार्य या आवश्यक नहीं है, वरन् प्रामाणिक भी स्वीकार नहीं किया जा सकता।

जो छंद चौदह में से सात या अधिक प्रतियों में नहीं मिलते, उनके संबंध

में वर्हिसाक्ष्य का ही विरोधी साक्ष्य उन्हें प्रक्षिप्त मानने के लिये पर्याप्त होना चाहिए, किंतु अंतर्साक्ष्य भी उसका समर्थन करता है। और जो छंद समस्त प्रतियों में मिलते हैं, उन्हें प्रक्षिप्त मानने अथवा प्रामाणिक न मानने का कोई कारण नहीं रह जाता है।

ग्रंथ में उपर्युक्त रीति से निर्धारित कुल प्राप्त प्रक्षेपों की संख्या २३० है। उन सब के संबंध का विस्तृत विवेचन न यहाँ संभव है, और न आवश्यक। इसलिए उदाहरण-स्वरूप केवल ऐसे प्रक्षिप्त छंदों का विवेचन किया जा सकता है, जो प्रक्षेप-संबंध निर्धारण के लिये सब से अधिक महत्त्व के हैं, क्योंकि वे निर्धारित पाठ-परम्परा में सभी दृष्टियों से आदि या मूल प्रति के निकटतम पड़ने वाली आठ प्रतियों में से किसी में और उसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रति में आते हैं। इस प्रकार के प्रक्षिप्त छंद केवल ४६ हैं। और आधे दर्जन छंद ऐसे भी लिये जा सकते हैं जो यद्यपि उपर्युक्त आठ प्रतियों में से किसी एक ही में पाए जाते हैं, अन्य किसी प्रति में नहीं पाए जाते हैं। इन ५२ प्रक्षिप्त छंदों का विवेचन नीचे किया जा रहा है।

(१) ६० अ—यह छंद प्र० १, २, ४, ५, ६, ७, पं० १ में नहीं है। इसमें पूर्ववर्ती मूल के छंद के भाव दुहराए गए हैं, यथा :

जौ लहि अहै पिता कर राजू। खेलि लेहु जौ खेलहु आजू। (६०.४)
भूलि लेहु नैहर जब ताईं। पुनि कत भूलन देइहि साईं। (६० अ.३)
कत आवन पुनि अपने हाथाँ। कत मिलिकै खेलब एक साथाँ। (६० .३)

कत नैहर पुनि आउन कत सासुर यह केलि। (६० अ.८)

सासु नँनद बोलिन्ह जिउ लेहीं। दारुन ससुर न आवै देहीं। (६०.७)
सासु नँनद के भौंह सिकोरे। रहब सँकोचि दुऔ कर जोरे। (६० अ.६)

साथ ही पूर्ववर्ती मूल का छंद सभी प्रतियों में मिलता है, इसलिए इस अतिरिक्त छंद का प्रक्षिप्त होना प्रकट है।

(२) १५६ अ—यह छंद प्र० २, द्वि० ७, च० १ में नहीं है। प्रसंग में यह अनावश्यक है। इसके अतिरिक्त इसकी प्रथम पंक्ति में रत्नसेन अपने साथियों को 'सुपुरुष होने' और 'धीरा करने' के लिए 'बीड़ा' देता है। किंतु बीड़ा किसी असामान्य पुरुषार्थ का कार्य संपादित करने के लिए दिया और लिया जाता है, 'सुपुरुष होने' या 'धीरा करने' के लिए नहीं। पुनः इस छंद में दो बार राजा का कथन आता है : एक बार प्रथम पंक्ति में, और दूसरी बार चौथी पंक्ति में; किंतु दोनों में से एक भी स्थान पर यह नहीं कहा जाता है

कि वह कथन राजा का है, और यह दोष स्पष्ट खटकता है। इन कारणों से यह छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(३) १६३ अ—यह छंद द्वि० १, २, ४, ६, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १, में नहीं हैं। मूल के पूर्ववर्ती छंद में रत्नसेन ने कहा है :

राजैं कहा दरस जौं पावौं। परबत काह गँगन कहँ धावौं।
जेहि परबत पर दरसन लहना। सिर सौं चढ़ौं पाय का कहना।
मोहिं भाउ ऊँचै सो ठाऊँ। ऊँचे लेउँ पिरीतम नाऊँ।

और इसी प्रसंग में वह ऊँचे के संग का भी समर्थन करता है। नीच के संग का यहाँ का प्रसंग नहीं है। किंतु प्रस्तुत पूरे छंद में ऊँचे संग की प्रशंसा की तुलना में 'नीच संग' की निंदा की गई है। साथ ही उक्त पूर्ववर्ती छंद की प्रायः शब्दावली तक ले ली गई है। इसलिए यह छंद प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(४) १८० अ—तृ० २, ३ में यह छंद नहीं है। पश्चात् के छंद की पहली पंक्ति है: 'हीरामनि जो कही रस बाता।...' जिससे यह प्रकट है कि उसके पूर्व हीरामनि की बात आई है। किंतु प्रस्तुत अतिरिक्त छंद में पद्मावती की बात आती है, हीरामनि की बात इसके पूर्ववर्ती छंद में आती है। फिर प्रस्तुत अतिरिक्त छंद में पूर्ववर्ती और परवर्ती छंदों की शब्दावली ही नहीं, पंक्तियाँ तक आती है; यथा उसकी निम्नलिखित पंक्ति :

हीरामनि जौं कही रस बाता। सुनि कै रतन पदारथ राता।

जो समस्त प्रतियों में—और इन प्रतियों में भी—निरपवाद रूप से १७६.१ है। इसलिए यह छंद स्पष्ट ही प्रक्षिप्त है।

(५) १८५ अ—यह छंद द्वि० ३, तृ० १, २, च० १, पं० १ में नहीं है। प्रसग में यह अनावश्यक है। मूल के पूर्ववर्ती छंद में कवि ने पद्मावती के साथ विश्वनाथ पूजा के लिए जाती हुई कतिपय जातियों की कन्याओं का उल्लेख किया है। उसी सूची को प्रस्तुत अतिरिक्त छंद द्वारा बढ़ाया गया है। किंतु इस छंद की सूची में वेश्याओं तक को विश्वनाथ पूजा के लिए अग्रसर किया गया है, और उक्त पूजा के वातावरण को उन्हें 'मूँदी' और 'बिकसीं' 'कलीं' कह कर दूषित किया गया है :

कै सिंगार बहु 'बेसवा' चलीं। जहँ लगि 'मूँदी बिकसी कलीं'। (.४)

'बेसवा' शब्द भी चिंत्य है। जायसी ने 'बेसा' शब्द का प्रयोग किया है, 'बेसवा' का नहीं :

कै सिंगार जहँ बैठीं बेसा। (३८.१).
तेहि क सँदेस सुनावसि बेसा। (५६६.३)

इसलिए यह छंद स्पष्ट ही प्रक्षिप्त है।

(६.) २३१ अ—यह छंद प्र० १, २, द्वि० १, २, ४, तृ० १, २, च० १, पं० १ में नहीं है। इस छंद का सारा संदेश रत्नसेन का है, जिसे हीरामनि पदमावती को सुना रहा है। किंतु हीरामनि का समस्त कथन छंद २२७ से प्रारंभ हो कर २३० पर समाप्त हो जाता है। छंद २३१ में पद्मावती रत्नसेन के उक्त संदेश का उत्तर मौखिक रूप में, और २३२-३४ में वह उसके संदेश का उत्तर लिखित रूप में देती है। अतः २३१-२३२, २३२-२३३ अथवा २३३-२३४ के बीच में इस अतिरिक्त छंद की असंगति प्रकट है। पुनः इस अतिरिक्त छंद में कहीं यह भी नहीं कहा गया है कि कथन रत्नसेन का है, जैसा कि वह वास्तव में है, न किसी अन्य प्रकार से इस प्रबंध-त्रुटि का परिहार किया गया है। इसलिए यह अतिरिक्त छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(७-८) २६२ अ, आ—२६२ अ प० २, द्वि० १, ७, तृ० २, च० १, पं० १ में नहीं है, और २६२ आ, प्र० १, २, द्वि० १, ६, ७, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १ में नहीं है। इन दोनों छंदों में नायक के 'सत' की थाह लेने के लिए महादेव और पार्वती अग्रसर होते हैं :

आइ गुपुत होइ देखन लागे। दहुँ मूरति कस सती सभागे। (२६२अ.७)
पारबती सुनि सत्त सराहा। औ फिरि मुख महेस कर चाहा। (२६२आ.५)

किन्तु इसके पूर्व ही छंद २०६-२१० में पार्वती जी भर कर रत्नसेन के प्रेम और एकनिष्ठा की परीक्षा ले चुकी हैं, और उस परीक्षा में रत्नसेन को सफल पाकर महेश से उसके प्रेम और एकनिष्ठा की प्रशंसा भी कर चुकी हैं। पुनः उन्हें इन अतिरिक्त छंदों में उसी कार्य के लिए प्रस्तुत करना किसी अनधिकारी व्यक्ति की ही कल्पना लगती है, ग्रंथ के लेखक की नहीं।

(६) २६२ इ--यह छंद प्र० १, २, द्वि० १, २, ६, ७, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १ में नहीं है। इस छंद में कहा गया है कि हीरामनि वध-स्थान पर गया है और उसने रत्नसेन से पदमावती की दशा कही है :

कहि सँदेस सब बिपति सुनाई। बिकल बहुत किछु कहा न जाई।
काढ़ि प्रान बैठी लेइ हाथा। जिऐ तौ जिऔं मरहिं एक साथा।
(२६२ इ. ५-६)

और इसके अनन्तर वह भाँट-वेशधारी महेश के साथ गंधर्वसेन के पास पहुँचा है :

हीरामनि औ भाँट दसौंधी भए जिउ पर एक ठाउँ ।
चलि मो जाइ अब देख तहँ जहाँ बैठ रह राव ॥

किंतु, आगे रत्नसेन की ओर से उसके भाँट ने हीरामनि को बुला कर उससे रत्नसेन के कुल आदि के बारे में पूँछने के लिए गंधर्वसेन से अनुरोध किया है (२६८. ४-५), जिस पर हीरामनि बुलाया भी गया है (२६६. २-३)। वहाँ हीरामनि मंजूषा में है, जिसमें से वह खोलकर निकाला जाता है, और गंधर्वसेन के सामने पहली बार आता है :

खोला आगे आनि मँजूसा । मिला निकसि बहु दिन कर रूसा । (२६६.४)

फलतः उपर्युक्त अतिरिक्त छंद का कथन स्पष्ट ही असंगत और प्रक्षिप्त है ।

(१०) २६४ आ—यह छंद प्र० १, २, द्वि० १, ३, ४, ५, ६, ७, तृ० १, २, च० १, पं० १ में नहीं है । इसके पूर्ववर्त्ती मूल के छंदों में भाँट ने गंधर्वसेन से कहा है कि उसे रत्नसेन से युद्ध न करना चाहिए, और परवर्त्ती मूल के छंद में गंधर्वसेन ने भाँट की उस बात का उत्तर दिया है । बीच के इस अतिरिक्त छंद में कहा गया है :

राजा रिसहिं सुनी नहिं बाता । अति रिसि भरा कोह भा राता ।...

काहू कहा न मानै राजा राजहि अति रिसि कीन्ह ।
धरि मारहु सब जोगी राइ रजायसु दीन्ह ॥

अतिरिक्त छंद का यह समस्त कथन पूर्ववर्ती मूल छंदों में किए गए कथनों के विपरीत पड़ता है, और इस वैषम्य का कोई समाधान भी प्रस्तुत अतिरिक्त छंद में नहीं है, इसलिए वह भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है ।

(११) २६४ अ२—केवल द्वि० २ में यह छंद है, शेष किसी प्रति में नहीं है । इसमें कहा गया है कि भाँट-वेषधारी महेश ने जब गंधर्वसेन से रत्नसेन को अपनी कन्या देने के लिए कहा, तो हनुमान ने तत्क्षण गड़ी हुई शूली को उखाड़ कर मूली की भाँति अपने मुख में रख लिया (२६४ अ २. १-२), और अपनी लंगूर से ऐसा महायुद्ध किया कि रुधिर के पनारे बहने लगे (२६४अ. ३-४); साथ ही दोनों ओर के योद्धा भिड़े, सवार से सवार और पैदल से पैदल भिड़े, और खड्ग, धनुष-वाण, सेल, साँगी और गोला चले (२६४ अ२. ५-७) । मूल के छंदों में रत्नसेन की ओर से जो अहिंसात्मक सत्याग्रह प्रस्तुत किया गया है, अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उसके आत्म-बलिदान की जो कथा उपस्थित की गई है, उसका पूरा निराकरण इस छंद की पंक्तियों में होता है । अतः इसका भी प्रक्षिप्त होना प्रकट है ।

(१२-१७) २६८ अ, आ, इ, ई, उ तथा २७४ अ—ये समस्त छंद प्र० १, २, द्वि० १, ७, तृ० १, २, च० १, पं० १ में नहीं हैं। इन छंदों में भी महादेव जी की भाँट वेश में अवतारणा की गई है, और दोनों ओर से महाभारत करा दिया गया है।

२६८ अ में प्रायः वही बातें दुहराई गई हैं जो अन्य छंदों में कही गई हैं, यथा :

आगि बुझाइ पानि सौं तूँ राजा मन बूझु।
तोरे बार खपर है लीन्हें भिच्छा देहि न जूझु॥ (२६३. ८-९
माँगै भीख खपर लेइ मुए न छाड़ै बार।
बूझहु कनक कचोरी भीखि देहु नहिं मार॥ (२६८अ. ८-९)

जंबू दीप चित्तउर देसा। चित्रसेन बड़ तहाँ नरेसा।
रतनसेनि यह ताकर बेटा। कुल चौहान जाइ नहिं मेंटा। (२६८. २-३
राज कुँवर यह होइ न जोगी। सुनि पदुमावति भएउ बियोगी।
जंबू दीप राज घर बेटा। जो है लिखा सो जाइ न मेंटा।
(२६८ अ. ४-५)

हीरामनि जो तुम्हार परेवा। गा चित उर औ कीन्हेसि सेवा।
तेहिं बोलाइ पूँछहु वह देसू। दहुँ जोगी की तहँक नरेसू।
(२६९. ३-४

तुम्हरहि सुआ जाइ ओहि आना। औ जेहि कर बर कै तेइ माना।
(२६८ अ. ६

उसमें निम्नलिखित पंक्ति भी, जो अन्य प्रतियों के साथ ही इन प्रतियों में भ २६३.६ है, और केवल तृ० ३ में नहीं है, अक्षरशः दुहराई गई है :

गंध्रपसेन तू राजा महा। हौं महेस मूरति सुनु कहा। (२६८ अ. २
फलतः यह प्रकट है कि यह छंद भी प्रक्षिप्त है।

२६८ आ में छंद २६५ की बातों का सारांश आया है। २६५ में गंधर्वसेन कहता है कि इंद्र, कृष्ण, ब्रह्मा, बलि, बासुकि, धरती, मंदर मेरु, चंद्र, सूर्य, गगन, कुबेर, मेघ, कूर्म आदि सभी उससे डरते हैं, औ यदि वह चाहे तो उन्हें उनके केश पकड़ कर 'भंग' कर सकता है, फिर उसके सामने कीट और पतंग जैसे राजा क्या हैं ? यहाँ वह कहता है :

जेहि अस साध होइ जिउ खोवा। सो पतंग दीपक तस रोवा।
सुर नर मुनि सब गंध्रप देवा। तेहि को गनै करहिं नित सेवा।
(२६८ अ. ६-७

अतः यह छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

२६८ इ में रणक्षेत्र में अंगद आते हैं, (रामकथा की भाँति) वे सभा में पैर रोपते हैं (१६८ इ. ५), और उनके आगे विपक्ष के जो पाँच हाथी आते हैं, उन्हें वे सूँड पकड़ कर ऐसा फेंकते हैं कि वे पृथ्वी पर गिरते तक नहीं। (२६८ इ. ६-७)

२६८ ई में हनुमान जी भी पधारते हैं, और उनके आगे जब हाथी बढ़ाए जाते हैं, तो वे सारी विपक्ष की सेना को अपनी पूँछ में लपेट कर बहुत कुछ समाप्त ही कर डालते हैं।

२६८ उ में हनुमान जी की पूँछ लोक, ब्रह्मांड, स्वर्ग, पाताल, आदि को लपेटे हुए दिखाई पड़ती है (२६८ उ. २-३), बलि, बासुकि, राहु, नक्षत्र, सूर्य, चंद्र, समस्त दानव, राक्षस, तथा आठौ (या 'अहुठौ ?) बज्र रणक्षेत्र में आ जुटते हैं (२६८ उ. ४-५)। इतना ही नहीं, महादेव जी भी रणक्षेत्र में खड़े दिखाई पड़ते हैं, और उनको देख कर राजा उनके चरणों में पड़ता है, और कहता है कि कन्या उन्हीं की है, वे उसे जिसे चाहें उसे दें। (२६८ उ. ८-६)

कहने की आवश्यकता नहीं कि जिन कारणों से २६४ अ २ प्रक्षिप्त है, उन्हीं कारणों से ये अतिरिक्त छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होते हैं।

जिन प्रतियों में ये अतिरिक्त छंद हैं, उनमें परवर्ती मूल के छंद २६६ के प्रथम चरण का पाठ भी इन्हीं छंदों के अनुसार है। सामान्य पाठ है:

'सोइ (भाँट) बिनती खिउँ करै बसीठी' (२६६.१)।

और इन प्रतियों में है: 'तब महेस उठि कीन्ह बसीठी'।

२७४ अ—महादेव जी की इस बसीठी के अनंतर भी गंधर्वसेन उनकी बातों की जाँच हीरामनि को बुलाकर करता है, और अंत में जब वह पूरा निश्चय कर लेता है कि रत्नसेन योगी नहीं राजकुमार है, वह महादेव जी को संबोधित करके कहता है:

बोल गोसाईं कर मैं माना। काह सो जुगुति उतर कह आना।

(२७४ अ. १)

जब वह एक बार महादेव जी से कह चुका था:

जेहि चाहिय तेहि दीजिय बारि गोसाईं केरि। (२६८ उ. ६)

तब न तो महादेव जी को उठ कर बसीठी करने की आवश्यकता थी, और न महादेव जी की बसीठी में किए गए कथनों की सचाई का उसे हीरामनि से पता लगाना था। महादेव जी की बिदाई की भी कोई बात इन छंदों में

नहीं आती, न मूल के छंदों में आती है। इसलिए यह स्पष्ट है कि बसीठी के रूप में महादेव जी की सारी कल्पना ही प्रक्षिप्त है।

पुनः २७४ अ में सभी प्रतियों में मूल में अन्यत्र आई हुई कुछ पंक्तियाँ तक भी दुहराई हुई मिलती हैं, यथा :

भा बरोक औ तिलक सँवारा। (२७४.२), (२७४ अ. २)

दो बार बरोक और तिलक होना तो किसी प्रकार संभव नहीं माना जा सकता। इसलिए २७४ अ का भी प्रक्षिप्त होना प्रमाणित है।

(१८) २६८ अ १—यह छंद केवल द्वि०२ में है, और किसी प्रति में नहीं है। इस छंद का भाव वही है जो अन्यत्र इसी प्रति के एक अन्य प्रक्षिप्त छंद २६४ आ में आ चुका है, जिसका विवेचन ऊपर हो चुका है। उन्हीं कारणों से, और पुनः एक ही भावों की पुनरावृत्ति होने के कारण, यह छंद भी प्रक्षिप्त है।

(१६-२१) २८४ अ, आ, इ—ये छंद प्र०२, द्वि० १, ३, ७, तृ० १, पं० १ में नहीं है। इनमें से प्रथम में कहा गया है कि जेवनार के समय बीन नहीं बजा, इसलिए दूलह रत्नसेन ने भोजन करना नहीं प्रारंभ किया; दूसरे में कारण पूछा जाने पर रत्नसेन ने नाद की महिमा निरूपित की है, और पूछा है कि इस अवसर पर नाद का निषेध क्यों किया गया; तीसरे में उसके इस प्रश्न का समाधान यह कह कर किया गया है कि नाद-श्रवण से उन्माद होता, जिस प्रकार मद-पान से होता है, इसलिए उसका निषेध किया गया।

विवाह के इस समस्त प्रसंग में बाजों के बजने का वर्णन हुआ है :

गए जो बाजन बाजते जिन्हहि मारन रन माहँ।
फिरि बाजन तेइ बाजे मंगल चार उनाहँ॥ (२७४)

बाजन बाजे कोटि पचासा। भा अनंद सगरौं कबिलासा। (२७५.२)
साजा राजा बाजन बाजे। मदन सहाय दुवौ दर गाजे। (२७६.१)
बाजत गाजत भा असवारा। सब सिंघल नै कीन्ह जोहारा। (२७७.३)
बाजत आवै राजा मंदिर कहँ होइ मंगलाचार। (२७७.६)
तुम्ह जानहु पिश्र आवै साजा। यह सब सिर पर धम धम बाजा। (२८१.४)
आइ बजावत पैठि बराता। पान फूल सेंदुर सब राता। (२८२.१)

यदि नाद से उन्माद की उत्पत्ति होती थी, तो जेवनार के समय ही उसका निषेध क्यों किया गया, अन्य अवसरों पर उसका निषेध क्यों नहीं किया गया?

फिर, 'पंडित और विद्वाना' ('विद्वान्' ग्रंथ में अन्यत्र कहीं नहीं आया है) जिन शब्दों में उस दूलह राजा से भोजन करने के लिए 'विनय' करते हैं, वह भी ध्यान देने योग्य है :

भूख तौ जनु अंब्रित है सूखा। धूप तौ सीअर नींदै रूखा।
नींद तौ भुइँ जनु सेज सपेती। छाँटहु का चतुराई एती।

उद्धृत पंक्तियों से ध्वनि यह निकलती है कि 'तुम्हें भूख ही नहीं है, नहीं तो इतने सुस्वादु भोजन की क्या बात, रूखा-सूखा भी तुम खाते।' 'छाँटहु का चतुराई एती' कहना तो इस 'विनय' और 'विद्वत्ता' की पराकाष्ठा है। यदि दूलह चुपचाप बैठा था, और भोजन नहीं कर रहा था, तो उसे ऐसा कहने के लिए कौन सा अवसर था ? इससे अधिक 'अविनय' और 'मूर्खता' की बात कदाचित् ही दूसरी हो सकती थी। इसलिए यह छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(२२-२३) २८८ अ, आ—ये दोनों छंद प्र० १, २, द्वि० १,४, ७, तृ० १, २, च० १, पं० १ में नहीं है। इनमें धौराहर के सात खंडों का वर्णन किया गया है। किंतु छंद २८९.१ में कहा गया है : 'सात खंड सातौं कबिलासा। का बरनौं जग ऊपर बासा।' और इसके पश्चात् उनका वर्णन किया गया है। छंद २८९ की शब्दावली ही नहीं पंक्तियाँ भी इनमें दुहराई गई हैं :

हीरा ईंटि कपूर गिलावा। मलयागिरि चंदन सब लावा।
(२८९.२)

पाँचव हीरा ईंटि गढ़ावा। औ सब लाग कपूर गिलावा।
(२८८ आ. ३)

चूना कीन्ह औटि गज मोती। मोतिहु चाहि अधिक तेहि जोती।
(२८९.३)

छठएँ लाग रतन गज मोती। होइ उजियार जगत तेहि जोती।
(२८८ आ. ४)

अति निरमल नहिं जाइ बिसेखा। जस दरपन महँ दरसन देखा।
(२८९.५)

जस दरपन महँ देखै देहा। तैस साज सब कीन्ह उरेहा।
(२८८ अ. ४)

भुइँ गच जानहुँ समुँद हिलोरा। कनक खंभ जनु रचा हिंडोरा।
(२८९.६)

जगर मगर सब खंभै करहीं। निसि सब जनहुँ दिया अस बरहीं।
(२८८ आ. ५)

रतन पदारथ होइ उजियारा। भूले दीपक औ मसियारा।
(२८९.७)

तहाँ न दीपक औ मसियारा। सब नग जोति होइ उजियारा।
(२८८ आ. ७)

पुनः, कहा जाता है :

देखि बखानै राजा भीवँसेन का राज।
धनि चक्कवै राजा जेहँ रे मँदिर अस साज ॥

यह 'भीमसेन' कौन है ? यह ग्रंथ में अन्यत्र तो कहीं आया नहीं है। अतः यह प्रकट है कि ये दोनों छंद भी प्रक्षिप्त हैं।

(२४-२६) ३१५ अ, आ, इ—ये अतिरिक्त छंद प्र० १, २, द्वि० १, ३, ७, तृ० १, २, च० १, पं० १ में नहीं है, और द्वि० २ में इनमें से केवल दूसरे और तीसरे नहीं हैं। प्रथम में पद्मावती रत्नसेन से प्रश्न करती है कि उसने सिंघल और उसके विषय में कैसे जाना, और ऐसे दुर्गम (प्रेम के) मार्ग को महादेव जी ने उसे कहाँ दिखाया। दूसरे में पद्मावती के इन प्रश्नों का उत्तर देते हुए रत्नसेन कहता है कि सिंघल के और उसके बारे में उसे सुवे ने बताया, किंतु प्रेममार्ग संबंधी उक्त प्रश्न का कोई उत्तर भी रत्नसेन के कथनों में नहीं है। तीसरे छंद में रत्नसेन के उत्तर से पद्मावती संतुष्ट होकर उसके प्रति अपने अनुराग का कथन करती है।

कहने की आवश्यकता नहीं कि पद्मावती के प्रश्नों का जो उत्तर रत्नसेन ने यहाँ दिया है, वह हीरामनि ने पद्मावती को अपनी पहली ही भेंट में बहुत पूर्व दिया था (छंद १७७, १७८)। सारी कथा हो जाने के बाद रत्नसेन से पद्मावती का यह प्रश्न करना वैसा ही लगता है जैसे सारी 'रामायण' हो जाने के बाद भरत राम से प्रश्न कर रहे हों कि उनका वनवास क्यों हुआ था ?

पुनः, छंद ३१४, ३१५ की तथा इन छंदों की निम्नलिखित पंक्तियाँ भी तुलनीय हैं :

बिहँसी धनि सुनि कै सत बाता। निस्चै तूँ मोरे रँग राता।
(३१४.१)

बिहँसी धनि सुनि कै सत भाऊ। हौं रामा तूँ रावन राऊ।
(३१५ इ.१)

निस्चै भवँर कँवल रस रसा। जो जेहि मन सो तेहि मन बसा।
(३१४.१)

रहा जो भँवर कँवल की आसा। कस न भोग मानै रस बासा।
(३१५ इ. २)

जब हीरामनि भएउ सँदेसी। तुम्ह हुत मँडप गइउँ परदेसी।
(३१४.३)

जब हुँत कहि गा पंखि सँदेसी। सुनिउँ कि आवा है परदेसी।
(३१५ इ. ४)

बिनु जल मीन तपी तस जीऊ। चातकि भइउँ कहत पिउ पीऊ।
(३१५.२)

तब हुँत तुम्ह बिनु रहै न जीऊ। चातकि भइउँ कहत पिउ पीऊ।
(३१५ इ. ५)

जरिउँ बिरह जस दीपक बाती। पँथ जोवत भइउँ सीप सेवाती।
(३१५.३)

भइउँ चकोरि सो पंथ निहारी। समुँद सीप जस नैन पसारी।
(३१५ इ. ६)

डारि डारि जेउँ कोइलि भई। भइउँ चकोरि नींद निसि गई।
(३१५.३)

भइउँ बिरह दहि कोइलि कारी। डारि डारि जिमि कूकि पुकारी।
(३१५ इ. ६)

अतः इन अतिरिक्त छंदों भी का प्रक्षिप्त होना भली भाँति प्रमाणित है।

(२७) ३३२ अ—यह छंद द्वि० २, ६, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १ में नहीं है। पद्मावती ने इसमें शिव को कलश चढ़ाया है। ऊपर छंद १९१ में पदमावती ने महादेव से कहा था :

'बर सँजोग मोहि मेरवहु कलस जाति हौं मानि।
जेहि दिन इंछा पूजै बेगि चढ़ावहुँ आनि॥'

उसी मनौती का पूर्ति पद्मावती से प्रस्तुत अतिरिक्त छंद में कराई गई है। प्रश्न यह है कि क्या यह पूर्ति कवि द्वारा कराई गई हो सकती है?

इस संबंध में उपर्युक्त मनौती के प्रसंग की निम्नलिखित पंक्तियाँ देखने योग्य हैं :

इंछि इंछि बिनई जसि जानी। पुनि कर जोरि ठाढ़ि भइ रानी।
उतर को देइ देव मरि गएऊ। सबद अकूट मँडप महँ भएऊ।

काटि पबारा जैस परेवा। मर भा ईस और को देवा।...
भल हम आइ मनावा देवा। गा जनु सोइ को मानै सेवा।
को इंछा पूरै दुख खोवा। जोहि मानै आए सोइ सोवा।
(१६२.१-७)

इन कथनों के बाद भी जायसी की पद्मावती ने अपनी मनौती पूरी की होगी, यह संदिग्ध है। इसके अतिरिक्त पूर्वोक्त स्थल पर तो देवता को पद्मावती के दर्शन से प्राण विसर्जन करते हुए दिखाया गया है, और यहाँ वह उसे देख कर हिलता-डुलता तक नहीं। अतः यह छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

इस अतिरिक्त छंद में निम्नलिखित प्रयोग भी चिंत्य हैः 'मँझ', 'दुंदुभि', और 'प्रनाम'। ये रूप ग्रन्थ में अन्यत्र नहीं आते हैं। 'माँझ', और 'दुंदु' रूप तो मिलते भी हैं, 'प्रनाम' का कोई अन्य रूप भी नहीं मिलता।

(२८) ३६१ अ—यह छंद द्वि० २, च० १, पं० १ में नहीं है। पक्षी के द्वारा नागमती ने इस छंद में पद्मावती के पास भी संदेश भेजा है, जिसमें उसने प्रार्थना की है :

अबहुँ मया करु कर जिउ फेरा। मोहि जियाउ कंत देइ मेरा।
(३६१ अ. ६)

किंतु यह प्रार्थना भी पद्मावती को 'बैरिनि' कहते हुए की गई है, यह देखने योग्य है :

सवति न होसि होसि तूँ 'बैरिनि' मोर कंत जेहि हाथ।
आनि मिलाउ एक बेर कैसेहुँ तोर पाय मोर माथ॥

असंगति स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त, न उस पक्षी ने सिंघल पहुँच कर पद्मावती को नागमती का कोई संदेश दिया है, न उससे मिला ही है, और न दोनों सौतों के मिलने पर कहीं इसकी चर्चा आई है। कुछ प्रयोग भी इस छंद में चिंत्य हैं, यथा : 'चैन' और 'मेरा'। ग्रंथ में ये दोनों प्रयोग अन्यत्र नहीं मिलते। अतः यह छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(२९-३१) ३८३ आ, इ, ई—ये छंद द्वि० १, ३, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १ में नहीं हैं। छंद ३८२, ३८३ में यात्रा-विचार सम्बन्धी कुछ बातों का उल्लेख किया गया है। इन अतिरिक्त छंदों में उन्हीं का और विस्तार किया गया है। किंतु छंद ३८३ के अंत में—दिशाशूल और योगिनी चक्रों का अलग-अलग विचार प्रस्तुत करके कहा गया है :

यह गति चक्र जोगिनी बाँचहु जौ चाहहु सिधि होन।

इस शब्दावली से ऐसा लगता है कि उस प्रकरण को समाप्त कर दिया गया है। किंतु इन अतिरिक्त छंदों में छंद ३८२ के विचार भी—किंचित् भेद के साथ—पुनः दुहराए गए हैं, यथा दिशाशूल के सम्बन्ध में :

आदित सूक पछिउँ दिसि राहू। बिहफै दखिन लंक दिसि डाहू।
(३८२.१-२)

सोम सनीचर पुरुब न चालू। मंगर बुध उतर दिषि कालू।
आदित होइ उतर कहँ कालू। सोमकाल बाइब नहिं चालू।
भौम काल पछिउँ बुध निरिता। गुरु दक्खिन औ सुक अगनौता।
पूरुब काल सनीचर बसै। पीठि काल देइ चलै त हँसै।
(३८३ आ. ५-७)

अतः यह स्पष्ट है कि ये छंद भी प्रक्षिप्त हैं।

(३२) ३८५ अ—यह छंद प्र० १, २, द्वि० १, २, ४, ५, ६, ७, तृ० १, ३, पं० १ में नहीं है। इसमें हीरामनि समस्त रानियों, चित्तौर के कुवँरों और सिंघल के भी कुवँरों का रत्नसेन के साथ चित्तौर के लिए प्रस्थान वर्णित है। हीरामनि कथा में पुनः कहीं नहीं आता, सिंघल की रानी के रूप में केवल पद्मावती मिलती है, और सिंघल के कुवँर भी पुनः कहीं नहीं मिलते। इस छंद की कुछ पंक्तियाँ भी इसके अतिरिक्त निरर्थक-सी लगती हैं :

औ जत गवन चार के आथी। (.१)
तहँ पहुँचाइ चले भलि सेवा। (.२)

पुनः चित्तौर के लिए 'देस' शब्द आया है, जो ग्रंथ में अन्यत्र नहीं मिलता है :

जे सब कुवँर 'देस' के अहे। (.५)

इन कारणों से यह छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(३३) ४१८ अ—यह छंद द्वि० ६, च० १ में नहीं है। इसमें पूर्ववर्ती मूल के छंद की ही बातों को कुछ संशोधन-परिवर्धन के साथ दुहराया गया है; और यहाँ भी पद्मावती रत्नसेन के पैरों में पड़ती है :

पाय परी धनि पिय के नैनन्हि सों रज मेटि। (४१८.८)

कै नेउछावरि जीउ उवारी। पायन्ह परी 'घालि गिय' नारी। (४१८अ.३)

किंतु इतना ही नहीं, इस अतिरिक्त छंद में रत्नसेन को भी पद्मावती के पैरों में गिराया गया है :

राजा रोव 'घालि गियँ पागा'। पदुमावति के पायन्ह लागा। (४१८ अ.५)
पद्मावती का रत्नसेन के पैरों में पुनः गिरना, और उससे भी अधिक रत्नसेन का पदमावती के पैरों में गिरना, प्रक्षिप्त ही ज्ञात होता है। 'घालि गियँ' भी इस छंद में एक विचित्र पहेली है—पद्मावती रत्नसेन के पैरों में 'गिय घालि' गिरती है, और रत्नसेन पद्मावती के पैरों में 'गियँ पाग घालि' गिरते हैं। यह प्रयोग ग्रंथ में अन्यत्र नहीं आए हैं, इसलिए चिंत्य हैं।

इस छंद के दोहे में 'मुहम्मद' नाम अवश्य आता है :

'मुहमद' मीत जो मन बसै तेहि मिलाव बिधि आनि।

किंतु अनेक प्रक्षिप्त दोहों में ऐसा हुआ है, यथा :

२२ अ—जो केवल द्वि० १ में है।)

५७६ अ—जो केवल प्र० १, २ में है।

६४८ अ—जो केवल प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १) में है।

६५८ इ—जो केवल प्र० १, २, (तृ० १) में है।

६५३ इ—जो केवल प्र० १, २, द्वि० ७, (तृ० १) में है।

इसलिए यह बात छंद के प्रक्षिप्त प्रमाणित होने में बाधक नहीं होती है।

(३४,३५) ४१८ ई, उ—ये छंद प्र० १,२, द्वि० १,२,३,६,७, तृ० १, ३, च० १, पं० १ में नहीं हैं। इनमें पद्मावती लक्ष्मी से अपना सारा खोया हुआ धन लौटाने को कहती है, जिसे वह नवीन रत्नादि के साथ उसे लौटा देती है। यह विस्तार वर्णित कथा के विरुद्ध है, क्योंकि आगे के ही एक छंद में रत्नसेन कहता है :

राजैं पदुमावति सौं कहा। साठि नाँठि कछु गाँठि न रहा। (४२०.२)

और पद्मावती इसका समर्थन करते हुए कहती है :

अहा दरब तब लीन्ह न गाँठी। पुनि कित मिलै लच्छि जौं नाँठी।
(४२१.२)

अतः यह छंद प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(३६,३७) ४१६ अ, आ—दोनों छंद प्र० १, २ द्वि० ३, ७ में हैं, और द्वि० ४, ५ में इनमें से केवल दूसरा है। पहले छंद में जगन्नाथ जी के मंदिर की परिचर्या तथा प्रसाद के विस्तार हैं, और दूसरे में रत्नसेन के साथी कुवँरों का जगन्नाथपुरी में आ मिलने का वर्णन है।

पहले छंद में कहा जाता है कि एक ही दिन में करोड़ भोग लगते हैं, लाखों व्यंजन बनते हैं और इतना ही नहीं 'लाखन' के साथ 'बहुत अपारा' विशेषण भी प्रयुक्त होता है :

लाखन 'जेंवनं बहुत अपारा।' (.२)

छंद में व्याकरण और भाषा संबंधी और भी विचित्रताएँ हैं। कहा गया है :

जो जन गा सो भोजन 'पावहिं'। सो जेवहिं पड़ि सीस 'चढ़ावहिं'। (.३)

'जो' 'सो' एक वचन कर्त्ता के साथ बहुवचन क्रियाएँ 'पावहिं' 'चढ़ावहिं' हैं। पुनः, कहा गया है :

और बिकाइ जो हाँड़िन्ह ऊँच नीच सब लेइ।
भाँतिन केहु काहु के फोरे टूक टूक 'होइ' 'तेइ'॥

'तेइ'='ते ही' बहुवचन कर्त्ता के साथ 'होइ' एकवचन क्रिया रक्खी हुई है। और, 'जपी' 'तपी' के स्थान पर 'जप' 'तप' आया है :

पहिले भोग गोसाइँ चढ़ावहिं। तेहिं पाछें 'तप जप' सब पावहिं। (.३)

अतः यह नितांत स्पष्ट है कि उक्त छंद प्रक्षिप्त है।

दूसरे छंद में शाब्दिक पुनरुक्तियों की भरमार है : 'बेकारार' के साथ 'बिकल', 'अचेत' के साथ 'चेत नहिं नेकौ', और 'पदुमावति' के साथ 'पदुमिनी' में यह पुनरुक्ति अपनी भद्दगी की पराकाष्टा को पहुँच गई है :

कुँवरन्ह जो बहि घाटन्ह लागे। बहु 'बेकरार' मुए जनु जागे।
'बिकल' 'अचेत' 'चेतनहिं नेकौं'। संग सखा नहिं देखौ एकौ।

सोइ हीरामनि रतन रबि सोइ 'पदुमावति' लाल।
सोइ कुवँर सोइ 'पदुमिनी' सोइ प्रेम प्रतिपाल।

ग्रंथ में अन्यत्र कहीं ऐसी भद्दी पुनरुक्तियाँ नहीं मिलतीं। इसलिए यह छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(३८-४०) ४४५ अ, आ, इ—इन तीन छंदों में से प्रथम और तृतीय द्वि० १, २, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १ में नहीं हैं, और द्वितीय तो द्वि० ३ के अतिरिक्त किसी प्रति में नहीं है।

प्रथम छंद में नागमती और पद्मावती में जो कलह हुआ, उसको केवल शब्दों द्वारा शांत न करके भोजन-शयन आदि के द्वारा रत्नसेन ने शांत किया है। साथ ही इसमें कुछ प्रयोग भी चिंत्य हैं :

सीझी 'पाँच अंब्रित' जेवनारा। औ भोजन छप्पन परकारा। (.३)

'पंचामृत' का भोजन से कोई संबंध नहीं रहा है।

हुलसीं सरस खजहजा खाईं। भोग करत 'बिहसीं' 'रहसाईं'। (.४)

'रहसा कर' = 'आनंदित होकर' 'बिहँसना' की परस्पर असंगत लगते हैं।

सभा सो सबै सुभर मन कहा। सोई अस जो गुरु भल कहा। (.७)

इस पंक्ति का कोई अर्थ—कोई संगति—नहीं ज्ञात होता है। इस पंक्ति का एक पाठांतर यह भी है :

एकेक रैनि देइ रति दानू। दुहुँ क सँतोष रहस सनमानू।

पुरुषों के लिए 'रतिदान' देना भी प्रयोग-सम्मत नहीं ज्ञात होता है।

द्वितीय छंद में केवल पद्मावती और नागमती की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए उनके संग में रत्नसेन के एक वर्ष व्यतीत करने का उल्लेख किया गया है। इस छंद की प्रायः सभी पंक्तियों में निरर्थक शब्दों की पुनरावृत्ति और भरमार है :

पदम नाग पदम अंग सुहाए। चँदन मलैगिरि अंग लगाए। (.२)
पदम पदारथ पदिक नवेलीं। कारी सैन बनी अलबेली। (.३)
गोरी साँवरि नवल सलोनी। कोकिल चातक कंठ बिलोनी। (.४)
छह रितु बारह मास गँवाने। पदम नाग कर आरस माने। (.७)

पुहुप बास रस माहँ भरि जोवन सीस सुगंध। (.६)

तृतीय छंद में पद्मावती और नागमती के एक-एक पुत्र कवँलसेन और नगसेन के उत्पन्न होने और उनकी जन्मपत्री के फलादि सुनने का उल्लेख है। इन दोनों पुत्रों का यहाँ के अतिरिक्त संपूर्ण कथा में नाम तक नहीं आया है। इसके अतिरिक्त इसमें अनेक चिंत्य प्रयोग भी हैं :

कहेन्हि बड़े दोउ राजा होहीं। ऐसे पूत होहिं सब 'तोहीं'।

'तोहीं' किसके लिए है—पद्मावती के लिए या नागमती के लिए ? या रत्नसेन के लिए, जो छंद में कहीं नहीं आता है ?

नवौ खंड के राजन्ह 'जाहीं'। औ किछु दुंद होइ दल माहीं।

'जाहीं' के क्या अर्थ हैं, और 'दल' किसका है, यह भी ज्ञात नहीं होता है।

खोलि भँडारहि दान देवावा। 'दुखी' सुखी करि 'मान बढ़ावा'।

'दुखी' एकवचन से 'दुखियों' का अर्थ नहीं लिया जा सकता, फिर दुखियों के 'मान बढ़ाने' का क्या अर्थ है ?

फलतः ये तीनों छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होते हैं।

(४१) ४४७ अ—यह छंद द्वि० १, २, ४, ५, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १ में नहीं है। राघवचेतन ने अमावस्या को द्वितीया बता कर चंद्रदर्शन करा दिया है। उसी के संबंध में इस छंद में पंडितों का कथन है कि यह

चंद्रमा केवल सात कोस तक दिखाई पड़ता है, आगे नहीं, और इसकी जाँच सरलता से की जा सकती है, यदि चारों ओर घुड़सवार भेजे जावें जो सात कोस की सीमा के बाहर जाकर देख आवें। ऐसा ही किया जाता है, और पंडितों का कथन सत्य निकलता है। इस छंद में भी अनेक चिंत्य प्रयोग हैं :

पवन पाव जो तुरै पलानहु। चहूँ ओर असवार 'धवावहु'। (.३)
चहूँ ओर असवार 'धवाए'। एक निमिष महँ देखत आए। (.४)
दुइजि क चाँद छीन 'सब' चीन्हा। 'झूठा' झूठ 'फूर' फुर कीन्हा।

'धवाना' ग्रंथ भर में कहीं अन्यत्र नहीं आया है। 'सब ने' के अर्थ में 'सब' का प्रयोग शुद्ध नहीं ज्ञात होता है, अन्यत्र 'सबहिं' आया है, यथा :

सबहिं सराहा सिंघलपुरी। (२७२.७)

'झूठा' और 'फूर' भी कर्म के रूप नहीं हैं। 'फुर' का 'फूर' करना भी जायसी की भाषा-संबंधी प्रवृत्तियों के अनुरूप नहीं ज्ञात होता—उसमें कुछ भोजपुरी की प्रवृत्ति दिखाई पड़ती है।

इन कारणों से यह छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(४२,४३) ४४८ अ, आ—ये छंद द्वि० १, २, ४, ५, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १ में नहीं हैं। इन दोनों छंदों में राघवचेतन ने रत्नसेन को एक और चमत्कार दिखाया है। वह प्रलय का दृश्य प्रस्तुत करता है, जो क्षण भर रहता है, और पुनः उसका जल तक नहीं दिखाई पड़ता है :

राघौ अैस दिस्टिबँध खेला बहुरि न देखा नीर।

राघव का यह चमत्कार दिखाना—चंद्रदर्शन वाले चमत्कार-प्रदर्शन के अनंतर—अपने विरोधी पंडितों के कथन को स्वतः प्रमाणित करना और अपने लिए निर्वासन बुलाना था, क्योंकि पंडितों ने चंद्रदर्शन संबंधी विवाद के प्रसंग में असत्य पक्ष वाले को निर्वासन मिलने की बाज़ी ही लगाई थी :

तेहि बर भए पैज कै कहा। झूठ होइ सो देस न रहा। (४४७.७)

भाषा और प्रयोग संबंधी विचित्रताएँ इसमें भी प्रकट हैं; यथा :

'अति परलौ' आवा। (४४८ आ. २)
बूड़हिं हय 'फरकत' सिर काढ़े। (४४८ आ. २)
'गोतें' खाहीं। (४४८ आ. ३)
बूड़हिं कोट बुरुज 'घहराने'। (४४८ आ. ४)
बूड़ नगर सब 'जलहर' छावा। (४४८ आ. ५)

राघौ अैस 'भगल' देखरावा। (४४८ अा. ५)
चढ़ि पंडित लिहे 'वीर'। (४४८ अा. ६)

अतः ये दोनों छंद भी स्पष्ट रूप से प्रक्षिप्त ज्ञात होते हैं।

(४४) ४८४ अ—यह छंद द्वि० १, २, ४, ५, ६, ७, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १ में नहीं है। इसमें पद्मावती के शरीर का वर्णन है। उसकी उपमा कमल से दी गई है। शरीर के वर्ण का उल्लेख पद्मावती की समस्त रूप-चर्चा के प्रारंभ में ही है (छंद ४६८), और इन प्रतियों में भी वह स्थल निरपवाद रूप से मिलता है। फलतः इस अतिरिक्त छंद में पुनरुक्ति प्रकट है, और यह छंद प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(४५) ५२८ उ—यह छंद केवल तृ० १ में नहीं है, शेष समस्त प्रतियों में है। किंतु इसमें मूल पाठ के पूर्ववर्ती छंद ५२८ की कतिपय पंक्तियों की पुनरावृत्ति मिलती है :

छइउ राग गाए भल गुनी। औ गाईं छत्तिस रागिनी। (५२८.५)
छइउ राग नाची पातुरिनी। पुनि तिन्हके लीन्हेसि रागिनी। (५२८उ.१)

रागों के गाए जाने के स्थान पर उनका नृत्य करना अवश्य इस छंद में विशेष ,है किंतु यह उसी प्रकार कदाचित् अज्ञतापूर्ण भी है। पुनः इसमें छत्तीस रागिनियों के भी नृत्य का विस्तार किया गया है, किंतु नाम उनमें से कुछ ही के दिए गए हैं। इस सबके अतिरिक्त इसमें भरती के शब्दों, और व्याकरण-असंमत प्रयोगों की भी भरमार है :

भा कल्यान कान्हरा 'कीन्हे'। केदारा बिहागरा 'लीन्हे'।
ललित बंगाला गावहिं 'सोई'। आसावरी भएउ 'सब कोई'।
धनासरी सूहौ सो 'कीन्हे'। भएउ बेलावल मारू 'लीन्हे'।
(५२८ उ. २, ३, ४)

अतः यह छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(४६) ५३४ अ—यह छंद केवल द्वि० १ और तृ० २ में है, शेष प्रतियों में नहीं है। इसमें पूर्ववर्ती तथा परवर्ती छंदों की बातें दुहराई गई हैं, यथा :

जो दै गिरहिनि राखत जीऊ। सो कस आहि निपुंसक पीऊ। (५३४.७)
जो धरनी दैकै घर राखा। पुरुष न कहिअ निपुंसक भाषा। (५३४ अ.३)
भलेहिं साह पुहुमी पतिभारी। माँग न कोइ पुरुष कै नारी। (४८६.३)
दान मान सुमिरत संसारा। माँग न कोइ पुरुष कै दारा। (५३४ अ.२)

दरब लेइ तौ मानौं सेव करौं गहि पाउँ। (४६१.८)

औं यह बचन तौ माथें मोरें। सेवा करौं ठाढ़ कर जोरें। (५३६.४)

जाँवत कहिश्र सेव सेवकाई। ताँवत करौं माँथ भुइँ लाई।

अरथ दरब औ हस्ति तोखारा। रतन पदारथ देहुँ भँडारा।

देस कोस औ राज दोहाई। जो माँगै सो देउँ सबाई।

औ कर जोरे सेवा सारौं। पै एक घरनी देइ न पारौं।

जहँ लगि लच्छि परापति राज काज ब्योहार।

सब पाएन्ह तर वारौं जो रे अरथ भँडार॥ ५३४ अ॥

फलतः यह छंद स्पष्ट ही प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(४७-४६) ६११ अ, आ, इ—ये छंद केवल तृ० २ में हैं, और किसी प्रति में नहीं हैं। इनमें पद्मावती और गोरा-बादिल के संवाद का वह अंश कुछ और खींचा गया है, जिसमें पद्मावती की ओर से साधुवाद और गोरा-बादिल की ओर से उसके संबंध में स्वामिभक्ति के कथन हैं। इनमें कुछ पंक्तियाँ अन्य छंदों से प्रायः ज्यों की त्यों ले ली गई हैं :

हौं सेवक तुम्ह आदि गोसाईं। सेवा करौं जिऔं जब ताईं। (२७०.५)

हम सेवक तुम्ह दोइ गोसाईं। अस्तुति कौन करौं कहँ ताईं। (६११अ.१)

सत्त जहाँ साहस सिधि पावा। औ सतवादी पुरुष कहावा। (६२.४)

साहस सिउँ लच्छन सिधि होई। साहस करत न बहुरै कोई।

साहस करत अहो मोहि ताईं। सिधि अब तुमही देउ गोसाईं।

साहस जहाँ सिद्धि तहँ लच्छन देखहु बूझि। ६११ इ।

तुम्ह चिरजिवहु जौ लहि महि गगन औ जौ लहि हम आउ। (३७६.८)

तुम्ह जिअ जौ लहि सेस औ धुवहू अचल अडोल। (६११ अ. ८)

और निम्नलिखित पंक्ति जो समस्त प्रतियों में—और इन अतिरिक्त छंदों की प्रतियों में भी—६०७.७ है, ज्यों की त्यों इस अतिरिक्त छंद-समूह में आई है :

उलटि बहा गंगा कर पानी। सेवक बार आइ जो रानी।

प्रयोगों की दृष्टि से भी नीचे की पंक्तियों के चिह्नित पद चिंत्य हैं, पूरे ग्रंथ में ये अन्यत्र नहीं मिलते :

तुम्ह परसाद बिधि कीन्ह 'परारा'।

माथें छत्र सोहाग का बिहँसि चेरि 'कल्लोल'।

सेवा लागि जीव पर 'खेवा'।

यह जिउ नेवछावरि 'पहिं रानी'।

जुग जुग जगत 'राज राजधानी'।
जुग जुग नाथ आव तुम्ह राज साज सुख 'भेव'।
बिधि 'प्रसाद' आवै घर सोई।

अतः इन छंदों का भी प्रक्षिप्त होना प्रकट है।

(५०) ६२६ अ—यह छंद द्वि० १, २, ४, ५, ६, तृ० १, २, ३, च० १, पं० १ में नहीं है। इसमें रत्नसेन का पीछा करती हुई अलाउद्दीन की सेना को रोकने के विषय में गोरा के पौरुषपूर्ण वाक्यों का विस्तार किया गया है। इसमें पूर्ववर्ती छंद के दोहे की प्रतिच्छाया दिखाई पड़ती है :

होइ नलनील आजु हौं देहुँ समुद्र महँ मेड़।
कटक साहि कर टेकौं होइ सुमेर रन बेंड़॥ ६२६॥

आजु सुमेर होइ रन कोपौं। आजु समुँद अगस्ति होइ रोपौं। (६२६अ.७)

इस अतिरिक्त छंद में भी ऐसे प्रयोगों की भरमार है जो ग्रंथ में अन्यत्र नहीं मिलते :

बंदि हौं ताहि 'छड़ेहै' ठाऊँ। (.१)
आजु 'दुसहस' बाहु बल बाढ़ा। (.२)
आजु हनुवँत होइ 'मारौं हाँका'। (.३)
रसना 'सेर' सहज जनु ताका। (.३)
मारि साहि कौ घालौं 'कीसा'। (.४)
जीतौं साहि अलावदि 'कीता'। (.५)
भारत माहँ 'करौं सिव माला'। (.६)
आनि बिआहौं दल दलौं सीस सामि के 'काम'। (.६)

फलतः यह छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(५१) ६३७ अ १—यह छंद द्वि० १,२,३,४,५,६,७, तृ० २,३, च० १, पं० १ में नहीं है, और तृ० १ में भी बाद को जोड़े गए अंश में है। इसमें गोरा के रणक्षेत्र में मारे जाने के बाद उसके भाँट दलपति और सरजा के खवास अख्तियार के परस्पर वीरता-पूर्वक लड़-मरने का वर्णन है। इसमें भी अनेक प्रयोग ऐसे हैं जो ग्रंथ में अन्यत्र नहीं आते हैं, यथा :

तुरुक कहै गोरा सिर काटा। मारौं ताहि 'सीस लहु फाटा'। (.४)
जेहि क सामि सरजा अस जूझै। तेहि कहँ जिअन कौन बिधि 'जूझै'। (.६)
अखतियार सरजा क खवासू। एकै तेग 'गनै रन तासू'। (.७)

'दबदबाइ' दलपति कहँ दौरे 'लटपटाइ' रहे खेत।
सामि काज जूझे दोउ 'कै राता मुख सेत' ॥ ६३७ अ१ ॥

अतः यह छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

(५२) ६४७ अ१—यह छंद केवल द्वि० १ तथा (तृ० १) में पाया जाता है, शेष किसी प्रति में नहीं है। यह अतिरिक्त छंद रत्नसेन की मृत्यु पर उसकी महानता-द्योतन के लिए रक्खा गया है। इसमें भी अनेक प्रयोग ऐसे हैं जो ग्रंथ में अन्यत्र नहीं पाए जाते हैं, यथा :

आजु सीस कै 'टरि गइ रती'। (.१)
आजु चतुर्भुज 'चकता करौं'। आजु चलाए 'सदना सरौ'। (.४)
आजु सुमेर डोल 'भा हाला'। आजु 'तयार होइ' धौं काला। (.५)
आजु पतन 'औ होइहि कटा'। (.७)
आजु महा परलौ भा आजु जगत जनु 'मेंट'। (.८)

इसलिए यह छंद भी प्रक्षिप्त ज्ञात होता है।

विभिन्न प्रतियों में प्राप्त प्रक्षिप्त छंदों की तालिका नीचे दी जाती है।

पं० १—१५६ अ, १८० अ, ५२८ उ

च० १—६० अ, १८० अ, ३२५ अ, ५२८ उ

तृ० १—६० अ, १५६ अ, १८० अ, २६२ अ, २६३ अ १, २६८ इ, ई, उ, ३६१ अ, ४१८ अ

तृ० २—६० अ, ६१ अ, आ, ८६ अ, ६० अ, १५६ अ, ३६१ अ, ३८५ अ, ४१८ अ, अ १, आ, इ, ई, उ, ५२८ उ, ५३४ अ, ५५४ अ, ६११ अ, आ, इ, ६२६ अ१, आ१, ६३७ अ, आ, इ

तृ० ३—६० अ, १५६ अ, १६८ अ, १८५ अ, २३१ अ, २६२ अ, २६८ अ, इ, ई, उ, २७४ अ, २८४ अ, आ, इ, २८८ अ, आ, ३१५ अ, आ, इ, ३१८ अ, आ, ३६१ अ, ४१८ अ, ५२८ उ

द्वि० १—२२ अ, १५६ अ, १८० अ, १८५ अ१, २६४ अ३, आ, इ, ई, उ, ३६१ अ, ४१८ अ, ५२८ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ५२६ अ, आ, इ, ५३४ अ, ६४७ अ१

द्वि० २—१५६ अ, १८० अ, २६२ अ, आ, २६४ आ, अ २, २६८ अ, इ, ई, उ, अ१, २७४ अ, आ, २८४ अ, आ, इ, २८७ अ, २८८ आ, ३१५ अ, आ, इ, ३८३ आ, इ, ई, ४१८ अ, ५२८ उ

द्वि० ३—६० अ, १५६ अ, १५८ अ, १६३ अ, १८० अ, २३१ अ, २६२ अ, आ, इ, २६४ अ, आ, २६८ अ, इ, ई, उ, २७४ अ, २८८ अ, आ, २८६ अ१, ३३२ अ, ३६१ अ, ३८५ अ, ४१८ अ, ४१६ अ, आ, ४४५ अ, आ, इ, ४४७ अ, ४४८ अ, आ, ४४६ अ१, ४७४ अ, ४८४ अ, ४६६ अ, ५२८ उ, ५७४ अ, ६२६ अ, ६३७ अ १

द्वि० ४—१२५ अ, १३३ अ, १४८ अ, आ, १५६ अ, १८० अ, १८५ अ, २६२ अ, आ, इ, २६८ अ, आ, इ, ई, उ, २७४ अ, २८४ अ, आ, इ, २६३ अ, ३१५ अ, आ, इ, ३१६ अ, ३३२ अ, ३६१ अ, ३८३ अ, आ, इ, ई, ४१८ अ, ई, उ, ४१६ आ, ४२६ अ, ४४५ अ, इ, ४६८ अ, ५२८ उ, ५७४ अ, ५८३ अ, आ, इ, ५६३ अ१, ६०३ अ, ६११ अ१

द्वि० ५—१२५ अ, १३३ अ, १४८ अ, आ, १५६ अ, १६३ अ, १८० अ, १८५ अ, २३१ अ, २३८ अ, आ, २६२ अ, आ, इ, २६८ अ, आ, इ, ई, उ, २७४ अ, २८४ अ, आ, इ, ३१५ अ, आ, इ, ३१६ अ, ३३२ अ, ३६१ अ, ३८३ अ, आ, इ, ई, ४१८ अ, ई, उ, ४१६ आ, ४२६ अ, ४४५ अ, इ, ४६८ अ, ५२८ उ, ५७४ अ, ५८३ अ, आ, इ, ५६३ अ१, ६०३ अ, ६११ अ१

द्वि० ६—१५६ अ, १८० अ, १८५ अ, २३१ अ, २६२ अ, २६८ अ, आ, इ, ई, उ, २७४ अ, २८४ अ, आ, इ, २८८ अ, आ, २६३ अ, ३१५ अ, आ, इ, ३१६ अ, ३६१ अ, ३८३ आ, इ, ई, ४२६ अ, ४४५ अ, इ, ४४७ अ, ४४८ अ, आ, ४६१ अ, ४६८ अ, ४६६ अ, ५०० अ, ५२८ उ, ५७४ अ, ५८३ अ, आ, इ, ६०३ अ, ६११ अ१, ६२६ अ, आ, इ ई, उ, ऊ, ६२६ अ, ६४० अ, आ, इ, ६४१ अ, ६४४ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, अं, अः, ६४५ अ, आ, ६४६ अ, ६४८ अ

द्वि० ७—११८ अ, १६३ अ, १८० अ, १८५ अ, २७३ अ, आ, २७४ अ, ३३२ अ, ३६१ अ, ३८३ आ, इ, ई, ४१८अ, ४१६ अ, आ, ४२६ अ, ४४५ अ, इ, ४४७ अ, ४४८ अ, आ, ४६१ अ, ४६८ अ, ४६६ अ, ५०० अ, ५२८ उ, ५७४ अ, ५७६ अ१, ५८३ अ, आ, इ, ६०३ अ, ६११ अ१, ६२६ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ६२६ अ,

६४० अ, आ, इ, ६४१ अ, ६४४ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः, ६४५ अ, आ, ६४८ अ, ६४६ अ, ६५० अ, ६५१ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ औ, अं

प्र० १—६० अ१, ६० अ२, ६४ अ, आ, ११८ अ, १३३ अ, १५६ अ, १६३ अ, १८० अ, १८५ अ, २३८ अ, आ, २६२ अ, २८४ अ, आ, इ, २८६ अ, ३३२ अ, ३६१ अ, ३८३ आ, इ, ई, ३८८ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ४०२ अ, ४१८ अ, ४१६ अ, आ, ४२५ अ, आ, ४२६ अ, आ, ४४५ अ, इ, ४४६ अ, आ, इ, ई, ४४७ अ, ४४८ अ, आ, ४४६ अ, आ, इ, ई, उ, ४६१ अ, ४८४ अ, ४६४ अ, आ, ४६६ अ, ५०० अ, ५०२ अ, ५०३ अ, आ, इ, ई, ५२८ उ, ५३३ अ, आ, ५३७ अ, आ, इ, ई, ५५१ अ, ५७४ अ, ५७६ अ, आ, इ, ई, उ, ५८३ अ, आ, ई, ५६३ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ६०० अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ६०३ अ, ६०८ अ, आ, इ, ६११ अ१, ६१६ अ, ६२१ अ, ६२६ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ६२६ अ, ६३७ अ१, ६४० अ, आ, इ, ६४१ अ, ६४४ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः, ६४५ अ, आ, ६४६ अ, ६४७ आ, इ, ६४८ अ, ६५० अ, ६५१ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, ६५१ अ १, ६५२ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ

प्र० २—६० अ१, अ२, ६४ अ, आ, ११८ अ, १६३ अ, १८० अ, १८५ अ, ३३२ अ, ३६१ अ, ३८३ आ, इ, ई, ३८८ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ४०२ अ, ४०४ अ, ४१८ अ, ४१६ अ, आ, ४२५ अ, आ, ४२६ अ, आ, ४४५ अ, इ, ४४६ अ, आ, इ, ई, ४४७ अ, ४४८ अ, आ, ४४६ अ, आ, इ, ई, उ, ४६१ अ, ४६६ अ, ४८४ अ, ४६४ अ, आ, ४६६ अ, ५०० अ, ५०२ अ, ५०३ अ, आ, इ, ई, ५२८ उ, ५३३ अ, आ, ५३७ अ, आ, इ, ई, ५५१ अ, ५७४ अ, ५७६ अ, आ, इ, ई, उ, ५८३ अ, आ, इ, ५६३ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ६०० अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ६०३ अ, ६०८ अ, आ, इ, ६११ अ१, ६१६ अ, ६२१ अ, ६२६ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ६२६ अ, आ, ६३७ अ१, ६४० अ, आ, इ, ६४१ अ, ६४४ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः, ६४५ अ, आ, ६४६ अ, ६४७ अ, आ, इ,

६४८ अ, ६५० अ, ६५१ अ, अ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, ६५१ अ१, ६५२ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ

(तृ० १)—१३३ अ, ५८३ अ, आ, ई, ६२६ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ६३७ अ१, ६४० अ, आ, इ, ६४१ अ, ६४७ अ१, ६४८ अ, ६५० अ, ६५१ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, ६५१ अ१, ६५२ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ (यह ध्यान देने योग्य है कि ६४७ अ १ के अतिरिक्त ये सभी प्रक्षिप्त छंद प्र० १ में, और उसके तथा १३३ अ के अतिरिक्त सभी प्रक्षिप्त छंद प्र० २ में मिल जाते हैं।)

यदि सम्यक् रूप से व्यक्त करना चाहें, तो 'पदमावत' की उपर्युक्त विभिन्न प्रतियों के प्रक्षेप-सम्बन्ध को हम अन्यत्र प्रदर्शित चित्र द्वारा व्यक्त कर सकते हैं। यह देखने की आवश्यकता है कि विभिन्न प्रतियों का यह प्रक्षेप-सम्बन्ध कितना उलझा है। इतना उलझा हुआ प्रक्षेप सम्बन्ध बहुत कम ग्रंथों का मिलेगा। इस उलझन का कारण यह है कि 'पदमावत' की प्रतियों में आदान-प्रदान मुख्यतः प्रक्षेप के क्षेत्र में बहुत पहिले से और बहुत अधिक होता आया है।

सुगमता के लिए किंचित् स्थूल रूप से उपर्युक्त प्रक्षेप-संबंध को हम इस प्रकार भी प्रस्तुत कर सकते हैं :

और इस चित्र के अनुसार विभिन्न प्रतियों को हम निम्नलिखित पीढ़ियों में बाँट सकते हैं :

(१) पं० १, च० १, तृ० १, तृ० २, तृ० ३
(२) द्वि० १, २, ३
(३) द्वि० ६, ७, ४, ५
(४) प्र० १, २

प्रथम पीढ़ी की प्रतियाँ प्रायः स्वतंत्र प्रक्षेप-परम्परा में हैं। दूसरी पीढ़ी की प्रतियाँ अमिश्रित अथवा मिश्रित किंतु प्रथम पीढ़ी की प्रतियों की प्रक्षेप-परम्परा में है। तीसरी पीढ़ी की प्रतियाँ दूसरी पीढ़ी की प्रतियों की अमिश्रित अथवा मिश्रित प्रक्षेप-परम्परा में हैं। चौथी पीढ़ी की प्रतियाँ, इसी प्रकार, तीसरी पीढ़ी की प्रतियों की प्रक्षेप-परम्परा में हैं।

कहने की आवश्यकता नहीं कि सब से अधिक महत्त्व की प्रतियाँ यहाँ भी प्रथम पीढ़ी की हैं; वे प्रायः स्वतंत्र हैं, और मूल के निकटतम हैं। उनके अनंतर महत्त्व की प्रतियाँ दूसरी पीढ़ी की हैं। तीसरी पीढ़ी की प्रतियाँ अपेक्षाकृत बहुत कम महत्त्व की हैं, और इसी प्रकार चतुर्थ पीढ़ी की प्रतियाँ प्रायः महत्त्वहीन हैं।

यह ध्यान दिलाना आवश्यक होगा कि प्रक्षेप-संबंध पाठ-निर्धारण में उतना निर्णयात्मक नहीं होता जितना प्रतिलिपि-संबंध हुआ करता है, इसीलिए संपादन-शास्त्र में प्रतिलिपि-संबंध को 'मुख्य संबंध' और प्रक्षेप-संबंध को 'गौण संबंध' कहा गया है। किन्हीं दो प्रतियों का प्रक्षेप-संबंध सिद्ध केवल इतना करता है कि प्रक्षेप के आदान-प्रदान के संबंध में दोनों परस्पर आबद्ध हैं, यद्यपि वह इस बात की संभावना अवश्य सामने रखता है कि उनमें ग्रंथ के सामान्य पाठ के संबंध में भी आदान-प्रदान हुआ होगा।

ऊपर प्रतिलिपि-संबंध के अनुसार जो पीढ़ियाँ हमने निर्धारित की हैं, उनसे तुलना करने पर ज्ञात होगा कि यहाँ प्रक्षेप-संबंध के अनुसार जो पीढ़ियाँ हमने निर्धारित की हैं, वे बहुत कम भिन्न हैं। मुख्य भेद यही है कि प्रक्षेप-परम्परा की तीसरी पीढ़ी की द्वि० ६ प्रतिलिपि परम्परा की चौथी पीढ़ी में है। ऐसे भेद की अवस्था में सामान्यतः नीचे वाली पीढ़ी ही अधिक मान्य होनी चाहिए।

६. प्रतियों का पाठांतर-संबंध

विभिन्न प्रतियों में ऐसे भी पाठांतर मिलते हैं, जिनकी प्रामाणिक होने की असंभावना उतनी स्वतःसिद्ध नहीं है जितनी प्रतिलिपि-संबंध स्थापित करने वाले पाठांतरों की हमने ऊपर देखी है। ऐसी दशा में उनके

आधार पर प्रतियों का पाठ-संबंध तभी माना जा सकता है जब अशुद्धि-साम्य के ये स्थल बहुतायत से हों, और अशुद्धियाँ यदि सर्वथा कवि द्वारा असंभव नहीं तो कम संभव अवश्य मानी जा सकें। नीचे इसी प्रकार के पाठांतरों का विवेचन किया जा रहा है।

(१) १३.७ निर्धारित पाठ है: 'औ अति गरू पुहुमिपति भारी। टेकि पुहुमि सब सिस्टि सँभारी।' प्र० १, द्वि० ७, तृ० २ में इसके स्थान पर है: 'ओही सकइ पुहुमिपति भारी। पुहुमिभार सब लीन्ह सँभारी।' इस पाठांतर का प्रथम चरण अर्थहीन ज्ञात होता है।

(२) ३१.७ निर्धारित पाठ है: 'कनक पंखि पैरहिं अति लोने। जानहुँ चित्र सँवारे सोने।' द्वि० ५, च० १ में इसके स्थान पर है: 'खनि पतार पानी तेहिं काढ़ा। खीर समुँद निकसा हुत बाढ़ा।' इस छंद में सिंघल के सरोवर—मानसरोवर का वर्णन किया गया है। उसके जल के विषय में छंद की प्रथम तथा द्वितीय पंक्तियों में इस प्रकार कहा गया है:

मानसरोदक देखिअ काहा। भरा समुँद अस अति औगाहा।
पानि मोति अस निरमर तासू। अंब्रित बानि कपूर सुबासू।

बाद की पंक्तियों में उक्त सरोवर के घाटों, उनकी सीढ़ियों, सरोवर में खिले हुए कमलों, सरोवर में होने वाले मोतियों, और उनको चुगने वाले हंसों का वर्णन है। इन सब वर्णन के अनंतर पुनः सरोवर के जल के वर्णन के लिए लौटना, और प्रायः उन्हीं शब्दों में जिन शब्दों में छंद के प्रारम्भ में उसका वर्णन किया गया है कवि-सम्मत नहीं ज्ञात होता है; उससे कहीं अधिक कवि-सम्मत हंसों के वर्णन के अनंतर अन्य सरोवर के पक्षियों का वर्णन ज्ञात होता है।

(३) ६३.५ निर्धारित पाठ है: 'सँवरिहि साँवरि गोरिहि गोरी। आपनि आपनि लीन्हि सो जोरी।' प्र० १, २, तृ० १ में इस पंक्ति के दूसरे चरण के स्थान पर है: 'जो जेहि जोग सो तेहि कर जोरी।' पुलिङ्ग संबंधवाचक चिह्न 'कर'='का' स्त्रीलिंग संज्ञा 'जोरी'='जोड़ी' के साथ नहीं लग सकता। इसके अतिरिक्त पाठांतर को स्वीकार करने पर वाक्य में क्रिया का सर्वथा अभाव हो जाता है। और='कर' का अर्थ यदि 'हाथ' लिया जावे, तो 'कर जोरी'='हाथ जोड़कर' प्रसंग में अर्थहीन होता है।

(४) ६४.५ निर्धारित पाठ है: 'नैन सीप आँसुन्ह तस भरे। जानहुँ मोति गिरहिं सब ढरे।' दूसरे चरण का पाठ द्वि० २, तृ० २ में है: 'सीपि फूटि जिमि मोती झरे।' 'नैन सीप' में आँसू 'तस'='इस प्रकार' 'भरे'=

'आए' के 'तस' का उत्तर निर्धारित पाठ में ही मिलता है, द्वि० २, तृ० २ के पाठ में नहीं। और, इसके अतिरिक्त 'सीप के फूटने' में आँखों के फूटने की भी व्यंजना हो सकती है, जो कवि-अभीष्ट नहीं हो सकती।

(५) १४३.५ निर्धारित पाठ है : 'अब एहि समुँद परौं होइ मरा। पेम मोर पानी कै करा।' द्वि० ४, ६ में दूसरे चरण का पाठ है 'मुए केर पानी का करा।' किंतु पाठांतर में 'करा' 'किया' के अर्थ में आया है, जो व्याकरण के अनुसार अशुद्ध है, और कवि के प्रयोगों के भी विरुद्ध है। 'करा' शब्द ग्रंथ के बहु-प्रयुक्त शब्दों में से है, किंतु सर्वत्र 'कला' के लिए वह प्रयुक्त हुआ है, 'किया' के लिए नहीं।

(६) १७४.२ निर्धारित पाठ है : 'नींद भूख अह निसि गे दोऊ। हिए माँझ जस कलपै कोऊ।' द्वि० १, ५, तृ० २, ३ में द्वितीय चरण का पाठ है : 'सेज केवाँछ लाव जनु सोऊ।' नींद के लिए तो प्रथम चरण में कहा ही जा चुका है, वह 'सोऊ' कौन है जो सेज में 'केवाँछ' लगाता है, यह स्पष्ट नहीं है।

(७) २२१.६ निर्धारित पाठ है : 'गढ़ कै गरब खेह मिलि गए। मंदिल उठहिं ढहहिं भै नए।' द्वि० ४, ५, ६, तृ० ३ में इसके स्थान पर हैं : 'जो गरुए गढ़ जाँवत भए। जो गढ़ गरब करहिं ते गए।' दोनों पाठों के द्वितीय चरण प्रायः समान हैं, किंतु पाठांतर के प्रथम चरण का पाठ भी द्वितीय चरण से ही लिया गया प्रतीत होता है, और वाक्य-विन्यास की दृष्टि से पाठांतर का पाठ अपूर्ण और निरर्थक है।

(८) २६४-१-२ निर्धारित पाठ है : 'जोगी न होहि आहि सो भोजू। जानै भेद करै सो खोजू। भारथ होइ जूझ जौं ओधा। होहिं सहाय आइ सब जोधा।' द्वि० ३, ६, तृ० १, ३ में पाठ है: 'भाँट मेस ईसुर जब भाषा। हनुवँत बीर रहै नहिं राखा। लीन्हि चूरि ओइ ततखन सूरी। धरि मुख मेलेसि जानहुँ मूरी।' 'लीन्हि' और 'मेलेसि' क्रियाओं के रूपों में वैषम्य प्रकट है। 'मेलेसि' के साथ सुगमता से 'लीन्हेसि' अथवा 'लीन्हि' के साथ उसी प्रकार 'मेली' पाठ रक्खा जा सकता था। इसके अतिरिक्त जब शूली को हनुमान जी ने इस प्रकार मुँह में रख लिया, तब तो गंधर्वसेन को समझ आ जानी चाहिए थी। किंतु प्रकरण में कथा इसके बिलकुल विपरीत है।

(९) २६४.८-९ निर्धारित पाठ है : 'बोला भाँट नरेस सुनु गरब न छाजा जीवँ। कुंभकरन की खोपरी बूड़त बाँचा भीवँ।' इसके स्थान पर द्वि० ६,

तृ० ३ में हैं: 'ताबों को सरवरि करै अरे अरे झूठे भाँट। छार होसि जौ चालौं गज हस्तिन्ह के ठाट।' विवेचनीय पंक्तियों के पूर्व गंधर्वसेन की गर्वोक्तियों की पंक्तियाँ हैं, जिनमें से अंतिम है: 'चहौं तो सब भाँगौ धरि केसा। और को कीट पतंग नरेसा।' आगे के छंद में भाँट द्वारा दिया हुआ इस गर्वोक्ति का उत्तर है, और उसकी पहली पंक्ति है: 'रावन गरब बिरोधा रामू। औ ओहि गरब भएउ संग्रामू।' इन दोनों पंक्तियों के बीच कहीं न कहीं यह आना चाहिए कि गंधर्वसेन की बातों के उत्तर में भाँट ने कहा। निर्धारित पाठ में यह आता है, और पाठांतर में नहीं आता। इसके अतिरिक्त पाठांतर के पाठ में भरती के शब्द आए, हैं और शब्दोंकी पुनरावृत्ति भी है: 'अरे अरे' और 'गज हस्तिन्ह' उनके ज्वलंत उदाहरण हैं।

(१०) २६५.१ निर्धारित पाठ है: 'भै अग्याँ को भाँट अभाऊ। बाएँ हाथ देइ बरम्हाऊ।' इसके स्थान पर द्वि० ३,६, तृ० ३ में है 'अनरथ होइ रे भाँट भिखारी। का तूँ मोहिं देसि असि गारी।' इसके पूर्व भाँट का कथन आया है। उसे सुन कर राजा ने यह कहना आरम्भ किया है, इस प्रकार का उल्लेख प्रसंग में आवश्यक है। निर्धारित पाठ के 'भै अग्याँ' द्वारा यही उल्लेख हुआ है, और पाठांतर में इस प्रकार की कोई शब्दावली नहीं है। इसके अतिरिक्त पाठांतर में राजा से जो यह कहलाया गया है कि भाँट ने उसे गाली दी है, वह भी किसी अर्थ में ठीक नहीं माना जा सकता।

(११) २६५.२ निर्धारित पाठ है: 'को जोगी अस नगरी मोरी। जो दै सेंधि चढ़ै गढ़ चोरी।' इसके स्थान पर द्वि० ६, तृ० ३ में है 'को मोहि जोग होइ जग पारा। जासौं हेरौं होइ जरि छारा।' 'होइ जग पारा' में एक प्रकार से दूरान्वय दोष तो है ही, गंधर्वसेन के 'जोग'='योग्य' होने का कोई अर्थ नहीं ज्ञात होता है, और न अपने योग्य होने के विरुद्ध किसी पर उसे ऐसा रुष्ट ही होना चाहिए कि उसे वह देख कर भस्म कर दे।

(१२) २६७.१ निर्धारित पाठ है: 'और जो भाँट उहाँ हुत आगें। बिनै उठा राजहि रिसि लागें।' इसके स्थान पर प्र० १, द्वि० ७ का पाठ है: 'सुनि कै भाँट भाँट जत जाती। राजा कहँ उठि कीन्हि बिनाती।' भाँटों की जाति मात्र का उठ कर राजा से बिनती करना असंभव और असंगत लगता है, क्योंकि भाँटों की पंचायत वहाँ कोई हो नहीं रही थी। और बिनती भी किसी 'कहँ'='को' नहीं की जाती है, 'सौं'='से' की जाती है।

(१३) २६८.१ निर्धारित पाठ है: 'जौ सत पूँछहु गँधरब राजा। सत पै कहौं परै किन गाजा।' प्र० १, द्वि० ७ में इसके स्थान पर है: 'जौ

राजा तुम्ह पूँछहु अंतू। सत्तै कहौं जोहि परजंतू।' 'अंतू' की संगति कदाचित् किसी प्रकार लग भी जावे, पाठांतर के 'परजंतू'(पर्यंत)='तक' की संगति किसी प्रकार नहीं लग सकती है

(१४) २७६.३ निर्धारित पाठ है : 'जेहि लगि तुम्ह साधा तप जोगू। लेहु राज मानहु सुख भोगू।' इसके स्थान पर प्र० १, द्वि० ७ का पाठ है : 'लीजै (कीजै-द्वि० ७) राज साज तुम्ह जोगू। अब सो सँवरि उतारहु (चढ़ावहु-द्वि० ७) जोगू।' पाठांतर के दोनों चरणों में तुक 'जोगू' 'जोगू' का है, जिससे एक भद्दी पुनरुक्ति आती हैं। उसके 'लीजै' (या कीजै') के रूप भी चिंत्य हैं; पूरे छंद में विधि की क्रियाएँ 'हु' अंत हैं : 'करहु', 'उतारहु', 'सारहु', 'काढ़हु', 'पहिरहु', 'छोरहु', 'झारहु', 'लेहु', 'देहु', 'तजहु', 'बाँधहु', 'तानहु', और 'होहु'; उनके साथ 'लीजै' या 'कीजै' रूप ग्राह्य नहीं है। पुनः 'सँवरि'='स्मरण करके' का कोई प्रसंग नही है, एवं जोग का 'उतारना' भी असंगत लगता है, और उससे भी अधिक जोग का 'चढ़ाना'।

(१५) ३३९.१, ३४०.१ निर्धारित पाठ है : 'आइ सिसिर रितु तहाँ न सीऊ। अगहन पूस जहाँ पर पीऊ।' और 'रितु हेवंत संग पीउ न पाला। माघ फागुन सुख सीउ सियाला।' प्र० १, २, द्वि० ७ में प्रथम स्थल पर 'सिसिर' के स्थान पर 'हेम' तथा द्वितीय स्थल पर 'हेवंत' के स्थान पर 'सिसिर' है। किंतु अगहन-पूस के महीने 'हेमंत' और माघ-फागुन के महीने 'शिशिर' के माने गए हैं। प्रश्न यह है कि यहाँ पर कौन सा पाठ मान्य होगा। यदि प्र० १, २, द्वि० ७ के पाठ को प्रामाणिक माना जावे, तो परिणाम में यह मानना पड़ेगा कि शेष समस्त प्रतियाँ निश्चित रूप से एक ही प्रतिलिपि-परम्परा में है, जिसमें प्रारम्भ में ही पाठ-विकृति हुई है, और प्र० १, २, द्वि० ७ उससे भिन्न प्रतिलिपि-परम्परा में है, जिसमें पाठ-विकृति नहीं हुई है, अथवा प्र० १, २, द्वि० ७ शेष समस्त प्रतियों से पाठ-परम्परा में पूर्व आतो हैं। किंतु अन्यत्र हम सर्वत्र देखते हैं कि जो पाठ केवल प्र० १, २, द्वि० ७ में मिलता है, अन्यत्र नहीं मिलता, वह अप्रामाणिक ठहरता है, और प्रतिलिपि-परम्परा तथा प्रक्षेप-परम्परा—दोनों में ये प्रतियाँ सब से नीचे की पीढ़ी में आती हैं। ऐसी दशा में इन दोनों स्थलों पर भी प्र० १, २, द्वि० ७ के पाठ को अप्रामाणिक और अन्य समस्त प्रतियों में समान रूप में मिलने वाले पाठ को प्रामाणिक मानना होगा। कवि से भूलें होना भी असंभव नहीं माना जा सकता।

(१६) ३६६.८-९ निर्धारित पाठ है : 'काया जीउ मिलाइ कै कीन्हेसि

अनँद उछाहुँ । लवटि बिछोउ दीन्ह तस कोउ न जानै काहुँ ।' दोहे के तीसरे चरण का पाठ प्र० १, २, द्वि० ७ में है 'बिछुरे आपु आपु कहँ पल महँ (आपु आपु कहँ—प्र० २, आपु आपु कहँ दोऊ—द्वि० ७) ।' यह शब्दावली छंद की छठी पंक्ति के दूसरे चरण में इस प्रकार आई हुई है: 'पल महँ आपु आपु कहँ भए ।' इसलिए पाठांतर में पुनरुक्ति है । दोहे के प्रथम दो चरणों में जो कुछ कहा गया है, उसके ध्यान से निर्धारित पाठ पाठांतर की अपेक्षा अधिक संगत भी लगता है ।

(१७) ३६६.८-६ उपर्युक्त दोहे का पाठांतर द्वि० २,४, ५,६ तथा पं०१ में है 'काया जीउ मिलाइ के मारि करे दुइ खंड । तन रोवत धरती परा जीउ चला ब्रह्मंड ।' मारने-मरने अथवा जीव के ब्रह्मांड जाने का यहाँ कोई प्रसंग नहीं है ।

द्वि० ७ में इस पाठांतर के शेष चरण ज्यों के त्यों ले लिए गए हैं, केवल चौथा चरण इस प्रकार है : 'एक पलक एक दंड' । शेष चरणों के पाठांतर के सम्बन्ध में ऊपर विचार हो चुका है । चौथे चरण का इस प्रति का पाठांतर और भी असंगत ज्ञात होता है ।

(१८) ४२४.१ निर्धातित पाठ है : 'अब लगि सखी पवन हा ताता । आजु लाग मोहिं सीतल बाता ।' द्वि० ४, ५ में प्रथम चरण के 'हा ताता'= 'तस था' के स्थान पर पाठ है 'आ हाता', जो स्पष्ट ही निरर्थक ज्ञात होता है ।

(१६) ४३७.८-६ निर्धारित पाठ है : 'सुरुज किरिन तोहि रावै सरवर लहरि न पूज । करम बिहून ये दूनौं कोउ रे धोबि कोउ भूँज ।।' द्वि० ४, ५ में दूसरी पंक्ति का पाठ है : 'भँवर इहाँ तोहि पावै धूप देह तोरि भूँज ।' प्रथम पंक्ति में जो 'सुरुज किरिन तोहि रावै' कहा गया है, 'धूप देह तोरि भूँज' में उसका ठीक विपरीत कथन है, इसलिए पाठांतर की असंगति प्रकट है ।

(२०) ४४३.५ निर्धारित पाठ है : 'बिद्रुम अधर रंग रस राते । जूड़ अमी अस रबि परभाते ।' द्वि० ७, पं० १ में द्वितीय चरण का पाठ है : "जो दामिनी अमर बिनु ताके ।' और द्वि० १ में है 'चूव अमी रस और हो ताते ।' दोनो ही पाठांतर अशतः उर्दू लिपि की त्रुटियों से उत्पन्न तो हैं ही, वे असंगत भी लगते हैं ।

(२१) ४४७.७ निर्धारित पाठ है : 'राधौ करत जाखिनी पूजा । चहत सो रूप देखावत दूजा । तेहि बर भए बैज के कहा । झूठ होइ सो देस न

रहा।' दूसरी पंक्ति का पाठ प्र० १, २, द्वि० २, ४, ५, ६, पं० १ में है : 'तोहि ऊपर राघौ बर खाँचा। दुइज आज तौ पंडित साँचा।' पाठांतर में आए हुए 'ऊपर' की असंगति और निर्धारित पाठ के 'बर'='बल' की संगति प्रकट है। पाठांतर का 'बर खाँचना'='बल खींचना' भी अर्थहीन लगता है। इसके अतिरिक्त, रत्नसेन ने आगे चलकर राघवचेतन का जो देश-निकाला किया है, उसके लिए भी निर्धारित पाठ प्रसंग में आवश्यक है।

(२२) ४४७.६ निर्धारित पाठ है : 'पंथ गरंथ न जे चलहिं ते भूलहिं बन माँझ।' प्र० १, २, पं० १ में इसके स्थान पर है : 'पँडितहि पँडित न देखइ भएउ बैर दुहुँ माँझ।' प्रसंग में राघवचेतन और शेष पंडितों में बैर तो हुआ है, किंतु 'पंडितों' और राघवचेतन को 'दुहुँ' शब्द से व्यक्त करना समीचीन नहीं है। इसके स्थान पर 'तिन्ह' शब्द सुगमता से रक्खा जा सकता था। अन्यथा भी निर्धारित पाठ पाठांतर से अधिक संगत ज्ञात होता है।

(२३) ४८७.४ निर्धारित पाठ है : 'तीसर पाहन परस पखाना। लोह छुअत कंचन होइ बाना।' द्वि० ३, ७ में द्वितीय चरण का पाठ है 'पूज सो कनक दुआदस बाना।' 'पूज'='पूरा होता है' यहाँ असंगत है। यदि उसका अर्थ 'पूरा करता है' लिया जावे, तो यह नहीं कहा गया है कि वह किस प्रकार पूरा करता है।

(२४) ४९१.२ निर्धारित पाठ है : 'जिऔं लेइ घर कारन कोई। सो घर देइ जो जोगी होई।' प्र० १,२, द्वि० ७, पं० १ में पाठ है : 'जियतै लेइ घर कारन भोगी। घरनि सो देइ होइ जो जोगी।' पाठांतर का प्रथम चरण अर्थहीन ज्ञात होता है।

(२५) ५१५.४ निर्धारित पाठ है : 'चढ़ा बजाइ चढ़ै जस इंदू। देव-लोक गोहन सब हिंदू।' दूसरे चरण का पाठ प्र० १,२ में है 'जहाँ हनिवंत बैठ होइ इंदू।' पाठांतर की असंगति प्रकट है।

(२६) ५२७.२ निर्धारित पाठ है : 'सौंहँ साहि जहँ उतरा आछा। ऊपर नाच अखारा काँछा।' द्वि० १, तृ० १ में पाठ है : 'सौंहैं साहि केरि जहँ दीठी। पातरि नारि चूर दै पीठी।' पाठांतर के दूसरे चरण में 'पातर' के साथ 'नारि' निरर्थक है, और 'चूर' की भी कोई संगति नहीं ज्ञात होती है।

(२७) ५२८.५ निर्धारित पाठ है : 'छवउ राग गाएनि भल गुनी। औ गाएनि छत्तिस रागिनी।' प्र० १,२, द्वि० ७ में पाठ है : 'छवउ राग ये प्रथमहिं गाए। पुनि तीसौ भारजा सुनाए।' कर्म 'भारजा' स्त्रीलिंग है, इसलिए उसकी क्रिया भी स्त्रीलिंग की 'सुनाई' होनी चाहिए थी, पुल्लिंग 'सुनाए' नहीं। पाठांतर की अशुद्धि फलतः प्रकट है।

(२८) ५२८.७ निर्धारित पाठ है : 'सरस कंठ भल राग सुनावहिं। सबद देहिं मानहुँ सर लावहिं।' प्र० १,२, पं० १ में यह पंक्ति नहीं है। इसके स्थान पर निर्धारित पाठ की प्रथम और द्वितीय पंक्तियों के बीच निम्नलिखत पंक्ति है : 'छवउ राज नाचहिं जस तारा। सगरौ कटक होइ झनकारा।' 'तारा' प्रस्तुत प्रसंग में निरथक है, और रागों का नृत्य भी प्रयोग-सम्मत नहीं ज्ञात होता है।

(२९) ५२८.८ निर्धारित पाठ है : 'सुनि सुनि सीस धुनहिं सब कर मलि मलि पछिताहिं।' दोहे के प्रथम चरण का पाठ प्र० १, २ में है : 'धनुक बान तहँ पहुँचहिं नाहीं'। वाणों का न पहुँचना तो संगत है, किंतु 'धनुष' का न पहुँचना स्पष्ट ही असंगत है, क्योंकि वे तो वाण चलाने वाले के हाथों में बने रहते हैं।

द्वि० ७ में पाठ है 'धनुक बान तहँ पहुँचै' दोनों का पहुँचना, जैसा इस पाठांतर में है, और भी असंगत है; यदि दोनों पहुँच रहे थे, तब हाथ मल-मल कर पछताने की क्या आवश्यकता थी ?

(३०) ५२८.८-९ निर्धारित पाठ है : 'सुनि सुनि सीस धुनहिं सब कर मलि मलि पछिताहिं। कब हम हाथ चढ़हिं ये पातरि नैनन्ह के दुख जाहिं।' च० १, पं० १ में इसके स्थान पर है : 'पाछें नाच होइ भल नाचत होइ भिनुसार। बाजे तुरुक तरातर (तुरुक औ तुर्रा—च० १) आछे जस बनिजार।' नाच 'पाछें' नहीं, सामने हो रहा था : 'पतुरिनि नाचै दिहें जो पीठी। परि गौ सौंह साहि कै डीठी।' (५२९.१) और 'आछेइ जस बनिजार' की भी कोई संगति नहीं ज्ञात होती है।

(३१) ५२९.२-३ निर्धारित पाठ है : 'देखत साहि सिंहासन गूँजा। कब लगि मिरिग चंद रथ भूँजा। छाड़हु बान जाहिं उपराहीं। गरब केर सिर सदा तराहीं।' प्रथम पंक्ति के द्वितीय चरण का पाठ प्र० १, २, पं० १ में है : 'साहि सिंहासन ऊपर गूँजा। देखा चाँद सरग भा दूजा।' दूसरी

पंक्ति में बादशाह उस की ओर पीठ करके नाचती हुई नर्तकी को लक्ष्य करके बाण चलाने की आज्ञा देता है, इसलिए उसे देखकर उसके विषय में स्वर्ग में दूसरे 'चन्द्रमा' की कल्पना करना बादशाह के लिए संगत नहीं माना जा सकता।

(३२) ५२९.७ निर्धारित पाठ है : 'उदसा नाँच नचनिश्रा मारा। रहसे तुरुक बाजि गए तारा।' प्र० १, २, द्वि० ६, पं० १ में यह पंक्ति नहीं है, और इसके स्थान पर सामान्य पाठ की प्रथम और द्वितीय पंक्तियों के बीच में है 'जबहि ताल दै बैठी चूरी। देखा साहि भई रिसि पूरी।' पाठांतर का 'बैठी चूरी' अर्थहीन ज्ञात होता है। इसके अतिरिक्त बाद की पंक्ति में पुनः 'देखना' क्रिया आती है, जिससे पाठांतर में पुनरुक्ति भी ज्ञात होती है।

(३३) ५३०.३ निर्धारित पाठ है : 'इनिवँत होइ सब लाग गुहारा। आवहिं चहुँ दिसि केर पहारा।' द्वि० १, तृ० १ में पाठ है : 'चले पखान चहूँ दिसि आवहिं। गढ़ि गढ़ि कारे करि बैसावहिं।' पाषाणों का (स्वतः) चला आना, और 'बैसाना' क्रिया का लुप्तकर्त्ता युक्त होना—दोनों ठीक नहीं लगते हैं, और 'कारे करि' तो अर्थहीन ज्ञात होता है।

(३४) ५३०.५ निर्धारित पाठ है : 'खँड ऊपर खँड होइ पटाऊ। चित्र अनेग अनेग कटाऊ।' प्र० १,२ में प्रथम चरण का पाठ है: 'खँड पर खंड भाउ पर भाऊ।' 'भाउ पर भाऊ' प्रसंग में सर्वथा अर्थहीन ज्ञात होता है।

(३५) ५३०.७ निर्धारित पाठ है : 'भा गरगच अस कहत न आवा। मनहुँ उठाइ गँगन कहँ लावा।' द्वि० १, तृ० १ में पाठ है, 'चित्तरसारी होहिं अनेका। लिक्खहिं मोकल मेरु औ बेका।' पाठांतर के 'मोकल मेरु औ बेका' नितांत निरर्थक लगते हैं।

(३६) ५४५.३ निर्धारित पाठ है : 'बहुतै सोंधे धिरित बघारा। औ तहँ कुहँकुहँ पीसि उतारा।' प्र० १,२ में पाठ है : 'बहुतै सोंधे धिउ महँ तरे। कस्तूरी केसर पीसि उतारे।' 'तरे' औ 'उतारे' में असाधारण तुक-वैषम्य प्रकट है, और 'पीसि उतारे' भी असंगत लगता है।

(३७) ५५४.१ निर्धारित पाठ है : 'चढ़ि गढ़ ऊपर बसगति देखी। इंद्रपुरी सो जानु बिसेखी।' प्र० १,२, पं० १ में पाठ है : 'पुनि देखा

गढ़ ऊपर बसा। धनि राजा जाकरि असि दसा।' पाठांतर की क्रिया 'बसा' कर्महीन है, और उसका 'असि दसा'—जिसमें सामान्यतः 'गिरी हुई दशा' की व्यंजना होनी चाहिए—असंगत लगता है।

(३८) ५६७.३ निर्धारित पाठ है: 'दरपन साहिं पैंत तहँ लावा। देखौं जबहिं झरोखे आवा।' प्र० १,२, पं० १ में पाठ है: 'रचा खेल दरपन धरि आगे। रही सुदिष्टि धौरहर लागें।' 'लागें'='लगने पर' सर्वथा असंगत है, 'सुदिष्टि' स्त्रीलिंग कर्म के साथ 'लागी' क्रिया ही संगत और व्याकरण-सम्मत होती। इसके अतिरिक्त यदि शाह को धौरहर की ओर 'सुदिष्टि' लगाए ही रहना था, तो उसने अपने आगे 'दरपन' क्यों रक्खा? धौरहर की ओर सुदिष्टि लगाए रहने पर तो उसे पद्मावती का दर्शन कदाचित् असंभव ही हो जाता।

(३९) ५६७.४-५ निर्धारित पाठ है: 'खेलहिं दुऔ साहि औ राजा। साहि क रुख दरपन रह साजा। पेम क लुबुध पयादे पाऊँ। चलै सौहँ ताकै कोनहाऊँ।' इनमें से प्रथम पंक्ति का पाठ प्र० १,२, पं० १ में है: 'मकु धनि झाँकइ आइ झरोखे। दरस होइ सतरँज के धोखे।' दूसरी पंक्ति के प्रसंग में पाठांतर की पहली पंक्ति की संगति नहीं लगती, यह स्पष्ट है।

(४०) ६६५.५ निर्धारित पाठ है: 'रुख माँगत रुख तासौं भएऊ। भा सह माँत खेल मिटि गएऊ।' प्र० १,२, तृ० १, पं० १ में इसके स्थान पर है: 'भा रुख दाव जो मुहरा भेंटा। भा सह माँत खेल सब मेंटा।' पाठांतर का प्रथम चरण अर्थहीन लगता है।

(४१) ५८०.१ निर्धारित पाठ है: 'पूँछेन्हि बहुत न बोला राजा। लीन्हेसि चूपि मींचु मन साजा।' प्र० १, २, पं० १ में इसके स्थान पर है: 'पूछा बहुत न राजा बोला। दीन्ह केवार न कैसेहुँ खोला।' अभी तक राजा किसी कोठरी में बंद नहीं किया गया था, वह बंद बाद की पंक्ति में किया जाता है: 'खनि गढ़ ओबरी महँ लै राखा।' ऐसी दशा में 'दीन्ह केवार न कैसेहुँ खोला' असंभव है।

(४२) ५८३.८-९ निर्धारित पाठ है: 'कवन खंड हौं हेरौं कहाँ मिलहु हो नाहँ। हेरे कतहुँ न पावौं बसहु तौ हिरदय माहँ।' प्रथम पंक्ति का पाठ प्र० १,२ में है: 'को गुरु अगुवा (कुकुरा कौवा—प्र० १) होइ सखि कहाँ मिलहु

हो नाहँ ।' पूरे छंद में और विवेचनीय पंक्ति में भी संबोधन 'नाहँ' को है : 'तुम्ह बिनु कंत को लावै तीरा ।' (.४), 'कवने जतन कंत तुम्ह पावौं ।' (.७), 'कहाँ मिलहु हो नाहँ ।' (.८), 'बसहु तो हिरदै माहँ ।' (.९) 'सखि' को जो संबोधन पाठांतर में किया गया है, वह इसलिए असंगत लगता है। इसके अतिरिक्त पाठांतर में 'गुरु' के होते हुए 'अगुवा' अनावश्यक है, और 'कुकुरा कौवा' की असंगति तो स्वतः प्रकट है।

(४३) ५९९.३ निर्धारित पाठ है : 'लोना सोइ जहाँ मसि रेखा । मसि पुतरिन्ह निरमल जग देखा ।' प्र० १,२ में इस पंक्ति का पाठ है : 'मसि सोभा केतेहुँ जग देखा । मसि कोटी (गौनी—प्र० २) रोमावलि रेखा ।' पाठांतर के 'केतेहुँ'='कितना भी' (४१) और 'कोटी' (अथवा 'गौनी'—प्र० २) का प्रसंग में कोई अर्थ नहीं ज्ञात होता है।

(४४) ६०४.५ निर्धारित पाठ है : 'का सो भोग जेहि अंत न कोऊ । एहि दुख लिएँ भई सुख देऊ ।' प्र० १, २ में पाठ है : 'का सो भोग जेहि अत न खेवा । जेहि दुख लिएँ भई महि देवा ।' पाठांतर के 'खेवा' और 'महिदेवा' प्रसंग में अर्थहीन ज्ञात होते हैं।

(४५) ६१२.३ निर्धारित पाठ है : 'कँवल चरन भुइँ धरत दुखावहु । चढ़हु सिंघासन मँदिल सिधावहु ।' प्र० १, २, पं० १ में पाठ है : 'साजि सिंघासन आगे आने । कँवल चरन धरि भुइँ कुम्हिलाने ।' पूर्व की पंक्ति है 'साजि सिंघासन तानहिं छातू । तुम्ह माथें जुग जुग अहिवातू ।' इसके द्वितीय चरण में गोरा-बादिल द्वारा पद्मावती को संबोधन है। निर्धारित पाठ में विवेचनीय पंक्ति के भी दोनों चरणों में पद्मावती को संबोधन है, किंतु पाठांतर की पंक्ति के प्रथम चरण में पुनः सिंहासन सजा कर उसे आगे लाने का उल्लेख है, जो पूर्ववर्ती पंक्ति में हो चुका है, जिससे उसमें पुनरुक्ति स्पष्ट है, और तब पुनः पद्मावती को संबोधन है। इसके अतिरिक्त पाठांतर का दूसरा चरण अर्थहीन लगता है। 'धरि' के स्थान पर 'धरिअ' होता तो भले ही किसी प्रकार संगति लग सकती थी।

(४६) ६१४.७ निर्धारित पाठ है : 'हनिवँत सरिस जंघ बर जोरौं । धँसौं समुंद स्यामि बँदि छोरौं ।' प्र० १, २, पं० १ में पाठ है : 'हनिवँत जस राघौ बँदि छोरी । धँसौं समुंद करौं तसि जोरी (पोरी—प्र० २)। पाठांतर के 'जोरी' (अथवा 'पोरी'—प्र० २) का कोई अर्थ नहीं ज्ञात होता है। यदि 'जोरी' 'जोर'

के लिए आया है तो वह स्पष्ट ही अशुद्ध है, और अन्यत्र जायसी में कहीं भी इस प्रकार नहीं प्रयुक्त हुआ है।

(४७) ६१५.१ निर्धारित पाठ है : 'बादिल गवन जूझि कहँ साजा। तैसेहिं गवन आइ घर बाजा।' प्र० १, २ में पाठ है : 'जा दिन बादिल चलै सिधावा। ओही देवस गौना गढ़ आवा।' 'चलना' और 'सिधारना' समानार्थी है; 'चलने के लिए चला'—(अथवा 'गया') निरर्थक है, फिर "कहाँ चलने के लिए गया?' इस प्रश्न का भी कोई उत्तर पाठांतर में नहीं है।

(४८) ६१७.१ निर्धारित पाठ है : 'मान किहें जौं पिआहिं न पावौं। तजौं मान कर जोरि मनावौं।' प्र० १, २, पं० १ में इसके स्थान पर है: 'ठाढ़ि ठाढ़ि मन कीन्ह तेवानू (गियानू—पं० १)। जौ पै पीठि भाव असमानू (जौ पिय जाइ न भावै मानू—पं० १)। 'तेवानू' प्रसंग में अर्थहीन है, और अन्यत्र जायसी में नहीं आया है; 'पीठि भाव अस मानू' भी अर्थहीन ज्ञात होता है। पं० १ के पाठ का 'भावै' भी असंगत ज्ञात होता है—प्रियतम के जाने पर मान का भाना, न भाना कोई अर्थ नहीं रखते हैं।

(४९) ६१७.७ निर्धारित पाठ है : 'तहँ सब आस भरा हिय केवा। भँवर न तजै बास रस लेवा।' यह पंक्ति प्र० १, २, पं० १ में नहीं है। इसके स्थान पर निर्धारित पाठ की प्रथम और द्वितीय पंक्तियों के बीच निम्नलिखित पंक्ति है : 'तजौं लाज कर जोरि मनावौं। करौं ढिठाइ पीठि जौ पावौं।' पाठांतर के 'पीठि जौ पावौं' का प्रसंग में कोई अर्थ नहीं ज्ञात होता है। 'पीठ पाना' तो पराङ्मुख करने के अर्थ में प्रयुक्त होता है, यथा : 'जिन्हकै लहहिं न रिपु रन पीठी।' ('मानस', बाल० २३१), जो यहाँ प्रसंग-विरुद्ध भी होगा।

(५०) ६१८.७ निर्धारित पाठ है : 'पुरुष बोलि कै टरै न पाछू। दसन गयंद गीवँ नहिं काछू।' प्र० १, २ में इसके स्थान पर पाठ है : 'आजु करौं रन भारथ सोई। अस रन करौं करै नहिं कोई।' पाठांतर का 'सोई' निरा भरती का है, और इसके अतिरिक्त 'आजु करौं रन' और 'अस रन करौं' में पुनरुक्ति भी है।

(५१) ६१८.८ निर्धारित पाठ है : 'तूँ अबला धनि मुगुध बुधि जानै जाननिहार। जहँ पुरुषन्ह कहँ बीर रस भाव न तहाँ सिंगार।' प्र० १, २,

पं० १ में द्वितीय चरण का पाठ है 'अजहुँ समुझि पगु धारि'। 'अजहुँ समुझि' और 'पगु धारि'—दोनों प्रसंग में अर्थहीन ही नहीं असंगत भी हैं।

(५२) ६२०-२ निर्धारित पाठ है: 'उठे सो धूम नैन करुआने। जब ही आँसु रोइ बेहराने।' प्र० १, द्वि० ७ में दूसरे चरण का पाठ है: 'चुवहिं आँसु रोवहिं बिहसाने।' 'बिहसाने' का प्रसंग नहीं हैं—उसमें प्रसंग-विरोध फलतः स्पष्ट है। प्र० २, पं० १ में इसी चरण का पाठ है: "हिअ (ए—पं० १) दौ लाइ कंत (लागि कंठ—पं०१) बिहराने।' बाद की पंक्तियों में हार चीर आदि के भीगने का उल्लेख हुआ है, जिसके कारण यह पाठांतर असंगति-कारक भी है।

(५३) ६२०.३ निर्धारित पाठ है: 'भीजे हार चीर हिय चोली। रही अछूति कंत नहीं खोली।' प्र० २, पं० १ में इसके स्थान पर पाठ है: "चले आँसु धनि बहुरि न बोली। भीजेउ हार चीर उर मेली।' 'बोली' और 'मेली' का तुक—वैषम्य तो प्रकट है ही 'चीर' पुल्लिंग है, यथा:

'हार चीर अरुझाना जहाँ छुअइ तहँ काँट।' (१८८.६)

इसलिए उसके साथ 'मेली' स्त्रीलिंग क्रिया किसी प्रकार भी व्याकरण-सम्मत नहीं मानी जा सकती। पूर्व की पंक्ति में आँसुओं के गिरने का उल्लेख आ चुका है: 'जब ही आँसु रोइ बेहराने ' इसलिए पाठांतर के पाठ में पुनरुक्ति भी है। प्र० २ तथा पं० १ में उक्त पंक्ति का भी पाठ भिन्न है, जैसा हम ऊपर देख चुके हैं, इसलिए प्र० २ तथा पं० १ के दोनों पंक्तियों के पाठ-भेद परस्पर संबंद्ध ज्ञात होते हैं।

(५४) ६२०.४ निर्धारित पाठ है: 'भीजी अलक चुईं कटि मंडन। भीजे भँवर कँवल सिर फुंदन।' प्र० १, २, द्वि० ७, पं० १ में पाठ है; 'भीजै अलक चुवै गति मंदे। भीजै भँवर कँवल रस बंदे।' अलकों का 'मंद गति' से चूना, और भँवरों का कँवल के रस का 'बंदी' होना—अथवा 'बंदा' होना—दोनों निरर्थक लगते हैं। यह पाठांतर अंशतः उर्दू लिपि की त्रुटियों के कारण भी हुआ ज्ञात होता है।

(५५) ६२०.६ निर्धारित पाठ है: 'छाड़ि चला हिरदै दै डाहू। निठुर नाहँ आपन नहिं काहूँ।' प्र० २, पं० १ में पाठ है: 'जो तुम्ह कंत जूझ अब साधा। तुम्ह किए साका मैं सत बाँधा।' 'जूझ' का 'साधना' न जायसी में ही अन्यत्र आया है, और न अन्यथा प्रयोग-सम्मत लगता है। इसके

अतिरिक्त प्रथम चरण का जैसा पाठ इन प्रतियों में है, उसको लेते हुए दूसरे चरण के 'तुम्ह किए साका' में पुनरुक्ति भी है।

(५६) ६२०.८-६ निर्धारित पाठ है : 'रोए कंत न बाहुरै तेहि रोएँ का काज। कंत धरा मन जूझि रन धनि साजे सब साज।' प्र० २, पं० १ में पाठ है : 'तुम्ह लै गै रन साहस मोहिं दै माँग सिंदूर। देहु पँवारे हे सखी बाजै मंदिर तूर।' 'रन साहस' को 'तुम्ह लै गै' कहना असंगत लगता है, और इससे भी अनहोना यह कि रणक्षेत्र में जाने के अपने पति के निश्चय से किसी प्रकार समझौता करने के अनंतर कोई भी स्त्री बाजे बजवाने की आज्ञा दे।

प्र० १, द्वि० ७ में केवल दोहे की द्वितीय पंक्ति का पाठ भिन्न है, और वह इस प्रकार है : 'देहु पँवारे (बधावा—द्वि० ७) हे सखी मंदिल बाजहि आज।' यहाँ भी मंदिल का 'बजना' असंगत लगता है, और पति के रण-प्रयाण के उपलक्ष में पत्नी का पँवारा या बधावा बजवाना उतना ही अनहोना लगता है।

(५७) ६२१.४ निर्धारित पाठ है : 'सजग जो नाहि काहु बर बाँधा। बधिक हुतें हस्ती गा बाँधा।' प्र० १, २, पं० १ में पाठ है : 'सुबुधि सिआर सिंघ कहँ मारा। कुबुधि जो सिंघ कूप परि मरा।' पाठांतर के दूसरे चरण में भी वही बात कही गई है जो उसके प्रथम चरण में है - अतः पुनरुक्ति उसमें स्पष्ट है। 'मारा' और 'मरा' का तुक-वैषम्य भी चिंत्य है।

(५८) ६२३.४ निर्धारित पाठ है : 'बिनै करै आई हौं ढीली। चितउर की मो सिउँ है कीली।' प्र० १, २, पं० १ में पाठ है : 'बिनती करै भाँति सो केती। चितउर की कुंजी मोहिं सेती।' पाठांतर के दूसरे चरण का वाक्य अपूर्ण है।

(५९) ६२३.६ निर्धारित पाठ है : 'बिनवहु पातिसाहि के आगे। एक बात दीजै मोहिं माँगे।' द्वि० ३, तृ० ३ में दूसरे चरण का पाठ है : 'अब सो थाति आवै सँग लागें।' 'थाति' स्त्रीलिंग कर्त्ता के लिए 'लागें' क्रिया अशुद्ध है, 'लागी' शुद्ध होगा। फिर थाती का संग लगी हुई आना भी संगत नहीं लगता।

(६०) ६२७.२ निर्धारित पाठ है : 'पिता मरै जो सारै साथें। मींचु न देइ पूत के माथें।' द्वि० ६, तृ० २ में इसके स्थान पर है : 'पिता बरोक मरै जो (जिउ—द्वि० ६) लिए। आपन मींचु भएउ तेहि (न पूँछहि—द्वि० ६) दिए।'—पाठांतर की सारी पंक्ति ही अर्थहीन ज्ञात होती है।

(६१) ६३३.५ निर्धारित पाठ है : 'लोटहिं कंध कबंध निनारे । माँठ मजीठि जानु रन ढारे ।' प्र० १,२ का पाठ है : 'सेल कि भभकि उठै असरारा । माँठ मँजीठि जानु रन ढारा ।' पाठांतर का पहला चरण अर्थहीन लगता है ।

(६२) ६३८.७ निर्धारित पाठ है : 'देखि चाँद असि पदुमिनि रानी । सखी कमोद सबै बिगसानी ।' प्र० १, २, तृ० ३, पं० १ में इसके स्थान पर है : 'दिनकर गहन सो कीन्ह पयाना । निसि कर गहन आइ निअराना ।' पूर्व की पंक्ति है 'अस्तु अस्तु सुनि भा किलकिला । आगें मिलइ कटक सब चला ।' और बाद की पंक्तियाँ हैं : 'गहन छुटइ दिनकर कर ससि सौं होइ मेराउ । मँदिल सिंघासन साजा बाजा नगर बधाउ ।' प्र० १, २, द्वि० ३, पं० १ का पाठ मानने पर पाठांतर के प्रथम चरण में पुनरुक्ति होती है, क्योंकि दोहे के प्रथम चरण में वही शब्दावली आई है, और प्रसग से विरोध भी होता है, क्योंकि निसिकर के गहन की गंभीर विभीषिका सामने आ जाती है, जो उस हर्ष के प्रसंग में कवि-अभीष्ट नहीं ज्ञात होती है। भाषा की दृष्टि से भी पाठांतर अशुद्ध है : 'गहन' 'दिनकर कर' और 'निसिकर कर' होता है, 'दिन कर' ='दिन का' अथवा 'निसि कर'='निसि का' नहीं ।

(६३) ६४०.८-९ निर्धारित पाठ है : 'जौं सूरज सिर ऊपर तब सो कँवल सुख छात । नाहिं त भरे सरोवर सूखै पुरइनि पात ।' द्वि० २,३, च० १ में पाठ है : 'तुम्ह बिनु हौं किछु नाहीं जौं तुम्ह तौ सिर छात । जौ तुम्ह करहु सुदिष्टि पिय तौ मोहि होइ अहिबात ।' 'तुम्ह बिनु हौं किछु नाहीं' और 'जौ तुम्ह करहु सुदिष्टि पिय'—विशेष रूप से दूसरा—प्रसंग में असंगत लगते हैं। रत्नसेन की सुदिष्टि तो पद्मावती पर सदैव ही थी—जब वह अलाउद्दीन के बंदीगृह में था तब भी थी ।

उपर्युक्त में से निम्नलिखित संख्याओं के बीस पाठांतर दोनों—प्रतिलिपि तथा प्रक्षेप—संबंधों से सिद्ध हैं :

प्र० १, २ : (२५), (३४), (३६), (४२), (४३), (४४), (४७), (५०), (६१)
प्र० १, २, द्वि० ७ : (१५), (१६), (२७), (२९)
द्वि० ६, तृ० ३, : (९), (११)
द्वि० ४, ५ : (१८), (१९)

द्वि० ३, तृ० ३ : (५६)
द्वि० ३, द्वि० ६, तृ० ३ : (१०)
प्र० १, २ द्वि० २, ४, ५, ६, पं० १ : (२१)

निम्नलिखित सत्ताईस केवल प्रतिलिपि-संबंध से सिद्ध हैं :

प्र० १, २, पं० १ : (२२), (२८), (३१), (३७), (३८), (३९), (४१), (४५), (४६), (४८), (४९), (५१), (५७), (५८)
प्र० १, द्वि० ७ : (१२), (१३), (१४), (५२)
द्वि० १, तृ० १ : (२६), (३३), (३५)
प्र० २, पं० १ : (५३), (५५)
द्वि० ४, ६ : (५)
द्वि० २, तृ० २ : (४)
द्वि० ६, तृ० २ : (६०)
द्वि० ५, च० १ : (२)

निम्नलिखित दो केवल प्रक्षेप-संबंध से सिद्ध हैं :

द्वि०२, ४, ५, ६, ७ : (१७)
द्वि० ४, ५, ६, तृ० ३ (७)

शेष चौदह निम्नलिखित हैं :

प्र० १, २, द्वि० ७, पं० १ : (२४), (५४), (५६)
द्वि० ७, पं० १ : (२०)
प्र० १, २, तृ० १ : (३)
प्र० १, २, द्वि० ६, पं० १ : (३२)
प्र० १, २, तृ० १, पं० १ : (४०)
प्र० १, २, तृ० ३, पं० १ : (६२)
द्वि० २, ३, च० १ : (६३)
द्वि० ३, ६, तृ० १, ३ : (८)
च० १, पं० १ : (३०)
प्र० १, द्वि० ६, ७, तृ० २ : (१)
द्वि० ३, द्वि० ७ : (२३)
द्वि० १, ५, तृ० २, ३ : (६)

इनमें से केवल प्र० १, २, द्वि० ७, पं० १ के पाठांतर-साम्य के स्थल

एक से अधिक हैं, और इसलिए विचारणीय हैं। प्र० १, २, द्वि० ७ का प्रतिलिपि एवं प्रक्षेप-संबंध ऊपर देखा जा चुका है ; प्रस्तुत पाठांतर—संबंध को मानने के लिए केवल यह मानना होगा कि पं० १ का प्रतिलिपि-संबंध द्वि० ७ से भी है; और यह मान लेने पर द्वि० ७, पं० १ के पाठांतर-साम्य का स्थल (२०) भी सिद्ध हो जाता है।

चौदह स्थलों में उपर्युक्त तीन+एक=चार स्थलों के सिद्ध हो जाने पर केवल दस स्थल उपर्युक्त प्रकारों से असिद्ध ठहरते है। हाशियों में पाठांतर लिखने की जो प्रवृत्ति हमने 'पदमावत' की प्रतियों में सामान्यतः देखी है, उसके ध्यान से इतने असिद्ध स्थल—तिरसठ में केवल दस—नितांत स्वाभाविक हैं।

शेष तिरपन में से बीस+सत्ताइस+चार=इक्कावन प्रतिलिपि-संबंध से सिद्ध हो जाते हैं, और बीस+दो=बाइस प्रक्षेप-संबंध से सिद्ध होते हैं। इससे विभिन्न प्रतियों के प्रतिलिपि और प्रक्षेप-संबंध के जिन परिणामों पर हम ऊपर पहुँचे हैं, उनकी मान्यता प्रमाणित होती है। प्रतिलिपि-संबंध और प्रक्षेप-संबंध के सापेक्षिक महत्त्व में इस प्रकार का अन्तर होना भी स्वाभाविक है, और इस दृष्टि से भी सम्पादन-शास्त्रियों ने प्रतिलिपि-संबंध को 'मुख्य संबंध' और प्रक्षेप-संबंध को 'गौण संबंध' माना है।

इस शीर्षक के अंतर्गत केवल पाठांतर के ऐसे स्थल लिए गए हैं, जो किसी न किसी प्रकार अशुद्ध ठहरते हैं। किंतु ग्रंथ में अनेकानेक ऐसे स्थल भी हैं, जहाँ के दोनों या उससे अधिक भी पाठ विभिन्न दृष्टियों से—कुछ कम या अधिक—सम्मत और संगत ज्ञात होते हैं। और यह असम्भव भी नहीं है कि सभी स्थलों पर कवि ने जो पाठ दिया हो उससे भिन्न किंतु उतना ही सम्मत और संगत पाठ न दिया जा सकता हो।

इसलिए प्रतियों के प्रतिलिपि-संबंध और प्रक्षेप-संबंध के विषय में अंतिम रूप से ऊपर जिस परिणाम पर हम पहुँचे हैं, उसी के आधार पर हमें ग्रंथ के समस्त पाठभेदों का निराकरण करना होगा। वस्तुतः इन संबंधों का निर्धारण स्वतः साध्य नहीं है, साध्य तो है प्रामाणिक पाठ की प्राप्ति, और उसी के लिए इन समस्त संबंधों का निर्धारण साधन रूप में अनिवार्य हुआ है।

१०. ग्रंथावली के अन्य ग्रंथ

'पदमावत' के अतिरिक्त जायसी कृत माने हुए दो अन्य ग्रंथ भी प्राप्त थे—

'अखरावट' और 'आखिरी कलाम'। पं० रामचन्द्र शुक्ल को इनके उर्दू अक्षरों में मुद्रित एक-एक संस्करण मिले थे। उन्हीं से लेकर अपनी जायसी-ग्रंथावली में शुक्लजी ने इन ग्रंथों के पाठ दिए थे। मुझे भी इन ग्रंथों की कोई प्राचीन प्रतियाँ नहीं मिल सकीं, इसलिए वही क्रिया मुझे भी करनी पड़ रही है। इन ग्रंथों का पाठ असंतोषजनक है। भविष्य में यदि प्राचीन प्रतियाँ उपलब्ध हो सकीं, तो इनका भी संपादन संभव हो सकेगा।

उपर्युक्त के अतिरिक्त खोज में मुझे जायसी की एक अन्य कृति मिली है, जिसे इस संस्करण में पहिली बार प्रकाशित किया जा रहा है। यह है 'महरी बाईसी'। यह नाम मेरा दिया हुआ है, स्पष्ट नामोल्लेख कृति में नहीं है। केवल 'महरी' गाने का उल्लेख कृति में जहाँ-तहाँ हुआ है, और इस कृति में कुल बाइस गीत हैं, इसलिए यह नाम दे दिया गया है। संभव ही नहीं, आशा भी है कि आगे की खोजों में इस कृति का ठीक नाम ज्ञात हो जावेगा।

यह कृति केवल सन् ११६४ हिजरी की एक प्रति के आधार पर संपादित हुई है, जो ऊपर वर्णित द्वि० २ के प्रारंभ में उसी जिल्द में दी हुई है। लिखावट प्रायः शिकस्त है, और दिया हुआ पाठ अत्यंत कठिनतापूर्वक उससे प्राप्त किया गया है। प्रति में कहीं-कहीं शब्द और पंक्तियाँ छूटी हुई हैं। उन स्थलों का यथास्थान निर्देश कर दिया गया है। भविष्य में यदि और प्रतियाँ प्राप्त हो सकीं तो इस रचना का भी यथेष्ट संपादन संभव हो सकेगा।

इन तीनों कृतियों की प्रामाणिकता के बारे में मुझे संदेह है, किंतु वैज्ञानिक रीति से पाठ-निर्धारण के बिना उस संदेह का निराकरण असंभव है। मुझे विश्वास है कि जिन सज्जनों के पास भी इन ग्रंथों की हस्तलिखित या मुद्रित प्रतियाँ होंगी, अथवा उनके कहीं भी होने की जानकारी होगी, वे उनके संबंध में मुझे सूचित करके इन कृतियों के भी प्रामाणिक पाठ-निर्धारण में मेरे सहायक होंगे।

११. ग्रंथावली के अन्य संस्करण

'पदमावत' के निम्नलिखित संस्करण ज्ञात हैं :

१—रामजसन मिश्र द्वारा संपादित, चन्द्रप्रभा प्रेस काशी से, १८८४ में प्रकाशित।

२—नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ से १८८१ में प्रकाशित, (सम्पादक अज्ञात) ।

३—मौलवी अलीहसन द्वारा सम्पादित, मुंशी नवलकिशोर द्वारा प्रकाशित (तिथि अज्ञात) ।

४—शेख अहमद अली द्वारा सम्पादित, शेख मुहम्मद अज़ीम उल्लाह द्वारा कानपुर से प्रकाशित, (तिथि अज्ञात) ।

५—सर जार्ज ए० ग्रियर्सन और महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी द्वारा सम्पादित, रॉयल एशियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता द्वारा १८९६-१९११ में प्रकाशित ।

६—पं० रामचन्द्र शुक्ल द्वारा सम्पादित, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी द्वारा, १९२४ में प्रकाशित ।

७—डा० सूर्यकांत द्वारा सम्पादित, पंजाब यूनिवर्सिटी, लाहौर से १९३४ में प्रकाशित ।

८—पं० भगवती प्रसाद द्वारा सम्पादित, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ द्वारा प्रकाशित, (तिथि अज्ञात) ।

९—डा० लक्ष्मीधर द्वारा सम्पादित, लूज़क एंड कंपनी, लंदन द्वारा १९४९ में प्रकाशित ।

१०—बंगवासी फ़र्म द्वारा १८९६ में प्रकाशित, (सम्पादक अज्ञात) ।

इनमें से रामजसन मिश्र द्वारा सम्पादित संस्करण नागरी प्रचारिणी सभा, काशी के पुराने सूचीपत्रों में दिया हुआ है, किंतु सभा को लिखने पर ज्ञात हुआ कि वहाँ वह नहीं है । बंगवासी फ़र्म वाले संस्करण का पता भी नहीं लग सका कि वह कहाँ मिल सकेगा ।

नवलकिशोर प्रेस से प्रकाशित १८८१ के संस्करण की छठी आवृत्ति वहाँ से प्राप्त हुई । उसे देख कर बड़ी निराशा हुई । न उस पर सम्पादक का नाम है, और न यह लिखा हुआ है कि किन प्रतियों के अनुसार उसका पाठ निर्धारित किया गया है । मंगलमूर्ति गणेश जी का चित्र मात्र देकर ग्रंथ प्रारम्भ करना यथेष्ट समझा गया है । इसके पाठ से परिचय कराने के लिए नीचे उन्हीं नौ पंक्तियों का पाठ दिया जा रहा है, जिनका पाठ अन्यत्र विभिन्न प्रतियों के चित्रों में दिया गया है :

नाभी कुण्ड सो मलय समीरू । समुद्र भँवर जस भवै गँभीरू ।
बहुते भँवर बौंडर भये । पहुँच न सके स्वर्ग कहँ गये ।

चन्दन माँझ कुरंगिन खोजू। वेहिं को पाव को राजा भोजू।
को वहि लागहिवंचल सीझा। काकहिं लिखी ऐस को रीझा।
सोहै कमल सुगन्ध शरीरू। समुद्र लहर सोहै तन चीरू।
झूलहिं रतनपाट के झोपा। साज मदन वहिका कहँ कोपा।
अबहिं सो अहै कमल की करी। न जनों कौन भँवर कहँ धरी।
बेध रही जग बासना, निरमल मेद सुगन्ध।
तेहि अरघान भँवर सब लुब्धे, तजहिं न दिये बन्ध॥

इसे देखने पर ज्ञात होगा कि ग्रंथ के पाठ को शोध करके शुद्ध कर देने में पंडित जी ने कोई कसर नहीं रख छोड़ी है। टिप्पणी में उन्होंने शब्दार्थ भी दिये हैं। उसके सम्बन्ध में हमें विचार करने की आवश्यकता नहीं है।

मौलवी अलीहसन और शेख अहमद अली खाँ के संस्करणों में भी प्रतियों का कोई उल्लेख नहीं है, किंतु सम्पादक ज्ञात हैं। इनमें पाठ प्रायः अछूता छोड़ा हुआ ज्ञात होता है—कम से कम किन्हीं पंडित जी की वैसी कृपा इन पर नहीं हुई है, यह प्रकट है, जैसी उपर्युक्त नवलकिशोर प्रेस के संस्करण पर हुई है। इसलिए इन दोनों प्रतियों का पाठ उपयोगी है, और प्रस्तुत संस्करण में उनका उपयोग भी किया गया है। उपर्युक्त पंक्तियों के चित्र इन प्रतियों से अन्यत्र दिये जा चुके हैं।

शेष संस्करण ज्ञात रूप से सम्पादित संस्करण हैं। उनके संबंध में नीचे क्रमशः विचार प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

ग्रियर्सन का संस्करण—यह प्रस्तुत संस्करण के छंद २७४ तक ही है। विभिन्न पीढ़ियों की हमारी निम्नलिखित प्रतियाँ ग्रियर्सन को प्राप्त थीं :

(१) तृ० १, ३
(२) द्वि० २, ३
(३) द्वि० ४, ५
(४) प्र० १

इनके अतिरिक्त उन्हें तीन कैथी लिपि की तथा एक उदयपुर की नागरी लिपि की भी प्रतियाँ प्राप्त थीं।[1] कैथी की प्रतियों में से केवल एक के पाठांतर उन्होंने अपने संस्करण में दिये हैं, शेष दोनों कैथी

१—खेद है कि यत्न करने पर भी इनमें से कोई प्रति प्राप्त नहीं हो सकी।

प्रतियों के पाठांतर न देते हुए लिखा है कि इनका पाठ भी इसी प्रति से मिलता-जुलता है।

उन्होंने यह भी लिखा है कि ये दोनों कैथी की प्रतियाँ बहुत भ्रष्ट पाठ की हैं, और पाठ-निर्धारण में इनका उपयोग भी प्रायः नहीं किया है। उदयपुर की प्रति के पाठांतर उन्होंने दिए हैं। उक्त कैथी की और उदयपुर की प्रतियाँ पाठ की दृष्टि से प्र० १ की या उस से भी किंचित् नीचे की पीढ़ी की ज्ञात होती हैं।

संपादन के संबंध में ग्रियर्सन ने दो सिद्धान्तों का उल्लेख किया है। एक तो यह कि उन्होंने प्रायः प्रतियों का बहुमत ग्रहण किया है, और दूसरा यह कि द्वि० ३ के पाठ को उन्होंने सामान्यतः ग्रहण किया है, और उसे आधार-प्रति माना है। इन दोनों सिद्धान्तों के द्वारा प्राप्त परिणामों पर विचार कर लेना चाहिये।

उदयपुर की तथा कैथी की उपर्युक्त प्रतियों को लेने पर बहुमत तीसरी, चौथी और पाँचवीं पीढ़ियों का ही रहता है, और द्वि० ३ को आधार-प्रति मानने पर भी वह दूसरी पीढ़ी से आगे नहीं बढ़ता। किंतु इन सिद्धान्तों का भी यथेष्ट उपयोग उन्होंने पाठ-निर्णय या प्रक्षेप-निर्णय में नहीं किया है। यह निम्न- लिखित उदाहरणों से प्रकट होगा।

ऊपर विभिन्न प्रतियों का पाठ-संबंध निर्धारण करने में हमने प्रतिलिपि-संबंधी जिन भूलों का निरीक्षण किया है, उनमें से ११वीं संख्या की भूल इस संस्करण के मूल पाठ में भी पाई जाती है। जैसा वहाँ बताया गया है, कि द्वि० २, ४, ५, तृ० ३ में २५५.६ के स्थान पर तथा द्वि० ६ में २५५.७ के स्थान पर निम्नलिखित पंक्ति पाई जाती है :

तुम्ह सो मोर खेवक गुरु देऊ। उतरौं पार तेही विधि खेऊ।

जिससे ज्ञात यह होता है कि यह पाठ दोनों प्रकार की प्रतियों के सामान्य पूर्वज में हाशिए पर लिखा हुआ था, जिससे द्वि० २,४, ५, तृ०३ के पूर्वज ने उसे एक पंक्ति और द्वि० ६ के पूर्वज ने उसे दूसरी पंक्ति का ठीक पाठ मान कर उसे इस प्रकार भिन्न-भिन्न ढंगों से ग्रहण किया। ग्रियर्सन को द्वि० ६ प्राप्त नहीं थी। इसलिए वे इस ढंग से विवेचनीय पंक्ति के संबंध नहीं सोच सकते थे। किंतु यह पाठान्तर उनकी प्रतियों में से केवल दो में—द्वि० २, तृ० ३ में था—शेष समस्त प्रतियों में मूल पाठ की ही पंक्ति थी, इसलिए

प्रतियों का बहुमत उसके पक्ष में था, और द्वि० ३ में भी मूल पाठ की ही पंक्ति थी, इसलिए उनकी आधार-प्रति का भी साक्ष्य इसी के पक्ष में था। फिर भी ग्रियर्सन ने उक्त पाठान्तर की ही पंक्ति को ग्रहण किया।

पुनः ऊपर जिन छंदों को विभिन्न प्रतियों में प्रक्षिप्त माना गया है, उनमें से निम्नलिखित ग्रियर्सन के संस्करण में मूल पाठ के रूप में सम्मिलित कर लिए गए हैं :

६०अ, १५६अ, १८०अ, १८५ अ, २६२ अ, २६२ आ, २६२इ, २६८अ, २६८ आ, २६८ इ, २६८ ई, २६८ उ।

इनमें से ६० अ उनकी केवल तीन प्रतियों—द्वि० २, तृ० ३, तथा एक कैथी की प्रति—में था, और प्रतियों का बहुमत इसके विपक्ष में था। फिर भी ग्रियर्सन ने इसे मूल में ग्रहण कर लिया।

इनके अतिरिक्त एक और प्रक्षिप्त छंद भी ग्रियर्सन ने मूल पाठ में रख लिया है, वह है ५५ अ, जो मुझे प्राप्त किसी भी प्राचीन प्रति—हस्तलिखित या मुद्रित—में नहीं मिला है। ग्रियर्सन की प्रतियों में भी यह केवल एक कैथी की प्रतिमा में था, और उसी के प्रमाण पर उन्होंने इसे मूल पाठ में ग्रहण किया है।

यहाँ तक तो ग्रियर्सन के अपने द्वारा निर्धारित सिद्धान्तों के अनुसार उनके पाठ के विषय में हुआ। कहने की आवश्यकता नहीं कि उनके ये दोनों सिद्धान्त वैज्ञानिक दृष्टि से ठीक नहीं थे। प्रामाणिक पाठ-निर्णय के संबंध में संपादन विज्ञान के जो सिद्धान्त हैं, उनसे ग्रियर्सन अपरिचित ज्ञात होते हैं। प्रतिलिपि-संबंध, प्रक्षेप-संबंध, अथवा पाठान्तर-संबंध के आधार पर विभिन्न प्रतियों के पाठों की स्थिति निर्धारित करके पाठ-निर्धारण का कोई प्रयास उन्होंने नहीं किया है।

ग्रियर्सन की टिप्पणियों को देखने पर यह तो ज्ञात होता है कि उनका ध्यान प्रतियों के सामान्य उर्दू-लिपि में लिखे गए पूर्वज की ओर था। किंतु, ऊपर हम देख चुके हैं, 'पदमावत' की आदि प्रति नागरी लिपि में थी, जिसके उर्दू-लिपि के रूपांतर से प्रस्तुत प्रतियों की विभिन्न परंपराएँ निकलीं। इसलिए और भी ग्रियर्सन का संस्करण आदि प्रति के पाठ तक न पहुँच कर बीच ही तक रह गया है। उन्हें जायसी की भाषा तथा उनकी छंद-योजना के भी स्वरूपों का ठीक-ठीक परिज्ञान नहीं ज्ञात होता है।

शुक्ल जी का संस्करण—पं० रामचन्द्र शुक्ल ने अपने संस्करण के वक्तव्य में लिखा है कि उनके देखने में 'पदमावत' के चार संस्करण आए

थे—एक नवलकिशोर प्रेस का, दूसरा पं० रामजसन मिश्र का, तीसरा कानपुर के किसी प्रेस का, और चौथा ग्रियर्सन का। उन्होंने लिखा है, "प्रथम दो संस्करण किसी काम के नहीं हैं। एक चौपाई का भी पाठ शुद्ध नहीं। शब्द बिना इस विचार के रक्खे हुए हैं कि उनका कुछ अर्थ भी हो सकता है या नहीं।" इन दोनों के संबंध में ऊपर लिखा जा चुका है। शेष दोनों के संबंध में उन्होंने लिखा है, "कानपुर वाले उर्दू संस्करण को कुछ लोगों ने अच्छा बताया। पर देखने पर वह भी इसी श्रेणी का निकला। उसमें विशेषता इतनी ही है कि चौपाइयों के नीचे अर्थ भी दिया हुआ है।" इस संस्करण से इसके अनंतर शुक्ल जी ने अर्थों के कुछ उदाहरण दिये हैं, पाठ से कोई उदाहरण देकर उसके विषय में और कुछ नहीं कहा है। ग्रियर्सन के संस्करण के संबंध में पहले उन्होंने सुधाकर जी की दी हुई टीका-टिप्पणी की आलोचना की है, उसके अनंतर पाठ के विषय में कहा है, "कहीं-कहीं अर्थ ठीक बैठाने के लिए पाठ भी विकृत कर दिया गया है, जैसे

(१) 'कतहुँ चिरहँटा पंखिन्ह लावा' का 'कतहुँ छरहटा पेखन्ह लावा' कर दिया गया है, और 'छरहटा' का अर्थ किया गया है 'छार लगाने वाले, नकल करने वाले'।

(२) जहाँ 'गथ' शब्द आया है (जिसे हिंदी कविता का साधारण ज्ञान रखने वाले भी जानते हैं) वहाँ 'गंठि' कर दिया गया है।

(३) इसी प्रकार 'अरकाना' (अरकाने दौलत अर्थात् सरदार या उमरा) का 'अरगाना' करके 'अलग होना' अर्थ किया गया है।"

टीकाओं और टिप्पणियों के संबंध में जो कुछ शुक्ल जी ने कहा है, उससे हमारा यहाँ प्रयोजन नहीं है। केवल पाठ के संबंध में हमें विचार करना है।

(१) ३९.५ निर्धारित पाठ है : 'कतहुँ छरहटा पेरवन लावा।' शुक्ल जी का कहना है कि 'छरहटा' के स्थान पर 'चिरहँटा' और 'पेखन' के स्थान पर 'पंखिन्ह' होना चाहिए। किंतु शुक्ल जी का बताया हुआ यह पाठ न ग्रियर्सन को किसी हस्तलिखित प्रति में मिला था और न मुझे मिला है। शुक्ल जी को यद्यपि उन्होंने कहा नहीं है, यह पाठ नवलकिशोर प्रेस वाले उक्त संस्करण में मिला था जिसकी पाठभ्रष्टता की स्वतः उन्होंने निंदा की है। और 'चिरहँटा' का अर्थ उन्होंने 'बहेलिया' किया है। यह अर्थ भी उन्होंने किस प्रमाण पर किया है, यह अज्ञात है; न लोक भाषा में यह अर्थ मिलता है, और न जायसी ने ही अन्यत्र कहीं इस अर्थ में शब्द का प्रयोग

किया है। 'बहेलिया' के अर्थ में जायसी ने 'चिरिहार' शब्द का प्रयोग किया है :

कत चिरिहार ढुकत लेइ लासा। (७०.४)
सुनि बाम्हन बिनवा चिरिहारू। (७८.१)

यदि 'बहेलिया' अर्थ के लिए जायसी को कोई शब्द रखना होता, तो वे 'चिरहँटा' के स्थान पर कदाचित् 'चिरिहरा' रखते :

कतहुँ 'चिरिहरा' पंखिन्ह लावा।

किंतु लिपि की संभावनाओं के ध्यान से 'चिरिहरा' का 'चिरहँटा' या 'छरहटा' नहीं हो सकता, इसलिए 'चिरिहरा' पाठ भी मान्य नहीं हो सकता।

'पंखिन्ह' का अर्थ तो 'चिड़ियाँ' होता ही है, और उर्दू लिपि की संभावनाओं के अनुसार 'पंखिन्ह' का 'पेखन्ह' हो भी सकता है। किंतु प्रतियों में 'पेखन' ही मिलता है; न 'पंखिन्ह' मिलता है, और न 'पेखन्ह'। नवलकिशोर प्रेस वाले उक्त संस्करण में शुक्ल जी को पाठ मिला 'पंखी' और ग्रियर्सन में मिला 'पेखन्ह', इसीलिए कदाचित् शुक्ल जी ने 'पंखिन्ह' पाठ कर दिया, यद्यपि कानपुर वाले संस्करण में पाठ 'पेखन' था।

अर्थ की दृष्टि से भी 'छरहटा पेखन लावा' विचारणीय है। 'छरहट' शब्द यद्यपि 'पदमावत' के मूल पाठ के छंदों में नहीं मिलता है, एक प्रक्षिप्त छंद में मिलता है, जिसे ग्रियर्सन और शुक्ल जी—दोनों ने अपने-अपने संस्करणों में मूल पाठ में सम्मिलित कर लिया है। ग्रियर्सन में वहाँ पाठ है :

खिन इक महँ 'छरहट' होइ बीता। दर महँ छरहि रहै सो जीता।

और शुक्ल जी में है :

खिन इक महँ 'झुरमुट' होइ बीता। दर महँ चढ़ि जो रहै सो जीता।

इस प्रसंग में उक्त नवलकिशोर प्रेस तथा कानपुर वाले संस्करणों का पाठ भी द्रष्टव्य है। नवलकिशोर प्रेस में है :

खिन इक महँ 'झुरमुट' हो बीता। दर महँ चढ़ै जो रहै सो जीता।

कानपुर में है :

खिन इक महँ 'झुरमुट' हो बीता। दर महँ चढ़ैं जो रहै सो जीता।

ऐसा ज्ञात होता है कि प्रतियों का बहुमत और शब्द की सार्थकता देख कर

शुक्ल जी ने 'छरहँट' के स्थान पर 'झुरमुट' पाठ को ही ग्रहण किया। 'झुरमुट' का अर्थ शुक्ल जी ने किया है 'अँधेरा'। अँधेरा—संध्या का विरल अंधकार—'झुटपुटा' कहलाता है, 'झुरमुट' नहीं। 'झुरमुट' शब्द 'छोटी झाड़ी' के अर्थ में और प्रायः 'झाड़ी' के साथ प्रयुक्त होता है। किंतु यहाँ पर न 'अँधेरा' का कोई प्रसंग है, और न 'झाड़ी' का। और एक क्षण में 'अंधकार' होकर समाप्त भी नहीं हो जाता, जैसा 'होइ बीता' से नितांत स्पष्ट है। प्रसंग 'छरहट' का ही है। और 'छरहट' की व्युत्पत्ति है 'छल+हट्ट' 'छल'='इंद्रजाल' की 'हट्ट'='हाट'। वहाँ पर अंगद और हनुमान के पराक्रम के जो दृश्य आते हैं, महेश के घटे और विष्णु के शंख के जो नाद सुनाई पड़ते हैं, समस्त दानव, राक्षस, 'अहुठौ बज्र' जो जुटे हुए दिखाई पड़ते हैं, वे सब इस 'छलहट्ट' के ही अंग हैं। यही 'छरहट' या 'छलहट्ट' वहाँ सिंघल-वर्णन में भी आया है।

'पेखन' शब्द के संबंध में अधिक कहने की आवश्यकता नहीं है। 'पेखना'='देखना' तो जायसी में बराबर आया ही है, तुलसीदास में 'पेखन' शब्द का भी 'तमाशे' या दृश्य के अर्थ में सुंदर प्रयोग हुआ है :

जग पेखन तुम्ह देखन हारे। विधि हरि संभु नचावन हारे।

शुक्ल जी 'पेखन' और उसके इस अर्थ से कदाचित् परिचित रहे होंगे, और उनके पास के कानपुर के संस्करण में 'पेखन' पाठ के साथ ही 'तमाशा' उसका अर्थ भी दिया हुआ था। इन अर्थों को ध्यान में रखते हुए यदि पंक्ति का अर्थ दिया जावे, तो वह होगा : "कहीं 'छल की हाट' और 'खेल-तमाशे' लोगों ने लगा रक्खे हैं;" और दूसरे चरण के 'कतहुँ पखंडी काठ नचावा' के प्रसंग में यही अर्थ विशेष संगत भी ज्ञात होगा।

(२) 'गथ' शब्द ग्रियर्सन के संस्करण में निम्नलिखित दो स्थलों पर ही आया है :

चेटक लाइ हरहिं मन जौ लहिं 'गथ' होइ फेंट। (३८.८)

जो तेहि हाट सजग भा 'गथ' ताकर पै बाँच। (३६.६)

ग्रियर्सन के अतिरिक्त उक्त नवलकिशोर प्रेस तथा कानपुर वाले संस्करणों में भी इन स्थलों पर पाठ 'गठि' है। यद्यपि शुक्ल जी ने कहा नहीं है, असंभव नहीं कि उन्हे 'गथ' पाठ पं० रामजसन के संस्करण या कैथी की उक्त प्रति में मिला हो, जिसका उल्लेख शुक्ल जी ने किया है, क्योंकि इन स्थलों पर 'गथ' पाठ मुझे भी हिंदी और उर्दू लिपियों की अनेक हस्तलिखित

प्रतियों में मिला है। इन स्थलों पर पाठ 'गथ' ही होना चाहिए, यह मान्य है।

किंतु, ग्रियर्सन द्वारा यह पाठ-विकृति नहीं हुई है; ग्रियर्सन ने जिन प्रतियों का उपयोग किया था उनमें से अधिकतर में, और जिस प्रति को उन्होंने आधार-प्रति माना था, उसमें पाठ 'गठि' ही था, अतएव 'गठि' पाठ स्वीकार करने में उन्होंने कोई पाठ-विकृति न कर अपने द्वारा निर्धारित सिद्धांतों का पालन ही किया है। उन प्रतियों में भी 'गथ' का 'गठि' पाठ की गई पाठ-विकृति के रूप में नहीं हुआ है, वरन् उर्दू लिपि की विशेषताओं के कारण हुआ है, क्योंकि 'गथ' और 'गठि' दोनों प्राचीन उर्दू लिपि में एक ही प्रकार से लिखे जाते थे।

(३) ग्रियर्सन में 'अरगाना' शब्द निम्नलिखित स्थल पर आया है :

जावँत अहहिं सकल अरगाना। साँबर लेहु दूरि है जाना। (१२८.२)

'अरगाना' के स्थान पर 'अरकाना' पाठ होने के संबंध में शुक्ल जी का प्रमाण 'अरकाने-दौलत' उसकी व्युत्पत्ति पर आधारित है। 'अरकाना' पाठ और उसकी 'अरकाने-दौलत' व्युत्पत्ति दोनों शुक्ल जी को उक्त कानपुर वाले संस्करण से मिले हैं, यद्यपि शुक्ल जी ने यह लिखा नहीं है— उसमें मूल में पाठ 'अरकाना' तथा अनुवाद में 'अरकाने-दौलत' दिए हुए हैं।

किंतु भाषा की संभावनाओं की ओर उनका ध्यान नहीं गया—'अरकाना' का 'भाषा' में 'अरगाना' और 'अरगाना' का 'उरगाना' या 'ओरगाना' हुआ होना स्वाभाविक है, यथा शोक से 'निसोगा' (४२.७) '(५८.८)' 'अनेक' से 'अनेग' (३७.३) 'बिकसै' से 'बिगसै' (३२६.८)। 'पदमावत' में यह शब्द अन्यत्र इसी रूप में आया भी है। एक स्थान पर है :

राघवचेतन चेतन महा। आई 'ओरगि' राजा के रहा। (४४६.१)

'ओरगि' शब्द की इस व्युत्पत्ति को न समझ कर शुक्ल जी ने वहाँ पाठ दिया है :

आऊ सरि राजा के रहा।

यद्यपि नवलकिशोर प्रेस, और कानपुर वाली उक्त प्रतियों में पाठ 'ओरकि' था—जो 'ओरिग' का ही उर्दू लिपि की विशेषताओं के कारण विकृत पाठ है। दूसरे स्थान पर है :

अष्टौ कुरी नाग 'ओरगाने' भै केसन्हि के बाँद। (६६'६)

'ओरगाने' के स्थान पर नवलकिशोर प्रेस वाले में पाठ 'उरके' था, कानपुर वाले में 'अरुझे' था, और ग्रियर्सन में 'सब' पाठ स्वीकृत किया गया था। कदाचित् कानपुर वाले संस्करण का ही अनुसरण करते हुए शुक्ल जी ने भी पाठ 'अरुझे' दिया। किंतु यदि ग्रियर्सन द्वारा दिये हुये पाठांतरों पर उन्होंने ध्यान दिया होता, तो उन्हें ज्ञात होता कि प्र० १ तथा तृ० १ के अतिरिक्त उनकी सभी प्रतियों में इसके स्थान पर 'उरगाने' 'उरगानेउ' 'ओरगाएन' 'अउँरगे' पाठ है। ग्रियर्सन ने स्वतः इस स्थल पर—कदाचित् 'ओरगाने' शब्द से अपरिचित होने के कारण—प्रतियों के बहुमत एवं आधार-प्रति विषयक अपने दोनों सिद्धान्तों का उल्लंघन किया था। शुक्ल जी शब्द से तो परिचित थे, किंतु उन्होंने कदाचित् ग्रियर्सन के संस्करण में दिये हुए पाठांतरों पर कोई ध्यान नहीं दिया, अन्यथा कदाचित् वे भी 'ओरगाने' पाठ ही स्वीकार करते।

इन सबसे भी अधिक विचारणीय यह है कि शुक्ल जी ने पूर्ववर्ती संस्करणों के विषय में इस प्रकार के आरोप किसी भी हस्तलिखित प्रति के प्रमाण पर नहीं किए हैं, वरन् या तो किसी मुद्रित संस्करण के आधार पर किए हैं, और या तो अपने अनुमानों के प्रमाण पर। हस्तलिखित प्रति के नाम पर केवल एक प्रति का उपयोग उन्होंने किया था, जिसके विषय में उन्होंने केवल इतना कहा है कि वह कैथी लिपि में थी। उन्होंने यह नहीं बताया है कि वह उन्हें कहाँ से मिली थी, किस तिथि की थी, किसकी लिखी हुई थी, किस आकार-प्रकार की थी, और उसका पाठ कैसा था। पूर्ववर्ती संस्करणों के पाठों के बारे में तो उन्होंने इतना लिखा, उक्त हस्तलिखित प्रति के पाठ के सम्बन्ध में एक शब्द भी नहीं लिखा।

शुक्ल जी के संस्करण का पाठ जैसा है, उसे भी हमें देखना है। उसमें निम्नलिखित तैंतालीस छंद भी पाए जाते हैं, जो प्रस्तुत संस्करण में प्रक्षिप्त माने गए हैं :

५५ अ, ६० अ, १५६ अ, १८० अ, २६२ अ, २६२ आ, २६२ इ, २६८ अ, २६८ आ, २६८ इ, २६८ ई, २६८ उ, २७४ अ, २८४ अ, २८४ आ, २८४ इ, २६३ अ, ३१५ अ, ३१५ आ, ३१५ इ, ३१६ अ, ३३२ अ, ३६१ अ, ३८३ अ, ३८३ आ, ३८३ इ, ३८३ ई, ४१८ अ, ८१८ ई, ४१८ उ, ४२६ अ, ४४५ अ, ४४५ इ, ४६८ अ, ५२८ उ, ५७४ अ, ५८३ अ, ५८३ आ, ५८३ इ, ५६३ अ१, ६०३ अ, ६११ अ१, १३३ अ।

विभिन्न प्रतियों का प्रक्षेप-संबंध निर्धारित करते हुए इनमें से अधिकतर का विस्तृत विवेचन किया जा चुका है, केवल दो के संबंध में यहाँ कुछ कहना आवश्यक है। एक है ५५ अ, जो प्रस्तुत संस्करण के लिए प्रयुक्त किसी भी प्रति में नहीं मिलता है। ग्रियर्सन के संस्करण में अवश्य यह छंद है, किंतु उन्हें भी केवल एक कैथी की प्रति में मिला था, जो, जैसा बताया जा चुका है, पाठ की दृष्टि से उनके और मेरे द्वारा प्रयुक्त समस्त प्रतियों से नीचे की पीढ़ी की थी। शुक्ल जी ने केवल ग्रियर्सन के प्रमाण पर इसे स्वीकृत किया, या कोई और प्रमाण उन्हें इसके पक्ष में प्राप्त हुए थे, यह अज्ञात है।

दूसरा, ऊपर दिया हुआ १३३ अ है। यह शुक्ल जी के संस्करणमें प्रायः अंत में आता है, और कथा के गूढ़ार्थ का निर्देश करता है—चित्तौर को तन, राजा को मन, सिंहल को हृदय, पद्मिनी को बुद्धि आदि बताता है। यह छंद शुक्ल जी को नवलकिशोर प्रेस, और कानपुर वाले संस्करणों में मिला था, कदाचित् इसीलिए उन्होंने इसे प्रामाणिक मान कर ग्रंथ के मूल पाठ में स्थान दिया। मुझे केवल दो हस्तलिखित प्रतियों में यह छंद मिला है, प्र० १, तथा (तृ० १)। ऊपर हम यह देख चुके हैं कि यह प्रतियाँ पाठ परम्परा में सब से नीची पीढ़ी में आती हैं। इसलिए यह छंद निश्चित रूप से प्रक्षिप्त है। किंतु इस छंद को प्रामाणिक मान लेने के कारण जायसी के रूपक-निर्वाह के विषय में शुक्ल जी ने और उनके पीछे के जायसी के समस्त समालोचकों ने कितना बड़ा वितंडावाद किया है!

प्रक्षिप्त छंदों की उपर्युक्त तालिका को देखने पर ज्ञात होगा कि ग्रंथ के उस अंश में जो ग्रियर्सन के भी संस्करण में आता है, १८५ अ को छोड़ कर सभी उक्त संस्मरण के हैं, क्योंकि वे अन्यथा किसी भी एक प्रति में नहीं मिलते; शेषांश के समस्त प्रक्षिप्त छंद यदि किसी एक प्रति में मिलते हैं तो वह है द्वि० ४, अर्थात् कानपुर का वह संस्करण जिसके विषय में शुक्ल जी के विचारों से हम ऊपर परिचित हो चुके हैं। इस अंश में उन्होंने द्वि० ४ का केवल एक अतिरिक्त छंद छोड़ा है, वह है ४१९ आ। फलतः दोनों संस्करणों का ऋण शुक्ल जी पर प्रकट है, और कम से कम प्रक्षिप्त और प्रामाणिक-छंद-निर्णय में रुपये में सवा पंद्रह आने है। जिनका इतना ऋण शुक्ल जी पर है, उनकी जिन शब्दों में खबर शुक्ल जी ने अपनी प्रस्तावना में ली है, वह शुक्ल जी जैसे समालोचक के लिए ही संभव था।

ग्रियर्सन के संस्करण के पाठ पर विचार करते हुए हमने ऊपर देखा है कि उसमें प्रतिलिपि की उन भूलों में से एक—ग्यारहवीं—आ गई है जिनके

आधार पर हमने विभिन्न प्रतियों का प्रतिलिपि-संबंध निर्धारित किया है। वह भूल शुक्ल जी के संस्करण में भी आ गई है। ग्रियर्सन के अतिरिक्त वह द्वि० ४—अर्थात् कानपुर के संस्करण—में भी मिलती है। दोनों संस्करणों का जैसा ऋण शुक्ल जी के ऊपर है, उससे यह स्वाभाविक ही था।

प्रतिलिपि-परम्परा, प्रक्षेप-परम्परा, पाठांतर-परम्परा आदि के आधार पर ग्रंथ के पाठ-निर्धारण की बात ही शुक्ल जी के संस्करण के विषय में न सोचनी चाहिए, क्योंकि प्रति के नाम पर केवल एक हस्तलिखित प्रति का उन्होंने उपयोग किया, और वह भी किस अंश तक—यह बताने की उन्होंने आवश्यकता नहीं समझी।

उर्दू लिपि के कारण पाठ-विकृति की संभावनाओं पर उन्होंने अवश्य कुछ ध्यान दिया था, किंतु ग्रियर्सन ने भी इस प्रकार का ध्यान दिया था, और दोनों में अंतर अधिक नहीं है। ग्रियर्सन की भाँति ही शुक्ल जी का ध्यान भी इस बात की ओर नहीं गया कि वास्तव में 'पदमावत' की आदि प्रति उर्दू नहीं, नागरी लिपि में थी। इसलिए वे भी उसी प्रकार मार्ग के बीच में ही रह गए जैसे ग्रियर्सन। जायसी की भाषा और छंद-योजना के स्वरूपों का भी ठीक-ठीक परिज्ञान उनके संस्करण में नहीं दिखाई पड़ता है।

डा० सूर्यकांत शास्त्री का संस्करण—यह संस्करण भी ग्रंथ के उसी अंश तक का है, जिसका ग्रियर्सन का है, और इसके सम्पादक ने प्रस्तावना में यह भी कहा है कि इस संस्करण का पाठ उन्होंने सावधानी के साथ ग्रियर्सन के संस्करण पर आधारित रक्खा है। उन्होंने यह भी लिखा है कि ग्रियर्सन का पाठ उन्हें प्रामाणिक ज्ञात हुआ है, क्योंकि वह पंजाब (अब पश्चिमी पंजाब) यूनिवर्सिटी के पुस्तकालय में सुरक्षित एक प्राचीन हस्तलिखित प्रति के पाठ से मिलता है।[1] उन्होंने इस प्रति का कोई परिचय नहीं दिया है, इसलिए उनके इस कथन पर विचार करना असम्भव है। और शुक्ल जी के संस्करण का उल्लेख करते हुए उन्होने लिखा है कि "यह ग्रियर्सन के संस्करण से बहुत भिन्न है, और उसकी यह भिन्नता भी ग्रंथ के पाठ और उसकी भाषा—दोनों के बिषय में ग़लत दिशा में है।" ऊपर ग्रियर्सन और शुक्ल जी के संस्करणों के संबंध में प्रर्याप्त रूप से विचार हो चुका है। इसलिए संपादक के इस कथन पर भी विचार करने की आवश्यकता नहीं है।

[1] खेद है कि यह प्रति यत्न करने पर भी नहीं प्राप्त हो सकी।

डा० सूर्यकांत के संस्करण का पाठ डा० ग्रियर्सन के पाठ पर ही आधारित है, इसलिए ग्रियर्सन के संस्करण पर विचार कर लेने के अनंतर उसके विषय में अलग से कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। डा० सूर्यकांत के संस्करण का महत्त्व वस्तुतः उनके द्वारा प्रस्तुत की गई 'पदमावत' की शब्द-सूची (Index) के कारण है, और प्रस्तुत संस्करण में उसका यथेष्ट उपयोग किया गया है।

पं० भगवती प्रसाद पांडेय का संस्करण—सम्पादक ने अपने दीबाचे में ग्रंथ के मूल पाठ के चार संस्करणों का उल्लेख किया है—एक नवलकिशोर प्रेस लखनऊ का, दूसरा कानपुर का, तीसरा ग्रियर्सन का, और चौथा शुक्ल जी का। इन पर अलग-अलग कोई विचार न करके, उन्होंने लिखा है "इसमें कोई शक नहीं कि पंडित जी (पं० रामचन्द्र शुक्ल) मौसूफ़ ने तसनीफ़ात जायसी की तालीफ़ फ़रमा कर जो एहसान अदबी दुनिया पर फ़रमाया है, उसकी तारीफ़ करना आफ़ताब को चिराग़ दिखाना है।...'जायसी-ग्रंथावली' के सिवाए जितने भी नुस्खे 'पदमावत' के मिले वह सब बेहद मशकूक और ग़लत हैं।" इसीलिए इस संस्करण का पाठ उन्होंने शुक्ल जी के संस्करण के ही अनुसार रक्खा है। पांडेय जी ने जिन प्रतियों का उल्लेख किया है, उन पर ऊपर विचार किया जा चुका है, और पांडेय जी का संस्करण पाठ की दिशा में कोई नया प्रयास नहीं है, इसलिए उसके संबंध में अलग से विचार करने की आवश्यकता नहीं है।

डा० लक्ष्मीधर का संस्करण—यह ग्रियर्सन की ही दिशा में प्रस्तुत संस्करण के छंद २७५ से ३७३ तक के अंश का संस्करण है। इसके लिए प्रयुक्त हस्तलिखित प्रतियाँ निर्धारित पीढ़ियों के अनुसार निम्न-लिखित हैं :

(१) तृ० १, २, ३
(२) द्वि० २, ३
(३) प्र० १

इन प्रतियों के अतिरिक्त संपादक ने शुक्ल जी के संस्करण का भी उपयोग किया है।

प्रस्तावना में संपादक ने कहा है कि उन्होंने भी ग्रियर्सन की भाँति द्वि० ३ को आधार-प्रति माना है। इससे अधिक प्रकाश उन्होंने अपने संपादन-

सिद्धान्तों पर नहीं डाला है। यह अतः सम्पादन किस प्रकार का हुआ है, यह इमें बहुत कुछ अपने ही यत्नों से समझना होगा।

इस संस्करण की छंद-संख्या १०६ है, किन्तु इसमें ऐसे भी सात छंद सम्मिलित कर लिए गए हैं जिन्हें ऊपर हमने प्रक्षिप्त पाया है। इनमें से चार ही—२८८ अ, २८८ आ, ३३२ अ, ३६१ अ—ऐसे हैं जो कुछ अन्य प्रतियों के साथ द्वि० ३ में भी मिलते हैं, और कदाचित् मुख्यतः द्वि० ३ के प्रमाण पर मूल पाठ में ग्रहण कर लिए गए हैं। शेष तीन—२८४ अ, आ, इ—अन्य प्रतियों में ही हैं, द्वि० ३—आधार-प्रति—में नहीं है, और फिर भी मूल पाठ में सम्मिलित कर लिए गए हैं। अतः यह प्रकट है कि ग्रियर्सन की भाँति इन्होंने भी आधार-प्रति के सिद्धान्त का यथेष्ट निर्वाह नहीं किया है।

दूसरी ओर संपादक ने ग्रंथ के परिशिष्ट में इस अंश के उन छंदों का भी पाठ दिया है जिन्हें उन्होंने प्रक्षिप्त माना है। इन छंदों में उन्होंने प्रस्तुत संस्करण में मूल पाठ में रक्खे गए छंद ३७७ को भी रक्खा है, जो उनके और मेरे द्वारा प्रयुक्त समस्त प्रतियों में पाया जाता है, और अन्य समस्त संस्करणों में भी मिलता है। उनकी इस भूल का कारण यह है कि उनकी दृष्टि केवल उपर्युक्त अंश की सीमा के भीतर संकुचित थी। उन्हें यह छंद द्वि० ३ में छंद ३७२ और ३७३ (प्रस्तुत संस्करण) के बीच मिला, और यहीं पर उन्होंने उक्त छंद को अपनी अन्य प्रतियों में ढूँढ़ा, और जब वह अन्य प्रतियों में यहाँ न मिला, तो इसे प्रक्षिप्त मान लिया। अपनी सीमा से केवल चार छंद बाहर तक यदि संपादक ने दृष्टि डाली होती, तो उन्हें वहाँ यह छंद उनकी अन्य समस्त प्रतियों में मिल जाता।

जिन छंदों को उन्होंने इस परिशिष्ट में दिया है, ऐसा ज्ञात होता है कि वैसे भी उन्हें पर्याप्त ध्यान से नहीं देखा, क्योंकि छंद २८४ और २८५ (प्रस्तुत संस्करण) के बीच में आने वाले तीन प्रक्षिप्त छंदों का पाठ उन्होंने एक बार शुक्ल जी के संस्करण के प्रक्षिप्त छंदों के रूप में, और पुनः तृ० ३ के प्रक्षिप्त छंदों के रूप में दिया है।

इस संस्करण में भी ग्रियर्सन के संस्करण की भाँति द्वि० ३ को आधार-प्रति मानने के कारण उसकी अशुद्धियाँ आ गई हैं। ऐसी केवल एक भूल की ओर ध्यान आकृष्ट करना यथेष्ट होगा, जो ऊपर प्रतियों के प्रतिलिपि-संबंध निर्धारित करने वाली भूलों की सूची में सम्मिलित की गई है—वह है उस सूची की बीसवीं। निर्धारित पाठ है 'रानी तुम्ह ऐसी सुकुआरा। फूल

बास तनु जीउ तुम्हारा।' (३२३.२) दूसरे चरण का पाठ इस संस्करण में है : 'पान फूल के रहहु अधारा।' यह चरण समस्त प्रतियों में १३४.२ का दूसरा चरण है, और उसी प्रकार द्वि० ३ में भी है, और जैसा हम देख चुके हैं, प्रसंग की दृष्टि से भी वहीं उपयुक्त है, यहाँ नहीं। इसलिए अशुद्धि प्रकट है।

इस संस्करण के लिए संपादक ने इंडिया ऑफिस, लंदन के बाहर की ही नहीं, इंडिया ऑफ़िस लंदन की भी कुल प्रतियों को देखने की आवश्यकता नहीं समझी। पाठ की दृष्टि के ऊपर हमने देखा है पं० १ का विशेष महत्त्व है: संपूर्ण ग्रंथ में उसमें सब से कम—केवल तीन—प्रक्षिप्त छंद हैं, और ग्रंथ के इस अंश में कोई भी नहीं हैं। यह प्रति भी इंडिया ऑफ़िस, लंदन की है। किंतु इसका उपयोग संपादक ने नहीं किया है।

संपादक ने यह पाठ लंदन यूनिवर्सिटी की पी-एच०डी० की थीसिस के रूप में संपादित किया है, किंतु न इसमें उन्होंने उर्दू या हिंदी लिपियों की विभिन्न प्रवृत्तियों के कारण ग्रंथ की पाठ-विकृति की संभावनाओं पर कोई विचार किया है, न प्रतियों की प्रतिलिपि-परम्परा, प्रक्षेप-परम्परा, और पाठांतर-परम्परा पर विचार किया है, और न जायसी की भाषा और छंद-योजना पर पाठ-निर्धारण में यथेष्ट ध्यान दिया है। फिर भी आश्चर्य यह है कि इसी को समालोचनात्मक संपादन कहा गया है, और इसी पर संपादक को लंदन यूनिवर्सिटी की पी-एच० डी० उपाधि मिली है।

संपादित पाठ के अतिरिक्त डा० लक्ष्मीधर ने इस अंश का अंग्रेजी अनुवाद और शब्द-सूची (Glossary) भी दी है, और इसके अतिरिक्त जायसी और नानक की भाषाओं की तुलनात्मक समीक्षा की है। उनकी शब्द-सूची से ही प्रस्तुत संस्करण में कुछ सहायता ली जा सकी है।

पद्मावत

[१]

सँवरौं आदि एक करतारू। जेइँ जिउ दीन्ह कीन्ह संसारू[१]।
कीन्हेसि प्रथम जोति परगासू। कीन्हेसि तेहिं[२] पिरीति[३] कबिलासू[४]।
कीन्हेसि अगिनि पवन जल[५] खेहा। कीन्हेसि बहुतइ रंग उरेहा[६]।
कीन्हेसि धरती सरग पतारू। कीन्हेसि बरन बरन अवतारू।
कीन्हेसि सात दीप[७] ब्रह्मंडा[८]। कीन्हेसि भुवन चौदहउ[९] खंडा।
कीन्हेसि दिन दिनअर[१०] ससि राती। कीन्हेसि नखत तराइन पाँती[११]।
कीन्हेसि धूप सीउ औ[१२] छाहाँ। कीन्हेसि मेघ बीजु तेहि[१३] माहाँ।

कीन्ह सबइ[१४] अस जाकर दोसरहि छाज न काहु।
पहिलेहिं तेहिक[१] नाउँ लइ कथा कहौं[१६] अवगाहु[१७]॥

[२]

कीन्हेसि हेवँ समुंद्र अपारा[१]। कीन्हेसि मेरु खिखिंद[२] पहारा।
कीन्हेसि नदी नार औ झरना। कीन्हेसि मगर मंछ बहु बरना[३]।

---

[१] १. प्र० २ करतारू २. प्र० १, (तृ० १), च० १ तिन्हहि ३. प्र० २ प्रिथिमी, द्वि० २, ३ परबत ४. (तृ० १) कैलासू ५. प्र० २ अरु ६. द्वि० ३ औ रेहा ७. द्वि० २ सात सरग, द्वि० ४ सपत मही, तृ० २ सपत प्रस्त, तृ० ३ सत्त सत्त ८. द्वि० ५ महिमंडा, द्वि० ६ नौखंडा ९. प्र० २ चतुर्दस १०. द्वि० ४ दिनेस ११. प्र० २ धूप दीप बहु भांती १२. प्र० २ बहु १३. प्र० २ जल १४. (तृ० १), तृ० २ कीन्हेसि सब १५. प्र० १, द्वि० ४ ताकर, द्वि० १ तेहिं कौं, द्वि० ३, तृ० २, पं० १ तेहि का १६. द्वि० ६, पं० १ करौं १७. प्र० १, द्वि० ६ अरु काह, द्वि० ५, (तृ० १), तृ० २ अरकाह, तृ० ३ अरिगाहु।

[२] १. द्वि० २ भौंर समुद्र अपारा, द्वि० ३ सातउ समुँद अपारा, द्वि० ४ बहम (हेम?) समुंद अपारा, द्वि० ५ सात समुंद अपारा, द्वि० ६ भुवन समुंद अपारा, २. प्र० २ महिषउ मेरु, तृ० ३ मेरु खंड खंड ३. द्वि० २ तरना

कीन्हेसि सीप मोंति बहु भरे । कीन्हेसि बहुतइ नग निरमरे ।
कीन्हेसि बनखँड औ जरि मूरी । कीन्हेसि तरिवर तार खजूरी ।
कीन्हेसि साउज आरन रहहीं । कीन्हेसि पंखि[४] उड़हिं जहँ[५] चहहीं ।
कीन्हेसि बरन सेत औ स्यामा । कीन्हेसि भूख नींद बिसरामा ।
कीन्हेसि पान फूल बहु[६] भोगू । कीन्हेसि बहु ओषद बहु[७] रोगू ।

निमिख न लाग कर ओहि सबइ कीन्ह पल एक ।
गगन अंतरिख[८] राखा[९] बाज[१०] खंभ बिनु[११] टेक ॥[१२]

[३]

कीन्हेसि मानुस दिहिस[१] बड़ाई । कीन्हेसि अन्न भुगुति तेहिं पाई[२] ।
कीन्हेसि राजा भूँजहिं राजू । कीन्हेसि हस्ति घोर तिन्ह[३] साजू ।
कीन्हेसि तिन्ह कहँ[४] बहुत[५] बेरासू[६] । कीन्हेसि कोइ ठाकुर कोइ दासू ।
कीन्हेसि दरब गरब जेहिं होई । कीन्हेसि लोभ अघाइ न कोई ।
कीन्हेसि जिअन[७] सदा सब चहा । कीन्हेसि मीचु न कोई रहा ।
कीन्हेसि सुख औ कोड[८] अनंदू । कीन्हेसि दुख चिंता औ[९] दंदू[१०] ।
कीन्हेसि कोइ भिखारि कोइ धनी । कीन्हेसि सँपति बिपति पुनि[११] घनी ।

कीन्हेसि कोइ निभरोसी[१२] कीन्हेसि कोइ बरिआर ।
छार हुते[१३] सब कीन्हेसि पुनि कीन्हेसि[१४] सब[१५] छार ॥

[४]

कीन्हेसि अगर कस्तुरी बेना । कीन्हेसि भीवँसेन औ चेना ।

---

४. प्र० १ पंछि ५. प्र० २ उड़न कहँ, द्वि० ७ उड़ैं जौं ६. तृ० ३ औ ७. द्वि० २ औ ८. प्र० १ अंतरिछ ९. प्र० १ राखेउ, द्वि० १ राखेसि, १०. द्वि० १, तृ० २ बाझ, द्वि० ६ बाछ ११. द्वि० ६ पुनि १२. प्र० २ में इस छंद के पूर्व छंद २ की पाँच पंक्तियाँ दुहराई हुई हैं ।

[३] १. प्र०१, द्वि० १, तृ० ३ दीन्हि २. द्वि० ३, ५ तेहिं खाई, तृ० ३ तिन्ह जाई ३. द्वि० ३ घोर बहु, द्वि० ६ घोरन्ह ४. द्वि० १ तिन्हहिं, च० १ बहु गुन ५. च० १ भोग ६. द्वि० ५ परासू ७. तृ० ३ जीव ८. द्वि० ५, (तृ० १) कोटि ९. तृ० २, ३ बहु १०. द्वि० १, ५, (तृ० १) धंदू ११. द्वि० १, ३, ६, च० १ बहु, द्वि० ५ तृ० ३ सँग, प्र० १, २ अति १२. तृ० ३ भरोसा १३. द्वि० ३ छार हुतें १४. च० १ अंत कीन्ह १५. प्र० २, तृ० २, धार, तृ० ३ तिन्ह ।

कीन्हेसि नाग मुखहि विष बसा। कीन्हेसि मंत्र हरइ जेहिं डसा।
कीन्हेसि अमिअ जिअन[१] जेहि पाएँ[२]। कीन्हेसि बिष जो मीचु तेहि खाएँ[२]।
कीन्हेसि ऊखि मीठि रस भरी। कीन्हेसि करुइ बेलि बहु फरी[३]।
कीन्हेसि मधु लावइ लइ माखी। कीन्हेसि भवँर पतंग[४] औ पाँखी।
कीन्हेसि लोवा उंदुर[५] चाँटी[६]। कीन्हेसि बहुत रहहिं खनि माँटी।
कीन्हेसि राकस भूत परेता। कीन्हेसि भोकस देव दयंता[७]।

कीन्हेसि सहस अठारह बरन बरन उपराजि।
भुगुति दिहेसि पुनि सब कहँ सकल साजना साजि॥

[५]

धनपति[१] उहइ जेहिक संसारू। सबहि देइ नित घट न भँडारू।
जावँत जगति हस्ति औ चाँटा। सब कहँ भुगुति रात दिन बाँटा।
ताकरि दिस्टि सबहिं उपराहीं। मित्र सत्रु कोइ बिसरइ नाहीं।
पंखि[२] पतंग न बिसरइ कोई। परगट गुपुत जहाँ लगि होई।
भोग भुगुति बहु भाँति उपाई। सबहि खियावइ[३] आपु न खाई।
द्वि० १—

जौं कलाम कर बचन सुनावा। सुनत साहि जिव खेह आवा।
पाँव दहिन पूजहि कै हेरा। है कोइ ऐसा दोसत मेरा।
जौं कोइ यह नायक मारै आजू। देउँ चँदेरी चितउर आजू।
मीरन्ह केर मजालिस भई। जेहि के महँ सूरा अस कही।
कनियर तार नहिं सो तरई। समुहें घाव खाइ सो मरई।
सब मिलि एक मसूरत कीन्हा। हाथ कमान चोंप कै लीन्हा।
सभारा साह बदा सो दहिने। कूंद की गेंद चूरी मनी (?)।

बड़ा घनी जब संभारा तबहि झूठ और न कोइ।
तबहि तेज कि मैं सवरौं सूझा था जग होइ॥

[५२९अ]

द्वि० १—

साहि जो बेड़िनि देखत लाजा। ओके मन मह सब कै हाजा।
बैठे राय राँक सब जुरी। जनहुँ बैठ इंद्रासन पुरी।
राना राव औ गजपति जेते। रन लिखार करु मन महँ बैठे।
अरन नतर राजा की मही। जत दुख रहै तत सब बही।
गोरा बादिल महानरेसू। बनहि देखा जेहि राय कलेसू।
काहें नृपति दुक्ख मन माहाँ। फूल बदन नहिं देखौं कान्हाँ।
तुम्ह गोरा बादिल मोर भाई। को तुरकन्ह तें करै लराई।

को तुरकन्ह तें रन करै को जिव खोवै आज।
को अस आहि महाबली को रे करै रन साज॥

[५२६ आ]

द्वि० १—

को मेटै दुख बात हमारी। बिनवौं बिरंचि देव मुरारी।
को मलेछ तें जोरै अनी। को रे कहावै रन का धनी।
बादिल बात जो मन महँ भाई। राजा करै लाग बड़ाई।
का मैं राव दुक्ख जेहि धरसी। महा अनंद हरख तेहि करसी।
जैसें तुरकन्ह बेड़िनि मारा। तैसें सेवक अहौं तुम्हारा।
दै अग्यौं कि मारौं बाना। सो मोहि देइ दिखाइ निसाना।
बादिल कहा राजै सनकारौं। छत्र धरें ताकर कर मारौं।

छत्र धरें छत्र धारी ताहि मारौं बलवंड।
सुनु बादिल मन हरखा बदवा कहै कमंद॥

[५२९ इ]

द्वि० १—

गहि कमान निरखा तो बादिला। मरा बीर जुझार सो आदिला।
भो नग लाइ के खाँजी जेहीं। छूट बान बादिल कर तेहीं।
लाग बान तब कर उधिराना। देखत बान साहि तब ताना।
ओके मन महँ तुरुक जुझारा। सन बंध तब सब संहारा।
अवन हाथ गढ़ आवै कबहीं। बिनवा जाइ सारि ते सबहीं।
कै मढ़ छाड़तु कै गढ़ लाहौं। कै तौ मरन तहाँ गढ़ माहौं।
सेर तुरुक तो बिनती कीन्हा। दगा किए महँ मसूरत कीन्हा।

दया कीन्ह जब राजा तब पै आवै हाथ।
नाहीं तो हथ लागें टूटत इन कहँ माँथ॥

[५३३ अ]

प्र० १, २—

भोग कीन्ह मानेहु सुख साँती। अब नग देहु आहि जनु पाती।

हरजै सुना स्रवन गति बाता। भएउ सँजोग चलेउ जहँ राता।
लीन्ह सो समत साहि कर काना। घरी धरी तब कीन्ह पयाना।
दुइ जो पयान कीन्ह ओहि ठाऊँ। तिसरे जाइ पहूँचे गाऊँ।
तब राजा मन माहँ सकाना। दहुँ कस बनै रतन पहँ जाना।
अनचिन्ह सबै कोउ नहिं साथा। दहुँ कस बनै रतन पहँ जाना(?)।
औ भै कीन्ह मनहिं चख भेरी। जहाँ साहि औ राजा केरी।

गवा देवस अब आउ निसि बिसरावा ओहि ठाँव।
पैसत पवरि अचेत भौ भूलि परे एहि गाउ॥

[५३३आ]

प्र० १, २—

सरजा सबद साहि कर लावा। रहै कहाँ जो सीस उठावा।
भई चाह चितउर की हाटा। जहँ नग कनक जराव की पाटा।
ब्याकुल भई छतीसौ जाती। आजु साहि की आई पाती।
जौं भल होइ तौं राजा काँधौं। लै पाती सिर ऊपर बाँधौं।
जो चाहै सो अग्याँ करै। लै नग रतन आगे कै धरै।
करहु मान जनि चितउर देखी। होइ सिस्टि पुनि रैनि बिसेखी।
कोट वोट नहिं काहुहि आवा। जौं रे साहि सैना सौं गाहा।

खोजत खोज न पाउब जेउँ रे छुआ की छाँह।
सपने की सी संपति नैन खोलैहइ काँह॥

[५३४अ]

द्वि० १, तृ० २—

अनु सरजा तू कहा हमारा। जानहि लोक लाज ब्यौहारा।
दान मान सुमिरत संसारा। माँग न कोइ पुरुख कै दारा।
जो घरनी दै कै घर राखा। पुरुख न कहिय निपुंसक भाखा।
जावत सेव कहिअ सेवकाई। तावत करौं माँथ भुइँ लाई।
अरथ दरब औ हस्ति तोखारा। रतन पदारथ देहुँ भँडारा।
देस कोस औ राज दोहाई। जो माँगौ सो देउँ सवाई।
औ कर जोरे नेवा सारौं। पै एक घरनी देइ न पारौं।

जहँ लगि लच्छि परापति राज साज ब्यौहार।
सब पायन्हँ तर बारौं जो रे अरथ भँडार॥

[५३७अ]

प्र० १, २—

सुनि सो बात राजा मन भावा। कहिन्हि जाइ अब सेवौं पावा।
औ कर जोरि मनावौं ओही। देइ मुकुति चितउर जिय मोही।
सुनु बसीठ साहि कर ओरा। चितउरिया बिनवौं कर जोरा।
औ जौं चलब तुम्हारे साथा। सभै जात जिउ लेउँ मैं हाथा।
औ घर सेवा करब अहारा। सब छाँड़ब यह कटक भँडारा।
चितउर माहँ कीन्ह मैं सेवा। रतन अंध दिठियार हो देवा।
जेहि सब सेव करै दिन राती। मैं कुसेव बिनवौं केहि भाँती।

जौं रे रहौं तौ बनै नहिं चलौं सभै मोहिं दोख।
कहा आइ रानीन्ह सौं करहु बिदा मोहिं चोख॥

[५३७आ]

प्र० १, २—

जौं तुम्ह चले साइँ पहँ देवा। अब हम लाइ काहि कै सेवा।
जौं पिय जीय तौ आपन होई। सभै तुम्हार मोर नहिं कोई।
बिनवै पदुमावति सुनु नाहा। अब कस चले अलादिन पाहाँ।
तब न जाइ गिय नाइ जोहारा। अब कस चले मिलन बेवहारा।
नहिं जानै जिय अंत मेराऊ। आए साहि कस भए बटाऊ।
औ न कीन्ह मन माहँ बिचारा। हिए जान सभ आहि हमारा।
सोइ सेवा पिउ जिउ रह हाथा। रहन पदुमावति नागरि साथा।

तब न मिले जिय केत तुम्ह को हसि सरि बहु छोह।
बिख ब्यापित भौ चितउर होइ मिलन कस नोह॥

[५३७इ]

प्र० १, २—

पदुमावति मन माहँ बिचारा। जौं सरजा तौ साह हमारा।

नील कँधामरी माँगिन्ह बेगी। झारि साल पहिराइह नेबी।
रतन कीन्ह बिनती कर जोरी। तुम्ह सौं प्रगट और सौं चोरी।
औ सो अंत सो जानै अनुमाना। तासों कौन रहै अभिमाना।
उठि कर जोरि बिनय तब कीन्हा। तुम्ह ते साहिं अलादिन चीन्हा।
टारि अमी परगट भौ बाता। अस्तुति जोग कहा है राता।
नर नरिंद कहा मोहिं सरि होई। ओहि सर कौन कहा वै कोई।

सेवा संजम मोहिअहि सुनु सरजा समुझाइ।
आवै घरी जौं मिलन की देखौं साहि के पाइ॥

[५३७ई]

प्र० १, २ —

सरजैं कहा रतन नग लाऊ। जेहि कारन मोहि साह पठाऊ।
देहु नगर तन करौं लै भेंटा। जौं चाहहु गढ़ चितउर टेका।
जौं न देहु माँगे नग पाँचा। रतन सो कहा पदारथ बाँचा।
अब मोहिं देहु करे फिरि धरौं। लै के आगे साहि के धरौं।
देहु चलौं हमही बिलवाई। रहा आइ चितउर गढ़ आई।
अब जौं घरी चलन की आवै। कैसे रहै कोइ कोटि मनावै।
सरजैं कहा घरी सो आई। चलन डगा अब फेरि न जाई।

बाजत बल आदल माँ फिरी साहि की आँच।
सरजा मानि गरम सो माँगि लीन्ह नग पाँच॥

[५५१अ]

प्र० १, २, —

मुख सोंधिया जो रोठ सोपारी। सो सरौते कीन्ह दुइ फारी।
लै चीरहि सो बास बसाई। लौंग लाल सौं मुख बिहराई।
अनबन भाँति साजु सो गुआ। औ बिमोद सब वेहर हुआ।
दान परान पयान कराई। रुहिर रंग अधरन्ह जे भराई।
मसी कपूर अगर की साजी। रसन रदन होइ रही बिराजी।
चोवा सो चतुरानन साजा। औ सँग तेल फुलेल बिराजा।
जूकहिं बूक बुका छिरिरावहिं। आपु हेराइ तौ दरसन पावहिं।

समैं सँभारि संजुत करै रतन साहि जिय लागि।
जो रुचि करै तौ सरै सब नातरु कसै बेलागि॥

[५५४अ]

तृ० २—

रतन पदारथ नग जो बखाने। जिन्ह महँ ते देखे छहराने।
मँदिर मँदिर फुलवारी बारी। पुरुख नारि सँग खेल कुँवारी।
बरन बरन जस ठाउँ देखावा। जनु बैकुंठ अैस दर पावा।
एक निरखि बहरावन लागे। देखहु मोहीं पुरुख सभागे।
मनु इंछा जो चितमन होई। बिधि प्रसाद धनि पावै सोई।
रहस कोड महँ दिवस पराई। भोग भुगुति तस देहिं बहाई।
दुख औ हुद न जानै कोई। इंद्रलोक जस देखा सोई।

भोग भुगुति सुख सपनै दुखी न कोइ तेहि दीस।
मन निचित भल तेहि भा जो सिरजा जगदीस॥

[५७४अ]

प्र० १, २, द्वि० ३, ४, ५, ६, ७—

चाँद घरहिं जो सूरज आवा। होइ अलोप अमावस छावा।
पूँछहिं नखत मलीन सो मोती। सोरह कला न एकौ जोती।
चाँद क गहन अगाह जनावा। राज भूल गहि साहि चलावा।
पहिली पँवरि नाँघि जौ आवा। ठाढ़ होइ राजहिं पहिरावा।
सौ तुखार तेइस गज पावा। दुंदुभि औ चौघड़ा दियावा।
दूजी पँवरि दीन्ह असवारा। तीजि पँवरि नग दीन्ह अपारा।
चौथि पँवरि देइ दरब करोरी। पँचईं दुइ हीरा कै जोरी।

छठईं पँवरि देइ माडौ सतईं दीन्हि चँदेरि।
सात पँवरि नाँघत नृपहिं लेइगा बाँधि गरेरि॥

[५७६अ]

प्र० १, २—

आजु गनत सहदेव सौं चूका। आजु कान्ह जल महँ भै लूका।

आजु गँगेउ जूझि भुइँ परा। आजु राज जिरजोधन टरा।
आजु दयंत कुँवर छरि हरा। आजु कबीर दुदिस्टिल धरा।
आजु लखन कहँ सकती लागा। आजु प्रान दसरथ हरि त्यागा।
आजु सत्त सौं हरिचँद हारा। आजु जुदा कीन्हा दुइ फारा।
आजु भीम राकस गहि लीला। आजु इंद्र इंद्रासन ढीला।
आजु पंडौ भजि गए पतारा। आजु कुर्म छाँड़ेउ महिभारा।

आजु महा परलौ भौ दिग दिग डोल पहार।
आजु सूर दिन अथवा भा चितउर अँधकार॥

[५७६आ]

प्र० १, २—

आजु छाँड़ि चितउर अन्हसाथा। आजु जो परे पराए हाथा।
आजु लिखा मोकहँ बंदिसारा। आजु कीन्ह मैं आहि अहारा।
बिस्नु गोबिंद महेस मनावौं। सीस धुनौं पै दरस न पावौं।
रतनागिरि बिनवौं कर जोरे। काटइ बंदि कृपाल निहोरे।
जिय जोबन धन तुम सौं पावा। अब मो सन का होहु परावा।
तुम्हहीं नरक नेवारन साईं। तुम्ह पति जीउ मैं दास गोसाईं।
जल थल आहि भँवर अरु देसू। ताहि सबै घट सबहिं नरेसू।

का मानुस का पंखी का सावक का मीन।
सब घट भीतर पैठि कै दीन्ही लिखि भाषा भीन॥

[५७६इ]

प्र० १, २—

अतना कहत नींद जब आई। सपन रूप देखेउ अरसाई।
पुरिख एक अचरिजु जो देखा। परगट रूप न जाइ निरेखा।
जिन्ह भोजन अभिमान क खावा। खात अमी पुनि भा पछितावा।
अजहूँ समुझु रे हिरदै माहाँ। जैसे भृंग भाग घट पाहाँ।
जिन्ह निहचै बाँधा उन्ह बेरा। बिन गुन पार जे करैं सबेरा।
तब भरमाइ जो नैंन उघारे। जनु गग ठगन्हि ठगौरी भारे।
भरम भूलि कै जीभ उघेला। अब बँदि आनि कहाँ तैं मेला।

जनि बसि काहू के कोइ परै दास होइ की राज ।
हरै धरै जो भाव ओहि रहै न ओसौं लाज ।।

[५७६ई]

प्र० १, २—

भएउ काल अभिमान थँभाऊ । मित्र भया जनु संग बटाऊ ।
कासौं कहौं जो आहि अपाना । जो देखौं संग सबै बेगाना ।
कोउ नहिं मोहिं छिन एक बोलावौं । पैग पैग पै लागु चलावौं ।
सुख संगति सो भएउ परावा । दुख जिय सँग बँदिहार चलावा ।
दुख कर मिथ्या नेह कनीरू (?) । सो पीछै दुख होइ सरीरू ।
इन्ह दुखनै मोर ओर निबाहा । सब सँग दीन्ह जबै मैं चाहा ।
मैं मलया दुख भएउँ भुवंगा । गहु लपटाइ न छाड़ै संगा ।

दुख सुख की है ओबरी पथिक बसे जे आइ ।
मुहमद दोऊ एक सँग औ हँसि चले रोआइ ।।

[५७६उ]

प्र० १, २—

पुनि सो राउ बोला ओहि ठाएँ । तुम जो प्रीति परापति लाएँ ।
तब तुम्ह सुख आपन कै जाना । अब तुम्ह सौं काहे बेगराना ।
निहचै जानहु संग सुभाऊ । भा दुइ मारग केर बटाऊ ।
जाना तुम्ह जो अस्थिर राजू । घटत न घटै अमर यह साजू ।
कनक पहार जे लंका पुरी । सुनि तेहि ढाहि मेराएउँ धूरी ।
सुत संजम तिन्ह आपु सँभारा । पुनि ओहि ठाउँ ओही कड़हारा ।
गीव देइ गोचरै दै हाथा । अगमन धाइ मिलै पै साथा ।

तासौं गहर न कीजिए जासौं है निति काज ।
सबै दास ओहि आएसु जाकर अस्थिर राज ।।

[५८३अ]

प्र० १, २, द्वि० ४, ५, ६, ७, (तृ० १)—

पदुमावती पीव रट लागी । निसि दिन तपै मच्छ जिमि आगी ।

भँवर भुजंग कहाँ हो पिया। हौं हरका तुम कान न किया।
भूलि न जाहि कँवल के पाहाँ। बाँधत बिलम न लागै नाहाँ।
कहाँ सो सूर पास हौं जाऊँ। बाँधा भौंर छोरि कै लाऊँ।
कहाँ जाउँ को कहै संदेसा। जाउँ सो तहँ जोगिनि के भेसा।
फारि पटोरहिं पहिरौं कंथा। जो मोहि कोइ देखावै पंथा।
वह पथ पलकन्ह जाइ बोहारौं। सीस चरन कै तहाँ सिधारौं।

को गुरु अगुवा होइ सखि मोहिं लावै पथ माहँ।
तन मन धन बलि बलि करौं जो रे मिलावै नाहँ॥

[५८३आ]

प्र० १, २, द्वि० ४, ५, ६, ७, (तृ० १)—

कै कै कारन रोवै बाला। जनु टूटहिं मोतिन्ह कै माला।
रोवति भई न सांस सँभारा। नैन चुवहिं जस ओरति धारा।
जाकर रतन परै परहाथा। सो अनाथ किमि जीवै नाथा।
पाँच रतन ओहि रतनहिं लागे। बेगि आउ पिय रतन सभागे।
रही न जोति नैन भए खीने। स्रवन न सुनौं बैन तुम्ह लीने।
रसनहिं रस नहिं एकौ भावा। नासिक और बास नहिं आवा।
तचि तचि तुम्ह बिनु अंग मोहि लागे। पाँचौ दगधि बिरह अब जागे।

बिरह सो जारि भसम कै चहै उड़ावा खेह।
आइ जो धनि पिय मेरवै करि सो देइ नइ देह॥

[५८३इ]

प्र० १, २, द्वि० ४, ५, ६, ७, (तृ० १)—

पिय बिनु ब्याकुल बिलपै नागा। बिरहा तपनि साम भइ कागा।
पवन पानि कहँ सीतल पीऊ। जेहि देखे पलुहै तन जीऊ।
कहँ सो बास मलयागिरि नाहाँ। जेहि कल परति देति गलबाहाँ।
पदुमिनि ठगिनी भइ कित साथा। जेहि तें रतन परा पर हाथा।
होइ बसंत आवहु पिय केसरि। देखे फिर फूलै नागेसरि।
तुम्ह बिन नाह रहै हिय तचा। अब नहिं बिरह गरुड़ सौं बचा।
अब अँधियार परा मसि लागी। तुम्ह बिनु कौन बुझावै आगी।

नैन स्रवन रस रसना सबै खीन भए नाँह।
कौन सो दिन जेहि भेंटि कै आइ करै सुख छाँह॥

[५६३अ]

प्र० १, २—

आछहु का रोवहु पदमिनी। सो रोवै जो होइ बिरहिनी।
पिता तोहार गंध्रप उजियारा। सिंघल दीप जान संसारा।
तुम्ह पदुमावति तिन्ह कै बारी। जेउँ निसि माहँ चाँद उजियारी।
बजा तोर दुख देसहिं देसा। तब मैं भई मलीनी भेसा।
सुसुकि सुसुकि अधिकै सो रोवै। टोटक सौं कुमुदिनि मुख धोवै।
समुझि रोव पदमावति बारी। सो दुख कोइल भुअंगिनि कारी।
अब न रोउ बहुतै तैं रोई। अंजन बदन जात है धोई।

देखि तोहार बदन भै मोर रतन रतनार।
जल पलौं(?) गहि धोउ मुख कपट राइ बेउपार॥

[५६३आ]

प्र० १, २—

कुमुदिनि कहा रानि सुनु चौना। जिय तुम्हार देखे मोहिं चौना।
नैन चलहि जनु ओरी धारा। अधिक देखाइ गई बेकरारा।
उरध साँस लै लै चख फेरै। रानी भूलि लागु मुख हेरै।
जस दुख मोहिं किय और न काहू। तैं कहु धाइ कवन दुख धाई।
केहि कारन चितउर बिख बोवा। जहाँ आइ तोर कंत बिछोवा।
तोर दुख कुँवरि कहौं केहि भाँती। भूख न देवस नींद नहिं राती।
तुम्ह तौ नींद सोवहु एक छिना। मोहि जुग बीतै होइ बिहीना।

भुख हरी निद्रा गई तन नहिं चीर सँभार।
अलक अरुझि चख स्याम गै जौं बिसतर बिस झार॥

[५६३इ]

प्र० १, २—

कै तौ हित आपन जे होई। औ घट को दुख बाँट न कोई।

सुनु रे धाइ तैं बहुत बुझावा। जारे पर तू मोहिं जरावा।
भोग भुगुति जिय सबै बिसारा। पिउ गुमान जे कीन्ह निनारा।
भा बटपार अलावलि दीना। सुख सोहाग मान जो छीना।
ढारि आफवित (?) सायर भरा। दारुन साहि कंत मोर हरा।
उन्ह सौं धाइ कहै को पारा। सब उमरन्ह ऊपर बरियारा।
अवर जो लिए जाइ उन्ह पाहाँ। उन बिन लिए आहि को काहाँ।

सबै आस ओहि साँइ का बाउर कहैं को भोर।
लेत न लागै बार तेहि का रे बहुत का थोर॥

[५६३ई]

प्र० १, २—

चौंकि उठी सुनि कुंभलनेरी। जनु ठग ठगन्ह ठगौरी मेरी।
सुख कुंभल देवपाल है तेरै। चितउर नग है रतन अभोरै।
का भावै मोहिं कुंभलनेरी। मोहि चितउर रतनागिरि केरी।
जा दिन मिलै आइ मोहि राऊ। ता दिन करौं अनंद बधाऊ।
जौं न होति रखवारि निसंखी। कैसे भेग मिलत मोहिं पंखी।
हिएँ सपथि मोहिं गध्रप केरी। मरौं मरनि होइ कंत कि चेरी।
सौं पापी तैं चंपावति रानी। पंथ देखाव अहा हीरामनि।

नैनन राखौं कुँजलहि अंडहि आगि बुझाइ।
ता दिन पलक करार चख मेरौं कंत के पाइ॥

[५६३ उ]

प्र० १, २—

का रानी रोवहु मन माहाँ। मेरवहुँ भँवर सदा जेहि छाहाँ।
चितउर महँ जो बसैं बटपारा। कुंभलनेर झाँकि को पारा।
जैसा सिंघल दीप तुम्हारा। तैसे कुंभल साजु देवपारा।
राखा खोरि सो अनबन भाँती। सुरँग घरवान लगे भहुँ पाँती।
कोट बरनि नहिं जाइ अपारा। मेरु कनक बिधि आपु सँवारा।
सुचैन पुरी आहि सब जोगा। घर घर कामिनि मानहिं भोगा।
जो ओहि ठाँउ पाव बिस्रामा। बहुरि न आइ मरै सो धामा।

जनु हरिचंद पुरी सोउ गरहीं (?) सब हाट।
कनक लेहिं नग बेचा रहहिं बिछाए पाट॥

[५६३ऊ]

प्र० १, २—

का कुमुदिनि तुम्ह पाट सुनावहु। जाहि भोरौ जेहि भोरए पावहु।
यह देवपाल कहा मोहिं छाजा। रतनसेनि मोर दुहुँ जग राजा।
पदुमावति मन महँ बिहँसानी। पिव देवपाल तुम कुमुदिनि रानी।
सुनु भावै बिख वाका दूजा। जेहि जो तेहि आन न पूजा।
सो पिव धरहु अनत कर धावौं। जौघर नाहिं तौ अनत न पावौं।
अब मोहि पिउ के परनि है भरना। आगे करहु धाइ जो करना।
रतन लीन्ह चितउर लेइ देवा। तबहुँ न तजौं मैं ताकी सेवा।

स्रम जल सूखा हेरत मगु प्रति रे देवस निसि भोर।
नैन सिराने हेरत सखि भूली चंद चकोर॥

[५६३ए]

प्र० १, २—

सुनसि कुँवरि जौ कहा हमारा। देखेउँ सात जो पिता तुम्हारा।
गंध्रपसेनि चँपावति रानी। जेन्ह घर महँ सिंघल सब जानी।
ब्याह कीन्ह जो गवनउ सारा। मही समद तोर चाह सँवारा।
राखु राउ मोर गंधप राऊ। तुम्ह पदुमावति अहहु बटाऊ।
यह चितउर देखउँ मैं तोरा। कुंभलनेरिहिं न पूजै जोरा।
जस लंकापुर रावन राजा। सो देवपाल कुँवर बिधि साजा।
हौं कुमुदिनि जो तुम्हरी धाई। करु मन भंग कि राखु बड़ाई।

गुन गंधप मोर जानै कुंभलनेर देवपाल।
चितउर हरा जो चतुर तो पदुमावति केदार॥

[५६३ऐ]

प्र० १, २—

का कुमुदिनि सुख चैन सुनावहि। बिना नाह मोहिं कछू न भावहि।

जौ रे पाप घट आपु संचारै। सुकृत धर्म कंत सौं हारै।
पलक न मार पलक भारि कंता। बैठे ढाल होइ ढील न संता।
बहुत डेराउँ धाइ मैं राती। मोहिं सौं पाइ गए बिन पाती।
सुनहु धाइ हिय डरहिं डराऊँ। कहाँ तुम्हार हैं। कैसे द्राऊँ।
अब एह बार लेइ अपना। मोहि करिहै निसि केर सपना।
तोरे कहैं हौं जे कंत हि भावै। बिना नाह को औगुन लावै।

मोहि भाहि डरपी अघी जेहि लाएउ जिय साथ।
राखै मान कि करै भँग हौं बिकानि ओहि हाथ॥

[५९३ ओ]

प्र० १, २, द्वि० ४, ५, ६ (प्र० १, २, द्वि० ६ में यह छंद यथा ५९५ अ है)—

जौं पिउ रतनसेन मोर राजा। बिन जिउ जोबन कौने काजा।
जौं पै जिउ तौ जोबन कहे। बिन जिउ जोबन काह सो अहे।
जौं जिउ तौ यह जोबन भला। आपन जैस करैं निरमला।
कुल कर पुरुख सिंघ जेहि खेरा। तेहि थर कैस सियार बसेरा।
हिया फार कूकुर तेहि केरा। सिंघहि तजि सियार मुख हेरा।
जोबन नीर घटे का घटा। सत्त के बर जौ हिय नहिं फटा।
सघन मेघ होइ साम बरीसहिं। जोबन नव तरवर होइ दीसहिं।

राबन पाप जो जिउ धरा दुवौ जगत मुह कार।
राम सत्त जो मन धरा ताहि छरै को पार॥

[६०० अ]

प्र० १, २—

चढ़ी धाइ गढ़ चितउर सोई। खूँदत पँवरि तहाँ सो रोई।
आँसू चला रकत कै धारा। चोली भीजि भई रतनारा।
चकित भए नगर सब कोई। पैसत नग्र जो निकसैं कोई।
कहु जोगिनि तैं बिथा अपानी। माँगे दान देत है रानी।
खोए मुद्रा कि कनक जराऊ। खोएहु अधारी हेरत न पाऊ।

गए चकित चित फिरत न भावा। कै उडि आन काहू उपसावा।
थिर नहिं रहति उमगि भरि पानी। कहु जोगिनि काहे बौरानी।

के रे खसेउ कछु कर तें के रे बिथा किछु होइ।
भँवर भाव का जीय महँ पँवरि देत पग रोइ॥

[६००आ]

प्र० १, २—

अस दुख मोहि कीन्ह अँग दाहू। होइ रिपु कोटि धरै जनि ताहू।
हिरदै आगि नैन जल साँती। तेहि तें फिरौं जोगिनि भै राती।
जिय बरु जात जात जनि नाहाँ। कापहँ हेरौं जाउँ केहि पाहाँ।
पथिक न पावौं मिलै सँदेसा। का भा लाए आए सभेसा।
नाहिं भूख बासर निसि हरी। औ बिनु साँस साँच हौं खरी।
रोवत लीन भै अंग अँगारा। ऊभि पवन ते उहि भइ छारा।
जौं रे नाँह नहिं चितउर पावौं। एह तनु डाहि मैं खेह उड़ावौं।

जोगिनि नग्र पईसी लाए पिउ मग नैन।
जौं चातिक रट लागि थिर नाहिं करहिं ते बैन॥

[६००इ]

प्र० १, २—

सुनि सो बैन कोई नहिं सोवै। मानुस भूलि पंखि सब रोवै।
रोदन सुनि भा नगर अँदोरा एकै तुही कै पाँडुक बोला।
सद सुनि रोदन करै वह कागा। मरुदुम पहर पहर निसि जागा।
आपु उहाई जाग कोकिला। फिरा बौर पै स्याम न मिला।
ईंगुर रूप कीन्ह चख आँसू। हाड़ कंकोरि कीन्ह तनु माँसू।
ऊपर रात भितर तन स्यामा। खोरि खोरि मोहि डाहै कामा।
जेहि रे आगि तरिवर त्रिन जरई। सोई आगि मोरे सिर परई।

जरौं मरौं दुख पिय त्रिन अधिक चहै तन डाहि।
भै परचंड डाह तन टंक न होति भथाहि(?)॥

[६००ई]

प्र० १, २ (किंतु प्र० २ में यह यथा ६०१ अ है)—

सखी एक पदुमावति पाहाँ। तेइँ रे चाह पहुँचाई ताहाँ।
स्याम भँवर कहाँ मालति हेरा। अलिन्ह कीन्ह मालति पर फेरा।
जिवै नाहिं बिनु दरसन पाए। चंद चकोर दिस्टि जौ लाए।
एक सब्द सब तंत बजावै। सबै बजाइ आपु पुनि गावै।
गुपुत रहै कोइ देख न बाजा। अस रे ठाट कहि काहू साजा।
पाँच बार एक तंतुहिं लागे। एक सब्द पाँचौं उठि जागें।
लै लौकारि जो सरनि सराई। पाँच सब्द समागी गाई।

सबै तार एक ठाट महँ औ लाग किर जोटि।
सब संवाद स्रवन सब मोहै फिरि थिर गोटि॥

[६०० उ]

प्र० १, २ (किंतु प्र० २ में यह यथा ६०१ आ है)—

पदुमावति जो सखिन्ह सों कहा। जोगिनि माँगि लेउ जो चहा।
कहहु जाहि धरमसाले नामा। जहँ सब अतिथि करैं बिसरामा।
पूँछहु जाति भाँति बेवहारा। कहा सो अबहिं कहाँ पगु धारा।
काहे बिरह भभूति चढ़ाई। कहु सखि जोगिनि केइ बौराई।
केहि कारन एह लाए भेसू। पूँछहि फिरि फिरि कहु उपदेसू।
कै गँवारि पिव सेव न जानी। कै गिरि हीन दसा सु रिसानी।
की एहि खोरि कि नाह गँवारा। जेहि ते निकसि लाइ मुख छारा।

कौन रूप कै संजम केइ एह देस निकार।
जाइ कहहु जोगिनि तें फिरि ग्रिह जाइ सँभार॥

[६००ऊ]

प्र० १, २ (किंतु प्र० २ में यह यथा ६०१इ है) —

की रे केस सेंदुर भरि माँगा। बदन जो छार चढ़ाए अंगा।
बिहँसत दसन सो भा चमकारा। लौक खसी जौ बीज अपारा।
चख सोभित जनु अंबुज बारी। निसि भै जाग नैन रतनारी।

बास मलैगिरि तासु सवाई। ऐस सरूप आछरि अछवाई।
ध्यान तासु जनु जंगम जती। देखत जैसि जनकजा सती।
मुख कूँ भांड जो तासु सँवारी। सो जोगिनि अरु जनु धनु पारी।
दिस्टि समाधि लाए पिउ पाहीं। जनु पिउ बसै तासु के काहा।

हेरत फिरै सवाँग किए वैसे तासु कहा पीउ।
भोजन नीद सिथिल की लागि रहै बक जोउ॥

[६००ए]

प्र० १, २ (किंतु प्र० २ में यह यथा ६०१ई है)—

देखा जोगिनि चितउर चारी। दहुँ कैसी पदुमावति वारी।
औ तेहि भई मनहिं महँ संका। रही तवाइ टेकि करि लंका।
जलहर नैन जो पलक करारा। चल्हक मीन चमकै मद धारा।
चलु जल नैन कपोलन्ह भीजा। छीजा तासु स्याम जेहि रीझा।
अब जोगिनि जिअ अ:इ मझारू। कहिसि जाउ पदुमावति बारू।
खनहिं चलै खन जिअ भै होई। खनहिं अपोठ खनहि मरि रोई।
समुझि साहि की बचा कहानी। कैस फिरै जिजु पदुमिनि रानी।

लाइ छार मुख रात तन सरुझि चली जिअ सोइ।
दरसनि देखौं जाइ अब घलि बुझाइ जिअ रोइ॥

[६००ऐ]

प्र० १, २ (किंतु प्र० २ में यह यथा ६०१उ है)—

जोगिनि कहा मँदिल महँ जाऊं। जहँ सुनौ पदुमावति ठाऊँ।
मिलौं रहस कै रंग बढ़ाई। करौं सुढ़ार लक गिव लाई।
परसौं तासु नैन भरि पानी। करौं आपु बसि पदुमिनि रानी।
एक बार जौ दरसन पावौं। समुझि तासु कर जोरि मनावौं।
फेरि फेरि मुख भसम चढ़ावौं। पिय समाद चहुँ ओर सुनावौं।
जापि बिभूतिहिं भसम चढ़ावौं। धै समाधि आगे पगु नावौं।
छार लाइ मुख बस्तर रंगा। पीय जिलाइ जगत मैं मगा।

हेरेउ भुवनि निकुंज धुव औ पंछी सब पाहँ।
होइ मोर गुर चितउर जौं रे मिलावे नाह॥

[६०३अ]

प्र० १, २, द्वि० ४, ५, ६, ७,—

गउ मुख हरिद्वार फिरि कीन्हिउँ। नगरकोट कटि रसना दीन्हिउँ।
ढूढ़िउँ बालनाथ कर टीला। मथुरा मथिउँ न सो पिउ मीला।
सुरुज कुंड महँ जारिउँ देहा। बद्री मिला न जासौं नेहा।
रामकुंड गोमति गुरुद्वारू। दाहिन कीन्ह कैं बारू।
सेतुबंध कैलास सुमेरू। गइउँ अलकपुर जहाँ कुबेरू।
बरम्हावरत ब्रम्हालति परसी। बेनी संगम सीझिउँ करसी।
नीमखार मिसरिख कुरुछेता। गोरखनाथ अस्थान समेता।

पटना पुरुब सो घर घर हाँड़ि फिरिउँ संसार।
हेरत कहूँ न पिउ मिला ना कोइ मिलवनहार॥

[६०८अ]

प्र० १, २—

रोइ रोइ उपमा देइ सो रानी। बादिल त्रिनसौं किहौ धरानी।
दिस्टि तासु लागी भुइँ माहाँ। खवद टेरि पदुमावति पाहाँ।
जनि रोबहु रानी दुख भरी। अगिनि आँसु जरिहै सब करी।
तब लगि है रोदन पुनि पाहाँ। जब लहि मिलै न बिछुरे नाहाँ।
हम सब होइ बुझावहिं जीऊ। रोइ सोहाइ न पावहि पीऊ।
जौं सुदिस्टि करिहै करतारा। आवत तेहि न लागै बारा।
जौ सो घरी मिलन की होई। कोढ़ि लेक कोइ रहै न सोई।

कोटि ओट जो होइ तेहि औ दधि बुंद पहार।
किरपावंत क्रिपाल होइ आवत ताहि न बार॥

[६०८आ]

प्र० १, २—

क्रिपा सुनत पौढ़ा जिय रानी। नैन सूख जिमि सोहिल पानी।
धनि दयाल जिन्ह अमर डोलाई। सो दयाल हरि बंदि पठाई।
धनि दयाल बलि राजा छरा। धनि दयाल लंका सो जरा।

धनि दयाल दधि मथी मथानी। ऐसि बिलोइ खार किहु पानी।
किहे तुरुक कीन्ही दुइ जाती। और घर सै कत दूत बराती।
उन्ह ही रतन राउ बनि आवा। उन्ह ही साहि सिर छत्र टरावा।
उन्ह दयाल की बात निरारी। आप अनाह सौ करै कियारी।

भै असतुति पदुमावति सुमिरन कै मनमाल।
चख अंबुधि ठरकाइ कहँ रतन मिलावै दयाल॥

[६०८इ]

प्र० १, २—

सुनि दयाल सब सखि बिहँसाती। लै आँचर पोछे चखि पानी।
उन्ह का भार दोइ को ३.रू। उन्ह लेखे जग त्रिन जस हरू।
रहै गुपुत परगट सब ठाँईं। का देखौ कोइ रूप गोसाईं।
बरनि न जाइ सुंदरता तासू। पदुमिनि रुकमिनि सो जग दासू।
चंद्रकला सो दरसन पावौ। द्रौपदी रबि दिस्टि न आवौं।
ओहि कै रूप कोइ लखै न पारै। ससिहर मसियर त्यौं जिउ सारै।
अरु जेह ओर गहै कर वारू। पलकहिं बार पलक कर बारू।

उनही जनक हराइ कै फेरि मिलावहि स्याम।
उहै अजोध्या लंकपुर बसि रावन भै राम॥

[६११अ, आ, इ]

तृ० २ में छंद ६११.३ और '४ के बीच निम्नलिखित सत्ताइस पंक्तियाँ अतिरिक्त हैं—

हम सेवक तुम्ह दोइ गुसाईं। असतुति कौन करौं कहँ ताईं।
जिनि कछु चिंत करहु मन माहीं। जगमग राज साज सुख छांहीं।
हम जस भीम पाइ कै छारा। तुम्ह परसाद बिधि कीन्ह पहारा।
होइ कुसल बलि आवहिं सोई। जिहिं आवहि राजा सुख होई।

तुम्ह जिय जौ लहि सेस औ धुवहू अचल अडोल।
माथे छत्र सोहाग का बिहँसि चेरि कल्लोल॥

उलटि बहा गंगा कर पानी। सेवक बार आव जौ रानी।*
हम ,सेवक कै जानहिं सेवा। सेवा लागि जीव पर खेवा।
यह जिउ नेवछावरि पहिं रानी। जुग जुग जगत राज रजधानी।
भाग सोहाग सदा सुख होई। तोहि सरि होइ न पारै कोई।
सीता राम राज तप भारी। अब सो हाव भाव संसारी।
हम सेवक सेवा कै जाना। सेवा सभै परापति माना।
आयसु अैस सीस पर सारा। तुम्ह पायन्ह तर माँथ हमारा।

जुग जुग आव नाथ तुम्ह राज साज सुख भेव।
महाराज घर आवहिं तुम्ह स्वारथ हम सेव॥

पदुमावति असतुति कहि कहा। बोलहु बोल बचन जस चहा।
तुम कहँ दाहिन होइ बिधाता। आवहु जियत होइ मुख राता।
तुही पुरुख पुरुखारथ पूरे। महाबीर रनधीरन सूरे।
जो परकाज लागि कोउ धावा। तेहि काजहिं बिधि आपु पुरावा।
परसुख लागि दुक्ख जो सहा। तेहि दुख अंत सुक्ख धन लहा।
साहस सौं लच्छन सिधि होई। साहस करत न बहुरै कोई।
साहस करत अहो मोहि ताईं। सिधि अब तुमहीं देउ गुसाईं।

साहस जहाँ सिद्धि तहँ लच्छन देखहु बूझि।
परकाजी पर स्वारथी अमर भए रन जूझि॥

गोरा बादिल दूनउ बीरा। पदुमावति करि कै मनधीरा।
मन सुख जो नहिं दौल (?) चढ़ाई। बिधि प्रसाद घर आवै साईं।
सुनि साईं कर नाम सुहावा। पदुमावति जानहुँ जिउ पावा।

[६११अ[1]]

प्र० १, २, द्वि० ४, ५, ६, ७—

राम लखन तुम्ह दैत सँघारा। तुमहीं घर बलभद्र भुवारा।
तुमहीं द्रोन और गंगेऊ। तुम्ह लेखौं जैसे सहदेऊ।
तुम्हीं जुधिष्ठिर औ दुरजोधन। तुमहिं नील नल दोउ संबोधन।

---

*यह पंक्ति अन्य प्रतियों में ६०७.७ है, और वहाँ पर तृ० २ में भी है।

परसुराम राघव तुम जोधा। तुम्ह परतिज्ञा ते हिय बोधा।
तुमहि सत्रुहन भरत कुमारा। तुमहिं क्रस्न चानूर सँघारा।
तुम परदुम्न औ अनिरुध दोऊ। तुम अभिमन्यु बोल सब कोऊ।
तुम्ह सरि पूज न बिक्रम साके। तुम हमीर हरिचँद सत आँके।

जस अति संकट पंडवन्ह भएउ भीवँ बँदिछोर।
तस परबस पिउ काढ़हु राखि लेहु भ्रम भोर॥

[६१६अ]

प्र० १, २—

कैसेहु कंत फिरै नहिं फेरे। चितउर आगि परी धनि केरे।
उठे सु धूम नैन करुवाने। चुवहिं आँसु रोवहि बिहँसाने।
भीजै हार चीर औ चोली। रही अछूति कंत नहिं खोली।
भीजहिं अलक चुवहिं गति मंदे। भीजहिं भँवर कँवल रस फंदे।
चुइ चुइ काजर आँचर भीजा। निठुर नाह कैसेउ न पसीजा।
सबै सिंगार भीजि भुइँ चुवा। छार मिला जौ कंत न छुवा।
चला बिछोइ हिए दै डाहू। निठुर नाह आपन नहिं काहू।

रोए कंत न बहुरै तेहि रोए का काजु।
दुहूँ पवाँरे हे सखी मँदिर बाजै आजु॥

[६२१अ]

प्र० १, २—

कोपि चला नगसेन कुमारू। भीमहु चाहि बीर बरियारू।
कँवलसेन गढ़ ऊपर राखे। रहै न मनुहारनि पै राखे।
बिनि बिनि कुँवर लीन्ह बरिवंडा। सूर बीर अति बल परचंडा।
औ सब कटक कँवल सँग राखा। मूल रहै तौ उपजै साखा।
बत्तिस सहस कुँवर चलबली। जनु उमड़े मैमंत सिंघली।
चढ़ि चंडोल कुँवर छुइ बैसे। प्रति चौडोल तुरै दुइ तैसे।
काज की बेर सिंघ अस गाजहिं। सौ सौ तुरुक सौं एक एक बाजहिं।

जैसे प्रसेद महँ भीजे पदुमावति के चीर।
तेते बान महँ लीन्हे भौंर न छाँड़हिं भीर॥

[६२६अ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

राजा अगमन दीन्ह चलाई। बादल ठाढ़ खेत भा जाई।
पहुँचे मलिक पीर औ बेगा। नेज बाज औ नाँगी तेगा।
भैया बैठ साँगि कर गहे। चमकहिं खरग माहँ बहबहे।
परी चोट तह बाँसा सारू। बाजहिं दुंद भयावन मारू।
बोलहिं बिरिद दसौंधी भाँटा। जुरे आइ हस्तिन्ह के ठाटा।
बादल कटक फूट तस पारा। बिचलि चला कोइ बाँधनवारा।
साहि पछारै आपुहिं खरा। जाइ न पावै हिंदू धरा।

उमरा खान जाइ जब पहुँचहिं बादल देइ चलाइ।
तब रिसि सौं बगमेल होइ दीन्हेहु साहि धँसाइ॥

[६२६आ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

बादल पलटि सिंघ होइ गूँजा। भाजि चले हस्तिन्ह के पूँजा।
अगुमन रिसि सौं पहुँचेउ साही। बादल तमकि साँगि सिर बाही।
ठाठर टूटि सीस महँ फूटी। साहि तेग बादिल सब छूटी।
मलिक जहाँगीर अति बलबीरू। सवा सेर कर जाकर तीरू।
मलिक जहाँगिरि बिचि होइ आरा। बादल खरग मलिक सिर झारा।
मलिक गुरुझि सों बादिल मारा। मलिक बार वोढन सो टारा।
बादिल कीन्ह कटारी घाऊ। मलिक झूमि पकरी करिहाऊ।

दोउ झुटियाउझ करि लरे परे धरनि बहु बीर।
बादिल मार्‌यौ मलिक जब झोंकरी परि तब मीर॥

[६२६इ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

बादिल मलिक जहाँगिरि मारा। परी भीर आपुहि पटतारा।
सिंघ की नाईं बादल घेरा। बाट भई दल की चहुँ ओरा।
अब फेर बादिल बल दूना। राउत गनिअ चाउ जब दूना।

ओड़न खरग छीन कर गहा। जेहि मुख धावै कोइ न रहा।
सूर सहस दस कुँवर के संगा। दौरि परे जस दीप पतंगा।
जेउँ सरवर महँ बूँद अमाहीं। अैस अनि महँ कुँवर समाहीं।
जस सरदूल देखि गज जूहा। धावहि साहि अनि सामूहा।

रुंड मुंड मंडित महि गज जूझे असरार।
कर कर सौ अरुझाने धर धर सौं सिरमार॥

[६२६६]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

हटि नगसेनि सो बादिल छोड़ावा। तुरै आनि धरि बाँह चढ़ावा।
गल गाजे तब दूनउ बीरा। अब जानब को बादिल भीरा।
माहि क सूत सो अति बरवंडा। मुहमद साह धरी भुजदंडा।
गुरु जहगीर कुँवर कहँ मारा। टूटि कमर तूरिय तेहि धारा।
गिरतेहि कुँवर हना हठ साँगी। निकसि जेब फूटी दुइ आँगी।
खैंचत साँगि हाथ रह डांड़ा। कुँवर तमकि तब काटेउ फाँड़ा।
मुहमद साहि तेग असि बाही। वोढ़न फूटि टूटि सिर राही।

कुँवर हनेउ तूरिय तब जनु चारिउ हने पाउ।
गिरो साहि सुत रन महँ तब जो कहानेउ राउ॥

[६२६७]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

आपु साहि सरजहि लै आवा। सरजैं मुहमद साहि छँड़ावा।
परी मारि अति कठिन अपारा। गरजहि सूर सूरहिं परचारा।
टूटहिं धार उठहि बहु कीका। सलिता चली स्रौन अस बीका।
ठाउँ ठाउँ सब दल भगि रहा। घूमहि धाइ धरनि गहि रहा।
एक तें सीस मीच सो मारहिं। एक ते गहि गहि धरनि पछारहिं।
एकते खरग कंठ महँ देहीं। काटहिं माथ हाथ कै लेहीं।
एक ते उठहिं गिरहिं बिकरारा। एक ते रोस गहैं कर छारा

एक ते धावहिं रुंड मुंड बिनु उठहिं कमंध असूझ।
है गै नर मिलि एक हुए मासु परे नहिं बूझ॥

[६२६ङ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

एक ते धावहिं लटकहिं आँतैं। एक ते बिहवल बकतहिं बातैं।
एक ते काँख गहे सिर धावहिं। एक ते दुइ फरकतहिं जोवावहिं(?)।
एक ते टूटि टेकि गहि बैठहिं। एक ते मारु मारु कै पैठहिं।
एक ते बैठे बिधुन सरीरा। एक ते स्रौन चुवहिं जनु नीरा।
एक ते लोटहिं महा भएवना। एक ते गाजहिं भादौं सवना।
एक ते झूम जानू मदमाते। एक ते परे रुहिर रँग राते।
एक ते सीस हँसहिं ठटराई। एक ते परहिं अपछरा आई।

तौ लहि निबहा राजा दिस्टि पए नहिं घोर(?)।
बादिल कुँवर लीन्ह आगे कै जाइ मिला जहँ गोर॥

[६२७ अ आ]

तृ० २ में ६२७ ४,'५,'६,'७ को बीच-बीच में रखते हुए दो छंदों की अतिरिक्त पंक्तियाँ इस प्रकार आती हैं—

हठि कै बादल चहै न चला। तब गोरा सिर धुनि कर मला।
मैं पदुमिनि सौं बोलि जो कहा। मैं आनब राजा जहं कहा।
मरनौ जूझि परौं एक ठाऊँ। जाइ बचन तौ रहै न जाऊँ।
गोरहिं समदि बादलि गाजा। चला लीन्ह आगे कै राजा।

बादलि तब राजहिं लै कै भा चितउर के बाट।
गोरा गाजि ठाँवँ नहिं सो मैदान सुहात॥

कुँवर सहस सब गोरा लीन्हे। और बीर बादिल सँग दीन्हे।
गोरा उलटि खेत रन माँडा। जस नायक रन रावत माँडा।
भा परबत सम ठाढ़ सो गाढ़ा। रन कहँ देखि चाउ चित बाढ़ा।
फिरे कुँवर मन किए उछाहू। आगे कहाँ गनै नहिं काहू।
बाँधि हिए सत साता पूरी। खेलि फाग रन चाँचरि जोरी।
लाख लेखि वह कीन्ह सुराई। एक मतैं भै कुँवर सहाई।
धनि गोरा धनि रावत महा। जा जानहिं जगदेव सौं कहा।

धनि धनि कुँवर सूर सब सुगंधे रन राव (?)।
होइ सनमुख भे ठाढ़े बेगि आइ दोउ पाव॥

चहुँ दिसि आवा टूटत भानू। अब एहि गोइ भई मैदानू।
भा भुइँचाल चलत सुलतानू। धनि जेइ इनके सब तुरकानू।
दल बादिल अस चला अपूरी। परबत टूटि मिलहिं सब धूरी।
कोई कह फेर कोई डर भाखा। धाएउ कटक छतीसौ लाखा।
धनि गोरा औ कुवर सहाई। जिहिं टेके एहि अनी सहाई।
भई दुहुँ कटक सनमुख दीठी। गौन न चहै हार कै पीठी।
गहि कैं धनुप बान तस मारा। रहे लपकि दूनौ तेहि पारा।

[६२६अ]

प्र० १, २, द्वि० ३, ६, ७—

आजु अँगद होइ रोपौं पाऊँ। बंदि हौं ताहि छड़ैहै ठाऊँ।
आजु दुसहस बाहु बल बाढ़ा। होइ धू अचल खेत महिं ठाढ़ा।
आजु हनुमत होइ मारौं हाँका। रसना सेर सहज जनु ताका।
आजु होइ लंकेसर दस सीसा। मारि साहि कौं घालौं कीसा।
आजु होइ साका बिक्रमजीता। जीतौं साहि अलावदि कीता।
आजु होइ अरजुन भीम भुवाला। भारत माहँ करौं सिव माला।
आजु सुमेर होइ रन कोपौं। उमड़ा समुँद अगस्त होइ रोपौं।

गोरा भौंरा रन चक्कवै रन दूलह मोहिं नाम।
आनि बियाहौं दल दलौं सीस सामि के काम॥

[६२६आ]

प्र० २ (किंतु यह प्र० १ में यथा ५१३ अ है)—

देखि कटक नहिं जाइ अपारा। धाए बीर सो कारि जुझारा।
पूरौं चितउर लंक कि नाईं। साका भभीखन राज भवाई।
रावन रतन राम कै खेलौं। सैना सहित समूह होइ पेलौं।
समुद बाँधि परबत पर लीन्हे। नैन लागि यह चितउर दीन्हे।
अब हौं अलादीन क्यौं टरौं। पदुमिनि सनि सैरिंध्री करौं।

रतन राहु अब सौंह न मोरौं। अलादीन होइ धनुख टकोरौं।
सेना सहित राम होइ धावौं। लंक हेत चित बिलम न लावौं।

इंद्रजीत कहँ लच्छन हौं रावन कहँ राम।
भए भभीखन चेतनि का पावै बिसराम॥

[६३७अ]

तृ० २—

देखत साहि भयो पछितावा। अैस पुरुख कस मारि नसावा।
पुनि सुलतान आयसु सुनि कीन्हा। औ सब कहँ बीरा अस दीन्हा।
जैसे जाइ न पावै राजा। तुरुक रिसाइ पाछि नहिं बाजा।
औ जित कुँवर जियत हैं आछे। ठाढ़ भए बादिल के पाछे।
भा परलौ अस सबहीं जाना। काढ़ा खरग सरग तर आना।
जो जासौ होइ सनमुख भिरा। होइ बगमेल जूझ सो गिरा।
ठाठरि फूटि टूट सिर तासू। जनु सुमेर सौं टूट अकासू।

जाइ न पावै राजा औ बादिल रन राव।
बेगि दुवौ हथियावहु जैसे करत रहाव॥

[६३७आ]

तृ० २—

औ राने जे करहिं तराहीं (?)। ते मोपै तस जाइ न कहीं।
साका कटक टेकि भै ठाढ़े। भै पहार भार लै गाढ़े।
है भै सेन जो कटक भलाई। जिमि सैयद मेदिनि अधिकाई।
जो चह होइ तस खेल न आवा। हिंदू तुरुक जो चह तस लावा।
बाढ़ ते उतरि आनि जो आए। बाजहिं सोइ चले अगवाए।
बादिल लै राजहिं गढ़ बाजा। चितउर गढ़ सो बिचित्र(?)सम साजा।
खरग नवहिं दौवानि दिखानी। परहिं बान जिमि बरसै पानी।

हिंदू तुरुक सु बाजे सनमुख फिरे बिचारि।
लै आयौ बादल घर राजहिं खरग सँभारि॥

[६३७इ]

तृ० २—

बरनौं कोटि गाढ़ गढ़ भारी। बज्रसिला गढ़ लागि केवारी।
अस गढ़ सिरिजा सिरजनहारा। कब उतंग तस बाढ़ पहारा।
अगम बाँक गढ़ घेरि सो खाईं। जाकर बहुत घेर गहराई।
चहुँ दिसि खोह परी तस बाँकी। काँपै जीव जाइ नहिं झाँकी।
जो तह परै न निकसै पारा। गढ़ कोट जम ठाढ़ पहारा।
तस बिधि बाहन जोरि निरावा। जिसु आए जुरि करहिं बनावा।
अति उतंग साजे परवाजे। दो केवार सब बज्र के साजे।

तस गढ़ गाढ़ा साजि कै रचे बुरुज तेहि ठाउँ।
राज बुरुज का बरनौ जस उत्तिम ओहि ठाउँ॥

[६३७अ[1]]

प्र० १, २, द्वि० ३, (तृ० १)—

चले प्रान गोरा गिरु बाटा। उतरि तुरिय ते धा जो भाटा।
दलपति राउ भांट कर नाऊँ। जैनराव जाना मव ठाऊँ।
धरि गोरा कोरा कै लीन्हा। बिरद बोलि बह अस्तुति कीन्हा।
तुरुक कहै गोरा सिर याटा। मारौं ताहि सीस लहु फाटा।
कोई चाहै पावन छाहाँ। दल की पति राखी रन माहाँ।
जेहि क सामि सरजा अस जूझै। तेहि कहँ जियन कौन बिधि जूझै।
अखतियार सरजा क खवासू। एकै तेग गनै रन तासू।

दब दबाइ दलपति कहँ दौरे लटपटाइ रहे खेत।
सामि काज जूझे दोउ कै राता मुख सेत॥

[६४०अ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

नागमती अँग माइ न खरी। आइ पाइँ लपटाइ कै परी।
तुमते हम लाखन्ह बर लहा। कनकोई कौड़ी आठ न कहा।
लाख टके कर जो अस होई। बिनु गथ हाथ लेइ नहिं कोई।

बहुरे नैन देखि भै जोती। पानिप बहुरि चढ़ी नग ओती।
बहुरे श्रवन सुनत मधु बैना। बहुरे चाइ चित्त सुख चैना।
बहुरी नीम भूख रस रसा। कुँजरा जगत जानु फिरि बसा।
बहुरे प्रान बास जिमि पावा। बहुरि तुचा पिउ जिउ घट आवा।

अंग अंग सब बहुरा बहुरि भएउ औतार।
तखन्ह सौं (?) माजि कै नैनन्ह ते न उतार।

[६४०आ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

बादिल गिरिह दुंदुभी बाजा। प्रानमती कर खोडस साजा।
मंगल बिरद बरनि कत जाई। हस्ती चढ़े आइ ग्रिह माई।
नेवछावरि काजा सो माता। पहिराए पहिरन सब राता।
कुटुँब सो आइ मिले रहसाता। अंदर कै बैसे बिहँसाता।
अंब्रित पाँच मेले बहु दीन्हा। जो जेहि तेहि क मान तस कीन्हा।
मँदिर सेज बहु भाँति सँवारी। पौढ़े जाइ जहाँ चित सारी।
प्रानमती आरति लै आई। प्रानौ चाहि अधिक जिउ भाई।

गही बाँह बैसारि सेज पर सगढ़ अलिंगन देइ।
अलक भुवंगिनि कर गही अधर अमी रस लेइ॥

[६४०इ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १) —

बादिल आपु कुँवर भुज पूजा। जै जै भुज पुनि बिक्रम दूजा।
जै जै भुज नमसेनि कुमारा। जिन्ह भुज छतिसौ लाख बिदारा।
जिन्ह भुज गज सूँडा फल पेला। जिन्ह भुज बीर परिग काहि मेला।
जिन्ह भुज सँकट छोड़ावा मोहीं। जिन्ह भुज रहे सिंघ रन कोही।
जिन्ह भुज भरत अंग वा कोपी। जिन्ह भुज जाँघ अँगद होइ रोपी।
जिन्ह भुज अँग नित सैन सँवारा। जिन्ह भुज मुहमद साहि पछारा।
जिन्ह भुज साहि अलावलि मोरा। जिन्ह भुज चितउर राज बहोरा।

ते भुजराज गले लै वा भेटे हिरदै लाइ।
कँवलसेनि गहि उर लपटाए आइ गहे जनु पाइ॥

[६४१अ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

खँडित कपोल दसन रस लेई। सुरति माँग वह सुरति न देई।
कंदै हंस मान कर करुना। नवै न नाए जोबन तरुना।
रही समाइ गले जनु माला। महा चतुर बल अति रस बाला।
लागे नख कुच मंत उभस्थल। जेहि डर छपे आइ तजि असथल।
दुऔ औनि सनमुख होइ रचीं। नाभिहि नाभि लाइ जनु मचीं।
रहै लपटाइ गात जनु एकै। दूसर निरखि जाइ नहिं सकै।
परी सो स्वाति बूंद पिव बरसा। तन पलुहा नौतन जग दरसा।

गौने गौनि जो पिउ गए साल रहे हिय बीच।
चुंबक चुँबन सुरति सौं काढ़ि अमी रस सींच ॥

[६४४अ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

इहाँ की धार हनै देवपालू। बाँधौं बलिहि जो बैठ पतालू।
जौ समुंद राखै देइ हाथी। लै आवौं कारी जिमि नाथी।
जौ भगि जाइ इंद्र के पीछे। जीतौं सहित ऐरापति पीछे।
जो इंद्र सहस तो नैन देखावो। फोरौं नैन जाइ कहं पावौं।
सहस बाहु होइ सहसौं भुजा। बाँधौं कहाँ जाइ भजि दूजा।
जौ निसियर होइ दरस सिर धरौ। काटौं रुंड मुंड भुइँ परौ।
अहुठ बज्र होइ बरिसै सारू। होइ अगस्त सोखौं देवपालू।

बरखा जाइ सरद रितु लागै तुरियन्ह परै पलानि।
उवै अगस्त जु जल सुखै सुखै पवन औ पानि ॥

[६४४आ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

गौन सुदिन पदुमावति पासा। नागमतिहिं पिय केर पियासा।
भइ निसि नागमती पहँ आए। नागमति स्वाति बूँद जनु पाए।
बिहँसहिं सम आलिंगन देहीं। पान्हि खँडि अधरन रस लेहीं।

खिनक हँसहि हँसि कै कँठ लागा। खिनु करि हँसी सबन्हि सुख लागा।
दुख कहि उरध साँस मन मागहिं। सामी पास न कबहूँ खाँगहिं।
अति आनंद हितु कै पिय बरसा। तनु पलुहा नौतन जग दरसा।
नव जोबन फिरि नइ होइ काया। खोवा रतन फेरि कै पाया।

सब निसिं रंग रहस महँ करवट भएउ बिहान।
प्रात उठहिं असनान कहँ कर बीरा मुख पान॥

[६४४इ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

पान खात बिहँसत गौ सभा। बैठे रतन मँदिर अठखँभा।
दहिनि भुजा नगसेन कुमारू। बाँईं कँवलसेन बरियारू।
दहिने तेहि ते राउ बादिला। कँवल ते गोरा सुत साहिमला।
भैया बेटा बैठि ओरगाना। उँचगर बिरिद बोल ओहि बाना।
इंद्र सोस भो देखि लजाई। चाँद के निकट तरई सब आईं।
तुरिय जो दै दै सब पहिराए। दस गुन ओरग बगुराए।
बादिल कहँ चौधरिया दीन्हा। औ गोरा सुत कहँ बहु कीन्हा।

दान दीन्ह अगनित अस राँक रहा नहिं देस।
दिस दिन गीत निरत ते भाव आन नहिं भेस॥

[६४४ई]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

एक पहर निसि निरित करावा। सभा बहोरि मँदिर पहँ आवा।
देखि मँदिर पदुमावति केरा। परगट गुपुत जासो मन मेरा।
चित से ध्यान टरै नहिं कैसेहु। चलत खरेहु पुनि बोलत बैसेहु।
तन मन धन पदुमावति जीऊ। जियन के ठौर जानि पिउ पीऊ।
एक बिनती औ पीउ परारा। उतरि सेज सो कीन्ह जोहारा।
कर गहि सेज बैठि लै किया। मुख मोरे कहँ छाँडौ पिया।
बिहँसत गाढ़ अलिगंन कीन्हा। मान छूट पर पिय कहँ लीन्हा।

अधर अधर सो उर उरते कटि नाभिहिं नाभि।
चोप चिहुटि अस होइ मिले जो समुझि परै नहिं काभि॥

[६४४उ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

पिय के समिप पावस रितु आई। घटा गरजि तरपी अति भाई।
स्याम घटा मों बग की पाँती। पहिरे कुसुंभी सोभ रँग राती।
कबहूँ हँसहि कंत अँग मोरा। अति सोहाग बोलहिं पिव कोरा।
कबहुँ सेज पर बैठहिं जाई। करहिं भरनि तेहि लाग सोहाई।
परत बूँद लागत कस नीके। फूल झरी खेलत जस जीके।
रचि चंदन कहि सेज नचावहि। सुरस बिभास मलार ते गावहि।
रीझै घन बरसत असुवाती। नर परवीन की कौन गनाती।

मेह बरिस बिख धारा दीपक बरहिं छँछार।
मिलत सुरति रति बाढ़ै बैसक करहिं अपार॥

[६४४ऊ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

प्रीतम पासु मास जड़ काला। नवल नेह नित जोबन बाला।
हेम के भेस जनम लिय कामी। सबही सोभ भई असि बामी।
पियहिं पेम मा बालहिं बाला। चयन अधर चख केर पियाला।
जेवहिं पाँच अंम्रित बहु भाँती। पान खाहिं जागहिं सब राती।
खाहिं सुगंध सुबास लगावहिं। सुनहिं नाद और नितं करावहिं।
सारि सेज फूलन सौं साजहिं। लटपटात सो अधिक बिराजहिं।
गात ते अंतर छिनौ न भावै। अंकमालि कै लागि जगावै।

देखब सुनब कहब रस तन मन रही न गत्ति।
भजि पदुमावति रतन भो रतन सो पदुमावत्ति॥

[६४४ए]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

रतन साथ आवौ धुपकाला। अंग अरगजा परम रसाला।
सीतल मँदिर अनूपम बासा। सेत सेज सौं पालक डासा।
सीतल राठा कठै अरु सारँग। बिना हाथ को रहे न नारंग।

रबि ढलिके सीतल अति छाहीं। करहिं कलोल बैठि परछांहीं।
खलहल लेहि लाल औ लाला। खोलि कै पहिरहिं फूलन माला।
पिय तिन तोरि नौलासी दीन्हीं। नारि बूँदि गेंदिरस लीन्हीं।
तैसि निरमली निसि उजियारी। आलिंगहिं फिरि फिरि पिउ नारी।

परम चतुर दोउ परम सुख परम हेतु हितु पीउ।
निति समीप औ हँसि मिलनि पावहिं धनि धनि जीउ॥

[६४४ ऐ]

प्र० १, २, द्वि० ७, (तृ० १)—

राजहिं अति देखत नित भावा। साँझ होइ तौ निर्त करावा।
औसर पाँच नाच नित होई। नतवत सा भूला सब कोई।
तंति बेतंति घन सिखर बजावहिं। छंद प्रबंध धुरंधर गावहिं।
मंठ सरमंठ गीत झनकारहिं। धुरपरु संकर मति औ मारहिं।
षडज रिखभ गंधार जु धमा। धैवत अरु निषाद सुर पँचमा।
नाभि ग्राम तिय कंठ कपाली। एक ताली कठताल अठताली।
सोरह सहस नाद होइ तहाँ। आडव षाडव सपूरन जहाँ।

तउ बाला औ सुरगंध गावै पोत सुदेसी चाल।
नाचहिं तब तिर पाउर थिरकि लेहि मन छाल॥

[६४४ओ]

प्र० १, २, द्वि० ७—

पुरुस नाच नाचहि अति बाँका। नेम मैं होई थिर मन थाका।
ससिहर कला सिंगार बनि अंगा। भूषन भान कला दुपरंगा।
कछनी जटित जराउ जगमगी। रति औ तासु उपमा तरगी (?)।
नखसिख सोभैं केरि सँवारी। मधुलितु बास तजो फुलवारी।
नाचहिं नाच बाज गहगहा। देवता ठगि रहे मानुस कहा।
कँवल जानि कुच ऊपर बैसै। बाँधा बास बेधि कर तैसै।
मुख मोती कर चक्र भवाँवहिं। सीस कलस पग नाचत आवहिं।

जस जस सीस चढ़ावहिं याकुल ब्याकुल होइ।
साँस साधि ढहि पौन धरि धरि पटिकिम्ह सोइ॥

[६४४ औ]

प्र० १, २, द्वि० ७—

गति रीझे जहँ नाच महँ भला। सो सब करहिं अनूपम कला।
परस परी औ चित औड़िया। आड़िय अड़बर नाच पौड़िया।
भैरोचंद नालिचंद नाचहिं। अधर अंग जानहु धरि टाँचहिं।
राधा कान्ह पुलक छंद लावहिं। अधर नारि नाटे सुभ गावहिं।
कटरी गुन संगीत हत जेते। ते गावहिं नाचहिं थातेते।
सुरंग निरित ध्यान जे तहहीं। ताल ध्याइ सब्द सब कहहीं।
उपजहिं तान रंग रंगरंगा। नाचत अति झनखात सुरंगा।

अस औसर निति देखौं मन मोहन बहु भेख।
नायक जैस नचावहिं तस तस नाचहिं सेख॥

[६४४ अं]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

पदुमावति सो रंग रस मानै। नागमती सु प्रीति बहु ठानै।
पदुमावति कह मैं सब कीना। नागमती कह रंग हम भीना।
जो जैसेहिं सो तैसेहिं मिला। कबहूँ मौन रहै रस खिला।
पुरुष सो बानि पानि अस होई। जेहि रँग मिलै ताहि रँग होई।
राउ राँक कोउ दुखी न देखिय। धरमराज सबही कर लेखिय।
बहुत देवस सुख भूँजेन्हि राजू। नेगी सब चलावै काजू।
कोड निरित सुख खेल सब भावा। दुख की बात न कोइ सुनावा।

जस दुख देखि साहि बनि बिधि सुख दीन्ह अपार।
जेहि कारन कोइ ध्यावै सो पुरवै करतार॥

[६४४ अः]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

बिधिना सत्रु न सिरजै काऊ। सत्रु न छाड़ै आपन डाऊ।
रतन क सत्रु मह्रा देवपालू। मिटै न कबहुँ सत्रु हिय सालू।
दूती साह पठाए बेगी। जाइ साहि लै गुदरहु नेगी।

चितउर चहूँ ओर असि बाँकी। पूरुब ओर ताकि मैनाकी।
तेहि नाकी चढ़ि रतन सँहारौं। साहि के काज पाइ प्रति पारौं।
पदुमिनि पकरि देउँ तौ साँचा। बरम्हा बिस्नु सीव ही बाँचा।
दूनउ कुँवर जियत धरि देऊँ। बादिल सहित प्रतिंगा लेऊँ।

आई साह गढ़ छेकहु बिलम न लावहु नेक।
सैं रनिवास पदुमिनी चितउर तोरि देउँ दँड एक॥

[६४५अ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७,(तृ० १)—

सुभट सुभट सौं महि परचारै। कमनैतहँ कमनैत हँकारै।
साँगि साँगि सौं उठै ठंठारी। खाँडहिं खाँड होइ झनकारी।
कमनैतहँ कमनैत बिदारैं। छुरी छुरी सौं एक एक मारे।
गुरिझ गुरिझ सौं लागै बाजा। जानहुँ तरपि परै रन गाजा।
सिर सिर सौं पर ठेलिक ठेला। बीर बीर सौं पेली क पेला।
सुँडाहल सुंडाहल पेलहिं। गहहिं जाहि ताहि गहि मेलहिं।
कंध कमंध गिरै असरारा। सलिता स्रौन बही जु अपारा।

भएउ महा भारत रन परेउ सुहृद सो बीर।
गीध कराल सियार सब वहि बहि लागहिं तीर॥

[६४५आ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १)—

महा मसान भयावन परा। स्रौन क सरवर लोथिन भरा।
हा थितिपाल (?) भुजा पवनारू। कया सूखि उलथहिं जेहि भारू।
पुरइन कीच कँवल भौ सीसा। अवध चमंक मंछ बहु दीसा।
लोथिन्ह मगर गोह उतिराहीं। रथ बोहिथ जनु भौंर भवाँहीं।
केस सेवार आँत बहु नारा। प्रात के घर बहु पहुप पसारा।
जंबुक खेलहिं चभका चूभा। परहिं भूत लोथिन्ह पर ऊभा।
बोल मसान सो उठै अँदोरा। मारु मारु सुनिए चहुँ ओरा।

भैरो भूत असनान करि रुद्र बजावहिं घंट।
चरनोदक जोगिनि पियहिं पूजा कंटक कंट॥

[६४६अ]

प्र० १, २, द्वि० ६, (तृ० १)—

नैन उघारि कुँवर हँकराए। दुनौ कुँवर छाती लै लाए।
बादिल और साहिमल बोले। राम नाम लै जीभ उघेले।
आए सब नेगी हँकराए। भैया बेटा ओरगान बोलाए।
कँवलसेनि कहँ टीका दीन्हा। भार सबै नगसेन सु लीन्हा।
तुम्ह नगसेन पिता के ठाऊँ। मोहि गए रहिहौ एक भाऊँ।
राज सरज सो सौंपौ बादिला। किहेहु नेति जस कीन्ह आदिला।
भरि भरि नैन सबै कँठ लावा। दिया पान बाहर बहुरावा।

बोले सब रनिवासै दुऔ रानी कँठ लाइ।
सोइ करहु रहै जस जैसे हम तुम्ह साथहिं जाइ॥

[६४७अ]

प्र० २—

नागमती पदुमावति कहा। तुम्ह सो सब पावा जो चहा।
तुम्ह सामी परदेस सिधारू। अब हम कौन जु करैं बिचारू।
जौ तुम्ह तौ हम भाव सिंगारा। तुम्ह बिनु सब अलँकार भै छारा।
जौ राजा तुम्ह कह अस बानी। बिना सँग जीऔं क्यूँ धनी।
नागमती रोदन अनुसारा। घर घर नगर भएउ झनकारा।
रोवै मालिनि गाँथै फूला। बरइन होइ अधिक तन सूला।
रोदन करहिं आइ सब चेरी। अब एहि मँदिल करै को फेरी।

रोवैं सबै जु नारी घर घर भा झनकार।
झरैं सबै लै फूल सो कहहु कहै को पार॥

[६४७आ]

प्र० १, २ : (किंतु प्र० १ में यह यथा ६५० आ है)—

सब राजा मिलि आइ पुछारी। निस्चै यह राजा जे सिधारी।
आवहिं जाहिं सब बोध कराहीं। रानी अंध बहिर भै जानी।
यह जग ऐसा आहि बिहूना। जैसे मिलै पानि महँ चूना।

कोइ आपन जग कहै न कोई। जौ बिसाल कर मानिक होई।
पानी क बूँद अैस परिवारा। रतन करहि बाहर तेहि बारा।
कागज पानी जैसे मेराए। गा हेराइ खोजत केहि पाए।
निस्चै एहि जग सिद्धन तजा। दिस्टि फिरी पै आइ न भजा।

कोइ आवहिं कोइ जाहिं फिरि भौभँग नैन चढ़ाइ।
आए बोधै ताहि कहँ चले आपु समझाइ॥

[६४७इ]

प्र० १, २ (किंतु प्र० १ में यह यथा ६५० इ है)—

सब रानिन्ह जनु राहु गरासा। अरु झूमरि रोवहिं एक पासा।
भरि भरि कूक रुहिर छिहरावैं। एक आपु सँग पाँच नचावैं।
आप आपु महँ पाँचौं रोई। ई नायक हम पाँच बिछोई।
हम पाहुन इन लेखे जाना। भोर भए सो कीन्ह पयाना।
बहुत बुझाइ बुझावहिं रानी। पदुमावति भइ गूँगि देवानी।
भोजन निंद्रा तासु क हरा। ह्वै गै साँच जे नर कै करा।
रतन छड़ा रतनारि रिमाहा (?)। पीय पदारथ पावौं कहा।

भएउ जनक रिपु रावन चितउर सो देवपाल।
छया जाइ चित होइ रिपु भएउ रतन कहँ काल॥

[६४७अ[१]]

द्वि० १, तृ० १—

आजु सीस की टरि गइ रती। आजु नागमति होइहि सती।
आजु सो उर बन जग अँधियारा। आजु कँवल उकठैं भै छारा।
आजु इंद्र इंद्रासन खसा। आजु सूर कैलासहिं बसा।
आजु चतुर्भुज चकता करौं (?)। आजु चलाए सदना सरौं (?)।
आजु चला बहु ठाहर छाँड़ा। आजु समुंद्र भएउ जल गाढ़ा।
आजु सुमेर डोल भा हाला। आजु तयार होइ धौ काला।
आजु गगन जनु चाहै फटा। आजु पतन औ होइहि कटा।

आजु महा परलौ भा आजु जगत जनु मेंट।
आजु रतन धरती पर परा आजु भइ भेंट॥

[६४८ अ]

प्र० १, २, द्वि० ६, ७, (तृ० १) : किंतु (तृ० १) में यद छंद यथा ६५० अ है—

परे जु कुँवर सहस सँग जूझी। चली सती किछु परै न बूझी।
खुले मूँड बहु सेंदुर सीसा। पहिरन रात सबै जग दीसा।
सेंदुर भरे अलक जनु नागिनि। सेस के मुए होइ सहगामिनि।
कजरी माँझि परी जनु आगी। कै सुमेर दिवारि जनु लागी।
दुंद मृदंग झाँझ बहु बाजहिं। नाचत चलहिं ते अधिक बिराजहिं।
कै जु रतन जोगी होइ चला। सब सिर मारि रोइ कर मला।
प्रीति बचा प्रति सिर पहुँचावौं। ओहू जनम सामी कँठ लावौं।

आस पास (जो ?) सर रचे भा झर चौ सुर नाथ(?)।
मुहमद जन्मे एक सग मरत गमेउ लै साथ॥

[६५० अ]

प्र० १, २, द्वि० ७, (तृ० १) : (प्र० १ में दो छंद यहाँ और अतिरिक्त हैं, किंतु वे ऊपर के छंद ६४७ आ, इ हैं)—

जरी जु पिउ के रँग रस राती। जेउँ जेउँ झार लाग तेउँ राती।
राते जोगी जती संन्यासी। राते पुहुप ओप बनबासी।
राते कुसुम मँजीठ महावर। राते नैन पेम रँग बाउर।
राते एँगुर सेंदुर रोई। राते हेम हंस की जोई।
राते मेघ भानु मंसूरू। राते रायमुनी तमचूरू।
राते ठौर कंठ जहँ ताईं। राती बीर बहूटि सुहाईं।
राते धनुख और बनसपती। राते बिंब प्रेम की पाती।

राते केस हरदि मिलि चूना पीक परेवा नैन।
राते अस्व सिंघली हाथी गेरू रीझहिं मैन॥

[६५१ अ]

प्र० १, २, द्वि० ७, (तृ० १)—

माटी धूरि ठौर भौ कटक सबै बौरान।
जेहि देखि असेहि (?) नठा गाठ साहि सुलतान॥

माटी इहै जगत बौरावा। माटी इहैं परम पद पावा।
माटी इहै जोति परगटी। माटी इहै लागि सब ठटी।
माटी इहै हंस सौं खेला। माटी इहै॰ जु चेटक मेला।
माटी इहै रूप रँग पावा। माटी इहै जु अलख लखावा।
माटी इहै दहूँ जग राजा। माटी इहै जु करत न छाजा।
माटी इहै रचा सो रचा। माटी इहै नचाव सो नचा।
माटी इहै पेम पै लहा। माटी इहै कहाउ सो कहा।

[६५१आ]

प्र० १, २, द्वि० ७, (तृ० १)—

माटी आपु आपु माटी होइ रहा सो पावै जोति।
माटी निकट निरंतरि माटी आन न होति॥

साहिमल्ल राजहिं लै जाही। हौं बादिल गढ़ छाँड़ौं नाहीं।
चांदपाल सुत सब परिवारा। तोहहिं भार नगसेन कुमारा।
रामपाल देवपाल क बेटा। आइ साह पहँ लोग समेटा।
कबहूँ अँसु न पैहहु पारी। जाइ लेहु कुंभल गढ़ मारी।
उतरि कै दौरि जाइ गढ़ घेरा। भएउ सार बाजा चहुँ फेरा।
चढ़ा साहिमल लै नगसेनी। रानिन्ह चली साजि कै सेनी।
पूत सपूत गने ते साँचे। टाटक बैर लिए रिपु नाचे।

[६५१इ]

प्र० १, २, द्वि० ७ (तृ० १)—

रैनि टूटि जौहर भा जूझा सुत सिसुपाल।
हस्ति घोर गढ़ पावा औ पावा धनपाल॥

ढोवा कीन्ह साहि गढ़ छेंका। धनि बादिल सँमुहा होइ टेका।
अबला बली अलावलि साही। सहसा बादिल गनै न ताही।
खोली पँवरि जुझाऊ बाजहिं। हाँकहिं बीर सिंघ जनु गाजहिं।
लरहिं निसंक सामि के काजा। टाहत (?) सुभट दोहाई राजा।
बरसै आगि कोट चहुँ फेरा। जरि भस्मंत होइ जहँ हेरा।
मतवारे अस गिरि ढहराहीं। कचरे जाहिं सो थिर न रहाहीं।

जूझहिं तुरुक करहिं गोहराऊ। चाँपत जाहिं पगहिं पग पाऊ॥

[६५१ई]

प्र० १, २, द्वि० ७, (तृ० १)—

गढ़ समुंद औ सार को बूड़ लहरि अपार।
निकसहिं धाइ समाहिं फिरि बोरहिं लोहैं धार॥

चपरि साह ढोवा कै देखा। जूझा कटक बहुत अनलेखा॥
आपुहिं साह अलंगै बाँटी। चहूँ ओर गढ़ घेरा घाटी।
लागे रहहिं खान औ बीरा। बाजै सार परै जहँ भीरा॥
सबहिं माँग करकच कर साजा। कोपा कटक धरी मन लाजा।
सिगरी रैन सो गरगज बाँधहिं। होत बिहान कमानै साधहिं।
गोलन्ह मारि देइँ ओहि ढाही। किलकिलाइ औ खीझै साही।
रात दिवस बाजत रह सारू। रहै सो जिहि राखै करतारू।

[६५१ उ]

प्र० १, २, द्वि० ७, (तृ० १)—

बाजैं दुंद भयावन होइ महा रन मार।
धनि ओहि सूर सराहिए जो अँगवै अस भार॥

खानजहाँ सरजा कर बेटा। लोह लंगर सिरमौर अमेंटा।
जहाँगीर कर अजमत खानू। रन महँ तपै जेठ कर भानू।
महमद साह केर वह जोद्घ। लागे जाइ बिखम गढ़ पोद्घ।
भीमसेन नेगी जेहि ओरा। तिन्ह सो बिखम परा कै जोरा।
करहिं टूक दुइ तुपक की चोटा। लोटहिं तुरुक जो करहिं खसोटा।
सब दिन साहि फिरै चहुँ हेरा। चाँपि लीन्ह चितउर गढ़ घेरा।
लाग कटक गढ़ आव न आँटी। जस लपटाइ जाइ गुर चाँटी।

[६५१ ऊ]

प्र० १, २, द्वि० ७ (तृ० १)—

भा गरगज जस अजगर ठाढ़ भएउ सिर काढ़ि।
भएउ कोट पर खलभलि लील चाह गढ़ बाढ़ि॥

बादिल भीमसेन हँकराए। बेटा भैया सबन्हि बोलाए।
बरिस देवस लगि हम गढ़ राखा। भा गढ़ बिचल भार जस राखा।
ठाहर ठाहर जौहर साजहिं। करहिं भगति रामहिं अवराधहिं।
प्रानमती बादिल के काना। तजि पतिबरता भाउ न आना।
होत अग्याँ तेहिं जौहर सजा। चंदन अगर मलय अरगजा।
सरजा जौहर चाँचरि जोरी। फागु खेलि कै लावहिं होरी।
ऐसन दाउ बहुरि कब पाउब। बहुरि कि एहि जग खेलै आउब।

[६५१ए]

प्र० १, २, द्वि० ७, (तृ० १)—

पुरखन खरग सँभारा मेहरिन माँझ अवास।
खेलहिं महा अनंद सों रानी ओहि रनिवास॥

बाजहिं ढोल मृदंग पखाउज। बाजहिं डफ सुरमंडल आउझ।
बाजहिं बंस उपंग किनारी। बाजहिं जंत्र पिनाक बिसारी।
बाजहिं ताँब झाँझ झनकारा। दुंद भेरि करताल औ थारा।
बाजहिं सहनाई बाँसुरी। गावहिं कोकिल कंठ जा सुरी।
अति सुंदर खोडस रस बाला। भीगी पहिरे सोंधै माला।
छिटकहिं कुसुम उड़ावहिं बूका। चाँचरि गढ़ मों चहुँ दिसि कूका।
नारि पुरुख गलबाहाँ जोटी। सहजेहिं माते लोटहिं लोटी।

[६५१ऐ]

प्र० १, २, द्वि० ७, (तृ० १)—

खेलहिं सबै अनंद सौं रात मात कै भेस।
गाइ नाचि गढ़ समहिया रहहिं सो जगत अदेस॥

एक मासु लगि चाँचरि पारी। सब कोइ खेलहिं आपनि पारी।
कोई पुरुख जूझि कै आवहिं। सोइ आइ खेलहिं औ गावहिं।
सोई आइ बजावहिं सारू। सोई आइ देखहिं झनकारू।
सोइ उहाँ ढाहि अरि आवन। सोई आइ देख मन भावन।

बरत एकादसि जब जब कीन्हा। खेलत हँसत दान बहु दीन्हा।
कै असनान दंडवत पूजा। बाजे सबद संख गढ़ गूँजा।
पुरुख कै चरन माथँ लै धरहीं। कूदहिं जाहिं माझ सर परहीं।

[६५१ओ]

प्र० १, २, द्वि० ७, (तृ० १)—

अगिनि परी चितउर महँ जौहर भा पछिराति।
खोलि दीन्ह दरवाजा भा ढोवा परभाति॥

चढ़ि गजराज साहि गज पेला। सूझ न गगन सरग सौं खेला।
बादिल गढ़ बाहेर होइ लीन्हा। भीमसेन मुख ऊपर दीन्हा।
जेहि कहँ धरि आगे कै लेहीं। खिनु एक लरहिं पीठि पुनि देहीं।
भारत गए जाहिं जहँ ताईं। चले चिकारि गज सूँड छिपाई।
बादिल ऊपर मुरवै पीठी। भई साह सौं समुँही दीठी।
साहि ताकि कै आपुन धावा। बीचहिं महिमा साह उठावा।
भई कारि अस कठिन अपारा। मेरु पहार जाइ नहिं टारा।

[६५१औ]

प्र० १, २, द्वि० ७, (तृ० १)—

भएउ बहुत संग्राम भयावन भई बहुत उरझेरि।
कै कलबल बहु बाढ़े जाइ लीन्ह गढ़ फेरि॥

जातहिं जाइ हने सब घोड़ा। आपुन साह कीन्ह पग जोरा।
कोइ न काहू पाछे परहीं। लरहिं साथ पुनि सँग एक मरहीं।
साहि क सैन निकट गढ़ बाजा। काहू पहँ न चपै दरवाजा।
हुकुम भया छाँड़हु सब घोड़ा। चढ़ि गरगज कूदहु चहुँ ओरा।
कूदा खान जहाँ बर बीरा। कूदा अजमति खाँ रनधीरा।
कूदा महमद साहि बरिबंडा। भीमसैन सों बाजा खंडा।
भीमसेन भै कीचक मारू। भीमसेन अँगएउ बर भारू।

[६५१अ]

प्र० १, २, द्वि० ७, (तृ० १)–

भएउ जूझि बादिल सौं पँवरहि ढहा न जाइ।
तुरुक पैठ घर भीतर लीन्ह मँदिर तब आइ॥

दौरहिं जिधरि ओकर(?) सिर काढ़े। परि भरहरि कोइ रहे न ठाढ़े।
महा मल्ल टोडर बादिला। भएउ जुद्ध जस हमजा आदिला।
अलह अलह होइ रामहिं रामा। कहि दौरहिं जूझहिं संग्रामा।
तुरुक मारि दीन्हा गढ़ बाहर। परी लोथ कोइ रहै न ठाहर।
भीमसेन जूझा जहँ बाँका। परा कुँवर सहसा केतु चाँका(?)।
धनि बादला मींचु अस काँधी। साहि सैन सो परा सो आँधी।
सो अस दानि मुहम्मद तिनके हौं बलिहार॥

[३]

मरम नैन कर अँधरै बूझा। तेहि बिय (बिन?) रे सुंसार न सूझा।
मरम स्रवन कर बहिरै जाना। जो न सुनै किछु दीजै साना।
मरम जीभ कै गूँगै पावा। साधहि मरै पै निकर [न] नावाँ।
मरम बाँह कर लूलै चीन्हा। जेहि बिधि हाथन्ह पाँगुर कीन्हा।
मरम कया कै कुस्टी भेंटा। नित चिरकुट जो रहै लपेटा।
मरम बैठ उठ तेहि पै गुना। जो रे मिरिग कस्तूरी पहाँ।
मरम पावँ कै तेहि पै दीठा। जो अपया भुइँ चलै बईठा।

अति सुख दीन्ह बिधातै औ सब सेवक ताहि।
आपन मरम महम्मद अबहूँ समुझ कि नाहिं॥

[४]

भा औतार मोर नौ सदी। तीस बरिख ऊपर कबि बदी।
आवत उधतचार बड़ ठाना। भा भूकंप जगत अकुलाना।
धरती दीन्ह चक्र बिधि भाईं। फिरै अकास रहट कै नाईं।
गिरि पहार मेदिनि तस हाला। जस चाला चलनी भल चाला।
मिरित लोक जेहि रचा हिंडोला। सरग पताल पवन घट (खट?) डोला।
गिरि पहार परबत ढहि गए। सात समुंद्र कहच (कीच?) मिलि भए।
धरती छात फाटि भहरानी। पुनि भइ मया जौं सिस्टि हठानी (दिठानी?)।

जो अस खंभहि पाइ कै सहस जीव (जीभ?) गहिराइँ।
सो अस कीन्ह मुहम्मद तो अस बपुरे काइँ॥

[५]

सूरुज सेवक वाके अहै। आठौ पहर फिरत जो रहै।
आयसु लिहे राति दिन धावै। सरग पताल दुवौ फिरि आवै।
दगधि आग महँ होइ अँगारा। तेहि कै आँच धिकै सुंसारा।
सो अस बपुरै गहनै लीन्हा। औ धरि बाँधि चँडाले दीन्हा।
गा अलोप होइ भा अँधियारा। दीठै दिनहि सरग माँ तारा।

उवतै झाँप्पि लीन्ह घुप चापै। लाग सरप (सरब?) जिउ थर थर काँपै।
जिउ का परै कया (ग्याँन?) सब छूटै। तब भा मोख गहन जौ छूटै।

ताको अता तरासै जो सेवक अस मित।
अबहुँ न डरसि मुहम्मद काह रहसि निहचिंत॥

[६]

ताकरि अस्तुति कीन्हि न जाई। कौनो जीभि मैं करौं बड़ाई।
जग पताल जो सँतै कोई। लेखनी परखि समुँद्र मसि होई।
लागै लिखै सिस्टि मिलि जाई। समुद घटै पै लिखि न सिराई।
साँचा सोइ और सब झूठे। ठाव न कतहूँ ओन के रूठे।
आयसु हूँ इबलीस जौ टारै। नारद होइ नरक महँ पारै।
सौ दुइ कटक कइउ लख घोरा। फरऊँ रौदि नील महँ बोरा।
जौ सदाद बैकुठ सँवारा। पैठत पोरि बीच गहि मारा।

जो ठाकुर अस दारुन सेवक तईं निरदोख।
माया करै मुहम्मद तौ पै होइहि मोख॥

[७]

रतन एक बिधनै अवतारा। नावँ मुहम्मद जग उजियारा।
चारि मीत चहुँ दिसि गजमोती। माँझ दिपै मनि मानिक मोती।
जेहि हित सिरिजा सात समुंदा। सातहु दीप भरे एक बुंदा।
ता पर चौदह भुवन दसारे (?)। बिच बिच खंड बिखंड सँवारे।
धरती औ गिरि मेरु पहारा। सरग चाँद सूरुज औ तारा।
सहस अठारह दुनिया सेरी (?)। आवत जात जातरा फेरी।
जेइ नहिं लीन्ह जनम माँ नाऊँ। तेहि कहँ कीन्ह नरक माँ ठाऊ।

सो अस दैव न राखा जेहि कारन सब कीन्ह।
दहुँ तुम काह मुहम्मद एहि प्रिथिमी चित दीन्ह॥

[८]

बाबर साह छत्रपति राजा। राज पाट उन का बिधि साजा।
मुलुक सुलेमाँ का अस दीन्हा। अदल दून (दुनी?) उम्मर जस कीन्हा।
अली केर जस कीन्हेसि खाँडा। लीन्हेसि जगत समुँद भा डाँडा।

बल हमजा कर जैस सँभारा। जो बरियार उठा तेहि मारा।
पहलवान नाए सब आदी। रहा न कतहुँ बादि का बादी।
बड़ परताप आप तप साधे। धरम के पंथ दई चित बाँधे।
दरब जोरि सब काहूँ दिए। आपुन बिरह (?) आपु जस लिए।

राजा होइ करै तब (तप) छाँड़ि जगत माँ राज।
सब अस कहै मुहम्मद तौं कीन्हा किछु काज ॥

[९]

मानिक एक पाएउँ उजियारा। सैयद असरफ पीर पियारा।
जहाँगीर चिश्ती निरमरा। कुल जग माँ दीपक बिधि धरा।
औ निहंग दरिया जल माहाँ। बूड़त कहँ धरि काढ़त बाहाँ।
समुद माँझ जो बोहित फिरई। लेते नावँ सहूँ होइ तरई।
तिन घर हौं मुरीद सो पीरू। सँवरत बिन गुन लावै तीरू।
कर गहि धरम पंथ देखराएउ। गा भुलाइ तेहि मारग लाएउ।
जो अस पुरुसै मन चित लाए। इच्छा पूजै आस तुलाए।

जो चालिस दिन सेवै बार बुहारै कोइ।
दरसन होइ मुहम्मद पाप जाइ सब धोइ ॥

[१०]

जायस नगर मोर अस्थानू। नगर क नावँ आदि उदयानू।
तहाँ देवस दस पहुने आएउ। भा बैराग बहुत सुख पाएउँ।
सुख भा सोच एक दुख मानौं। ओहि बिनु जिवन मरन कै जानौं।
नैन रूप सों गएउ समाई। रहा पूरि भरि हिरदै छाई।
जहँवै देखौं तहँवै सोई। और न आवै दिस्टि तर कोई।
आपुन देखि देखि मन राखौं। दूसर नाहिं सो कासौं भाखौं।
सबै जगत दरपन कर लेखा। आपुन दरसन आपुहि देखा।

अपने कौतुक कारन मीर पसारिन हाट।
मलिक मुहम्मद भिनहीं होइ निकसिन तेहि बाट ॥

[११]

धूत एक मारत घन गुना। कपट रूप नारद कर जना।

नावँ असाधु साधु कहवावै। तहाँ लगि चलै जौ गारी पावै।
भाव गाँठि अस मुख कर भाँजा। कारिख तेल घालि मुख माँजा।
परत [हि] दीठि छरत मोहि लेखे। दिनहि माँझ अँधियर मुख देखे।
लीन्हें चंग राति दिन रहई। परपँच कीन्ह लोगन माँ चहई।
भाइ बंधु माँ लाई लावै। बाप पूत माँ घटी करावै।
मेहरी मनुस रैनि का आवै। तरपड़ कै पूरुख अन्हवावै।

मन मैलै कै ठग ठगै ठगै न पाएउ काहु।
बरजेउ सबहिं मुहम्मद अस जिनि तुम पतियाहु॥

[१२]

अंग छड़ा औ सूरी भारा। जाइ कहौ अति चंग अधारा।
जौ काहू सौं आनि न छूटै। सुनहु मोर बिधि कैसे छूटै।
उहै नावँ करता करै लेऊ। पढ़े पलीता धूवाँ देऊ।
जौ यह धुवाँ नासिक माँ लागै। मिनती करै औ उठि उठि भागै।
धरि बाईं लट सीस झकोरै। करिया बरग जो हाथ मरोरै।
तबहि सँकोच अधिक वै होवै। छाँड़ौ छाँड़ौ कहि कै रोवै।
धरि बाहीं लै धुवाँ उड़ावै। तासौं डरै जो औस छड़ावै।

है नरकी औ पापी टेढ़ बदन औ आँखि।
चीन्हत उहै मुहम्मद झूठि भरी सब साखि॥

[१३]

नौ सै बरस छतीस जो भए। तब एहि कबिता आखर कहे।
देखौ जगत धुंध कलि माहाँ। उवत धूप धरि आवत छाहाँ।
यह सँसार सपने कर लेखा। माँगत बदन नैन भरि देखा।
लाभ दिए बिनु भोग न पाउब। परै डाँड़ जहाँ [मूर?] गँवाउब।
राति कर सपन जागि पछिताना। ना जानौं कब होइ बिहाना।
अस मन जानि बेसाहौ सोई। मूर न घटै लाभ जेहि होई।
ना जानौ बाढ़त दिन जाई। तिल तिल घटै आइ नियराई।

अस जिन जानेहु ओहट है दिन आवत नियरात।
कहै सो बूझि मुहम्मद फिर फिर कहौं असि बात॥

[१४]

जबहिं अंत कर परलौ आई। धरमी लोग रहै ना पाई।
जबहीं सिद्ध साधु गा तपा। तबहीं चलैं चोर औ जपा।
जाई मया मोह सब केरा। मन्छ रूप कै आई बेरा।
उठिहैं पंडित बेद पुराना। दत्त सत्त दोउ करिहिं पयाना।
धूम बरन सूरुज होइ जाई। किस्न बरन सिस्टिहि दिखाई।
दो अद(?) पुरुब दिसि उइहै जहाँ। पुनि फिरि आइ अथइहै तहाँ।
चढ़ि गदहा निकसै दर जालू। हाथ खंड होइ आए कालू।

जो रे मिलै तेहि मारै फिरि फिरि आइ अकाज।
सबईं मारि मुहम्मद भूँजि अदृतिया राज॥

[१५]

पुनि धरती का आयसु होई। उगिलै दरब लोग सब लेई।
मोर मोर कै उठिहैं भारी। आपु आपु मों करिहैं मारी।
अस न केउ जानै मन माहाँ। जो यह सचा अहै सो काहाँ।
सैंति सैंति लेइ लेइ घर भरहीं। रहस कोड अपने जिउ करहीं।
खनै उतंग खनै बर सौंती। नितहि हुलंब उठै बहु भाँती।
पुनि एक अचरज सचरै आई। नावँ मजारी भँवा बिलाई।
ओहि के सूँघे जियै न कोई। जो न मरै तेहि भक्खै सोई।

सब सुंसार सिराइ औ तेहि में केरी (?)घात।
उनहूँ कहैं मुहम्मद बार न लागै जात॥

[१६]

पुनि मैकाइल आएसु पाए। अनबन भाँति मेघ बरसाए।
पहिले लागै परै अँगारा। धरती सरग होइ उजियारा।
लागी सबै पिरिथिमीं जरै। पाछे लागे पाथर परै।
सौ सौ मन कै एक एक सिला। चलै बिंद (पिंड?) छुटि आवै मिला।
बजर गोट तस छूटै भारी। टूटै रूख बिरिख सब झारी।
परत दमाग (धमाक?) धरति सब हालै। ओदरत उठै सरग लै सालै।
अधाधार बरसै बहु भाँती। लाग रहै चालिस दिन राती।

जिया जंतु सब मरि घटे जित सिरिजा सुंसार।
कोउ न रहै मुहम्मद होइ बीता संघार॥

[१७]

जिबरईल पाउब फरमानू। आइ सिस्टि देखब मैदानू।
जियत न रहा जगत केउ ठाढ़ा। मारा झोरि कचरि सब गाढ़ा।
मरि गंधाइँ साँस नहिं आवै। उठै बिगंध सड़ाइँध आवै।
जाइ देउ से करहु बिनाती। कहब जाइ जस देखब भाँती।
देखहु जाइ सिस्टि बेवहारू। जगत उजाड़ सून सुंसारू।
अस्ट दिसा उजारि सब मारा। कोउ न रहा नावँ लेनिहारा।
मरि माजरि पिरथिमीं पाटी। परे पिछानि न दीखै माटी।

सून पिरथिमीं होवै धरती दहुँ सब लीप।
जेतनी सिस्टि मुहम्मद सबै भाइ जल दीप॥

[१८]

मकाईल पुनि कहब बुलाई। बरसौ मेघ पिरथिमीं जाई।
ओनै मेघ भरि उठिहैं पानी। गरजि गरजि बरसैं अति बानी।
झरी लागि चालिस दिन राती। घरी न निमुसै एकै भाँती।
छूट पानि परलौ कै नाईं। चढ़ा छापि सगरी दुनियाईं।
बूड़हिं परबत मेरु पहारा। जलहल उमड़ि धलै असरारा।
जहँ लगि मरि माजरि जत होई। लेइ बहाइ जाइहि भुइँ धोई।
पुनि घटि नीर भँडारैं आई। जनौं न बरसा तैस सुखाई।

सून पिरथिमीं होइहि बूझै हँसै ठठाइ।
एतनि जो सिस्टि मुहम्मद सो कहँ गएउ हेराइ॥

[१९]

पुनि ईसराफील फरमाए। फूँके सब सुंसार उड़ाए।
दै मुख सूर भरै जो साँसा। डोलै धरती लुपुत अकासा।
भुवन चौदहों गिरि बन डोला। जानौं घालि झुलाएसि हिंडोला।
पहिले एक फूँक जो आई। ऊँच नीच एक सम होइ जाई।
नदी नार सब जैहैं पाटी। अस होइ मिलै जो ठाँरे(?) बाटी।

दूसर फूँक जो मेरु उड़ैहैं। परबत समुँद एक होइ जैहैं।
चाँद सुरुज, तारा घट टूटै। परलहि खंभ सेसहि घट फूटै।

तस रे बजर भयाउब अस भुइँ लेब भयाइ।
पूरुब पछिउँ मुहम्मद एक रूप होइ जाइ॥

[२०]

अजराइल कहँ बेगि बुलाए। जीउ जहाँ लगि सबै लिवाए।
पहिले जिउ जिबरैल कै लेई। लौटि जीउ मेकाइल देई।
पुनि जिउ देई इसराफीलू। तीनिहुन का मारै अजराईलू।
काल फिरिस्तन केर जौ होई। कोइ न जागै निसि होइ सोई।
पूनि पूँछत जम सब जिउ लीन्हा। एको रहा बाच जिउ दीन्हा।
सुनि अजाराइल आगे होइ आउब। उत्तर देब सीस भुइ नाउब।
आयसु होइ करौं अब सोई। की हम की तुम और न कोई।

जो जम आनि जिउ लेत हैं संकर तिनहू कर जिउ लेब।
सो अवतरे मुहम्मद देखु तहूँ जिउ देब॥

[२१]

पुनि फुरमाए आप गोसाईं। तुमहूँ देउ जिवाइहि नाहीं।
सुनि आयसु पाछे का धाए। तिसरी पौरि नाँघि नहि पाए।
परत कीन्ह जिउ निसरन लागे। होई कस्ट घड़ी एक जागे।
प्रान देत सँवरे मन माहाँ। उवत धूप धरि आवत छाहाँ।
जस जिउ देत मोहिं दुख होई। ओसै दुखिया भा सब कोई।
जौ जनतेउँ जिउ अस दुख देता। तौ जिउ काहू केर न लेता।
लौटि काल तिनहूँ कर होवै। आइ नींद निधरक होइ सोवै।

भंजन गढ़न सँवारन जिन खेला सब खेल।
सब का टारि मुहम्मद अब हूँ रहा अकेल॥

[२२]

चालिस बरिख जबहि होइ जैहैं। उठिहि मया पछिले [सब] ऐहैं।
मया मोह कै किरपा आए। आपुहि कहँ आपु फुरमाए।
मैं सुंसार जो सिरिजा एता। मोर नावँ कोऊ नहि लेता।

जेतने परे अब सबहि उठावौं। पुल सिलवात के पंथ रेंगावौं।
पाछे जिए पूछौं सब लेखा। नैन माद (माहँ?) जेता हौं देखा।
जस वाकर सरवन बिन सूना। धरम पाप गुन औगुन गूना।
कै निरमल कौसर अन्हवावौं। पुनि जीवन बैकुंठ पठावौं।

मरन गंजन धन होइ जस जस दुख देखत लोग।
तस सुख होइ मुहम्मद दिन दिन मानैं भोग।

[२३]

पहिले सेवक चारि जियाउब। तिन्ह सब काजै काज पठाउब।
जिबरईल औ मैकाईलू। असराफील औ अजराईलू।
जिबरईल प्रिथिमीं माँ आए। जाइ मुहम्मद का गोहराए।
जिबरईल जग आइ पुकारब। नावँ मुहम्मद लेत हँकारब।
होइहैं जहाँ मुहम्मद नाऊँ। कइउ लाख बोलिहैं एक ठाऊँ।
ठाढ़ि रहै कतहूँ ना पावै। फिरि कै जाइ मारि गोहरावै।
कहै गोसाइँ कहाँ लै पावौं। लाखन बोलैं जौ रे बोलावौं।

सब धरती फिरि आएऊँ जहाँ नावँ सो लेउँ।
लाखन उठैं मुहम्मद केहि कै उत्तर देउँ॥

[२४]

जिब्राइल पुनि आयसु पाए। सूँघै जगत ठाँव सो पाए।
बास सुबास लीन है जाहाँ। नावँ रसूल पुकारसि ताहाँ।
जिबरईल फिरि प्रिथिमीं आए। सूँघत जगत ठावँ सो पाए।
उठहु मुहम्मद होहु बड़ नेगी। देन जुहार बोलाएँ बेगी।
वेगि हँकारे उमत समेता। आवहु तुरँत साथ सब लेता।
एतने वचन जबहिं मुख काढ़े। सुनत रसूल भए उठि ठाढ़े।
जहँ लगि जीउ मोख सब पाए। अपने अपने पिंजरे आए।

कइउ जुगन के सोवत उठे लोग मत जागि।
अस सब कहैं मुहम्मद नैन पलक ना लागि।

[२५]

उठत उमत कहँ आलस लागै। नींद भरी सोवत ना जागै।
पौढ़त वार न हम का भएऊ। अबहीं अवधि आइ कब गहेऊ।

जिबरईल तब कहब पुकारी। अबहूँ नींद ना गई तुम्हारी।
सोवत तुम्हैं कइउ जुग बीते। अैसे तौ तुम हौं नहिं चीते।
कइउ करोरि बरस भुइँ परे। उठहु न बेगि मुहम्मद खरे।
सुनि कै जगत उठी सब झारी। जेतना सिरजा पुरुख औ नारी।
नँगा नाँग उठिहै संसारू। नैना होइहैं सब के तारू।

कोउ न कतहूँ पुनि येरै ? दिस्टि सरग सब केरि।
ऐसे जतन मुहम्मद सिस्टि चलै सब घेरि॥

[२६]

पुनि रसूल जहई होइ आगे। उमत चलै सब पाछे लागे।
अध गियान होइ सब केरा। ऊंच नीच जहँ होइ अभेरा।
सबहीं जियत चहै सुंसारा। नैनन नीर चलै असरारा।
सो दिन सँवरि उमत सब रोवै। ना जानौं आगे कस होवै।
जो न रहै तेहि का यह संगा। मुख सूखै तेहि पर यह दंगा।
जेहि दिन का नित करत डरावा। सोइ दिवस अब आगे आवा।
जौ पै हमसे लेखा लेबा। का हम कहब उतर का देबा।

एत सब सँवरि कै मन माँ चहैं जाइ सो भूलि।
पैगै पैग मुहम्मद चित्त रहै सब फूलि।

[२७]

पुल सिलवात पुनि होइ अभेरा। लेखा लेब अंब (उमत?) सब केरा।
एक दिसि बैठि मुहम्मद रोइहैं। जिबरईल दूसर दिसि होइहैं।
वार पार किछु सूझत नाहीं। दूसर नाहिं को टेकै बाहीं।
तीस सहस्र कोस कै बाटा। अस साँकर जेहि चलै न चाँटा।
बारहु तें पतरा अस झीनी। खड्ग धार से अधिकौ पैनी।
दोउ दिसि नरक कुंड कै भरे। खोज न पाउब तेहि माँ परे।
देखत काँपै लागै जाँघा। सो पँथ कैसे जैहै नाँघा।

तहाँ चलत सब परखब को रे पूर को ऊन।
अबहूँ को जानै मुहम्मद भरे पाप औ पून॥

[२८]

जो धरमी होइहिं संसारा। चमकि बीजु गहब, जौ पारा।
बहुतक जानु तुरंग भल धैहैं। बहुतक जानु पखेरु उड़ैहैं।
बहुतक चाल चलै माँ जैहैं। बहुतक मरि मरि पावँ उठैहैं।
बहुतक जानु पखेरु उड़ैहैं। पवन कि नाईं जिय माँ जैहैं।
बहुतक जानौं रेंगैं चाँटी। बहुतक रहैं दाँत धरि माटी।
बहुतक नरक कुंड माँ पड़िहीं। बहुतक रकत पी माँ पड़िहीं।
जेहि कै जाँघ भरोस न होई। सो पंथी निभरोसी रोई।

परै तराप सो नाँघत को रे वार को पार।
कोउ तरि रहा मुहम्मद कोउ बूड़ा मँझधार॥

[२६]

लौटि हँकारब यह जब भानू। तपै कहैं होइहि फुरमानू।
पूँछब कटक जहाँ ते आवा। को सेवक को बैठे खावा।
जेहि जस आहि जियन मैं दीन्हा। तेहि तस संमर चहौं मैं लीन्हा।
अब लगि राज देस कर भूँजा। अब दिन आइ लिखा कर पूजा।
छः मास कर दिन करौं आजू। आउ क लेउँ औ देखौं साजू।
से चौराहा बैठै आवै। एक एक जनौ का पूँछि पकरावै।
नीर खीर हुँत काढ़ब छानी। करब निनार दूध औ पानी।

धरम पाप फरियाउब गुन औगुन सब दोख।
दुखी न होहु मुहम्मद जोखि लेब धरि जोख॥

[३०]

पुनि कस होइहि दिवस छ मासू। सूरुज आइ तपहिं होइ बाँसू।
कै सउहै नियरे रबि हाँकै। तेहि कै आँच गूद सिर पाकै।
बजरागिनि अस लागै तैसे। [बि] लखैं लोग पियासन बैसे।
उनै अगिनि अस बरसै घामू। भूँजि देह जरि जाए चामू।
जेइ किछु धरम कीन्ह जग माहाँ। तेहि सिर पर किछु आवै छाहाँ।
धरमिहि आनि पियाउब पानी। पापी बपुरहि छाहँ न पानी।
चोरा जपा सो काज न आवै। इहाँ का दीन्ह उहाँ सो पावै।

जो लखपती कहावै लहै न कौड़ी आधि।
चौदह धजा मुहम्मद ठाढ़ करहिं सब बाँधि ॥

[३१]

सवा लाख पैगम्बर जेते। अपने अपने पाए तेते।
एक रसूल न बैठहिं छाहीं। सबही धूप लेहिं सिर माहीं।
वामै उमत दुखी जेहि केरा। सो का मानै सुख अवसेरी।
दुखी उमत तौ पुनि मैं दुखी। तेहि सुख होइ तौ पुनि मैं सुखी।
पुनि करता कै आयसु होई। उमत हँकारु लेखा मोहिं देई।
कहब रसूल कि आयसु पावौं। पहिले सब धरमी लै आवौं।
होइ उतर तिन्ह ही ना चाहौं। पापी घालि नरक महँ पाहौं(?)वाहौं।

पाप पुन्नि केते खरे होइ चहत है पोच।
अस मन जानि मुहम्मद हिरदे मानेउ सोच ॥

[३२]

पुनि जैहैं आदम केरे पासा। पिता तुम्हारि बहुत मोहिं आसा।
उमत मोरि गाढ़े है परी। भा न दान लेखा का धरी।
दुखिया पूत होत जो अहै। सब दुख पै बापै से कहै।
बाप बाप कै जो कछु खाँगै। तुमहिं छाँड़ि कासौं चित बाँधै।
तुम जठेर पुनि सबहीं केरा। अहै संतति मुख तुम्हरै हेरा।
जेठ जठेर जो करिहैं मिनती। ठाकुर जबहीं सुनिहैं मिनती।
जाइ देउ सै बिनवौ रोई। मुख दयाल दाहिन तेहि होई।

कहहु जाइ जस देखै जेहि होवै उदघाट।
बहु दुख दुखी मुहम्मद बिधि संकर तेहि काट ॥

[३३]

सुनौ पूत आपन दुख कहऊँ। हौं अपने दुख बाउर रहऊँ।
होइ बैकुंठ जो आयसु ठेलौं(ठेलेउँ)। दूत के कहे मुख गोहूँ मेलौं (मेलेउँ)।
दुखिया पेट लागि सँग धावा। काढ़ि बिहिस्त से मैल ओढ़ावा।
परलै जाइ मँडल . सुंआरा। नैन न सूझ निसि अँधियारा।
सकल [ज]गत मैं फिरि फिरि रोवा। जीउ जान बाँधि कै खोवा।

भएँ उजियार पिरथिमीं जइहौं। औ गोसाइँ कै अस्तुति कहिहौं।
लौटि मिलै जौ हौवै आई। तो जिउ कहँ धीरजु भा जाई।

तेहि हुते लाजि उठै जिउ मुहँ न सकौं दरसाइ।
सो मुहँ लाइ मुहम्मद बात कहौं का जाइ॥

[३४]

पुनि जैहैं मूसै केर दोहाई। ऐ बंधू मोहिं उपगरु आई।
तुम का बिधिनै आयसु दीन्हा। तुम नेरे होइ बातैं कीन्हा।
उम्मत मोरि बहुत दुख देखा। भा निदान माँगत है लेखा।
अब जौ भाइ मोर तुम अहेऊ। एक बात मोहि कारन कहेऊ।
तुम अस तुहसे बात का कोई। सोई कहेउ बात जेहि होई।
गाढ़े मीत कहौं का काहू। कहौ जाइ जेहिं होइ निबाहू।
तुम सँवारि कै जानौ बाता। मकु सुनि माया करै बिधाता।

मिनती किहेउ मोर हुते सीस नाइ कर जोरि।
है है करैं मुहम्मद उमत दुखी है मोरि॥

[३५]

सुनहु रसूल बात का कहौं। हैं अपने दुख बाउर रहैं।
कै कै देखेउँ बहुत ढिठाई। मुँह कड़ुवाना खात मिठाई।
पहिले मो कहँ आयसु दीन्हा। फरऊँ से मैं झगरा कीन्हा।
रोद नील कै डावसि चाला। फुर भा झूँठ झूँठ [भा] भला।
पुनि देखौ बैकुंठ पठाएउ। एकौ दिसि करै पंथ न पाएउ।
पुनि जो मो कहँ दरसन भएऊ। कोह तूर रावट होइ गएऊ।
भा अनेक मैं फिर फिर जाँपी। हर दावँन कै लीन्हेसि चापी।

निरखि नैन मैं देखौं कतहुँ परै नहिं सूझि।
रहौं लजाइ मुहम्मद बात कहौं का बूझि॥

[३६]

दौरि दौरि सबही पा जैहैं। उतर दिहें सब फिर बहिरैहैं।
ईसै कहिन कि कस नहि कहतेउँ। जौ किछु कहे क उत्तर बैठेउँ (?)।

[३९]

उठिन बीबी तब रिस किहैं। हसन हुसेन दुवौ संग लिहैं।
तैं करता हरता सब जानसि। झूँठै फुरै नीक पहिचानसि।
हसन हुसेन दुवौ मोर बारे। दुनहु यजीद कौने गुन मारे।
पहिले मोर नियाव निबारू। तेहि पाछे जेतना सुंसारू।
समुझें जीउ आगि महँ दहऊँ। देहु दादि तौ चुप कै रहऊँ।
नाहिं त देउँ सराप रिसाई। मारौं आहि अर्स जहिर जाई।

बहु संताप उठे जिया कतहूँ समुझि न जाइ।
बरजहु मोहि मुहम्मद अधिक उठे दुख दाइ॥

[४०]

पुनि रसूल कहँ आयसु होई। फातिमा कहँ समुझावहु सोई।
मारे आहि अर्स जरि जाई। तेहि पाछे आपुहि पछिताई।
जौ नहिं बात क करे बिबादू। जानो मोहि दीन्ह परसादू।
जौ बीबी छाँड़हि यह दोखू। तौ मैं करौं उमत कै मोखू।
नाहिं तौ घालि नरक महँ जारौं। लौटि जियाइ मुए पर मारौं।
अगिनि खंभ देखहु जस आगे। हिरकत छार होइ तेहि लागे।
चहुँ दिसि फेरि सरग लै लावौं। मुँगरिन मारौं लोव(लोह?)चटावौं।

तेहि पाछे धरि सारौं घालि नरक के काँट।
बीबी कहँ समुझावै जौ रे उमत कै चाँट॥

[४१]

पुनि रसूल तलफत तहाँ जैहैं। बीबी आइ बार समुझैहैं।
बीबी कहब घाम कत सहौ। कस ना बैठि छाहँ माँ रहौ।
सब पैगंबर बैठे छाहाँ। तुम कस तपौ बजर अस माहाँ।
कहब रसूल छाहँ का बैठौं। उमत लागि धूपहु नहिं बैठौं।
तेइँ सब बाँधि घाम महँ मेले। का भा मोरे छाहँ अकेले।
तुम्हरे कोह सबहि जो मरै। समुझहु जीउ तबै निस्तरै।
जो मोहिं चहौ निवारहु कोहू। तब बिधि करै उमत पर छोहू।

बहु दुख देखि पिता कर बीबी समुझा जीउ।
जाइ मुहम्मद बिनधा ठाढ़ पाक (पाग) के गीउ॥

[४२]

तब रसूल [के] कहँ भइ माया। जिन चिंता मानौ भइ दाया।
जौं बीबी अबहूँ रिसियाई। सबहि उमत सिर आनि बिसाई।
अब फातिमा का बेगि बोलावौं। देउ दाद सौं उमत छोड़ावौं।
फातिमा आइ कै पार लगावा। धरि यजीद माँ गोवा [आवा ?]।
अंत कहा धरि जान से मारैं। जिउ देइ देइ पुनि लौटि पछारैं।
तस मारब जेहि भुइँ गड़ि जाई। खन खन मारै लौटि जियाई।
बजर अगिनि जारब कै छारा। लौटि धोवै(दहै?)जस धोवै(दहै?)लोहारा।

मारि जारि घिसियावौं धरि दोजख माँ देब।
जेतनी सिस्टि मुहम्मद सबहि पुकारै लेब॥

[४३]

पुनि सब उम्मत लेब बुलाई। हरू गरू लागब बहिराई।
निरखि रहौंती कारब (गारब)छानी। करब निनार दूध औ पानी।
बाप पूत ना पूतै बापू। पाप पुन्नि ना पुन्नै पापू।
आप [हि] आप आइ कै परी। कवाउ न कवाउ क धरहरि करी।
कागज काढ़ि लेब सब लेखा। दुख सुख जो पिरथिमी महँ देखा।
पौन पियाला लेखा माँगब। उतर देत उन पानी खाँगब।
नैन का देखा स्रवन का सुना। कहब करब औगुन औ गुना।

हाथ पाँव मुख काया स्रवन सीस औ आँखि।
पाप न छपै मुहम्मद अते भरैं सब साँखि॥

[४४]

देह का रोवाँ बैरी होइहैं। बजर बिया एहि जीउ के बोइहैं।
पाप पुन्नि निरमल कै धोउब। राखब पुन्नि पाप सब खोउब।
पुनि कौसर पउब अन्हवाए। जहाँ कया निरमल सब पाए।
बुड़की देब देह सुख लागी। पलुहब उठि सोवत अस जागी।
खोरि नहाइ धोइहैं सब दुंदू। होइ निकरहिं पुनिवा कै चंदू।

सब के सरीर सुबास बसाई। चंदन कै अस खानी आई।
झूठै सबहि आप पुनि साँचे। सबहि नबी के पाछे बाँचे।

नबी छाँड़ि सब होई बरह बरिस कै राह।
सब अस जानौ मुहम्मद होइ बरिस कै राह॥

[४५]

पुनि रसूल नेवतब जेवनारा। बहुत भाँति होई परकारा।
ना अस देखा ना अस सुना। जौ सरहौं तौ है दस गुना।
पुनि अनेक बिस्तर जहाँ डासब। बास सुबास कपूर से बासब।
होइ आएसु जौ पैग(बेगि?)बोलाउब। औ सब उमत साथ लेइ आउब।
जिबरईल आगे होइ जइहैं। पग डारै का आयसु होइहैं।
चलब रसूल उमत लै साथा। परग परग पर नावत माथा।
आवै भीतर बेगि बोलाउब। बिस्तर जहाँ तहाँ बैठाउब।

झारि उमत सब बैठे जोरि कै एकै पाँति।
सब के माँझ मुहम्मद जानौ दुलह बराति॥

[४६]

पुनि जेंवन का आवन लागै। सब [के] आगे धरत न खाँगै।
भाँति भाँति के देखब थारा। जानब ना दहुँ कौन प्रकारा।
पुनि फुरमाउब आपु गुसाईं। बहुतै दुख देखौ (देखेउ?)दुनियाईं।
हाथन से जेंवनार मुख डारब। जीभ पसारत दाँत उघारब।
कूँचत खात बहुत दुख पावौ। तहँ ऐसै जेवनार जेंवायौ।
अब जिनि लौटि कस्ट जिउ करौ। सुख संवाद औ इंद्री भरौ।
पाँच भूत आतमा सेराई। बैठि अघाइ औरु ना भाई।

औस करब पहुनाई तब होई संतोख।
दुखी न होव मुहम्मद पोखि लेहु धरि पोख॥

[४७]

हाथन्ह से केउ कौर न लेई। सेइ जाइ मुख पैठै जोई।
दाँत जीभ मुख किछु न डोलाउब। जस जस रुची तस तस खाउब।

जैस अन्न बिनु कूँचे रूचै। तैस सिठाइ जो कोऊ कूँचै।
एक एक परकार जा आए। सत्तर सत्तर स्वाद जो पाए।
जहँ जहँ जोइ के परै जुड़ाई। इंछा पूजै खाइ अघाई।
अन चाखे बाते (?) फिर चाखा। सब अस लेब अपरस रस राखा।
जनम जनम के भूख बुझाई। भोजन करे साथै जाई।

जेंवन अँचवन होइ पुनि पुनि होई खिलवान।
अमृत भरा कटोरा पियौ मुहम्मद पानि॥

[४८]

एक अमृत औ बास कपूरा। तेहि कहँ कहा शराब न थूरा।
लागब भरि भरि देइ कटोरा। पुरुब ग्यौन अस करै महोरा।
ओहि कै मिठाइ भाति एक दाऊँ। जनम न मानब होइ अघ काहूँ।
सचु मतवार रहब होइ सदाँ। रहस [औ] कोड सदा सरबदाँ।
कबहुँ न खोवै जनम खुमारी। जनौ बिहान उठै भरि मारी।
ततखन बासि [बासि] जनु घाला। घरी घरी जस लेब पियाला।
सबहि क भा मन सो मधु पिया। तब औतार भवा औ जिया।

फिरै तँबोल माया से कहब आपुन लेइ खाउ।
भा परसाद मुहम्मद उठि बिहिस्त महँ जाउ॥

[४९]

कहब रसूल बिहिस्त ना जाऊँ। जब लै दरस न तुम्हार न पाऊँ।
उघर न नैन तुमहिं बिनु देखे। सबहि अँबिरथा मोरे लेखे।
तौ लै केउ बैकुंठ न जाई। जौ लै तुम्हरा दरस न पाई।
करु दीदार देखौं मैं तोहीं। तौ पै जीउ जाइ सुख मोहीं।
देखे दरस नैन भरि लेऊँ। सीस नाइ पै भुइँ कहँ देऊँ।
जनम मोर लागा सब यारा। पलुहै जीउ जो गीउ उभारा।
होइ दयाल करु दिस्टि फिरावा। तोहि छाँड़ि मोहि और न भावा।

सीस पाइ भुइँ लावौं जो देखौं तोहि आँखि।
दरसन देखि मुहम्मद हिये भरौं तोरि साँखि॥

[५०]

सुनौ रसूल होत फुरमानू। बोल तुम्हार कीन्ह परमानू।
तहाँ हुतेउँ जहँ हुतेउ न ठाऊँ। पहिले रचेउँ मुहम्मद नाऊँ।
तुम बिनु अबहुँ न परगट कीन्हेउँ। सहस अठारह का जिउ दीन्हेउँ।
चौदह खंड उतर क राखेउँ। नाँद चलाइ भेद बहु भाखेउँ।
चार फिरिस्ते बड़े औतारेउँ। सात खँड बैकुंठ सँवारेउँ।
सवा लाख पैगंबर सिरिजेउँ। कहि करतूति उन्हहि धै बंधेउँ।
औरन्ह का आगे निति लेखा। जेतना सिरजा को ओहि देखा।

तुम तन एता सिरिजा आइ कै अंतर ' हेत।
देखहु दरस मुहम्मद आपनि उमत समेत॥

[५१]

सुनि फुरमान हरख जिउ बाढ़े। एक पावँ से भए उठि टाढ़े।
झारि उमत लागी तब नारी(तारी?)। जेवा सिरिजा पुरुख औ नारी।
लागै सब से दरसन होई। ओहि बिनु देखे रहै न कोई।
एक चमकार होइ उजियारा। छपै बीजु तेहि के चमकारा।
चाँद सुरुज छपिहैं बहु जोती। रतन पदारथ मानिक मोती।
सो मन दिपें जो कीन्ह थिराई। छए सो रंग घात पर आई।
ओहु रूप निरमल होइ जाई। और रूप ओहि रूप समाई।

ना अस कबहूँ देखा न केऊ ओहि भाँति।
दरसन देखि मुहम्मद मोहि परे बहु भाँति।

[५२]

दुइ दिन लहि कोउ सुधि न सँभारे। बिनु सुधि रहे ना नैन उघारे।
तिसरे दिन जिबरैल जो आए। सब मधु माते आनि जगाए।
जेहिं भेदियहि सुदरसन राते। पड़े पड़े लोटैं जस माते।
सब अस्तुति कै करैं बिसेखा। ऐसा रूप हम कतहुँ न देखा।
अब सब गएउ जनम दुख धोई। जो चाहिय हठि पावा सोई।
अब निहचिंत जीउ बिधि कीन्हा। जौ पिय आपन दरसन दीन्हा।
मन कै जेति आस सब पूजी। रहे न कोउ औ आस गति दूजी।

मरन गँजन औ परिहँस दुख दलिद्र सब भाग।
सब सुख देखि मुहम्मद रहस कोइ जिया लाग॥

[४३]

जिबराईल कहँ आयसु होई। अछरिन्ह आइ आगे पथ जोई।
उमत रसूल केर बहिराउब। कै असवार बिहिस्त पहुँचाउब।
सात बिहिस्त बिधिनै औतारा। औ आठएँ सदाद सँवारा।
सो सब देब उमत का बांटी। एक बराबरि सब का आँटी।
एक एक का दीन देवासू। जगत लोक बिरसैं कैलासू।
चालिस चालिस हूरैं सोई। औ संग लागि बियाही जोई।
औ सेवा का अछरिन केरी। एक एक जनि का सौ सौ चेरी।

औसे जतन बियाहैं जस साजै बरियात।
दूलह जतन मुहम्मद बिहिस्त चले बिहँसात॥

[४४]

जिबराईल तात कहँ धाउब। जोलहि आनि उमत पहिनाउब।
पहिरहु दगल सुरँग रग राते। करहु सोहाग जनहु मद माते।
ताज कुलाह सिर मुहमद सोहै। चंदन बदन औ कोकब(कोकिल?)मोहै।
न्हाइ खोरि जस बनी बराता। नबी तंबोल खात मुख राता।
तुम्हरे रुचे उमत सब आनब। औ सँवारि बहु भाँति बखानब।
खड़े गिरत उबमाते अहैं। चढ़ि कै घोड़न का कुदरैं हैं।
जिन भरि जनम बहुत हिय जारा। बैठइ पाएउँ दुइ जन पारा।

जैसे नबी सँवारे तैसे नबी पुनि साज।
दूलह जतन मुहम्मद बिहिस्त करैं सुख राज॥

[४५]

तानब छत्र मुहम्मद माथे। औ पहिरै फूलन्ह बिनु गाँथे।
दूलह जतन होब असवारा। लिए बरात जैहैं संसारा।
रचि रचि अछरिन्ह कीन्ह सिंगारा। बास सुबास उठै महकारा।
आज रसूल बियाहन अहैं। सब दूलह दुलहिनि सो नहैं।
आरति करि सब आगे अहैं। नंद सरोद पुनि सब मिलि गैहैं।

मँदिलन्ह होइहि सेज बिछावन। आजु सबहि के मिलिहैं रावन।
बाजन बाजै बिहिस्त दुवारा। भीतर गीत उठै झनकारा।

बनि बनि बैठीं अछरीं बैठि जोहैं कैलास।
बेगइ आउ मुहम्मद पूजै मन कै आस॥

[५६]

जिबरईल पहिले से जैहैं। जाइ रसूल बिहिस्त नियरैहैं।
खुलिहैं आठौ पँवरि दुवारा। औ पैठैं लागे असवारा।
सकल लोग जब भीतर जैहैं। पाछे होब रसूल सीधरैं (सिधैहैं?)।
मिलि हूरैं नेवछावरि करिहैं। सबके बदन फूल रस झरिहैं।
रहसि रहसि तिन करब किरीरा। अगर कुमकुमा जो भरि सरीरा।
बहुत भाँति कर नंद सरोदू। बास सुबास उठै परमोदू।
अगर कपूर बेना कस्तूरी। मँदिल सुबास रहब भरपूरी।

सोवन आजु जो चाहै साजन मरदन होइ।
दीन सोहाग मुहम्मद सुख बिरसै सब कोइ॥

[५७]

पैठि बिहिस्त जो नौ निधि पैहैं। अपने अपने मंदिल (सीधरैं सिधैं हैं?)।
एक एक मंदिल सात दुवारा। अगर चन्दन के लाग केवारा।
हरे हरे बहु खंड सँवारे। बहु [त] भाँति दइ आपु सँवारे।
सोनै रूपै घालि उँचावा। निरमल कुहुकुहु लाग गिलावा।
हीरा रतन पदारथ जरे। तेहिक जोति दीपक जस बरे।
नदी दूध कै अँतरिख कै बहैं। मानिक मोति परे भुइँ रहैं।
औ परि गा अब छाहं सोहाई। एक एक खंड पहा दुनियाई।

तात न जूड़ न गुनगुन दिवस राति नहिं दुक्ख।
नींद न भूख मुहम्मद सब बिरसैं अति सुक्ख॥

[५८]

देखत अछरिन केरि निकाई। रूप ते मोहि रहत मुरझाई।
लाली करत मुख जोहत बासा। कीन्ह चाहैं किछु भोग बिलासा।
हैं आगे बिनवौं सब रानी। और हम सब चेरिन्ह की रानी।
यहि सब आवौं मोरे निवासा। तुम आगे तो अपनि कैलासा॥

जहाँ अस रूप पाट परधानी। औ सबहिन्ह चेरिन के रानी।
बदन जोति मनि माथे भागू। औ बिधि आगर दीन्ह सोहागू।
साहस करै सिंगार संवारी। रूप सुरूप पदुमिनी नारी।

पाट बैठि बैठीं जो हिये हँसि जारें माँस।
दीन दयाल मुहम्मद मानौं भोग विलास॥

[५६]

सुनि अस रूप बिहसी बहु भाँती। इनहिं चाहि जो हैं रुपवाँती।
सातौं पवँरि नखत मन भेखत (पेखब?)। सातौं आयसु कौतुक देखब।
चले जाब आगे तेहि आसा। जाइ परब भीतर कैलासा।
तखत बैठि सब देखब रानी। जीबहि सब चाहि पाट बरु मानी।
दरसन जोति उठै चमकारा। सकल बिहिस्त होइ उजियारा।
बारह बानी सरि हो सुबरना। तेहि का चाहि रूप अति लोना।
निरमल बदन चंदन कै जोती। सबकै सरीर दिपै जस मोती।

बास सुबास तस छूवै बेधि भँवर कहि जात।
बर सो देखि मुहम्मद हिरदै माँ न समात॥

[६०]

पैग पैग जस जस नियराउब। अधिक सवाद मिलै कर पाउब।
नैन समाइ रहे चुप लागे। सब के आइ लेइहैं होइ आगे।
बिरसहु दुलहिनि जोबनबारी। पाएउ दुलहिनि राजकुमारी।
एहि माँ सो कर गहि कै जैहैं। आधे तखत पर लै बैठैहैं।
सब अछूत तुम का भरि राखे। यहै सवाद जोरे जौ चाखै।
निति पिरीति नित नव नव नेहू। निति उठि चौगुन जोरे सनेहू।
नित्त अनित्त जो बारि बियाहै। बीसौ बीस अधिक ओहि चाहै।

तहाँ न मीचु न नींदु दुख रह न देह माँ रोग।
सदा अनंद मुहम्मद सब सुख माते (मानै ?) भोग॥

— — —

म हृ री बा ई सी

[१]

सुनो बिनति मैं किरति बखानौं महरा जस महराई रे।
गयेउ केवट को नाव चलावै को लागेउ गहराई रे॥
कोइ गुन लाइ पंथ सिर धुनहू चला डोर गुन खींचइ रे।
तीर नीर उथलें भै सोई गहिरें तौ फल पाँचइ रे॥
कोइ तरवार सूति अस कहताँ भाव भीर मन माने रे।
काहू फंद तिरिस्ना देखा परा जाल अरुझाने रे॥
काहू समुंद माँह बुड़कावा ढूँढि सिस्ट लै आनेउँ रे।
कोइ टकटोरि छूँछ होइ बहुरा हाथ छार पछतानेउँ रे॥
कोई औघट हारिगा बहुरत रहा बीच होइ ठाढ़ो रे।
कोइ अवगाह परा गहिरे में सो भल आहि जो काढ़ो रे॥
कोइ लै थाह उठा पानी सों तीर तीर बहि लागें रे।
कोइ सत छोड़ि दिसउ गहिरे पुनि गा हर दिसि चह खाएँ रे॥
कहै मुहम्मद रहो सम्हारे पाव पानि में घाले रे।
टोइ टोइ भुइँ पाँव उठाओ नाहिं तो परिहौ खाले रे॥

[२]

वार भए जो पंथ तिहारे अहै पार जेहि जाना रे।
चढ़ेउ जो नाव पार सो उतरेउ नाहिं तो मन पछिताना रे॥
ऊभि बाँह कै ठाढ़ पुकारै केवट बेगि न पावसि रे।
लहै लोक बहु मूरख आया पै पुनि कहँ चढ़ै बतावसि रे॥
दूरि गौन साँभर जहँ ताईं तू बुड़हा (?) भा डोलै रे।
चेति चलावै सोइ न कोई केवट गरब न बोलै रे॥
जेहि अस बूझ सूझ मारग कै गाँठि सोधि कै आवा रे।
माँगत दान दीन्ह जेहि पहिले तेहि धरि बाँह चढ़ावा रे॥
और अस्तुती पाँव परि बिनवै बिनैती किए न मानै रे।
रंचहु रहा न कीन्ह चिन्हारी अब कैसै पहिचानै रे॥

भाइ बंधु औ मीत सँघाती सो न मिलै जेहि चाहै रे।
दरब हुते मन झुरवै अकेला कोई तेहि निरबाहै रे॥
कहै मुहम्मद पंथ न भूलउ आगें अइस उतारा रे।
सो कै चलहु पार जेहि उतरहु नत बूड़हू मँझधारा रे॥

[३]

चढ़ि कै नाव भरम जेहि माहीं जौ लगि पार न लागै रे।
मारै मंछ जाइ भरि झोंका माँझधार होइ खाँगै रे॥
बहुत पाट भइ भादौं नदिया गुरू बूझि जनि बूझहु रे।
फैलब कहाँ कहाँ होइ लागै यहु मन सोच न सोचहु रे॥
उठहि पवन औ समुँद हिलोरैं पवन बात खट डोलै रे।
देखि वार जिउ छिन खिन कंपै कौन भरोसें बोलै रे॥
कछू औ सूस चहूँ दिसि उठहीं मगरगोह घरियारा रे।
होइ मँझधार डरावन लागै कैसें उतरब पारा रे॥
करिया पोढ़ करहु जिनि डोलै सिअर डाँड़ तेहि लाइहि रे।
केवट हीं गहु लाइ चित्त कहुँ गुन गहि तीर लगाइहि रे॥
ऊँच करार चढ़त दुख होइहि धाइ तीर जनु खाइहि रे।
जेहि खन तीर लै [?] लाइहि दीठि पेट जिउ आइहि रे॥
कहै मुहम्मद धुंध सवाई सुनौ मूढ़ बुधि अइसें रे।
छाड़हु मोह एक चित बाँधहु पार उतारै जइसें रे॥

[४]

धीमे चलहु धीर मन कीन्हें जस बक नाउँ उचारी रे।
धरम करै तीलै सैं काटं को ओहि जाहि न टारी रे॥
जौ लगि राति नींद नहिं सावै दिन नहिं करहि रहतरा रे।
तौ लगि मछरी वार पार नहिं लागै जो कीजै सो पहरा रे॥
मेलि सिस्टि चारहि चित बाँधहु रहौ दिस्टि मन लाएँ रे।
जस दुख देखि रहँट बहु ऊ र तस सुख होइहि बाएँ रे॥
जौ खुटकार बेगि ना लागै हिएँ निवारहु कोहू रे।
गाढ़ डोर ढील कै खींचहु तौ पै पावहु रोहू रे॥
नाहिं तो घोर रूप लै भेंटेउ नदी भई जहाँ सूते रे।
कहुँ कीओ सवार सब नगरी पावहु खेत किमि मूते रे॥

कहै मुहम्मद यह समझौवा समझु मूरुख अब ताईं रे।
चैन नाहीं आए ढिगा वासों तैं बैठो सुस्ताई रे॥

[५]

जेहि अस साध होइ गहि की औ चाहै जो राखा रे।
चढ़हि तुरंगै तौ बौराई लीन्हें हाथ बचाखा (?) रे॥
कौड़िया लोभ मरत मछरी के अमर जाल धरि घाला रे।
बहुत पसार सकति वहिं भँवरी परा जीउ कर लाला रे॥
महरहिं भली खेल यहु चाँचरि जेइ रे खेल अस खेला रे।
मछरी डारि मेलि पाले (पानी?) में देखै चरत अकेला रे॥
लै लौका रे जाल पसारैं रहै खंड खँड ताना रे।
लावै फंद टूट तस मेरवै तिरवारी और छाना रे॥
लै एक चाल मेलि बाने पानी ?) में तस धरि हाथ फिरावै रे।
पढ़िना परा जाइ जल तजि कै सत कै जाइ फँदावै रे॥
चा (?) भेद रूप लाइ भुइँ डाँड़ा सकति हाँक लै आवै रे।
जो पुनि माँछ जाइ कै छूटै सत जिउ जाइ गँवावै रे॥
कहै मुहम्मद काल अहेरी वहि सों काउ न बाँचो रे।
सबहीं तारि रहा थिर अपुना सौंह बोल बहु साँचो रे॥

[६]

जेइ रे टोह मछरी बड़ि पाई सो तीरे लाग छनावै रे।
गुरू घेरि तीनहि लै जो रे हिलि कै कतहुँ खसावै रे॥
गरुवे ताप लाइ भुइँ जो रे [?] संग औ मुकरी रे।
घालि हाथ ढूँढ़हु सैं जेहि के नाथ छहंदह अँगुरी रे॥
वार पार लै लावहि भौंरा जोट बड़े सब गैठे रे।
खिन एक देखि चलै खुटकारी पुनि सब घालि समेटै रे॥
पलना अहै पाल चलि आगे तीर तीर कस टोवसि रे।
उलले रहसि बरिस जिन घर बिनु मंत हाथ भुकि घोरसि रे॥
गहे गहाइ तीर लै लाएसि लाग लोग सब बीनै रे।
जे पावा तेहि तहाँ छपावा बरनि न पावै छीनै रे॥
जे संजुत अगुमन कै राखा. फिरा मंछ लै दहरी रे।
जेहि के हाथ पाँव कछु नाहीं लाग धरै सो सैहरी रे॥

कहै मुहम्मद तहाँ न पारै, जहाँ न लहरि बुडाई रे।
जहाँ मान आपन नहिं देखै लाखन छाँड़ पराई रे॥

[७]

है कापर झाँगर अरुझाना सकहुँ त चलहु छँडाई रे।
एक राह जो गुरू बताई साथ पाँच समुहाई रे॥
बरजत रहहु होइ जनि करकच करहँड कौन झँकारे रे।
... ... *

मनुवहिं गहौ रहिअ मन मारे खीझहु खीझि न बोलिअ रे।
मनुवा मीत मिलाइ न छोड़ै कामों(?) काहुँ न खोलिअ रे॥
भोगहिं भूलि भुगुति नहिं भूलहु जोग जुगुति पुनि साधहु रे।
जो एहि भाँति करहु मतवारे तौ मद सौं चित बाँधहु रे।
नाहिं तौ ठाकुर है अति दारुन करहु चार कोइ चारी रे।
मारहु बाँधि डाँड़ कै लेहू निसरहि सब मतवारी रे॥
जबहिं सोंटिया आइ तुलाइहि सांगि परह पर टूटिहि रे।
भाइ बंधु ठाढ़हिं सब देखैं काहू के कहे न छूटिहि रे॥
लै घिसियाइ चलहिं राउर कहँ उतर देत मुँह मारिहि रे।
कुड़बा लोग कहा नहिं लागै कहै न को उर पारिहि रे॥
कहै मुहम्मद सो मतवारा जो पिउ के मदमाते रे।
ताकर पिया नीक मोहिं लागै नाहीं तो झूठे नाते रे॥

[८]

हुड़ुक झाँझ सब बाजत आवहिं औ घेरा सब नाचै रे।
चढ़ि कै दूलह ब्याहन आवै दुलहिनि बहु रंग राचै रे॥
रहस कोड सब महरी गावहिं सब कर अइस बियाहू रे।
नैहर छाँड़ि चलब अब सोहरें समुझि परै नहिं काहू रे॥
बात सुनहु तुम्ह सखी सहेली सत बोलौं तुम आगे रे।
सँवरि सेज मन पियकै डरपौं रहै खुरुक जिम लागे रे॥
गीत बाद मोहि कछू न भावै हौं तेहि संग सगाई रे।
कंत बाँह धरि पूँछै बैना कहा कहब तेहि ठाईं रे॥

* यह पंक्ति प्रति में नहीं है।

इहाँ खेलि लेहु जो खेलन, उहाँ खेलै कस होई रे।
सास ननँद देइहैं उलहाना लाज रहब मुँह गोई रे॥
देवर जेठ केर सुनतहि सनका निसरि होब तहीं ठाढ़ी रे।
गुनवर ससुर देखि कस बोलब निसि दिन घूँघट काढ़ी रे॥
कहै मुहम्मद सोइ सुहागिनि जो अइसै पिउ रावै रे।
नैहर केर होइ गुनवंती तब ससुरें सुख पावै रे॥

[९]

सखी सहेली सुनहु सोहागिनि सब कोउ अइसि बियाही रे।
नैहर दिवस चारि लै रहन; ससुरें ओर, निबारी रे॥
जनमत दुइ बटवा होइ जाहीं अस चरित्र बिधि खेला रे।
दुइ दुइ लाइ जगत सब जोरा आपुन रहा अकेला रे॥
सरग लाइ धरती सों जोरा चंद सूर दुइ कीन्हे रे।
दिन औ राति भोर औ साँझा सेत स्याम दुइ चीन्हे रे॥
भै इस्तिरी पुरुख दुइ हौं लै ईसर गौरा सानेउ रे।
उहाँ सबद एक सुना स्रवन दुइ जब दुइ मथवा बाजेउ रे॥
चलें लखपती होइ दुइ भारा भारदुख सुख कर लीन्हा रे।
जो नहिं होत बरन दुइ प्रगटे कहा कहिअ तो कीन्हा रे॥
हिंदू तुरुक दोउ पर देखौं जो बारा सो ब्याहा रे।
बूझि बिचारि देखु मन अपने भए जनम कर लाहा रे॥
कहै मुहम्मद दुइ जग तारे लीन्हे पिउ कर आएसु रे।
जेहिं जेहिं पँथ चलावै सजना हठि हठि मारग जाएसु रे॥

[१०]

सुनि रे अयाने होइ हुसियारे गुरू ग्यांन मति लीन्हे रे।
चलि पनिहारी परग सँभारी पानि भरन जब दीन्हे रे॥
होइ सँग साथी घालै माथैं रहसि चातुर भइ नागरि रे।
मारग आवत बाँह डोलावत चित सों टरै न गागरि रे॥
बात सखी सों मन गागरि सों तेहि बिधि चित्त न डोलै रे।
जो जब छूटै गागरि फूटै पानी जाइ पिउ बोलै रे॥
गुपुत रहहु तस लखै न कोई रैनि चोर दिन साहू रे।
करनी के खेत न होइ बरक्कत हसद न दीजै काहू रे॥

मन महँ चहिअहि करै मंत यह करि खिन काहू पूँछै रे।
भरी जो ढारी सकति अधारी भरे बहुत दुक्ख छूँछै रे॥
भई जनावन सुनि पिय रावन बूझहि मतह बिचारी रे।
हिरदै राखहु सब रस चाखहु होहु सोहागिनि नारी रे॥

[११]

देखहु पिय खेवक जेहि सह सेवक बदै न काहू घेरा रे।
तौ पिउ पाइअ जो मन लाइअ रहिये निस दिन सेरा रे॥
जिन जग वाहै सब मुख चाहै भेंटै दै कै निबाहै रे।
जो निस्तारै पार उतारै नत बूड़ै अवगाहे रे॥
कोइ एक टेकै अइस आइकै अपने रँग कर राजा (राचा? रे।
जीउ आहि अस राज रजाएसु तेहि सिंगार सब छाजा रे॥
सब सिंगार पुनि करब करब जनु अधिक भएउ हो आगे रे।
टार सोहागिनि करै दोहागिनि अंग दुक्ख नहिं लागै रे॥
कहै मुहम्मद बेगि करहु सुधि सुनहु न बचन हमारा रे।
पग पग तेरे आवै देरी बेगि करहु सिंगारा रे॥

[१२]

साजहु माँग झारि दुइ पाटी चतुरि न चीर सँवारहु रे।
बेनी गूँथहु ईंगुर लावहु रचि रचि सेंदुर सारहु रे॥
अंजन तैस करहु दुइ नैना खंजन उपमा पूजै रे।
केहरि लंक बनी छुद्रावलि कुँजर सिंघ सो गूँजै रे॥
दुइ भौंहनि सारँग अस्थापहु दुइ कर कँगन कलाई रे।
निहकलंक ससि तिलक सँवारहु चहुँदिसि नखत तराई रे॥
दुइ कानन कुंडल पहिरहु औ लाइ बिज्जु चमकारा रे।
भीतर नाक दिपै गज मोती सोहै सोहिल तारा रे॥
कोकिल कंठ सँपूरन अभरन हिरदै हार बिसाला रे।
दोउ कुच बीच बनी रोमावलि चंप कुसुम कै माला रे॥
दुइ पायन पायल औ चूरा अस कै कीन्ह सिंगारा रे।
काया साजि माँजि कै दरपन देखै सबहि सितारा रे॥
कहै मुहम्मद कौन सुने दुइ दुइ जग से सब जानेउ रे।
दाहिन बावँ बूझि कै होइ रहु तौ आपुहि पहिचानेउ रे॥

[१३]

साजहु साजहु होउ चहूँ दिसि गै बरात निअराई हो।
सुनि पिय केर गहगहे बाजन धिक धिक जीउ चुराई हो॥
खिन खिन असुवा ढुरि ढुरि आवहिं लै चला मँदिर गोसाईं रे।
बिछुरहिं बाप भाइ महतारी समुझि न रहै रोवाई रे॥
लाग बराती भीतर पैठै अब मिलि लेहु सहेली रे।
तुम ठाढ़े सब घूँघट देखहु हौं धनि देब अकेली रे॥
चाहिअ चित्र भोग मत बिसरहु बाउर होइ जिउ जाई रे।
हँसि हँसि कंत बात जो पूँछहि रोइ रोइ उत्तर पाई रे॥
तासों प्रीति पेट भरि करिहो जो ओहि के मन भाई रे।
पिय कर खेल मरन धनिआ कर बोले कछु न बसाई रे॥
जा तिसु नगर ठौर है मुहमद मनुवाँ सो निति जूझै रे।
मारे मरै न मान मनोरथ बाउर कभी न पूजै रे॥

[१४]

निचिंत रहिउँ जानि नहिं पाइउँ आए खटोलिनहारा रे।
ठावँहिं ठावँ रहा सब अस पुनि सुनि पिय केर कहाँरा रे॥
समदि तू लोक को मीत भाइ बंधु तैं [न ?] नियर ठहरावै रे।
अब नैहर तजि भई पराई चला लोग पहुँचावै रे॥
ये ही पर दिन दस परहेली रही पीउ आचारी रे।
अस्थिर ठाउँ तहाँ अब गौना जहाँ जाइ जम बारी रे॥
डाँड़ी फाँदि बेगि तहँ आनी चलहु चलहु सब आखै रे।
लै चढ़ाइ पिउ चला सूख रस घटहि जो कित कोउ राखे रे॥
करवत देइ बहुरि नहिं पारै साँकर होइ खटोला रे।
बोलि न सकै सजन जन गोहने घूँघट जाइ न खोला रे॥
कहै मुहम्मद सुदिन सँवारहु घरी न जो बिसराहू रे।
सो कै चलहु पार जो उतरहु न त पाछें पछिताहू रे॥

[१५]

खेत जाइ आगे भा घेरा जस आगे वहि सूझै रे।
अगुवा कहै करै सो पिछुवा आगू कहै सो पूँछै रे॥

गहि लगि दहिने मुइँ टेकै बूड़ा पाउँ उठावहु रे।
अंधा रे मन के है जागे सो तेहि लाभहि पावहु रे॥
उपर घाम तर भूँभुर होइहिं छाँह न कतहूँ पाई रे।
लगतै झकोला अखिल दुख बाजा भेंट ना पुनि महतारी रे॥
कस अस जानि पसीजहु कछु कस ना छतरी जहँ साईं रे।
धूम बरन धुँधरा सब दीखै सो रे सजन कर गाऊँ रे॥
तहवाँ जात नीक मोहिं लागै जो निबहत तेहि ठाऊँ रे।
त्रिस्ना नगर नाँघत दुख होई पैग पैग बिसँभारी रे॥
कहै मुहम्मद भार न लीजै खिन अपने गरुवाई रे।
चलत बाट फुनि दूभर होई समुझि परै तेहि ठाईं रे॥

[१६]

आइहि सुतार जो सत्त बना है नैहर में लरिकाई रे।
बारि बैसि कै खोट गहे लिहें अब तस करब गोसाईं रे॥
जो समुझहि ना तूँ मन बहुता तब कै गरब तो लाए रे।
कहा न सुनते ओइ फिर दहते कछु न होइ पछिताए रे॥
कहन न ओता रिस का बूझा रिस अरे राँड़ की लहुराई रे।
नैन लरे जो देखन पौदहिं(?) यह कस दोसरि साईं रे॥
भूँजत तेरें उर भा हेरें राखहि सीर (?) गोसाईं रे।
महरी गावत हुडुक बजावत रात करब सब आई रे॥
खिन खिन काँपै औ मुख झाँपै तहाँ न आपन कोई रे।
चहुँ दिसि बूझै कहूँ न सूझै तेहि दुक्ख हौं रोई रे॥
कंत पियारा हो कनहारा हौं धनि निरखन हारी रे।
जो हँसि बैठै सब दुख मेटै तौ पै कुसल हमारी रे॥
कहै मुहम्मद पिउ मद मातेउ कहौ मोर कछु नाहीं रे।
भार जो लादहु सो सत छाँड़हु पुनि पाछें पछिताहीं रे॥

[१७]

सबहीं सेवा दुख मा जीवाँ कासों कहौं को साखी रे।
घरी जस होई लाग तस...*फिरि नहिं धंधा राखी रे॥

---

*प्रति में यह शब्द छूटा हुआ है।

भयेउ नियान तहाँ मति(?)मंडप महँ सकति आनि हिय केरी रे।
पूजा पाती देवस न राती सब मानैं चहुँ फेरी रे॥
कंत निबाहै दुलहिनि चाहै पहिलै तस वहि पासा रे।
संग सहेली रहौं अकेली तौ पूजै मन आसा रे॥
अवधू अथिरे बूड़हू सतरे जौ लहि हो भिनुसारा रे।
पुनि हम आउब आनि उठाउब लै जाउब घर बारा रे॥
अस कहि कोई रात दरोबे (?) देखै बज्र किवारा रे।
मंडप महँ मैं फिरब सकाना नगर आव अँधियारा रे॥
कहै मुहम्मद सँवरहु ओही जो वहि भार बहु खाँचे रे।
मुवसि न जौलहि मरा न तौ लहि जा मरि जिअै सो नाँचै रे।

[१८]

आए जन दोइ देखत हौं जोइ आइ रहे मोरे द्वार रे।
धरि हथिवारन आवहिं मारन पूँछन पिअ के सिवार रे॥
कंत तुम्हारे को कहु नाऊँ बसैं तोर जिउ काहे रे।
का गुन गहती गहि जत दहती अपने नैहर माहे रे॥
कहँ सँग खेली कस दिन पेली हास जो बारी भोरी रे।
कै संजुत अब चलहु बहुत पै चहुँ पिउ लावै खोरी रे॥
को तोर आगु आगु तोर पछुवा को आहै दिसि तोरी रे।
कौन पेम जो कुसल खेम आए अन्हवारा जोरी रे॥
हिय बहु मान केवट पुनि जागै उहाँ चाह सब काहू रे।
जो मोहिं परसै सब सुख बिरसै कहा गौन जिमि व्याहू रे॥
पूछौं हौं अब उत्तर देइत मोख मुकुति नहिं देऊँ रे।
नातर एक कला उन ताहीं मारि मारि जिउ लेऊँ रे॥
कहै मुहम्मद समुझहु मूरुख सो बेदन सो पीरा रे।
सोइ सम्हारहु आपुहिं तारहु गुन गहि लावहु तीरा रे॥

[१६]

अस फिरि घाव अँगइत पावा मूढ़ सँवारहि ठाऊँ रे।
सो सँवरत खिन उठहि अगति मन जेहि खोलै पिय नाऊँ रे॥
पिय मोर महरा गुन मोर गहरा.जिउ मोहि दीन्ह गोसाईं रे।
एक जो कहेउँ और नहिं चीन्हहुँ दीन्ह कस दोस रिसाई रे॥

बैठहु पुरुब कै निअहुर पच्छिम उत्तर दखिन भी सोई रे।
यहि बिधि चिंता रहती निता सदा इहै दुख रोई रे॥
अगुवा खेवक पिउ के सेवक सूध मारग लै आनेउँ रे।
गुरु जो पढ़ाइउँ नाउँ चढ़ाइउ तीर घाट मैं पाइउँ रे।
अस रँग राती तहाँ न जाती सुनै जहाँ कोउ बोलै रे।
औ पग परिया बिनती करिया कबहुँ नाँव नहिं डोलै रे॥
गहै मुहम्मद बूझि करहु सुधि नेहि चित आँखिन्ह बाँधे रे।
सवति न दूसर बाबुल ओसर अस कै पिउ अवरावें रे॥

[२०]

भा भिनुसार अधिकारा होतहिं [*] पाछिल पहरा रे।
दूलह बोलावहु चौक पुरावहु ओ हँसि बोला महरा रे॥
हुडुक तबला झाँझि मँजीरा महुवर बाँसुरि बाजै रे।
सबद सोहावा मेहरिन गावा घर घर महरी साजै रे॥
पूजा पाती दुलहिनि राती दूलह भा असवारा रे।
बाजन बाजे कियेउ सब साजे भा सब तत्त पसारा रे॥
मंगलचारा भा चहकारा चले गरब सब केली रे।
... ... ।+
सुंदरि लै लै महरी दही दही राती सबहीं डोली रे।
महा सत भीनेउ भोला तीनौ (?) जस फागुन कै होली रे॥
कहै मुहम्मद मोइ सो रहहू जो दिन आगे आवै रे।
है एकै नग मुँदरी सब जग दीन्ह सोहाग को पावै रे॥

[२१]

जोग चढ़ाइ काँप तब जोरै जो मुख दीपक बारैं रे।
कहा सो नारी खेलनवारा प्रेम प्रीति उजियारैं रे॥
नाउँ ओइ सारा दुवा सम्हारा पूरा सोहार सो वारी रे।
जस भादौं होइ नदिया भारी पुरुख जिता धनि हारी रे॥
सो धनि बारी है कलवारी सँवरि बेल अस चाखै रे।
जेउँ जेउँ कलियाँ औ रस रलियाँ सेज साजि धनि राखै रे॥

---

*प्रति में यहाँ शब्द छूटा हुआ है।
+ प्रति में यह पंक्ति छूटी हुई है।

कान्ह चले तजि सब गयेउ भागी को बजोगि [करै ?] बासा रे।
गोकुल छाँड़ा छाए मधुबन किए कुब्जा घर बासा रे ॥
कहै मुहम्मद नारि होइ रा[ती ?] कंत दिस्टि जो बहुरै रे।
अधिक बादि(?)कै रहै भक्ख दै आनि निवाजै चेरै रे ॥

२२

दीन्ह बसेरा गाउँ अस पावा भलै भई जस धामै रे।
बेधा भँवर बास रस भूला चहुँ दिसि कँटवा जामै रे ॥
बिधि का चरित देइ नहिं जो गति जस भरि तस न बिदार रे।
तरवर डारि देहि लै बैरै बैरै दीन्ह को भँडार रे ॥
जोग सेवक आपुन कै जानै तेहि धरि भीख मँगावै रे।
कहता पंडित दुक्ख दरद महँ मुरुख राज बड़ जावै रे ॥
चंदन जहाँ नाग तहाँ बदि कै जहाँ फूल तहाँ काँटा रे।
मधु जहवाँ किन माखी तहवाँ गुर जहवाँ तहँ चाँटा रे ॥
करि कुबेर तिरसूल कीन्ह धरि समुँद खार किय पानी रे।
छपद छन्नाख अकेला कीए मेटिका रावत गहि मानी रे (?)॥
कहै मुहम्मद जो रे भलो बड़ धनी गरब धरि चूरा रे।
निहकलंक बस आपु गोसाईं बारह बानी पूरा रे ॥

१—मलिक मुहम्मद जायसी (एक प्राचीन चित्र)

२—जायसी का घर

३—जायसी की समाधि

४—'पदमावत' की प्रति प्र० १ में छंद ११७ का पृष्ठ

५—'पदमावत' की प्रति प्र० २ में वही

६—'पदमावत' की प्रति द्वि० १ में वही (१)

७—'पदमावत' की प्रति द्वि० १ में वही (२)

८—'पदमावत' की प्रति द्वि० २ में वही

९—'पद्मावत' की प्रति द्वि० ३ में वही

१०—'पद्मावत' की प्रति द्वि० ४ में वही

११—'पद्मावत' की प्रति द्वि० ५ में वही

१२—'पदमावत' की प्रति द्वि० ६ में वही

१३—'पदमावत' की प्रति द्वि० ७ में वही

१४—'पदमावत' की प्रति तृ० १ में वही (१)

१५—'पदमावत' की प्रति नं० १ में वही (२)

१६—'पदमावत' की प्रति नं० २ में वही

१७—'पद्मावत' की प्रति तृ० ३ में वही

१८—'पद्मावत' की प्रति च० १ में वही

१६—'पदमावत' की प्रति पं० १ में वही

२१—'पदमावत' की प्रतियों का प्रतिलिपि-संबंध

२३—'पद्मावत' की प्रतियों का प्रक्षेप-संबंध

शुद्धि-पत्र

अ. भूमिका और मूल पाठ

पृष्ठ-पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ-पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
४१-२०	लकवनी	लक्खनी	२०८-७	होइइ	'होइहि
४७-२०	८ २१२.७-९	२१२.७-९	२०९-५१	जोगिन्ह	जोगिहिं
४७-२६	रकता	रकत	२२०-१६	अगुमनबू[१] झा	अगुमनं बूझा
६२-२८	५२८३	५२८ उ	२३०-१५	राख	राखै
८१-२३	२६८ अ, इ	२६८ अ, आ, इ	२३२-३	नमो नमो	नमो नमो नमो
८३-२८	२६८ अ	२६८ अ, आ, इ	२४३-३	बिछुरन	बिछुरन
८६-४	६४१ अ,	६४१अ,६४४अ,आ,	२४८-६	पहुँ	चहुँ
		इ,ई, उ,ऊ,अं,	२४९-६	लन्ह	लीन्ह
		अः, ६४५ अ, आ,	२४९-१५	कीन्ह	कीन्हि
१०८-१४	प्रतिमा	प्रति	२५२-१०	होइ	होउँ
१०९-२४	पेरवन	पेखन	२६०-१०	जियन	जियत
१११-२३	'गथ'	'गठि'	२६७-४	हथि	हाथ
११२-२९	'ओरिग'	'ओरगि'	२७२-९	रात	राति
११४-११	दृदय	हृदय	२७२-१८	धाइ	धाइ
११४-२२	संस्मरण	संस्करण	२८३-२	गरु	गुरू
१२४-१	टटि	टूटि	२९०-११	ललि	लगि
१४४-१२	हँथौड़ा	हँथौड़ा (हटौरा ?)	२९४-९	होऊँ	होउ
१४७-१५	सत[१६]सत	सत[१६]	२९८-१२	किस्न	किरसुन
१४८-७,१५१-८	नित	निति	३०२-८	का	की
१५२-६	उँजियारी	उजियारा	३०९-५	सूरज	सूरुज
१५४-१०	दिया	दिपा	३१०-१३	कँत	कंत
१६४-३,१७०-५	छँछा	छूँछा	३११-१८	तह	तहाँ
१६८-२	कछु	किछु	३१६-७	सत	सात
१६८-४	साखा	साजा	३१९-८	हुति	हुँति
१७१-१	ददुँ	दहुँ	३२०-१२	जान	जानु
१७१-१६	रजा	राजा	३२५-१०	ाईं	साईं
१८५-१६	धुँधुरवारि	घुँघुरवारि	३६१-४	मेखहु	मेरवहु
१८७-६	दइ	दुइ	३६३-११	करे	करै
१८९-७	ठंख	ढंख	३७०-६	दख	दुख
१८९-१५	दखि	देखि	३७३-६	तुन्ह	तुम्ह
१९२-१०	तेहते	तेहिते	३७४-१४	जीभ	जीभि
१९८-७	का पहँ	का कहँ	३८०-५	परिखि	परखि
१९८-१०	नीवी[१६] बंध	नीवी बंध[१६]	३८४-१	परं	परें
२०८-४	काकर	काकरि	३८५-१२	स्त्री	स्त्री

पृष्ठ-पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ-पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३९०-१०	करि	कर	४९०-१	मरेठा	गरेठा
३९३-४	बँध	बंध	४९८-९	नरिं	नहिं
३९६-७	न सैंता	नहिं सैंता	५१२-१४	एक	एह
३९८-९	सेबा	सेवा	५१७-७	प्रीत	प्रीति
३९९-१४	समँद	समुँद	५२५-१३ ५२६-९	सूरज	सूरुज
४०१-१६	स	सो	५२६-१४	मत सुनि हम	मति सुनि हम
४२६-४	चेतन	चेतनि		आइ	आए
४३०-१	पसेरू	पसेरु	५३९-१	पुरखन्ह	पुरुखन्ह
४३३-८	दीन्ह	दीन्हि	५४०-५	स्वामि सँकेरें	स्यामि सँकरें
४३६-४	सिरी	सिरें	५८८-१४	[४८ इ]	[४१८ इ]
४३८-१२	अधन्ह	अधरन्ह	६५९-२५	घीड	घीउ
४४८-१३	रतनसेन	रतनसेनि	६६१-१	अपुहि	आपुहि
४५१-१४	सुरितानी	सुलतानी	६७१-१०	गढ़े	बढ़े
४७१-२	उवा	उवा	६७२-६	डर	डरें
४७४-२	कहे, गहगहे	कही, गहगही	६७४-८	किया	कया
४७८-१४	हराएँ	पराएँ	७०४-२४	लागा सब यारा	लागे सब धारा
४७९-५, ५३३-१०	जूझ	जूझि	७०७-८	(सीधरैं	सीधरैं (

आ. पादटिप्पणी

पृष्ठ-पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ-पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२९-१	द्वि० १,३,७, तृ० १,२,	द्वि० १,७, तृ० १,२,३,	४०६-५	प्र० १ में इसके अनंतर चार,	प्र० १,
१७८-५	८. ०३ गए	८. द्वि०३ गए	४१८-१५	द्वि० ४,५,६,७, तृ० २	द्वि० ४,५,६,७
१९८-११	नीवी	तीवी	४३७-१०	'करना'	'करन'
१९८-१४	(तेहिं) सँग बंध	संग	४७६-९अ	[नहीं है]	*द्वि०१ में इसके अनंतर तीन अतिरिक्त छंद हैं।
२८१-१९	पं० दिनहि	दिनहि			
२९६-१३	द्वि० ६ में एक	द्वि०६, तृ०३ में एक	५१४-५	[५५१]	[५९१]
२९६-१३	तृ० १,३ में दो	तृ० १ में दो	५२५-१	ती छंद हैं।	तीन छंद हैं। (देखिए परिशिष्ट)
२९८-९	द्वि०२में दो तथा द्वि० ३	द्वि० २,३ में दो	५४७-९	जिनमें से	जिनमें से द्वि० ६, ७, तृ० १ में भी
३०२-६	द्वि० २,५,७	द्वि० ४,५,६			
३०२-७	पाँच	पाँच तथा द्वि० २ में छः	५४८-४	द्वि० ६,(तृ० १)	द्वि० ६,७,(तृ०१)
			५५२-९	पूर्वोक्ति	पूर्वोक्त
३०७-७	प्र० ३,५,७	द्वि० ३,५,६, ७	५५३-१	६४६	६५०
४०२-१४	इस	इन			

अनुस्वार और सानुनासिक ध्वनियों के चिह्न प्रायः टूट गए हैं, उन्हें पाठक कृपया स्वतः ठीक कर लेंगे।